श्रीगुरुचरण परिचर्या।

हा भक्तवत्सल ! क्या आपको यही करना था ? शरण्य! इस शरणागतका त्याग क्या ऐसे ही समयमें करना था जब कि ऊपर शून्य महाकाश और नीचे विस्तृत पृथिवीके अतिरिक्त मेरा कोई भी आधार नहीं था। प्रभो ! 'रक्षिष्यतीति' विश्वासपूर्वक मैंने आपके श्रीचरणोंका 'गोप्तृत्ववरण' किया था; परन्तु दुर्बल-दीनका भाग्य ही कितना बड़ा ? दैवने मुझे ठग लिया। मेरा चमकता हुआ ललाटन्तप-प्रखर-प्रतापी सूर्य देखते ही देखते अथम गया। दिशाएँ अन्धकारमय हो गई। अभागिनी आंखें चिरकालके लिये तरसती रह गई। हृदय शून्य हो गया। भविष्य दुःखमय हो गया। खिलती हुई भावना-कलिकापर तुषारपात हुआ। परन्तु नाथ! यह भावना तो अप्राकृत वस्तु है। निरवयव और निर्विकार वस्तु है। दिव्य हृदयकी दिव्यज्योति है। अन्धकारमें प्रकाश है। निराशामें आशा है। अनन्त दुःखकी निशामें सुखकी चमकती हुई एक रमणीय अतएव सुखप्रद रेखा है। इसके अदृश्य करनेमें हत-विधि समर्थ न हो सका। आज केवल यही जीवनाधार अवशिष्ट है।

प्रभो ! आपकी वह असीमकृपा, निःसीम वात्सल्य, हँसते नेत्रपुण्डरीक, प्रसादयुक्त शोकहर श्री चरण-कोकनद, भावमय वाङ्नवसुधा, ये महनीय रत्न कृपण-धन-समान हृदयकमलके सम्पुटके अभ्यन्तर, सूक्ष्मसे सूक्ष्म-कोई देख न सके-कोई ले न सके ऐसी मनोमञ्जूषामें आज सुरक्षित हैं; तथा श्री चरणोंके पुनः अनन्त दर्शन पर्यन्त वहां ही सुरक्षित रहेंगे। आज यह ही मेरा जीवन-धन है।

परमोद्धारक ! सेवकने तो केवल अस्थि-चर्ममय-देह श्री चरणोंमें अर्पण किया। परन्तु स्वामीने अविनाशी, अमूल्य, उभयलोककल्याणप्रद, परलोक-पाथेय प्रलयकालके अन्धतममें महाप्रकाशमय अनन्त-भास्कर, अपार भव-कूपार-तारक श्री तारक-षडक्षर श्री राममन्त्ररूप अमूल्य मङ्गल-मणि देकर दासका परम कल्याण कर दिया। नाथ! आपकी इस अनन्त उदारताका मैं अनन्त ऋणी हूं।

पूज्यपाद ! आज इच्छा होती है कि मैं आपकी कुछ सेवा करूं। श्री चरणोंकी पूजा करूं। मुझे यह तो विश्वास है कि आप मेरी अल्पसे भी अल्प सेवाका अङ्गीकार अवश्य करेंगे। अतः हे प्रभो! आपके ब्रह्मचारीकी, दीन-दासकी, श्री चरणरजकी यह भेट चरणोंमें समर्पित है।

गुरु-पूर्णिमा	वियोग-कातर
वि० सं० १९८२	आपका-प्रियतम 'ब्रह्मचारी'

दो शब्द

श्रीयुत पाठक महानुभाव !

आज यह आचार्य्यप्रवर श्री रामानन्दस्वामीजी महाराजका दिग्विजय आपके सम्मुख उपस्थित है। जितना शीघ्र इसे प्रकाशित करना चाहिये था उससे बहुत अधिक विलम्ब हो चुका है। परन्तु इसमें मेरा दोष नहीं है। भगवदिच्छा ही कारण है। कितनेही ऐसे विघ्न आकर उपस्थित हुये कि जिनके कारण यह विलम्ब अनिवार्य था। अतः आशा है इसके लिये आप लोग मुझे क्षमा करेंगे।

दिग्विजयके प्रकाशनका कार्य मैंने अपने हाथमें इस लिये लिया कि मुझे भी अपने प्रिय श्री रामानन्द सम्प्रदायकी सेवाका सौभाग्य मिले। इस कार्यमें जो २ कठिनताएँ मुझे सहन करनी पड़ी हैं उसका साक्षी केवल मेरा अन्तरात्मा है। तथापि प्रभुकी असीम कृपासे मैं आज अपने मनोरथमें सफल हुआ और दिग्विजयको आपके हाथोंतक पहुंचा सका।

परिश्रमका फल यदि प्राप्त हो जावे तो वह परिश्रम प्रतीत नहीं होता। फलाभिसन्धिके विना कार्य करनेकी अभी मुझमें शक्ति नहीं है अतः फल तो अवश्य वाञ्छनीय है। अतः यदि श्री वैष्णव महानुभाव तथा अन्य विचारशील महोदय इस दिग्विजयका प्रेमपूर्वक स्वागत करेंगे तो मैं अपने सम्पूर्ण परिश्रमको सफल समझूंगा।

इस दिग्विजयकी आरम्भसे दो टीकाएँ अर्थात् संस्कृतटीका-बालबुद्धिप्रसादिनी और हिन्दी टीका-पताका छप रही थीं। परन्तु धनके संकोचसे एकादश सर्गसे संस्कृतटीका बन्द कर दी गई। और केवल हिन्दी टीका-पताका रक्खी गई है। इस अक्षमताके लिये पाठक क्षमा करें। द्वितीयावृत्तिमें सब अनुकूलता सम्पादित हो जायगी।

इस बृहत्कार्यमें जिन महानुभावोंने द्रव्यद्वारा सहायता दी है—चाहे साक्षात् मुझे, अथवा श्री ब्रह्मचारीजी महाराजके द्वारा—उन सब महाशयोंको धन्यवाद देता हूं तथा इस अल्प सहायतासे भी वह जो अक्षय्य पुण्य सञ्चित कर सके हैं उसके लिये मैं उन्हें प्रभुका कृपापात्र समझता हूं।

शीघ्रताके कारण तथा कितनी ही अनियमितताके कारण इस ग्रन्थमें अनेक भूलें रह गई हैं जो मानवदृष्टिके लिये एक साधारण वस्तु है। उसके लिये ग्रन्थके अन्तमें शुद्धिपत्र जोड़ दिया है तथापि यदि कहीं त्रुटी रह गई हो तो सुज्ञ पाठक सुधार लेनेका कष्ट करें।

श्रीरघुनाथ पुस्तकालय
आबूपहाड़ (राजपूताना)

निवेदकः—श्रीरामशोभादास वैष्णव

उपकृति-स्मृति

इस श्रीरामानन्द दिग्विजयका आरम्भ श्री-रामनवमी वि० १९८१ के दिन पालनपुरमें हुआ था। इसका अधिकांश भाग पालनपुरमें ही माननीय महान्त श्रीप्रेमदासजी महाराजके सुप्रबन्धमें, उनकी रक्षामें-उनके ही मन्दिरमें मैंने पूर्ण किया है। तथा कुछ भाग आबू पहाड़की चम्पा गुफामें लिखा गया है। चम्पा गुफामें मेरे लिये सब प्रकारकी अनुकूलता वहांके श्रीरघुनाथ मन्दिरके महन्त परमहंस श्रीयुत स्वामि-दामोदरदासजी महाराजने सम्पादन की थी। अतः मैं दोनों ही उपर्युक्त महानुभावोंका हृदयसे उपकार मानता हूं।

त्रिवेदोपाह्व श्री भगवद्दास ब्रह्मचारी

श्रीमद्रामानन्ददिग्विजयके सम्बन्धमें

विशेष ज्ञातव्य

महानुभावो !

इस दिग्विजयमें मैंने जो कुछ लिखा है उसके सम्बन्धमें मतभेद हो सकता है। जैसा कि कबीरजीकी उत्पत्तिका मैंने भक्तमालसे पृथक्रूपमें वर्णन किया है। पीपाजीकी धर्मपत्नीका नाम स्मृति लिखा है। श्री सुशीलादेवीके पू० पिताजीका नाम 'धन्य' (धन्यगोपाल) लिखा है। इन सब बातोंमें मेरे साथ विरोध किया जा सकता है। परन्तु मैंने अपने परमाराध्य, प्रातःस्मरणीय श्रीगुरुदेवके चरणोंमें रहकर जो कुछ सुना है, जो कुछ सीखा है—उसीका इस ग्रन्थमें समावेश किया है। एक विषयमें जब अनेक प्रकारकी बातें कही जाती हैं तो उसमें मनुष्यको अधिकार है कि जिसे वह अच्छा समझे—मान्य करे। मुझे जो कुछ अच्छा प्रतीत हुआ है उसीको इस ग्रन्थमें लिखा है। तथा लोकोक्ति, इतिहास, आदिके आश्रयसे जो कुछ मिला है उसीका अवलम्बन करके इस ग्रन्थकी रचना मैंने की है। अतः जिसे जहां विरोध प्रतीत हो उसे प्रभुके नामपर सहन करके मौनावलम्बन करें, यही विनीत प्रार्थना है।

तथा सहृदय विद्वानोंसे प्रार्थना है कि 'कवि न होउं नहिं चतुर कहाऊं' मुझमें न काव्यशक्ति है और न वाक्पाटव है। जो कुछ है वह श्रीस्वामी रामानन्दजी महाराजकी कृपा है और पूज्यतम विद्यागुरुओंका आशीर्वाद है। इन्हीं दोके बलसे मैं इस ग्रन्थके लिखनेमें समर्थ हो सका हूं। भूलना तो मानवधर्म है। इस ग्रन्थमें भी अनेक भूलें होंगी। परन्तु—'हसन्ति दुर्जनास्तत्र समादधति सज्जनाः' की आशासे निर्भय होकर सहर्ष, सानन्द आपके सम्मुख इस ग्रन्थको उपस्थित करता हूं।

निवेदक
त्रिवेदोपाह्व श्रीभगवद्दास ब्रह्मचारी

यतिसार्वभौम-श्रीसम्प्रदायाचार्य जगद्गुरु श्री १००८

स्वामि-श्रीरामानन्दाचार्यजी महाराज.

(परम प्राचीन-हस्तलिखित-श्रीवैष्णवमताब्जभास्कर-में चित्रित हस्तचित्रके आधारपर)

श्रीः

भाष्यकार–श्रीस्वामी रामानन्दचार्य्यजी महाराज

जिस समय देशमें सत्यमार्ग–प्रदर्शक महापुरुषका अभाव हो चुका था और भारतवर्ष निर्निमेष दृष्टिसे उस शुभ दिवसकी प्रतीक्षा कर रहा था जिस दिन किसी महापुरुषके पादार्पणसे भारतकी भूमि पवित्र हो। यवनोंके अत्याचारोंसे पीडित आर्य्यप्रजा किंकर्तव्य विमूढ हो गई थी। मन्दिरोंपर यवनोंके आक्रमणसे भिन्न–हृदय भारतीय प्रजा अपनी अशक्तितापर अश्रुओंका अनन्त धारासे उत्तप्तहृदया भारतमाताको प्लावितकर रही थी। गौओंका त्राहि त्राहि शब्द भारतीय आकाश–मण्डलमें प्रतिध्वनित हो रहा था। भक्तिका लेश भी नहीं रह गया था। यदि भक्तिका नाम अवशिष्ट भी था तो वह ऐसे अर्थमें था जो मृतप्राय धार्मिक प्रजाके उज्जीवनमें असमर्थ था। वेदाविरोधी जैनियोंकी प्रबलता प्रतिदिवस बढ़ती जा रही था। जहाँ तहाँ वेदों और वैदिक देवोंकी निन्दा करते हुये जैनमतावलम्बी भटका करते थे। विष्णु तो सस्त्रीक हैं, सराग हैं, सदेह हैं, वह तुम्हारा क्या कल्याण करेंगे! जैन मत ही सर्व श्रेष्ठ है, इसमें ही मुक्तिका मार्ग परिपूर्णतया उपदिष्ट है, वैदिक धर्म तो हिंसामय धर्म है। अतः यदि तुम अपना कल्याण चाहते हो तो जैन मतका अङ्गीकार करो। इस प्रकारसे कुदृष्टि–कुलाक्रान्त जैन लोग वैदिकोंके मर्मस्थानमें छुराघात कर रहे थे। ऐसे समयमें एक महान् धर्माचार्य्यकी भारतको आवश्यकताथी और वह प्रभुकृपासे परिपूर्ण हुई।

यहांपर स्पष्टतया इस विवेचनाकी आवश्यकता प्रतीत होती है कि श्रीस्वामी रामानन्दजी महाराज जिस समय यहां अवतीर्ण हुये उस समय हिन्दुधर्मको सबसे अधिक भय किससे था।

उस समय हिन्दु-धर्मके दो प्रबल और प्रबलतर शत्रु दो दिशाओंमें अपना कार्य कर रहे थे और हिन्दु-धर्म-वैदिक-धर्मको समूल नष्ट करनेके प्रयत्नमें लगे हुये थे। उन दो शत्रुओंमेंसे एक यवनसाम्राज्य था और दूसरा जैनमत। यवनसाम्राज्य प्रबल शत्रु था और जैनमत प्रबलतर। यवनसाम्राज्यकी अपेक्षा मैं जैनमतको प्रबलतर इसलिये कहता हूं कि यवनोंने हमारे पुस्तक जलाये, हमारे मन्दिरोंको तोड़ा, हमारे देवोंको नष्ट किया, हमारे धर्मको भ्रष्ट किया, हमारे बच्चोंको दो दो पैसेमें बेंचा और लोकोक्तिके अनुसार श्रीसोमनाथके लिङ्गको पैरोंतले रौंदा। उसने यह सब किया परन्तु यह कृत्य एक ऐसा कृत्य है जिसका प्रभाव क्षणिक हो सकता है। स्थायी नहीं। उसने यह सब कुछ करते हुये भी हमारे देवी देवताओं, ऋषियों और मुनियोंको अपना पाजामा नहीं पहनाया। उनके भूतकालके शुद्ध वायुमण्डलको दूषित नहीं किया। परन्तु जैनियोंने हिन्दुधर्मके साथ जो अत्याचार किया है वह अक्षम्य है। जैन धर्मके आरम्भका हेतु राग और द्वेष है। इन्हीं दो स्तम्भोंके ऊपर खड़ा होकर जैन मत कहता है कि वीतरागका मार्ग मेरे घरमें है। सत्य तो यह है कि जिसका संस्थापक अथवा तो उत्तेजक राग और द्वेष है उसमतमें वीतरागितातो आकाश कुसुमसे अधिक कुछ नहीं है। मैं अपने कथनकी पुष्टिमें संक्षिप्तमें कुछ प्रमाण उपस्थित करता हूं।

हिन्दुओंके साथ जब एक अमुक समुदायका विरोध अत्यन्त भयङ्कर रूपमें बढ़ा तो वह समाज जैनसमाजके नामसे प्रसिद्ध हुआ। उसने सबसे प्रथम हमारी वैदिकभाषाका सामना किया। उसने विचार किया कि वेदोंकी भाषा संस्कृत है तो हम लोगोंके ग्रन्थ प्राकृतभाषामें होने चाहियें। प्राकृतका अर्थ स्वाभाविक और संस्कृतका अर्थ कृत्रिम करके इस समाजने वैदिक-भाषा और वेदोंके महत्त्वमूलमें कुठाराघातका प्रयत्न किया। जैसे हमारे यहां सूत्र ग्रन्थ संस्कृतभाषामें थे उसी प्रकारसे इन्होंने प्राकृतभाषामें कुछ ग्रन्थ

बनाये और उन्हें सूत्र नामसे प्रख्यात किया। उसके पश्चात् हमारे पुराणोंकी प्रतिद्वन्द्विता इस समाजने की। पुराणोंकी आज्ञाके प्रतिकूल इन्होंने अपने यहां आज्ञाएँ प्रवर्तित कीं। पुराणों और भारतकी कथामें उथल पुथल किया। जितने ऋषि, मुनि, राजर्षि आदि पुराणोंमें थे प्रायः सबको इस समाजने जैनमतके अनुकूल वर्णन किया। सबको वेदका विरोधकरनेवाला बताया। हिन्दुधर्मके प्राणसमान परब्रह्म, जगन्नियन्ता, सर्वशक्तिसम्पन्न, विश्वम्भर भगवान् श्रीराम; जगज्जननी, आदि शक्ति महाराणी श्रीजानकीजी तथा अन्य तीनों भाइयोंको जैन धर्ममें प्रविष्ट होकर, शिरके बाल नोंचवाकर, दीक्षा लेकर मोक्षमें जानेकी बात इस जैन समाजने अपने ग्रन्थोंमें लिखनेकी धृष्टताकी। सबसे बड़ी नीचता इस समाजने जो की वह यह कि "कृष्ण मरकर तीसरे नरकमें गये।" यह एक ऐसा शब्द है कि जो अधमसे भी अधम हिन्दुकी लेखनीसे नहीं लिखा जा सकता। हिन्दुधर्ममें जो पवित्रता थी उसके विरुद्ध इस समाजने अपने यहां अपवित्रताको प्रविष्ट किया। हिन्दु संन्यासियों, महात्माओं, ऋषियों और मुनियोंमें जो स्नान, तथा मलोत्सर्गके पश्चात् मृत्तिकासे हस्त पादादि शुद्ध करनेका सदाचार था, इस समाजने उसके साथ भी विरोध किया और अपने साधुओंको स्नान न करने तथा शौच जाकर मिट्टीसे हाथ न धोनेका आदेश दिया। हमारे यहां २४ अवतार माने गये हैं तो इसने भी २४ तीर्थङ्करोंकी कल्पना की। हमारे यहां मन्दिर और उसमें मूर्तियोंकी प्रतिष्ठाकी विधिथी तो इसने भी *मन्दिर और मूर्तियोंका स्वाङ्ग रचा। हमारे यहां मूर्तियां श्रृङ्गारित रहती हैं तो इन्होंने श्रृङ्गार विनाकी मूर्तियां बनाईं। परन्तु पीछेसे एक ऐसी शाखा निकली कि जिसने अपने यहां हमारी तरह श्रृङ्गाररचनाका

---

* श्रीरमेशचन्द्रदत्त तथा स्वामी दयानन्द सरस्वती इत्यादिने जो यह लिखा है कि मूर्तिपूजा जैनियोंसे चली इसमें मेरे मतसे कुछ तथ्यांश नहीं है। इसका पूर्ण विवेचन मैं 'वैष्णवधर्मकी प्राचीनता' नामक पुस्तकमें करूंगा।

स्वीकार किया। यह सब किया तो भले करे। कुछ न कुछ करनेमें सब स्वतन्त्र हैं। परन्तु जैन समाजने साथ २ जो वेदोंकी निन्दाका क्रम प्रवाहित रखा, ब्राह्मणोंके साथ *अशिष्ट व्यवहारको भी जीवित रखा, यह सब महती अज्ञानता है। इसी भयङ्कर और गंभीरकारी समयमें, विशाल और परमोदार हिन्दुधर्ममें 'हस्तिना ताड्यमानोऽपि न विशेज्जैनमन्दिरम्' इस श्लोककी रचना हुई। इसका उत्तरदायित्व हिन्दुधर्मपर नहीं प्रत्युत जैनमत-पर है जिसने अपनी अदूरदर्शिताके कारण इस श्लोकके निर्माण करनेका अवसर दिया।

मेरे इस कथनपर यह कहा जा सकता है कि जैसे यह कहा जाता है कि जैनमतने हिन्दुधर्म और हिन्दुशास्त्रोंका अनुकरण किया है, ऐसे ही यही क्यों न मान लिया जावे कि जैन मत ही प्राचीनमत है और हिन्दु-धर्म उसका अनुकरण है। परन्तु ऐसा न होनेके कारण हैं। प्रथम तो यह कि यदि हिन्दुधर्म ही अनुकरण होता तो उसमें जैन मतका पद २ खण्डन होता और घृणा सूचक वाक्य होते जैसा कि जैनियोंके ग्रन्थोंमें हिन्दुधर्मके विरुद्ध अनेक असह्य कटु वाक्य हैं। हमारे वेदों, शास्त्रों और पुराणोंमें कहीं भी ऐसा नहीं है। यदि हमारे वेद और वेदोंकी भाषा जैन मतकी अनुयायिनी होती तो अवश्य उसमें जैनमतका प्रतिवाद होता तथा जैन-मतसे अवरकालमें उनके होनेके कारण उससे पूर्वकालके जैन ग्रन्थोंमें वेदका

---

* इनके कल्पसूत्रोंमें लिखा है कि जहां 'पासंडा' पाषण्डी ब्राह्मण—जैन मुनियोंकी निन्दा करनेवाले ब्राह्मण हों वहां जैन मुनि निवास न करें। इस निन्दक धर्मने ब्राह्मणजातिको 'पाषण्डी' कहकर तिरस्कृत किया।

तथा इसी सूत्रमें यह भी लिखा है कि इनके अन्तिम तीर्थंकर 'महावीर' प्रथम ब्राह्मणीके गर्भमें आये थे और पश्चात् क्षत्रियाके गर्भमें गये। ब्राह्मणीके गर्भमें आनेका कारण यह था कि उनके कुछ पापकर्म थे उन्हें भोगनेकेलिये ब्राह्मणीके गर्भमें आये। उनके भोग लेनेके पश्चात् क्षत्रियाके गर्भमें गये। अर्थात् ब्राह्मणकी जाति नीच जाति है अतः पाप भोगनेके लिये वहां आये थे।

तिरस्कार न होता। यदि हमारे यहां तीर्थङ्करोंका अनुकरण होता तो हिन्दु-धर्म इतना बुद्धू नहीं है कि वह जैनकी सङ्ख्याके परतन्त्र होकर २४ ही अवतार लिखता। वह अवश्य ४८ लिखता। यदि हिन्दुधर्म जैन मतका अनुकरण होता तो तो वह अपने देवी देवताओंको शृङ्गारमय न रखता क्योंकि वह जान सकता था कि वीतरागिताका बेसुरा अलाप अलापनेवाला जैनमत मेरा खण्डन करेगा। यदि हिन्दुधर्म जैनमतका अनुकरण होता तो भागवत जैसे ग्रन्थमें कभी भी ऋषभदेवको अवतार न स्वीकार किया जाता इत्यादि अनेक कारण बताये जा सकते हैं कि हिन्दुधर्म किसी धर्मका अनु-करण नहीं है। प्रत्युत अन्य सब मत इस पुराणधर्मके अधमर्ण हैं।

यतः जैनमत हिन्दुधर्मके देवी, देवताओं, ऋषियों और मुनियोंके वे ही पौराणिक और ऐतिहासिक नाम लेकर उन्हें जैनमतकी गूदड़ीमें ढांक-नेके प्रयत्नमें लगा हुआ था तथा उसकी यह प्रबल इच्छा थी कि जैनमत हिन्दुधर्मको हड़पकर जावे, अतः मैं कहता हूं कि जैनमत हिन्दुधर्मका प्रबलतर शत्रु था।

इन दो शत्रुओंका सामना करके हिन्दुधर्मकी रक्षा, हिन्दु मर्यादाकी रक्षा, हिन्दुजातिकी रक्षा, हिन्दुसभ्यताकी रक्षा, वैदिकरूढिकी रक्षा, वैष्णवधर्मकी रक्षा—इत्यादि अनेक कार्य थे जिनकेलिये परमाचार्य्य श्रीरामा-नन्द स्वामीजी महाराजका इस धराधामपर पदार्पण हुआ।

श्रीस्वामीजीकी अवतारभूमि और उनका समय

श्रीमद्वाल्मीकि संहितामें एक कथा लिखी है। उसका सारांश यह है कि एक मनसुख नामका ब्राह्मणकुमार अ-पने मातापितासे पृथक् होकर विरक्तभावसे तीर्थराज-प्रयागके किसी अरण्यमें निवास करता था। वह सर्वेश्वर श्रीरामजीका परम भक्त था। प्रभु उसकी अनन्यनिष्ठा देखकर, बालरूप धारणकर, उसके साथ क्रीडाके व्याजसे वहां पधारे। बहुत देर तक साथ खेलनेके कारण दोनों बालकोंमें शुद्ध अनुराग उत्पन्न हुआ। प्रभु जब जाने लगे, मनसुख रोने लगा।

बालक-प्रभुका वियोग उसे असह्य हो गया। मनसुखने जङ्गल-सुलभ एक फल देकर प्रभुको बिदा किया। प्रभुने उसे वर मांगनेको कहा। मनसुखने कहा, पुनः कभी मेरा और आपका इसी प्रयागमें सम्बन्ध हो ऐसा करना। 'एवमस्तु' कहकर प्रभु चले गये। इसी प्रतिज्ञाकी पूर्तिके लिये श्री स्वामीजीने प्रयागमें ही अवतार ग्रहण किया। विक्रमके १३५६ संवत्में (ई० १३००) अर्थात् कलियुगके ४४०० वर्ष बीत जानेपर प्रयागक्षेत्रमें पू० पा० पुण्यसदनशर्माके गृहमें माता श्रीसुशीलादेवीकी कुक्षिसे श्रीस्वामीजी महाराजका अवतार हुआ। उस दिन माघमासके कृष्णपक्षकी सप्तमी तिथि थी। पिताने विधिपूर्वक ६ वर्षकी अवस्थामें यज्ञोपवीत संस्कार कराकर पुत्र रामानन्दको काशीमें श्रीराघवानन्द स्वामीजी महाराजके यहां विद्याध्ययनके निमित्त पहुंचा दिया। वहां पर ही ब्रह्मचारी रामानन्दने साङ्गोपाङ्ग समस्त शास्त्रोंका अध्ययन किया। विद्याकी समाप्ति और वैष्णवधर्मप्रचार तथा वादि-गजमर्दनकी क्षमता देखकर आचार्य्य श्री राघवानन्दजीने ब्रह्मचारी रामानन्दको गृह जाकर समावर्तन संस्कारकी आज्ञा दी। श्रीब्रह्मचारी रामानन्दने-जो कि 'रामानन्दः स्वयं रामः प्रादुर्भूतो महीतले।' वैश्वानरसंहिताके इस वचनानुसार साक्षात् श्रीरामजीके अवतार ही थे-सांसारिक बन्धनोंसे बद्ध होनेके लिये सविनय अस्वीकार किया। उसी समय उनकी माता और पिता पुत्रके समाचार जाननेके लिये वहां आये। पुत्रकी अनुपम विद्वत्ता, लोकोत्तर तेजपर मातापिताके आनन्द का पार न रहा। छातीसे लगा लिया। गद्गदहृदयसे पुत्रके मस्तकका पुनः २ चुम्बन किया। घर न चलनेके समाचारसे मातापिताको असह्य कष्ट हुआ। बालकने सब गुह्य बातें सुनाकर-पूर्वजन्मकी कथाका स्मरण कराकर, तथा देवोंद्वारा भूभारके उतारनेके लिये की गई प्रार्थनाको स्वीकार कर, यहां आनेके हेतुको समझाकर, उनके हृदयके खेदको दूर कर दिया। मातापिताकी सहर्ष आज्ञा लेकर ब्रह्मचारी रामानन्दने श्रीराघवानन्दजी महा-

राजसे समस्त विद्वानोंके समक्ष प्रव्रज्या ले ली। आजसे ब्रह्मचारी रामानन्द श्रीस्वामी रामानन्दके नामसे प्रख्यात हुये।

जिस समय श्रीवैष्णवाचार्य्य स्वामी श्रीराघवानन्दजीने ब्रह्मचारी रामानन्दको परिव्राजक बनाया उस समय आज्ञादी कि तुम सर्वत्र भ्रमण करके वैष्णवधर्म और अस्मत्कुल-देव श्रीरामचन्द्रकी भक्तिका प्रचार करो। स्वा० रामानन्दजी कुछ दिनों तक काशीमें ही गुरुमहाराजके समीप रहकर योग, जप, तप और शास्त्राध्ययन आदि कार्य करते रहे। योग, तप आदि स्वामीजीके गौण कार्य थे। भक्ति ही प्रधान थी। इसमें अधिक समय लगाया करते थे। तपका अर्थ धुनी तापना आदि नहीं किन्तु तितिक्षा है। इसके अभ्यासमें वह निरत थे। काशीमें ही श्रीअनन्तानन्दजी प्रभृति उनके शिष्य हुये। स्वामीजीने काशीमें ही बाहरसे आये हुये अनेक विद्वानोंके साथ अनेक शास्त्रार्थ किये। शिष्यकी योग्यतापर आचार्य्य श्रीराघवानन्द गद्गद हो गये। कुछ दिनोंके पश्चात् स्वामी राघवानन्दजी स्वामी रामानन्दजीको आचार्य्यपद देकर स्वयं साकेतवासी हुये।

श्री स्वामी रामानन्दजी महाराज पृथिवीपर प्रतिदिन बढ़ते हुये अत्याचारों और अत्याचारियोंका अन्त करके, अनेक शास्त्रार्थोंमें विधर्मियोंका पराभव करके, द्वेषी गोसाइयोंका मानमर्दन करके, म्लेच्छोंसे पीडित अयोध्याकी प्रजाका उद्धार करके, सर्वत्र शान्तिका साम्राज्य स्थापन करके वि० सं० १४६७ के वैशाख मास शुक्लपक्ष तृतीयाके दिन देवराज-इन्द्रकी प्रार्थनापर, विमानपर बैठकर साकेतको पधार गये।

श्रीस्वामीजी महाराजकी धर्मनीतिका आदर्श

श्रीस्वामीजी महाराजका कार्य देखते हुये किसीके लिये भी यह मान लेना अनिवार्य हो जाता है कि वह देश और कालकी गतिके बड़े ज्ञाता थे। भविष्यकी स्थिति समझनेके लिये उनमें महती शक्ति थी। उस समयकी स्थितिसे अनुमेय जो भविष्यकी स्थिति थी उसके लिये यह आवश्यक था कि हिन्दूमात्र किसी एक श्रृङ्खलामें बँधें। इसके-

लिये शास्त्रानुसार श्रीस्वामीजीने ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र तथा स्त्रियोंको भी नाममात्रके परिवर्तनके साथ एक ही राममन्त्रसे दीक्षित किया। उन्होंने इस बातकी भविष्यकी प्रजाके लिये घोषणा की कि भगवच्छरणागति स्वीकार करनेमें किसी जाति और कुलका बन्धन नहीं है। दलित देश और दलित जातियोंका कैसे उद्धार करना चाहिये, इस तत्त्वको वह वस्तुतः जानते थे। हिन्दुधर्मकी रक्षा निकट भविष्यकी प्रजा कैसे कर सकेगी, इस बातकी उनको चिन्ता अवश्य थी। वह वर्णाश्रमके ठीक २ शास्त्रीय रीतिसे पालन करते हुये भी एक ऐसे तत्त्वका सम्मेलन चाहते थे कि जिसमें इस जातिका नामावशेष मात्र न रह जावे। वह इस बातकी आवश्यकता समझते थे कि जो हिन्दु बलात्कारसे धर्मान्तर स्वीकार करते हों उन्हें यदि पीछे ले आनेकी शक्ति हो तो ले आ सकते हैं। अतएव उन्होंने अयोध्यामें विलोमयन्त्र द्वारा मुसलमान बनाये गये हुये हिन्दुओंको पुनः हिन्दु जातिमें प्रविष्ट किया। जैसा कि भविष्य पुराण तृतीय पर्व चतुर्थखण्ड अध्याय २१ में लिखा है—

'म्लेच्छास्ते वैष्णवाश्चासन् रामानन्दप्रभावतः।
संयोगिनश्च ते ज्ञेया अयोध्यायां बभूविरे॥'

अर्थात् अयोध्यापुरीमें सिकन्दर बादशाहने अपने एक यन्त्रके द्वारा जिन २ हिन्दुओंको म्लेच्छ बना लिया था उन्हें श्रीरामानन्द स्वामीजीके शिष्योंने स्वामीजीके प्रभावसे वैष्णव बना लिया।

'कण्ठे च तुलसीमाला जिह्वा राममयी कृता।
भाले त्रिशूलचिह्नं च श्वेतरक्तं तदाऽभवत्॥'

भ० पु० प० ३ ख० ४ अ० २१ श्लो० ५३

उनके गलेमें तुलसीकी माला, जिह्वापर रामनाम और मस्तकमें श्वेत मृत्तिकाका ऊर्द्ध्वपुण्ड्र और बीचमें रक्तश्री, यह सब कार्य स्वयं हो गये।

तथा जो मुसलमान् हिन्दु हुये थे वह संयोगी* नामकी जाति हुई। स्वामीजी समझते थे कि अब तो म्लेच्छोंका बल बढ़ने लग गया है। हिन्दु जाति दिन २ शिथिल और निर्बल होती जा रही है। यदि इस जातिमेंसे निर्गमन ही होता रहा और आगमनका द्वार बन्द रहा तो एक दिवस आवेगा जब श्रीराम और श्रीकृष्णका नाम लेनेवाला भूपृष्ठपर कोई नहीं रहेगा। गौओंकी रक्षा करनेवाला एक भी न बचेगा। हिन्दुओंके मन्दिर मुल्लाओंके निमाज़ पढ़नेकी जगह बन जावेंगे। इन सब ऊहापोहके अनन्तर पतित परावर्तनका सिद्धान्त स्वामीजीने स्वीकार किया होगा। ऐसा मुझे प्रतीत होता है।

परन्तु यहांपर एक वस्तु ध्यानमें रखने योग्य है। आज जो पतित-परावर्तनकी अविरत धारा बह रही है इसके साथ श्री स्वामीजीके सिद्धान्तका कोई भी सम्बन्ध नहीं है। स्वामीजीने केवल उन म्लेच्छोंको ही शुद्ध किया है जो अल्पकालके ही म्लेच्छ थे और बलात्कारसे यन्त्रबलसे म्लेच्छ बनाये गये थे। जो प्रथमसे ही हिन्दुधर्ममें आनेके लिये उत्कण्ठित थे। ऐसे ही हिन्दुओंको ले लेनेके लिये अपने हिन्दुशास्त्रोंमें अनेक जगह उल्लेख है। आजकी धारामें तो किसीका कुछ विचार ही नहीं है। शास्त्रीय पद्धति और शास्त्रोक्त वचनोंकी अवहेलनाके साथ आजकी शुद्धिका क्रम चल पड़ा है। आजकी शुद्धिमें ईर्ष्या और द्वेष है और श्रीस्वामीजीकी शुद्धिमें दया और प्रेम है।

---

* इस समय मेरे पास भविष्य पुराण नहीं है। परन्तु जहाँ तक मुझे स्मरण है, इस प्रसङ्गमें वहां लिखा है कि जो हिन्दु यन्त्रबलसे मुसल्मान बनाये गये थे वह तो पुनः श्री स्वामीजीके शिष्योंके यन्त्रबलसे हिन्दु बनकर अपनी जातिमें जा मिले। परन्तु इस वैष्णवयन्त्रके नीचेसे जो जन्मके मुसल्मान् निकलते थे वह भी हिन्दु हो जाते थे। और इन्हीं हिन्दुओंकी संयोगी नामकी जाति बनी। परन्तु इसपर अभी तात्त्विक अन्वेषण करनेकी अतीव आवश्यकता है।

एक यहां शङ्का हो सकती है कि यदि श्रीस्वामीजी केवल अल्पकाल-के ही पतितोंका ही पुनरावर्तन स्वीकार करते थे तो बाल्यकालसे एक यवनगृहमें परिपोषित कबीरको वैष्णवधर्ममें कैसे सम्मिलित किया ?

इस प्रश्नपर बहुत कुछ विवेचन हो सकता है और मैं पूर्णरूपसे इस विषयका विचार 'वैष्णवधर्मकी प्राचीनता' नामक पुस्तकमें करूंगा। अतः यहांपर संक्षेपमें इतना ही उत्तर पर्याप्त है कि श्री कबीरजीके हृदयमें जितनी अधिक श्री रामभक्ति थी, उनका जितना अनन्य प्रेम भगवच्चरणोंमें था उन सबको देखते हुये कबिरजीको वैष्णवमार्गमें ले आनेके कारण स्वामीजीपर लाञ्छन नहीं लग सकता। स्वामीजीने कबिरजीको शुद्ध नहीं किया, उन्हें विधिवत् दीक्षा नहीं दी, उन्हें अपने व्यवहारमें सम्मिलित नहीं किया। केवल प्रभुकी भक्तिका उत्तम अधिकारी समझकर अपने आश्रमके किसी विभागमें निवासस्थानमात्र दिया। कबीरजीके सम्बन्धमें थोड़ासा विचार जो आज आवश्यक है वह आगे चलकर प्रकरणानुसार करूंगा।

यह पतितपरावर्तन केवल श्रीस्वामीजीने ही किया, सो नहीं प्रत्युत अन्य धर्माचार्य्योंने भी इस मार्गका अवलम्बन किया है। इसके साक्षी श्रीमद्वल्लभाचार्य्यजी तथा श्री चैतन्यमहाप्रभुजीके जीवनवृत्तान्त हैं।

श्री स्वामी रामानन्दजीपर लोकमत

श्री नाभाजी श्रीरामानन्द सम्प्रदाय वृक्षके एक मनोहर पुष्प हैं।

श्री स्वामीजी और नाभाजीका भक्तमाल

वैष्णवोंमें तथा अन्य लोगोंमें भी श्री नाभाजीका भक्त-माल एक उत्तम स्थान भोग रहा है। वैष्णवभक्तोंकी यह धारणा है कि नाभाजीने जो कुछ लिखा है वह सब अक्षरशः सत्य और निर्विवाद है। इसीलिये आजसे छ वर्ष पूर्व परम्पराके विवादमें भक्तमाल प्रमाणरूपमें विपत्तियोंकी ओरसे उपस्थित किया गया था। उसका समाधान भी उस समयके प्रकाशित पुस्तकोंमें समयानुसार मैंने कर दिया था। आज इस विषयपर कुछ विस्तारपूर्वक विचार करनेकी आवश्यकता है। श्री नाभाजी महात्मा थे, हमारे सम्प्रदायकी शोभा थे, परम वैष्णव थे, हिन्दीके कवि थे यह सब तो मैं स्वीकार करता हूं और अन्योंसे भी स्वीकार करानेकी शक्ति रखता हूं। परन्तु वह त्रिकालज्ञ थे, निर्भ्रान्त थे इसे मैं आजके जागृत और चैतन्य भारतकी दृष्टिसे अथवा तो अपनी निर्बलतासे, स्वीकार करनेके लिये तैयार नहीं हूं। मनुष्य मनुष्य ही है। उसकी ज्ञानशक्ति मर्यादित ही रहती है। बड़े२ ऋषियों और मुनियोंके सिद्धान्तोंका खण्डन किया गया है। भगवदवतार कपिलके सिद्धान्तोंका सभी वैष्णवाचार्य्योंने तथा श्रीमच्छङ्कराचार्यने भी खण्डन किया है। षड्दर्शन एक दूसरेके सिद्धान्तोंकी समीक्षा करते हैं। एक स्मृति दूसरेसे विरुद्ध जाती है। एक सूत्रग्रन्थ अन्योंसे विपरीत बोलता है। अतः यह मान ही लेना चाहिये कि मनुष्यका ज्ञान सर्वथा निर्भ्रान्त नहीं है।

श्री नाभाजी भी एक मनुष्य थे। उनको निर्भ्रान्त मानकर कोई भी सिद्धान्त स्थापन करनेमें बड़ी भारी भूल होगी। मेरे कथनका यह आशय नहीं है कि उनका समस्त ग्रन्थ ही भ्रान्तिमय है। प्रत्युत जहां शास्त्र, सदाचार और लौकिक व्यवहारसे विरोध प्रतीत होता हो वहां मानव-सुलभ भ्रान्तिके अतिरिक्त दूसरा कोई भी मार्ग नहीं है। श्री नाभाजीने भगवद्भक्तोंके पवित्र इतिहासपर अपनी शक्तिके अनुसार प्रकाश डालनेका प्रयत्न किया है इसके लिये हम उनके ऋणी हैं। परन्तु उन्होंने जो भूलकी है अथवा जहां मुझे भूल मालूम होता है उसे इस दिग्विजयके साथ सम्बन्ध होनेके कारण यहांपर प्रदर्शित करता हूं। उन्होने भक्तमालमें लिखा है—

"श्री रामानुजपद्धतिप्रताप अवनि अमृत ह्वै अनुसर्यो।"

इस छप्पयमें हमारे आचार्य्य श्री रामानन्द स्वामाजीका वर्णन है। इस छप्पयको श्री नाभाजीने किस आशयसे लिखा है यह विवादग्रस्त है। यदि उनका यह आशय रहा हो कि जिस पद्धतिसे श्री स्वामी रामानुजाचार्य्यजीने धर्मप्रचार किया था उसी पद्धतिसे अर्थात् शास्त्रार्थ आदि करके और श्री आनन्दभाष्य आदि ग्रन्थोंकी रचना करके श्री स्वामी रामानन्दाचार्यजीने भी धर्मप्रचार किया तो कोई क्षति नहीं है। परन्तु यदि यह आशय रहा हो कि श्री रामानन्दस्वामीजीने श्री रामानुजस्वामीजीकी पद्धति-सम्प्रदायका अनुसरण किया अर्थात् उनके सम्प्रदाय और उनके परम्पराके अनुयायी थे तो यह भारी भूल है। इस भूलका विवरण मेरे तत्त्वोद्बोधनमीमांसामें देखना चाहिये।

भक्तमालके टीकाकार और श्री स्वामीजी

भक्तमालके टीकाकारोंने श्री स्वामीजीका पूर्वनाम रामदत्त लिखा है। उनकी सम्मतिसे संन्यास लेनेके पश्चात् स्वामीजीका श्री रामानन्द नाम पड़ा। इस विषयमें मेरी सम्मति भिन्न है। जहां तक मैंने परिशीलन किया है, मैं इस निश्चयपर पहूंचा हूं कि स्वामीजीका जन्मनाम श्री रामानन्द ही है। संन्यासके पश्चात् भी यही नाम रहा। यह कोई आवश्यक

नियम नहीं है कि संन्यासके पश्चात् संन्यासीका नाम अवश्य परिवर्तित किया जावे। यही कारण है कि प्रारम्भिक वैष्णवी दीक्षा पञ्चसंस्कारपूर्वक जब श्री स्वामीजीकी, काशीमें श्री राघवानन्द स्वामीजीके पास हुई तब भी नाम यही का यही रहा। पञ्चसंस्कारमें नाम संस्कार भी एक संस्कार है परन्तु जिसका नाम प्रथमसे ही भगवत्सम्बन्धी हो उसे परिवर्तन करनेकी आवश्यकता ही नहीं है। मेरे इस माननेमें कारण है। वैश्वानरसंहिता, अगस्त्यसंहिता, वाल्मीकिसंहिता और भविष्यपुराण आदिमें इस नामका कहीं भी उल्लेख नहीं है। प्रत्युत सब स्थलोंमें श्री रामानन्द ही नाम लिखा है। तथा जिस नामसे अवतारकी सूचना हो चुकी हो उसी नामसे अवतारका होना शास्त्रीय क्रम है। सर्वत्र श्री रामानन्दका अवतार होगा यही लिखा है अतएव श्री रामानन्द ही नाम प्रामाणिक नाम है। रामदत्तादि नहीं।

यदि इस कल्पनाको प्रामाणिक मानकर स्वामीजीका रामदत्त नाम स्वीकार कर लिया जावे और यह मान लिया जावे कि संन्यासी होनेके पश्चात् श्री रामानन्द नाम पड़ा, तो यह भी मानना पड़ेगा कि श्री राघवानन्द स्वामीजीके ऊपर अद्वैतमार्गके संस्थापक श्री स्वामी शङ्कराचार्यजीके गिरि, पुरी, भारती, तीर्थ और आनन्द आदि नामोंका कुछ प्रभाव था और उसीसे प्रेरित होकर उन्होंने अपने शिष्य श्री रामदत्तका श्री रामानन्द नाम रखा। परन्तु इसको माननेके लिये हृदयसे आज्ञा नहीं मिलती है। क्योंकि श्री राघवानन्द स्वामीजी परम विरक्त और वैष्णव थे। उस समय श्रीराममन्त्रके वही आचार्य थे। भगवान् श्री रामके अनन्य भक्त थे। श्रीराममन्त्रमें उनकी पूर्ण निष्ठा थी। श्रीरामानन्द स्वामीजीने उन्हें अपना गुरु स्वीकार किया, यही मेरे कथनमें प्रबल प्रमाण है। आनन्दान्त नाम रखनेकी प्रथा भी अपने सम्प्रदायमें अथवा अन्य वैष्णव सम्प्रदायोंमें प्रायः नहीं है। श्री रामानुज स्वामीजी भी संन्यासी ही थे परन्तु वे श्री रामानुजानन्द नहीं

थे । श्री तोताद्रि स्वामीजी भी संन्यासी हैं परन्तु उनका नाम भी आनन्दान्त नहीं है। श्री वल्लभाचार्यजीने भी अन्तमें संन्यास ग्रहण किया था परन्तु वह भी आनन्दान्त नाम स्वीकार नहीं किये थे। अतः स्वामीजीका मूल नाम ही श्री रामानन्द था । रामदत्त नहीं । टीकाकारोंको भ्रम हुआ है।

दासान्त नाम क्यों नहीं रखा गया

आज श्रीरामानन्द सम्प्रदायमें तथा निम्बार्कादि सम्प्रदायोंमें भी विरक्त वैष्णवोंका नाम प्रायः दासान्त ही होता है । 'दासान्तं नाम कुर्यात्' इत्यादि वचन भी इस प्रथाके उपोद्वलक हैं । तब एक यह शङ्का होती है कि श्री स्वामीजीके नामके आगे दासपद क्यों नहीं जोड़ा गया? इस प्रश्नका सर्वप्रथम तो उत्तर यह है कि जैसे यह प्रश्न श्री स्वामीजीके लिये किया गया है वैसे ही यही प्रश्न श्री रामानुजाचार्य्य, श्री निम्बार्काचार्य्य, श्री मध्वाचार्य्य, श्री वल्लभाचार्य्य और श्री चैतन्यमहाप्रभुके लिये भी किया जा सकता है। क्योंकि नामकरणमें जो शास्त्र हमारे लिये प्रमाण हैं वही उन आचार्य्योंके लिये भी प्रमाण हैं । इस प्रतिद्वन्द्वी उत्तरके पश्चात् सिद्धान्त उत्तर मेरी सम्मतिमें यह है कि पराशरसंहितामें लिखा है—

'योजयेन्नाम दास्यान्तं भगवन्नामपूर्वकम् ।'

इस श्लोकमें कहीं २ 'दास्यान्त' के स्थानमें 'दासान्त' भी पाठ उपलब्ध होता है। इसका अर्थ यह है कि वैष्णवोंका नाम ऐसा होना चाहिये जिसके अन्तमें दासभावसूचक शब्द हो । 'दासान्त' पाठ बहुत समीचीन नहीं है क्योंकि ऐसा माननेसे नामके अन्तमें 'दास' ही होना चाहिये, ऐसा आग्रह हो जाता है और इस आग्रहका अपवाद तो आज अपने सम्प्रदायमें भी अनेक है। शरण, प्रपन्न, प्रसाद, इत्यादि अपवादके उदाहरण हैं। अतः 'दास्यान्त' पाठ ही सर्वोत्तम है । दास्य शब्द भी उपलक्षण है। नाममें ऐसे शब्द होने चाहिये जिससे नम्रता और विनयका

प्रकाश पड़ता हो। और वह भी नामका आवश्यक अङ्ग नहीं है। आवश्यक तो केवल भगवन्नाम है। दास, शरण, प्रपन्न आदि शर्मा, वर्मा, गुप्त आदिके समान उपाधिमात्र है। इस उपाधिको ग्रहण करना अथवा न करना यह मनुष्यके विचारके ऊपर निर्भर है। शर्मान्त नाम ब्राह्मणका होना चाहिये, ऐसी शास्त्राज्ञा है। परन्तु शर्मा न कहकर द्विवेदी, त्रिवेदी, पाठक आदि शब्दोंका भी व्यवहार पुष्कल परिमाणमें होता है। इसी प्रकार श्रीस्वामीजीके नामके आगे दासादिपद नहीं जोड़े गये। वह आचार्य्य थे अतएव आचार्य्य प्रथाके अनुसार वह श्रीरामानन्दाचार्य्य इस नामसे पृथ्वीपर प्रख्यात हुये।

नामके सम्बन्धमें मैंने जो कुछ लिखा है उसी रीतिसे इस प्रश्नका भी समाधान हो जाता है कि श्रीस्वामीजीने अपने शिष्योंके नामके अन्तमें भी दास पद क्यों नहीं लगाया। स्वामीजी इस बातको स्वीकार कर रहे हैं कि भगवन्नाममात्र ही आवश्यक है। शेष सब गौण हैं। अतएव उनके अनन्त शिष्योंमेंसे प्रधान जो १२ शिष्य थे, उनमें सात शिष्योंके नामके आगे तो 'आनन्द'पद है परन्तु शेष पांच श्रीपीपाजी प्रभृतिका नाम ज्योंका त्यों रहने दिया। 'भगवन्नामपूर्वकम्' इस कथनसे भागवतसम्बन्ध भी ले लेना चाहिये। अतएव सुग्रीवदास, हनुमान्दास, भागवतदास, रविदास, धनेश, इत्यादि नाम भी वैष्णवी मर्यादाके बाहर नहीं हैं।

रामभारती और श्रीरामानन्द

'वैष्णवधर्मरत्नाकर' भाषापुस्तकमें, तथा अन्यत्र भी कहीं २ लिखा है कि श्री स्वामी रामानन्दजी प्रथम गोसाईं थे। पीछेसे जब श्रीराघवानन्दजीके शिष्य हुये तो श्री रामानन्द नाम पड़ा। परन्तु पूर्वनाम 'रामभारती' था। यह भी एक अन्धपरम्पराका अन्धप्रलाप है। इसमें कुछ भी प्रमाण नहीं है। विपक्षियोंने जो बात चलादी उसे किसी भी विचारके बिना मान लेना यह एक रोग चल पड़ा है। इसी रोगके वश होकर श्रीस्वामीजीको 'रामभारती' लिखा गया है। भला, समस्त शास्त्र

जिसे भगवदवतार कहते हों, वैष्णव धर्मकी रक्षा और वैष्णवमर्यादा स्थापन-के लिये जिसका अवतार हुआ हो वह 'रामभारती' बनकर भटकता फिरे इसे कौन विवेकी पुरुष मान सकता है? अतः यह कथन व्यर्थ है।

श्रीरामानन्द स्वामीजी तथा भस्म और जटा

आज यह कहनेवाले अपने सम्प्रदायमें अल्प नहीं हैं कि श्रीस्वामीजी महाराज स्वयं भी जटा और भस्म धारण करते थे और हम लोगोंको भी वैसा ही करनेका आदेश कर गये हैं। इतना कहकर ही लोग चुप नहीं हुये हैं प्रत्युत चित्रोंमें भी वैसी ही आकृति बनाई है। अयोध्याके श्रीरामानन्दमन्दिरमें भी श्रीस्वामीजी जटिल वेषमें विराजे हैं। यह सब देखकर यह निश्चय होजाता है कि अभी हमारे कल्याणका दिन दूर है। जहां विष्वक्सेन संहितामें यह लिखा है कि—

'न धारयेज्जटाभारं भस्म चैव न धारयेत्

अर्थात् जटा और भस्म ब्राह्मणादि वैष्णवोंको नहीं धारण करना चाहिये, वहां आचार्यको जटा रखा देना, विभूति लपेट देना हृदयको विदीर्ण कर देता है। आज अपने सम्प्रदायमें अनेक महात्मा जटा और विभूति धारण करते हैं, जगन्नाथपुरीके परमप्रतापी श्री जगन्नाथदासजी महाराज विभूति धारण करते थे, आज भी श्री महन्त रघुबीरदासजी महाराज विभूति और जटा धारण करते हैं, श्री वैष्णवदासजीकी छावनीके महान्त परमवैष्णव श्री रामशोभादासजी महाराजके शिष्य तथा त्यागी महात्माओंके महान्त श्री सियारामदासजी महाराज जटा, भस्म धारण करते हैं। इन्हें कौन रोक सकता है। ये सभी प्रतापी महात्मा हैं। इनसे हमारे सम्प्रदायकी शोभा है। हम भी इनको सादर दण्डवत् प्रणाम करते हैं। हमारे हृदयमें भी इनकेलिये परम पूज्य भाव है। दुःख इतना ही है कि "श्री स्वामीजीकी ऐसी आज्ञा है और वह स्वयं ऐसा करते थे' यह शब्द भी मुझे सुनने पड़ते हैं। श्री स्वामीजी जटा भस्म धारण करते थे इसका प्रमाण आज

तक बहुत अन्वेषण करनेपर भी मुझे नहीं मिल सका। किसी भी इतिहासलेखककी लेखनीसे यह बात आज तक नहीं लिखी गई है।

ओ पूज्य श्रीरामानन्दीय वैष्णवो! आपके सर्वथा जागृत होनेकी कौनसी घड़ी प्रभुने निर्माणकी है उसे शोधिये। अन्ध परम्पराके प्रवाहमें कब तक हम बहते रहेंगे। हे हमारे प्रभु! आप हमको ऐसा बल दें जिससे हम अपने स्वरूप अपने "धर्म और अपने आचार्य्यके वैभवको पहचान सकें।

श्री रामानन्द स्वामीजी और रामानन्द धर्मप्रकाश

'रामनन्द धर्मप्रकाश' नामकी गुजरातीमें एक पुस्तिका है। उसमें लिखा है कि "स्वामी रामानन्दजी जन्म रहित साधुवेशमें प्रकट हुये। उनके पिता पुण्यसदन नन्दके अवतार और माता सुशीला यशोदाका अवतार थीं। द्वापरमें भगवान्‌के वियोगसे नन्द और यशोदाको परम दुःख हुआ। तब भगवान्‌ने उन्हें कहा कि आप लोग कलियुगमें ब्राह्मण होंगे और मैं आपके घर साधुवेशमें अवतार लूंगा।"

इसी पुस्तकमें आगे चलकर लिखा है कि "स्वामीजी अपनी माताको आत्मिक ज्ञान देकर उन्हें अपने काकाके पुत्र मोतीशङ्करके पास रखकर स्वयं काशीमें एक शिवमार्गी गिरिजाशङ्करके पास गये। वहां उनसे साधुसंस्कार लेकर 'रामभारती' के नामसे प्रसिद्ध हुये।"

इसी पुस्तकमें आगे चलकर पुनः लिखा है कि "श्री रामानन्द स्वामीजी जब अपनी जमात लेकर दक्षिणकी ओर गये तो वहांके रामानुजीय लोगोंने स्वामीजीको पतितोपदेष्टा मानकर स्वसम्प्रदायसे बाहर कर दिया। श्री राघवानन्दजी शिष्यका यह अपमान देखकर दुःखित हुये। पश्चात् स्वामीजीको अपने नामसे नवीन सम्प्रदाय चलानेकी आज्ञा दी।"

यह सब लेख सम्प्रदायानभिज्ञ आपापन्थियोंके हैं। इसमें कुछ तत्त्व नहीं है। तथापि थोड़ीसी समीक्षा अपेक्षित है, उसे लिखता हूं।

यदि स्वामीजी साधुवेशमें उत्पन्न हुये तो दीक्षाकी क्या आवश्यकता थी ? जन्मरहित प्रकट हुये इसका क्या अर्थ है ? यदि माता पिताके विना उत्पन्न हुये तो पुनः तुमने मातापिताकी कल्पना क्यों की ? यदि नन्द और यशोदाके प्रेमवश होकर ही, उन्हें सुखी करनेके लिये ही श्री रामानन्द स्वामीजीका अवतार हुआ तो पुनः उन्हें साधु होनेकी क्या आवश्यकता थी ? घरमें ही रहकर मातापिता—नन्द और यशोदाको प्रसन्न करना चाहता था न ? क्या साधु होनेसे इन नन्द और यशोदाको दुःख नहीं हुआ ? हुआ तो पुनः भी कोई वरदान दे गये कि नहीं ! मोती-शङ्कर उनके काकाके लड़के थे। माताको वहीं सौंपकर अपने काशी आये यह सब बातें मूर्खताकी हैं, तथा प्रमाण शून्य हैं। सबसे बड़ी मूर्खताकी बात यह लिखी गई है कि गृहस्थके यहां आकर स्वामीजी साधु हुये ! स्वामीजी दक्षिणमें गये और रामानुजीयोंने स्वसम्प्रदायसे बाहर कर दिया यह स्वप्नावस्थाका स्वप्न है। स्वामीजी उनके सम्प्रदायमें थे ही नहीं तो बाहर कौन करता ? श्री राघवानन्दजीकी आज्ञासे स्वामीजीने नवीन सम्प्रदाय चलाया ऐसा लिखना और मानना दोनों ही जडता है।

ऐसे अविवेकियोंके लेखोंसे सावधान रहनेकी बड़ी आवश्यकता है।

श्रीरामानन्द स्वामी और रामानन्द नाट्य

'रामानन्द नाट्य' नामक पुस्तकमें लिखा है कि "स्वामीजीने कबीर आदिको हिन्दु बनाया था। उसकी ईर्ष्या मुसलमानोंके हृदयमें समाई हुई थी। एक समय स्वामीजी दिल्ली शहरमें पधारे। वहां सिकन्दर लोदी बादशाह था। बादशाहके मन्त्रीने स्वामीजीका बनावटी सत्कार बहुत अच्छा किया। पुनः उसने स्वामीजीको एक वेश्याके घर पहुंचाया। पश्चात् बादशाहसे शिकायतकी कि यह संन्यासी वेश्याके घर गया है। बादशाह और मन्त्री दोनोंही वेश्याके घर उनका पता लगानेको चले। दोनों जाकर वहां छिप रहे। वेश्याने बड़े २ प्रयत्न किये परन्तु

स्वामीजीकी मनोवृत्ति चञ्चल नहीं हुई । उसने बलात्कार करना चाहा, तब स्वामीजीने उसे धिक्कारकर, श्री रामनामका उपदेश करके, स्वयम् अग्निरूप होकर पृथ्वीमें समा गये । "

इस कथाके लिखने वालेने तो श्रद्धासे ही लिखी होगी परन्तु भगवान् ऐसे मूढ श्रद्धालुओंसे सबकी रक्षा करें। यह कथा निस्सार, मनगढन्त अतएव सर्वथा अप्रामाणिक है। श्री स्वामीजी मुसलमानोंके यहां कभी भी अतिथि नहीं हुये तो दिल्लीमें बादशाहके यहां अतिथि कैसे हुये? जो स्वामीजी दिल्ली—बादशाहके बड़ासे भी बड़ी भेंटको काशीमें स्वीकार नहीं किये वह दिल्ली बादशाहके यहां अतिथि होकर गये, यह बड़ा आश्चर्य है। ऐसी पुस्तकोंको शीघ्र अग्निसात् करनेका प्रयत्न होना चाहिये।

श्रीरामानन्द स्वामी और हारमाला

हारमाला नामक पुस्तकमें लिखा है कि जब स्वामीजी द्वारकामें थे तब जूनागढ़में नरसिंह मेहताको वहांके राजाने मेहताजीके मूलगुरु शिवपन्थी भीमगिरिके बहकानेसे जेलमें बन्द कर दिया। और कहा कि जो तेरा विष्णु सत्य होगा तो तुझे इस जेलमें माला पहिनावेगा। श्रीस्वामीजी तो साक्षात् विष्णु ही थे ! उन्होंने आकर मेहताजीको माला पहनाई। राजाको शाप दिया कि तूने मेरे भक्तको जेलमें डाला है। कष्ट दिया है। अतः अहमदाबादका अहमदशाह तुझे पकड़कर जेलमें डालेगा और तुझे मुसलमान बनावेगा।

इस कथामें भी सत्यांश कुछ प्रतीत नहीं होता है। नरसिंहमेहता और श्री स्वामीजीके कालमें भी अन्तर है। तथा जो स्वामीजी मुसलमानोंसे हिन्दुधर्मकी रक्षाके निमित्त आये थे वह एक हिन्दुको मुसलमान बन जानेका शाप दें यह कैसे माना जा सकता है। अतः ये सब मनगढन्त बातें हैं।

'रामानन्द धर्मप्रकाश' में लिखा है कि "स्वामीजी दाक्षिण वेङ्कटाचल पर्वतके बड़े मन्दिरमें गये। वहांके आचार्यने स्वामीजीका अनादर किया। स्वामीजी हाथीराम नामक एक साधुसे मिले। पर्वतका राज्य दिलानेका वचन देकर उसे शिष्य किया। पश्चात् वहांके राजाको मध्यस्थ बनाकर दाक्षिणात्य आचार्य्योंसे शास्त्रार्थ किया। हाथीरामको अपने तपोबलसे हाथी बना दिया। इस प्रभावसे चकित होकर राजाने उस मन्दिरकी गद्दीको हाथीरामको सौंप दिया।"

श्री स्वामीजी और हाथीराम बावा

इस कथामें सत्यांश कितना है, प्रभु जाने! यह सब मैं सत्य मान सकता हूं कि श्री स्वामीजी अपने विद्याबल और तपोबलसे उपरि लिखित सब कार्य किये होंगे। परन्तु धनका लोभ देकर श्री स्वामीजीने हाथीराम साधुको अपना शिष्य बनाया होगा यह त्रिकालमें भी मुझसे न मानी जा सके, ऐसी बात है। जो आचार्य साधुता—विरक्तताका रहस्य समझानेके लिये, त्यागवृत्तिका ज्वलन्त उदाहरण भारतके सम्मुख रखनेके लिये, आया था, उसने 'हाथीरामजी' को धनके लोभसे साधु बनाया हो, यह भला कोई भी विद्वान् कैसे मान सकता है? धनके लोभसे, गद्दीके लोभसे, जो किसीको शिष्य बनाता है अथवा जो कोई शिष्य बनता है वह कितना अधम है इसकी सीमा नहीं। विरक्तता साधुताका मूल है। जो वैराग्य उत्पन्न हुआ हो तो साधु होना उत्तम है। वैराग्य न हो तो धनके लोभसे, प्रतिष्ठाके लोभसे, साधुका वेष बनाकर संसारमें वाञ्चनाका विस्तार करना, प्रभुके दरबारमें महान् अधर्म है। ऐसा अधमकार्य एक महान् वैष्णवाचार्य्यके हाथसे होना कभी भी शक्य नहीं है।

इस किंवदन्तीके विषयमें मैंने बालाजीके वर्तमान श्री महान्तजीको लिखकर कुछ पूछ पाछ की थी। परन्तु उसका कुछ उत्तर नहीं मिला। अतः मैं निश्चितरूपसे कहनेमें असमर्थ हूं कि श्री स्वामीजीका और श्री हाथीरामजी बाबाका समानकाल है या नहीं?

इसी पुस्तकमें लिखा है कि "स्वामीजी रामेश्वर जाकर उसी विद्वानसे शास्त्रार्थ करके अपने पन्थके साधुओंको शङ्कर ऊपर जल चढ़ानेका अधिकार प्राप्त कराया।

श्री स्वामी रामानन्द और रामेश्वर

कैसा अनर्थ और अन्याय श्री स्वामीजीके साथ किया गया है। एक वैष्णवाचार्य अपने अनुयायियोंको शङ्कर ऊपर जल चढ़ानेका आदेश देकर किस प्रकार वैष्णवता स्थापन कर सकता है? भगवान्के भक्तोंको श्री शङ्करजीको जल चढ़ानेसे क्या लाभ? भक्तिमें अनन्यता प्राणरूप है। वह अनन्यता इस प्रकारके व्यवहारसे कैसे स्थिर रह सकती है? विनु प्रयास भवसागर तरनेकेलिये क्या वैष्णवसम्प्रदायमें भक्ति और प्रपत्तिरूप साधन नहीं है? क्या हमारे प्रभुमें शक्ति नहीं है कि वह अपने भक्तोंको भवसागरके पार पहुंचा दें? क्या रामनामका माहात्म्य अस्त हो गया था? क्या राममन्त्रकी शक्ति क्षीण हो गई थी? जिसके मस्तकपर प्रभु और महाराणीजीका चरणारविन्द विराजमान हो, भुजाओंपर भगवदायुध हों, गलेमें भगवान्की प्रियतमा झूल रही हों, मुखमें पवित्र श्री सीताराम नामका रटन हो रहा हो, हृदयमें मनोहर श्यामसुन्दर परमानन्दधाम श्रीरामकी 'कोटिन काम लजावनहारी' मधुर मूर्तिका ध्यान हो उसे अपने प्रभुको छोड़कर श्री शिवजीके पास दौड़ जानेका अवसर ही कब मिल सकता है? एक गुजराती कविने गाया है कि—

"सौन्दर्यना सागर ज्यां लहँरा लेताँ होय,
त्यां नेत्रने नेवराश केवी ?"

'अर्थात् जहां सौन्दर्य समुद्र लहरा रहा हो उस सौन्दर्य–रस–पानसे आंखोंको अवकाश कहांसे मिले।' भक्तिरसमें भींजा हुआ हरिजन भी यदि अन्य देवोंकी सेवाकेलिये लोलुप हो तो इसका सीधा अर्थ यह है कि अभी उसके हृदयमें भक्ति आरूढमूला नहीं हुई है।

मेरे कहनेका तात्पर्य यह नहीं है कि श्रीविष्णुभक्त परम वैष्णव श्री-शङ्करजीका अपमान करें। मैं मानता हूं कि भक्ताग्रगण्य श्री शङ्करजी भक्त-मूर्धन्य हैं। भक्तापचार हमारे यहां अत्यन्त निषिद्ध है। परन्तु मुझे तो इतना ही कहना है कि श्रीशिवजी की पूजा दो प्रकारसे हो सकती है। एक तो जैसा कि शैव लोग अथवा तो श्रीशिवजीके आग्रही भक्त लोग करते हैं। तथा एक वह पूजा है जिसे प्रभुरूपमें न मानकर, उनके आगे किसी वस्तुको वरदान रूपमें न मांगकर, उनकेविना हरिभक्ति प्राप्त ही न होगी, प्रभु भक्तिके वही द्वार हैं, इत्यादि भावनाको हृदयमें धारण न करके वैष्णवजन कर सकते हैं। ऐसी पूजा मेरी दृष्टिमें इतना ही पर्याप्त है कि श्रीशिवजीका कभी हमारे शब्दोंसे अपमान न हो, भक्तिमार्गमें उन्हें अपना अग्रगण्य स्वीकार करना, प्रभुचरणोंमें उनकी अनन्यताको अपने हृदयमें प्रतिबिम्बित करना इत्यादि। जल चढ़ाना, उनके लिङ्गपर चढ़े जलको मस्तकपर धारण करना, इत्यादि कार्य मेरी दृष्टिमें तो श्रीसम्प्रदायके अनु-कूल नहीं ही है।

अतः श्री स्वामीजीने कभी भी अपने शिष्योंकेलिये रामेश्वर दर्शनके-लिये प्रयत्न नहीं किया है।

श्री स्वामीजी और हन्टर साहब

हन्टर साहब लिखते हैं कि—"रामानुज स्वामीके पश्चात् उनकी गद्दी ऊपर बैठनेवाला पांचवां आचार्य श्री स्वामी रामानन्दजी थे।

श्री स्वामीजी और गुजरात विद्यापीठ

अहमदाबादके गुजरात विद्यापीठने भी हन्टर साहेबका ही अनुकरण करते हुये एक पुस्त-कमें लिखा है कि—"यह महापुरुष १५ वीं शता-ब्दीके आरम्भमें हो गये हैं। और वह स्वामी रामानुजाचार्यकी गादीके पांचवा आचार्य थे।

विद्यापीठने श्रीस्वामीजीके अवतारकालके निर्णय करनेमें जो भूलकी है उसका विवरण तो मैं आगेके प्रकरणमें करूंगा। यहां इतना ही कह देना पर्याप्त है कि श्रीस्वामी रामानन्दजीको श्री रामानुजस्वामीजीकी गादीके पांचवां आचार्य माननमें हन्टरसाहेब और उनके अनुयायी विद्यापीठ, दोनोंने ही भूलकी है। विद्यापीठने इतनी प्रामाणिक संस्था होकर भी, जिसे वह अल्प प्रयाससे जान सकती है—उसे जाने विना इस प्रकार अपनी सम्मति प्रकट करनेमें बड़ी भारी भूल की है।

श्री स्वामीजीका विवाद-ग्रस्त अवतार संवत्

जैसाकि ऊपर लिखा जा चुका है अगस्त्य संहिताके अनुसार कलियुगके ४४०० वर्षव्यतीत होनेके पश्चात् श्रीस्वामी रामानन्दजीका अवतार हुआ है। इस हिसाबसे आज ६३० वर्ष होते हैं।

भविष्यपुराणमें स्वामीजीके समयमें सिकन्दर लोदीका होना लिखा है। इस लिखनेका महत्त्व उस समय बढ़ जाता है जब कि हम देखते हैं कि श्रीकबीरदासजीको, जो कि स्वामीजीके ही शिष्य थे प्रायः सभी ऐतिहासिकोंने सिकन्दर लोदीके समयमें ही स्वीकार किया है। सिकन्दर लोदीका समय प्रायः सभी ऐतिहासिकोंकी सम्मतिमें १५ वीं शताब्दीमें १५४५ से १५७४ ई० तक माना गया है। अगस्त्यसंहिताके अनुसार श्रीस्वामीजीका अवतार ई० सन् १३०० में होता है। यदि स्वामीजीका आयुष्यकाल २५० वर्षसे भी कुछ अधिक मान लिया जावे तो अगस्तसंहिता और भविष्यपुराण दोनोंकी एकता हो सकती है। क्यों कि ई० १४४५ में लोदीवंशका आरम्भ हो जाता है। परन्तु इतना बड़ा आयुष्यकाल स्वामीजीका किसीने भी स्वीकार नहीं किया है। परलोकवासी श्रीयुत प० रामनारायणदासजीके कथनानुसार स्वामीजी इस भूतलपर ११.१ वर्ष तक विराजमान रहे। भक्तमालमें श्री भगवान् प्रसादजीके कथनानुसार स्वा-

मीजीका आयुष्यकाल १४६ वर्षका होता है। रघुराजसिंहजीने 'वर्ष सप्त शत' लिखा है। इसका ७०० वर्ष अर्थ करके भक्तमालमें श्रीभगवान्प्रसादजीने एक प्रकारसे इसका खण्डन कर दिया है। परन्तु यदि ७०० वर्ष अर्थ न करके, 'अङ्कानां वामतो गतिः' इस नियमके अनुसार १०७ वर्ष अर्थ कर दिया जावे तो लगभग श्री० प० रामनारायणदासजीके सिद्धान्त तक वह पहुंच जाते हैं। जो कुछ हो १५० वर्षसे अधिक आयुष्यकाल आज तक किसीने स्वीकार नहीं किया है। और कबीरदासजी स्वामीजीके शिष्य थे यह सबको एक स्वरसे स्वीकृत है। वह सिकन्दर लोदीके समयमें थे इसमें भी सब सहमत हैं। भक्तमालमें श्रीभगवान्प्रसादजीने भी यही लिखा है। तब, अब यह समस्या हल नहीं होती है कि स्वामीजीके परधाम पधार जानेके १०० वर्ष बाद कबीरजी उनके शिष्य कैसे हुये। तबतो हमको अगत्या इस सिद्धान्तपर आना पड़ता है कि स्वामीजी सिकन्दर लोदीके समयमें ही थे और वह समय १५४५ से आरम्भ होता है। इतिहासमें एक दूसरे सिकन्दरका भी उल्लेख है। परन्तु वह हुमायूं है। सिकन्दर नामसे तख्तपर बैठा था और डेढ़ मासके बाद ही मर गया था। अतः इस सिकन्दरका भ्रम तो किसीको नहीं ही होना चाहिये।

श्री स्वामीजी और फ़र्कुहर साहब

फ़र्कुहर साहब जो कि एक विज्ञ और प्रतिष्ठित अङ्गरेज हैं—उन्होंने अपने एक बड़े लम्बे अङ्गरेजी लेखमें स्वामीजीके सम्बन्धमें कितनी ही विचारणीय बातें लिखी हैं। जिनपर विचार करना परम आवश्यक है। प्रथम मैं यहांपर उनके उस लेखांशको लेता हूं जिसमें उन्होंने स्वामीजीके समयका निर्णय किया है। वह लिखते हैं—

(१) स्वामीजीका साम्प्रदायिक समय १२६६ ई० से १४१० ई० तक है।

(२) नामदेवजी १२९० ई० में ज्ञानेश्वराचार्य्यसे मिले थे। अतः नामदेवजी और ज्ञानेश्वरजी समकालिक हैं। इसके पश्चात् डाक्टर भण्डारकरके शब्दोंसे थोड़ासा दबकर नामदेवजीका समय १४०० से १४३० ई० तक माना है। तथा ग्रन्थसाहेबके आदारपर नामदेवजीको स्वामीजीका निकट पूर्ववर्ती बताये हुये फ़र्कुहर साहब इस सिद्धान्तपर आते हैं कि–

(३) स्वामीजीके आचार्य्यत्वका समय १४२५ अथवा १४३० ई० के लगभग आरम्भ होता है।

(४) मैकलिफ़ने पीपाजीका समय निश्चितरूपसे १४२५ ई० दिया है। पीपाजी स्वामीके शिष्य थे। वह १४४५ ई० में २० वर्षकी अवस्थामें दीक्षित हुये होंगे। अतः स्वामीजीका उपर्युक्त समय ही योग्य समय है।

(५) कबीरजी १३९९ और १४४० इन दो मतभेद ग्रस्त सन्में पैदा हुये। १५१८ में परलोक सिधारे। अन्तिम सन् अर्थात् १४४० ई० उचित लगता है। क्योंकि तिसपर भी उनकी अवस्था ७८ वर्षकी होती है। पूर्व सन् माननेसे ११९ वर्षका आयुष्य होता है। अतः १४५५ में १५ वर्षका अवस्थामें स्वामीजीसे मिले होंगे।

(६) मीराबाई रविदास चमारकी शिष्या थीं। उन्होंने १४७० ई० के लगभग अपने देवरसे पीडित होकर चित्तौरगढ़को छोड़ दिया। रविदासजी स्वामीजीके शिष्य थे। मालूम होता है कि उस समय श्री स्वामीजी स्वर्गवासी हो गये होंगे। अतएव रविदासको स्वतन्त्र आचार्यत्व प्राप्त हुआ होगा। इससे सिद्ध हुआ कि स्वामीजीका आचार्यत्वकाल १४३० से १४७७ तकका है।

(७) स्वामीजीके स्वर्गवासी होनेके पश्चात् कबीरदासके आचार्यत्वका समय १४७० से १५१८ तक ४८ वर्षके विस्तारका होजाता है। अत-

एवं हम इस परिणामपर पहुंचते हैं कि स्वामीजीका जन्म १४०० के लगभग हुआ। १४३० के लगभग आचार्यत्वको प्राप्त हुये और १४७० के लगभग स्वर्गवासी हुये।

यहां तक मैंने—फ़र्कुहर साहेबने स्वामीजीके कालके सम्बन्धमें जो कुछ लिखा है—उसका अपने शब्दोंमें संक्षेपमें वर्णन किया है। अब इसपर विचार करता हूं।

फ़र्कुहर साहेबके विचारको मनन करनेके पश्चात् हम इस परिणामपर आते हैं कि वह भारतवर्षके एक आवतारिक, विरक्त, योगी, बालब्रह्मचारी ऊर्द्ध्वरेतस्कके लिये भी ७० वर्षसे अधिक जीना असम्भव मानते हैं। मैं नहीं समझता हूं कि जब आज कल भी हमारे देशके तथा यूरोपके भी कितने ही लोग १५०–१५० वर्ष जीवन व्यतीत करके परलोकयात्रा करते हैं तो इतने बड़े संयमि–सार्वभौमको ७० वर्ष ही जीनेकी सम्भावना क्योंकी गई? फर्कुहर साहेबको हमारा साम्प्रदायिक समय उचित नहीं प्रतीत होता है अतएव उन्होंने केवल उसका उल्लेख करके, आगे चलकर अपनी सम्मति स्थिरकर दी है। परन्तु मैं कहता हूं कि जो साम्प्रदायिक समय है वही उचित है। अर्थात् १३०० ई० में ही उनका इस भूतलपर पदार्पण हुआ है। हमारे इस मानलेनेपर एक प्रश्न रह जाता है कि यदि यह समय मानलें तो साम्प्रदायिकोंके ही मतानुसार उनका आयुष्यकाल १०७ अथवा १११ वर्षमें अर्थात् १४०९ अथवा १४१३ में पूरा हो जाता है। तथा कबीरदासजी फ़र्कुहर साहेबके मतानुसार १४४० में जन्मलेकर १५ वर्षकी अवस्थामें—१४५५ ई० में दीक्षित नहीं हो सकते। दूसरा प्रश्न यह होता है कि यदि मैकलिफ़का दिया हुआ पीपाजीका सन् सत्य है तो पीपाजी १४२५ में जन्मलेकर १४४५ में स्वामीजीसे दीक्षा नहीं ले सकते।

इन सब प्रश्नोंका उत्तर केवल एक मार्गसे हो सकता है। वह यह कि, जिस प्रकारसे श्रीस्वामीजीका अवतार संवत् शास्त्रीयनियत संवत् है उस प्रकारसे उनके साकेतगमनका नियत संवत् नहीं है। परधामगमनकालमें साम्प्रदायिकोंका विवाद है। मेरी अपनी सम्मति है कि स्वामीजीका शास्त्रानुसार अवतार सन् १३०० ई० और परधामगमन सन् १४७० ई० है। अर्थात् उनका आयुष्यकाल १७० वर्षका है। एक आवतारिक ब्रह्मनिष्ठ परमयोगी महापुरुषकेलिये इतने समय तक परोपकारार्थ शरीरको धारण करना किञ्चिन्मात्र भी आश्चर्यकारक नहीं है। सौ २ वर्ष तक तो आज भी हिन्दुस्तानमें कितनेही आयुष्यकाल भोगनेवाले बैठे हैं। अतः मेरे इस माने हुये समयमें किसी प्रकारकी बाधा नहीं आती। तथा इस प्रकारसे इतिहासकारोंके कोलाहलकी भी सङ्गति हो जाती है।

यहांपर और भी एक प्रश्नका निर्णय कर लेना आवश्यक है। सिकन्दर लोदीके समयमें कितने ही लोगोंने कबीरजीका होना माना है। और लोदीका समय १५४५ माना गया है। यदि स्वामीजी १४७० में परधाम पधार गये हों तो ७५ वर्ष अथवा इससे भी अधिक पीछेके समयमें होनेवाले कबीरजी उनके शिष्य कैसे हुये?

यह प्रश्न खूब महत्त्व रखता है। अतः इसपर एक नयी और प्रौढ दृष्टिकी आवश्यकता है। यह तो सबको ज्ञात है कि कबीरदासजी द्वादश भगवन्मतकोविदोंमेंसे एक हैं। वैष्णव धर्मके प्रचारकेलिये जिस प्रकार श्री स्वामीजी महाराजने अवतार लिया था उसी प्रकार कबीरदासजी भी वैष्णवधर्मकी सेवाकेलिये आये थे। परन्तु आज कबीरजीके ग्रन्थोंसे मालूम होता है कि उन्होंने साकार ब्रह्मकी उपेक्षा करके निराकार ब्रह्मको अधिक महत्त्व दिया है। मैं यह माननेके लिये कभी भी तैयार नहीं हूं कि श्री स्वामीजी जैसे आचार्यके शिष्य और स्वयं भगवन्मतकोविद—स्वामीजीके सिद्धान्तों, उपदेशों और आदर्शसे विरुद्ध कोई भी काम करें। तब

हमको विवश होकर यह मान लेना पड़ता है कि सिकन्दर लोदीके समयमें जो कबीर रहे होंगे वह मूल कबीरजीके पीछेके गद्दीनशीन होंगे। उन्होंने भी अपनेको कबीर नामसे ही प्रख्यात किया होगा। तथा मूल कबीरजीके साकारब्रह्मके सिद्धान्तमें निराकार ब्रह्मका सम्मेलन कर दिया होगा। मेरा यह कथन केवल कल्पनाकी भित्तिपर आधार नहीं रखता है, प्रत्युत इसमें प्रमाण भी उपस्थित किया जा सकता है।

अयोध्यामें श्रीहनुमत्‌निवास तथा बड़ीकुटिया इत्यादि कई जो वैष्णव स्थान हैं वह कबीरदासीय स्थान हैं। परन्तु वह लोग अपनेको 'कबीरपन्थी' न कहकर 'श्रीरामकबीर' कहते हैं। आजके 'कबीर-पन्थी' लोगोंके साथ उनका कोई सम्बन्ध नहीं है। ये लोग श्रीरामके परमोपासक और श्रीरामानन्दीय वैष्णव हैं। श्रीवैष्णवोंके साथ ही उनका सर्व प्रकारका सम्बन्ध है। अतः 'रामकबीर' इस संज्ञान्तरके बलसे मैं कह सकता हूं कि रामकबीर ही मूल कबीरजी थे और निराकारवादी कबीर पीछेसे उन्हीं मूल कबीरजीकी शाखामेंसे हैं. और उनके साथ आज श्रीरामानन्दियोंका कोई घनिष्ट सम्बन्ध—व्यवहार दीख नहीं पड़ता है।

तथा श्री कबीरजीके जो चमत्कार सिकन्दर लोदीके समयमें वर्णित हैं, उनके विषयमें मुझे प्रतीत होता है कि या तो मूल कबीरजीके ही चमत्कारोंका सम्बन्ध उस समयके कबीरजीके नामसे प्रसिद्ध है, या तो वह भी मूल कबीरजीके समान ही महात्मा तथा चमत्कारी पुरुप रहे हों। मैं केवल दिशाका निर्देश कर रहा हूं। उसके याथातथ्यका निर्णय विद्वद्वर्ग इस रीतिसे करे जिससे अपना साम्प्रदायिक स्तंभ टूट न जावे।

सिकन्दर लोदीका दूसरा समय

मैं पूर्वमें दिखा चुका हूं कि सिकन्दर लोदीका समय १५४५ से आरम्भ होता है। परन्तु इसमें मतभेद तो अवश्य है। कितने ही इतिहासवेत्ताओंकी सम्मतिमें १४५० से लोदी वंशका आरम्भ होता है। सिकन्दर लोदी-

का बाप बहलोलखां लोदी १४५० ई० में दिल्लीके तख्तपर बैठा और ३८ वर्ष तक राज्य करके ई० १४८८ में मर गया। इसी सन्में सिकन्दर लोदी तख्तपर आया। १५१७ ई० तक राज्य किया। यदि सिकन्दर लोदीके समयमें स्वामीजी थे, यह सत्य हो और इस समयके कबीरजी ही स्वामीजीके शिष्य थे, यह भी सत्य हो तो, यह मान लिये विना छुटकारा नहीं है कि स्वामीजी महाराजका आयुष्यकाल दो सौ वर्षसे ऊपर है।

डा० हंटर साहबने लिखा है कि कबीरदासजी १३०० ई० से १४२० तक थे। मूर साहबके मतसे कबीर साहेब १६ वीं शताब्दीके आदिमें थे। फारबेशकी डिक्शिनरीमें उनका समय १४ वीं सदी माना गया है। 'हिन्दुइज़्म' नामके पुस्तकमें भी १४ वीं सदी है।

अन्य अंग्रेज लेखकोंके मतमें कबीरदासजीका समय

कबीरजीके पुस्तकोंमें भी उनके समयका ठीक २ पता नहीं हैं। तथापि कितनी ही 'साखियां' प्रकाशके कुछ किरण दे सकती हैं। एक साखी है—

कबीरमतके पुस्तकोंमें उनका समय

'चौदहसो पचपन सालगिरा चन्द्रवार एक ठाट ठये।'

इस साखीके अनुसार कबीर साहब १३९८ में जन्म लिये। एक दूसरी साखीमें लिखा है—

'संवत् पन्द्रह सौ औ पांच, मगहर कियो गमन।
अगहन सुदी एकादशी, मिलो पवनसे पवन॥'

इस साखीसे उनका मरण संवत् १४४८ सिद्ध होता है। इस गणनासे उनका आयुष्यकाल केवल ५० वर्षका होता है। एक दूसरी साखी ऊपरकी साखीसे मिलती जुलती इस प्रकार है—

' पन्द्रह सो पचहत्तरा कियो मगहर गमन ।
माघ सुदी एकादशी मिलो पवनसे पवन ॥ '

इसके अनुसार उनका आयुष्यकाल १७७ वर्षका होता है ।

श्रीयुत भगवानप्रसादजी और कबीरजी

भक्तमालके टीकाकार श्रीयुत भगवानप्रसादजीने नामदेवजी और कबीरजीको समकालिक लिखा है । नामदेवजीका जन्म सन् १४८८ ई० लिखा है । और सिकन्दर लौदी बादशाहका समय बताया है । इसी भक्तमालकी टीकामें टीकाकारने एक दोहा लिखा है कि—

' पन्द्रह सौ उनचासमें मगहर कीनों गौन ।
अगहन सुदी एकादशी मिले पौन सो पौन । "

इससे उनका आयुष्यकाल, यदि १३९८ में जन्म मानें तो १५१ वर्षका हो जाता है । परन्तु इसी भक्तमालमें उनका जन्म संवत् १४५१ वि० लिखा है । इस गणनासे ९८ वर्षका आयुष्यकाल होता है । श्रीयुत् भगवान्प्रसादजीने न जाने किस हिसाबसे ३ वर्ष अधिक लिखा है ।

ई० मार्सडेन, लाला सीतारामजी और कबीरजी

ई० मार्सडेन और लाला सीतारामजीने कबीरजीका जन्म १३८० और मरण सन् १४२० ई० लिखा है । इस हिसाबसे कबीरजीका आयुष्यकाल ४० वर्षका होता है ।

सिंहावलोकन

इस प्रकारसे कबीरजीका समय मतभेदग्रस्त समय है । मि० हंटर, फ़ारबेश, हिन्दुइज़्म, कबीरकी साखी ई० मार्सडेन और श्रीयुत भगवान् प्रसादजी इन ६ की सम्मतिसे कबीरदासजी १४ वीं शताब्दीमें थे । अर्थात् स्वामीजी महाराजसे १०० वर्षके पीछेके समयमें इनका जन्म हुआ था ।

फ़र्कुहर साहब १५ वीं शताब्दीमें ही जन्म और मरण दोनों ही मान रहे हैं। उनके मतसे कबीरजीका जन्म १४४० ई० में और मरण १५१८ ई० में हुआ।

मूरके मतसे कबीरजी स्वामीजीके दो सौ वर्षके पीछेके समयमें हुये।

इस विषयमें यदि अधिक मतकी प्रधानता स्वीकार की जा सके, जो कि आजके युगकी एक विशेष बात है, तो हम इस सिद्धान्तपर आ सकते हैं कि स्वामीजीका अवतार सन् १३०० ई० में है। उनका आयुष्यकाल दो सौ वर्षके भीतर है। इसी समयमें कबीरजी स्वामीजीके शिष्य हुये हैं।

परन्तु अब रह गया यह कि, सिकन्दर लोदीके समयमें कबीरजी थे। स्वामीजी भी थे। ऐसी धारणा ऐतिहासिकोंकी है। सिकन्दर लोदी १४८८में तख़्तपर बैठता है। १५१७ तक बादशाही करता है। पूर्वके कहे हुये ६ सम्मतियोंके बलसे सिकन्दर लोदीके तख़्तपर बैठनेसे पहले ही कबीरजी मर जाते हैं। केवल श्री भगवान्प्रसादजीके मतमें, सिकन्दरके समयमें कबीरजी ५ वर्ष जीते हैं। परन्तु श्रीयुत भगवान् प्रसादजीने सिकन्दर लोदीका समय १५४५ दिया है। यदि इसको मान लें तब तो सिकन्दरसे ५० वर्ष पहले कबीरजी मर जाते हैं। ऐसी ही भूल आपने नामदेवजीके विषयमें भी की है। उनका जन्म सन् १४८८ मानकर—सिकन्दर लोदीके समयमें वह थे—ऐसा लिखा है परन्तु उसका समय इनके ही सिद्धान्तके अनुसार ५७ वर्ष पीछे आरम्भ होता है। सम्भव है कि उस समय नामदेवजी परधाम चले गये हों।

श्री पीपाजीका समय

यहांपर इतना ध्यान रखना चाहिये कि मेरे विचारसे लोदीके समय बतानेमें श्रीभगवान्प्रसादजीको भ्रम हुआ है। भक्तमालमें उन्होंने लिखा है कि श्री पीपाजीका समय संवत् १४६० से ऊपर और १५५० अर्थात् ई० १४१४ और १४६४ के भीतर था। इतनेके भीतर ही उनका जन्म और मरण दोनों ही आपके मतसे सिद्ध है।

फ़र्कुहर साहबके मतसे मैकलिफने १४२५ ई० पीपाजीका जन्मसन् दिया है। इनके मतसे २० वर्षकी अवस्थामें १४४५ ई० में वह स्वामीजीके शिष्य हुये थे। इस थोड़ेसे मतभेदके छोड़नेपर दोनों महानुभाव एक ही रेखापर आकर खड़े हो जाते हैं।

श्री स्वामीजीका नियत समय

इतनी लम्बी यात्रा कर लेनेके पश्चात् हम इस निश्चित सिद्धान्तपर आ जाते हैं कि स्वामीजीका जन्म साम्प्रदायिक दृष्टिसे जो कि सर्वथा ही सत्य है—सन् १३०० ई० में हुआ और १३९ वर्ष पर्यन्त इस भाग्यशालिनी भरतभूमिको पवित्र करके १४४९ ई० में परमधाम पधारे।

श्री० प० रामनारायणदासजीने जो परमधाम सन् १४११ दिया है वह अशुद्ध है।

श्री स्वामीजी और फर्कुहर साहेब

उपर्युक्त फ़र्कुहर साहबने और भी कितनी ही बातें अपने उसी लेखमें लिखी है जिसके एक अंशपर ऊपर पूर्ण विचार कर चुका हूं। आप लिखते हैं कि—

"साम्प्रदायिकोंकी धारणा है कि वे (श्री स्वामी रामानन्दजी) दक्षिणसे आये तथा श्री रामानुचार्य्यसे उनका सम्बन्ध है। '....झगड़ेके कारण वे (स्वामी रामानन्दजी) सम्प्रदायसे अलग हो गये। कभी २ यह भी कहा जाता है कि उस पार्थक्यका परिणाम केवल इतना ही हुआ कि सामाजिक विषयोंमें श्रीरामानुजीयोंसे वे कुछ अधिक स्वतन्त्र हो गये।....तिसपर भी हर हालतमें यही निरूपण किया जाता है कि वे श्री रामानुजाचार्य्यके ही सिद्धान्तोंका उपदेश करते थे उसी मन्त्रका व्यवहार करते थे और उसी सम्प्रदायमें सम्मिलित थे।

फ़र्कुहर साहेबने जो कुछ लिखा है, वह उनकी इच्छाकी बात है। अन्याय इतना ही किया है कि 'साम्प्रदायिकोंकी धारणा है' ऐसा लिख

दिया है। कोई भी साम्प्रदायिक श्रीस्वामीजीको दाक्षिणात्य नहीं मानता है। झगड़ेसे वह श्रीरामानुजाचार्य्यजीके सम्प्रदायसे पृथक् हो गये यह भी एक अन्ध परम्परामात्र ही है। श्री रामानुजसम्प्रदायसे पृथक् होकर स्वामीजी सामाजिक विषयोंमें कुछ अधिक स्वतन्त्र हो गये, यह कहना भी अनुचित ही है। सामाजिक विषयमें उनका लक्ष्य था परन्तु स्वतन्त्र नहीं थे, किन्तु शास्त्रीयमर्यादामें रहकर ही सामाजिक सङ्गठन उन्होंने किया। परन्तु श्रीरामानुजसम्प्रदायसे पृथक् होकर नहीं; प्रत्युत पृथक् थे ही। इसका विवेचन प्रसङ्गोपात्त आगे आवेगा। स्वामीजी दाक्षिणात्य थे इस भ्रमका निराकरण तो फ़र्कुहर साहेबने स्वयंकर लिया है और वह यह मानते हैं कि स्वामीजी प्रयागके थे। आगे चलकर आप लिखते हैं—

"उन्होंने (स्वा० रामानन्दजीने) कभी भी विशिष्टाद्वैतकी शिक्षादी इस बातका कहीं किञ्चिन्मात्र भी प्रमाण नहीं है। उनके शिष्योंके उपदेशमें अद्वैतवादके उल्लेख अधिक प्रमाणमें मिलते हैं। कहीं २. भेदाभेदसिद्धान्तकी भी चर्चा हुई है। किन्तु श्रीरामानुजाचार्यके सविशेष सिद्धान्तका उनमें कहीं पता नहीं है।"

इस बातका पूर्णप्रमाण मैं आगे चलकर लिखूंगा कि स्वामीजीने सर्वदा विशिष्टाद्वैतकी ही शिक्षा दी है। उनके शिष्योंमेंसे—का अर्थ यदि द्वादश शिष्योंसे हो तब तो यह जानना अवशिष्ट रह जाता है कि उन द्वादश शिष्योंमेंसे किन २ शिष्योंके उपदेशमें अद्वैतवादका सिद्धान्तरूपसे उल्लेख है। कबीरजीके यहां जो कुछ लिखा है उसका स्वरूप मैं पूर्वमें वर्णन कर चुका हूं। यदि उनके शिष्योंमेंसे—का अर्थ यह है कि समस्त श्री रामानन्दीय वैष्णव। तो भी यह बताना चाहिये कि किन २ उपदेशकोंने अद्वैतवादका उपदेश दिया है।

मेरा अनुमान है कि फ़र्कुहर साहेबको अपनी ऐसी सम्मति स्थिर करनेमें हिन्दी कविसम्राट् श्री गोस्वामी तुलसीदासजी महाराजका रामायण

मूलभूत हो। मैं समझता हूं कि श्री गोस्वामीजीके रामायणके निम्न लिखित पदोंसे ही फ़र्कुहर साहेब भ्रान्त हुये हैं। वे पद यह हैं—

'वन्दे वाणीविनायकौ', 'भवानीशङ्करौ वन्दे', 'शङ्कररूपिणम्', 'गणनायक करिवरवदन', 'उमारमण करुणा अयन', 'करौ कृपा', 'तासु शाप हरि कीन्ह प्रमाणा', 'पूजन गौरि सखी ले आई', 'मन जाहि रांचेउ मिलहिं सो बर', 'इहि भाँति गौरि अशीष सुनि सिय सहित हिय हरषित चली', 'सभय हृदय विनवति जेहि तेही। मनहीं मन मनाय अकुलानी। होहु प्रसन्न महेश भवानी। गणनायक वरदायक देवा। आज लगे कीन्हीं तव सेवा। वार २ विनती सुनु मोरी। करहु चाप गरुता अति थोरी।' 'आप चढ़े स्यन्दन सुमिरि हर गुरु गौरि गणेश।', "'भुधरसुता' को 'वामाङ्क' में लिये हुये 'वालविधु' 'गरल' 'व्याल' वाले हे 'सुरवर' हे 'सर्वाधिप' हे 'सर्वगत' श्री शङ्करजी 'पातु माम्'', 'गनपति गौरि गिरीश मनाई', 'कुसगुन' और 'भयानक सपना' देख २ कर भरतजी 'शिव अभिषेक करहिं विधि नाना' तथा 'हृदय महेश मनाई' मातु, पिता, परिजन, भाईका 'कुशल', मनाते थे, वंन काण्डमें 'शङ्करं' 'वन्दे', युद्धकाण्डमें 'कालव्यालकरालभूषणधरं' 'कलिकल्मषौघशमनं' 'काशीशं' 'गिरिजापतिं' 'नौमि' 'यो ददाति सतां शम्भुः कैवल्यमपि दुर्लभम्', 'लिङ्ग थापि विधिवत् करि पूजा' 'शिवद्रोही मम दास कहावा। सो नर सपनेहु मोहिं न भावा', 'शङ्कर विमुख भगति चह मोरी। सो नारकी मूढमति थोरी', 'शिवद्रोही मम दास। सो नर करहिं कल्पभर कोटि नरक महं वास' इत्यादि।

फ़र्कुहर साहेबने विचार किया होगा कि ऐसे प्रसिद्ध विद्वान् और उद्भट कविकी लेखनीमें उचित समयपर विष्णुसे कहीं प्रार्थना नहीं की गई है। सर्वत्र तामस ही देवसे वन्दना, प्रार्थना की गई है। अतः अवश्य ही श्रीरामानन्द सम्प्रदायमें अद्वैतवादका उपदेश होगा। यद्यपि इन तामस

देवताओंसे अद्वैतवादका कोई सम्बन्ध नहीं तथापि एक प्रकारसे अत्यन्त सामीप्य तो अद्वैतवादके साथ इनका है ही है अतः फ़र्कुहर साहेब इतनी दृढ़तासे अपना सिद्धान्त बना सके होंगे।

श्री गोस्वामीजीके रामायणसे जिन २ लोगोंको फ़र्कुहर साहेबके समान ही भ्रम होता हो उन सबको कुछ प्रकाश मिले, एतदर्थ मैं अयोध्याके प्रसिद्ध रामायणी श्री रामबालकदासजी महाराजका एक पत्र यहां ज्योंका त्यों उद्धृत कर देना चाहता हूं। यह पत्र मेरे एक पत्रके उत्तरमें आया था।

श्री रामायणीजीका पत्र

यह प्रश्न कि वाणी विनायककी वन्दना क्योंकी और 'गुरुं शङ्कर-रूपिणं' क्यों कहे ; सो वाणी विनायक शङ्करजी भागवत हैं। इसका प्रमाण इसी ग्रन्थमें है। देखि मनोहर चारिउ जोरी। सारद उपमा सकल ढढोरी॥ देत न बनइ निपट लघु लागी। एक टक रही रूप अनुरागी॥ अनुराग होना इष्टमें यथार्थ है। और सारद दारू नारि सम स्वामी। राम सूत्रधर अन्तरजामी॥ जेहिपर कृपा करहिं जन जानी। कवि उर अजिर नचावहिं बानी॥ आप बानीके प्रेरक हैं। और गणेशजी श्रीरामनामको जपि प्रदक्षिणा करि प्रथम पूज्य भये। यथा। महिमा जासु जान गन-राऊ। प्रथम पूजियत नाम प्रभाऊ। इससे गणेशजी भागवत हैं। और शङ्करजीका वचन है कि, रघुकुल मनि मम स्वामि सोइ कहि शिव नायउ माथ। और तुम पुनि राम राम दिन राती। सादर जपहु अनंग अराती। पुनः, सोइ मम इष्ट देव रघुबीरा। सेवत जाहि सदा मुनि धीरा। और पार्वतीजी भी वैसा ही, यथा; मंगल भवन अमंगलहारी। उमा सहित जेहि जपत पुरारी। पुनः, रामरूप नप सिष सुभग बारहिंबार निहारि। पुलक गात लोचन सजल उमा समेत पुरारि।' ऐसी दशा होना इष्टमें है। क्योंकि शङ्करजीने रामरूपका बोध कराया है। यथा, तुम कृपाल सब संशय हरऊ। राम स्वरूप जानि मोहि परेऊ। श्री रामरूपका जानना, श्री रामनामका

जपना, यही भागवतका चिह्न है। यथा सुन्दरकाण्डमें जब श्री हनुमानजी महारानीजीको ढूँढते २ विभीषनजीके यहां गये हैं तब उनने प्रातःकाल, राम राम तेहि सुमिरन कीन्हा। हृदय हरष कपि सज्जन चीन्हा। सो भागवतका महत्त्व आपके सम्प्रदाई ग्रन्थनमें अच्छी तरहसे प्रकाशित है। सो यह सर्व भागवत हैं। यह जानि करके गोस्वामी तुलसीदासजी महाराजने मंगलाचरण किये। और गुरुं शङ्कररूपिणं कहे। औ महारानी भी पूजन करती भई। और श्री दशरथजी महाराज भी स्मरण किये। और श्री रामजी महाराज वनयात्राके समय स्मरण किये। क्योंकि भागवत भागवतका स्मरण करते हैं। पुः विनयपत्रिका ग्रन्थका। किये छोह छाया कमल करको भक्तपर भजते हि भजै और यह ग्रन्थ सर्वमत रक्षक है। इस ग्रन्थमें शिव महत्त्व, शक्ति महत्त्व, गणेश महत्त्व, सूर्य महत्त्व कहि औ श्री रामजीको पर ठहराये हैं। जिससे इन देवनके उपासक इस ग्रन्थमें श्रवण धारण रूपी स्नान पान करें। और श्री रामजीको पर जानें। और लिङ्ग स्थापना इसलिये किये कि शिवकांचीमें और विष्णुकांचीमें परस्पर विरोध दूर करनेके लिये श्रीमुख वचन कहे ॥ दोहा ॥ शङ्कर प्रिय मम द्रोही शिवद्रोही मम दास। ते नर करहिं कल्पभर घोर नरक मँह वास ॥ जिससे ऐसा निरोध न करें। ऐसे नरकके भागी न होय। हरिहर निन्दा सुने जो काना। होय पाप गोघात समाना। पुः परम धर्म श्रुति विदित अहिंसा। पर निन्दा सम अघ न गरीसा। यदि कहिये भागवतका यह वेष नहीं है तो पद्मपुराणमें भगवतवचन है।

त्वं च रुद्र महाभाग मोहनार्थं सुरद्विषाम्।
पाषण्डाचरणं धर्मं कुरुष्व सुरसत्तम ॥

भगवत आज्ञासे ऐसा वेष किये हैं। लेकिन साज अमङ्गल मङ्गलरासी। अशिव वेष शिव धाम कृपाला। श्रीमद्भागवते द्वादशस्कन्धे १३ अध्याये षोडशश्लोके,

निम्नगानां यथा गङ्गा देवानामच्युतो यथा।
वैष्णवानां यथा शम्भुः पुराणानामिदं तथा॥

नवमस्कन्धे ४ अध्याये। श्रीभगवानुवाच—

अहं भक्तपराधीनो ह्यस्वतन्त्र इव द्विज।
साधुभिर्ग्रस्तहृदयो भक्तैर्भक्तजनप्रियः॥

६३ श्लोके षष्ठस्कन्धे ३ अध्याये—

स्वयम्भूर्नारदः शम्भुः कुमारः कपिलो मनुः।
प्रह्लादो जनको भीष्मो बलिर्वैयासकिर्वयम्॥
द्वादशैते विजानीमो धर्मं भागवतं भटाः
गुह्यं विशुद्धं दुर्बोधं यज्ज्ञात्वामृतमश्नुते॥२०।२१॥

पुनः वानी नाम सीताजीका है। प्रमाण जानकी सहस्र नाम है। परन्तु जानकी सहस्र नाम दो हैं। एक तो अद्भुतरामायणमें। एक सुन्दरीतन्त्रमें। यहां सुन्दरीतन्त्रका प्रमाण जानिये। यथा।

ब्रह्माणी बृहता ब्राह्मी ब्रह्मभूता भवावनी।

पुनः,

'वाणी चैव विलासिनी।'

इस करके वाणी नाम सीताजीका है। और विनायक नाम विशेष नायक श्रीराघव हैं। इससे तो शब्दार्थसे भी ग्रन्थकारने युगल सरकार हीका मङ्गलाचरण किया है। अथवा जहां ग्रन्थकारने उपासना गाई है। यथा। जड़ चेतन जग जीव जत सकल राममय जानि। पुनः। सियाराममय सब जग जानी। जहां भूत प्रेत सब रात्तसनको इस भांति बन्दना करी तहां गनेसजीमें कौन भेद है। क्योंकि ग्रन्थकारने यही वाक्य मध्य औ अन्तमें भी धरा है। यथा। मैं सेवक सचराचर रूप स्वामि भगवन्त। पुनः। निज प्रभुमय देखहिं जगत कासन करहिं विरोध। इत्यादि प्रमाणसे दृढ़ है।

इति

इस समाधानके पश्चात् भी जिन्हें सन्तोष न हो वह श्री रामायणाजीसे पत्र लिखकर पूछ सकते हैं।*

पुनः फर्कुहर साहेब लिखते हैं—

'मध्ययुगमें दक्षिणदेशमें एक भक्तिमार्ग प्रचलित था। वह लोग केवल श्रीरामजीको ही मुक्तिका दाता मानते थे। उनका मुख्य ग्रन्थ वाल्मीकिरामायण था। इस रामायणमें श्रीरामजीको ब्रह्मरूपसे प्रतिपादन न करके मनुष्यरूपसे ही वर्णन किया है। सीताजीका रावणद्वारा हरण किया जाना भी एक सामान्यरीतिसे लिखा हुआ है। इससे भक्तिमार्गीय लोगोंके हृदयों-पर आघात होता होगा। अतः उन लोगोंने एक दूसरा रामायण तैयार किया जिसका नाम अध्यात्मरामायण है। इसमें श्रीरामको ब्रह्म प्रतिपादन किया गया है। श्रीसीताजीकेलिये भी लिखा गया है कि जङ्गलमें जिस सीताजीका हरण हुआ है वह मायाकी बनी हुई थीं। वास्तविक नहीं थीं। अद्वैतवादके उपदेशोंसे यह ग्रन्थ भरा पड़ा है। इसी प्रकार अगस्त्य—सुतीक्ष्णसंवाद नामका एक पुस्तक है जिसका दूसरा नाम अगस्त्य संहिता है। दोनों ग्रन्थोंसे उसी भक्तिमार्गका पता चलता है। यद्यपि दक्षिणमें आज यह भक्तिमार्गीय—रामोपासक नहीं हैं तथापि कितनेही रामभक्त हैं जो निस्सन्देह उस मध्ययुगवाले सम्प्रदायके अवशिष्ट चिह्न हैं।'

---

* यद्यपि फर्कुहर साहेबने आगे चलकर स्पष्ट लिख दिया है कि अध्यात्मरामायणके कारण श्री स्वामीजीके शिष्योंमें अद्वैतवादकी झलक पाई जाती है। इससे गोसाईजीकी रामायणका कोई प्रभाव फर्कुहर साहेबपर नहीं है, यह स्पष्ट है। तथापि जो मैंने गोसाईंजीके रामायणके सम्बन्धमें इतना विस्तारसे लिखा उसका कारण यह है कि मैं आगे चलकर बताऊंगा कि अध्यात्मरामायण आज हमारे सम्प्रदायमें प्रतिष्ठित नहीं है। कभी प्रतिष्ठित रहा होगा यह भी कहा नहीं जा सकता। अध्यात्मरामायणकी बहुत अधिक सहायतासे श्री तुलसीकृत रामायण बना है। और वह आज हमारे ही सम्प्रदायमें नहीं प्रत्युत हिन्दूमात्रमें प्रचलित है। अतः इसके उत्तरसे अध्यात्मरामायणका उत्तर हो जावेगा।

भ० ब्रह्मचारी

रामानन्दस्वामी, इसी अध्यात्मरामायण बनानेवाले सम्प्रदायके साधु थे। १४३० ई० के लगभग दक्षिणसे आते समय वह इस सम्प्रदायके सिद्धान्तोंको अपने साथ लाये होंगे। अध्यात्मरामायण और अगस्त्यसंहिता भी अपने साथ लाये होंगे। परन्तु इसे मैं सिद्ध नहीं कर सकता। श्रीराम-मन्त्र भी वहांसे लाये होंगे। वह साधारण साधु होंगे। संन्यासी नहीं। उनके शिष्योंमें जो आज अद्वैतवादकी झलक है उसका कारण वही अध्यात्मरामायण है।'

'वह श्रीवैष्णव नहीं थे। तथापि वह श्रीरामानुजाचार्य्यजीके श्री भाष्यको देखते रहे होंगे। क्योंकि वह ईश्वरवादियोंकेलिये चित्ताकर्षक ग्रन्थ हैं आज कल्ह भी उनके अनुयायी श्रीभाष्यको इसीलिये देखते हैं कि उसमें ईश्वरवाद बहुत अच्छी तरहसे समझाया गया है। रामानन्द भाष्य आज तक कोई नहीं है। इसका भी यही कारण है कि वह सामान्य साधु थे, श्री वैष्णव नहीं।'

संक्षेपमें मैंने अपनी भाषामें फ़र्कुहर साहेबके आशयको यहांपर उद्धृत किया है। उनके इस विचार प्रवाहका तिरस्कार करनेसे पहले मैं प्रथम अपना तिरस्कार कर लेना उचित समझता हूं।

श्रीरामानन्दीय श्रीवैष्णव देख रहे हैं कि आज समुद्रपारसे भी हमारे ऊपर कठोरसे कठोर आक्षेप हो रहे हैं। हमारी रहनी, करनी आज इतनी बिगड़ी हुई हैं कि हमें देखकर कोई भी पुरुष हमें श्रीवैष्णव नहीं कह सकता है। हमारे व्यवहारमें, आचारमें, दैनिकक्रियाओंमें, हमारी वेषभूषामें ६०० वर्षके भीतर इतना अधिक परिवर्तन हो चुका है कि हमें देखकर लोग हमारे आचार्य्य रामानन्द स्वामीजी महाराजको भी यह कहनेका कोई भी पुरुष साहस कर सकता है कि 'वह श्री वैष्णव नहीं थे।' आज हमोरेमें यह अभिमान कहां है कि हम श्रीवैष्णव हैं? सत्य है जो मनुष्य अथवा जो समाज अपने प्राचीन आदर्शका तिलाञ्जलि दे देता है, उसका

अस्तित्व ही असमञ्जस हो जाता है। श्रीरामानन्दकी पवित्र, तेजस्वी और ओजस्वी सन्तानका, उसकी गाढनिद्रामें सर्वस्व हरण हो गया। अवशिष्टांशपर भी शनैः २ हाथ विपत्ती बढ़ा रहे हैं परन्तु प्रभुको इस भक्त-मण्डलीपर अभी तक भी करुणा नहीं आती है। फ़र्कुहर साहेबको मैं इस उपर्युक्त सिद्धान्तको प्रकट करनेके कारण अल्पमात्र भी दोषी नहीं कह सकता। आजकी जो हमारी स्थिति है उससे प्रत्येक तलस्पर्शी विद्वान् वही मत स्थिर कर सकता है—जो फ़र्कुहर साहेबने किया है। आज हमारे सम्प्रदायमें दो चारसे अधिक कितने विद्वान् हैं जो गोस्वामीजीके रामायणके अतिरिक्त सिद्धान्तकी कोई भी बात जानते हों? हे प्रभो! हे दयानिधे! हे अशरण शरण! 'नय सुपथा राये अस्मान्' हमारे कल्याणका मार्ग दिखा। इस अन्धेरीरातमें भटकते हुओंका हाथ पकड़!! अब मैं फ़र्कुहर साहेबके मत-पर विचार करता हूं।

'मध्ययुगमें'—से आरम्भ करके—'अवशिष्ट चिह्न हैं' तक जो कुछ कहा गया है प्रथम उसकी परीक्षा ही आवश्यक है। आप कहते हैं कि वाल्मीकिरामायणसे असन्तुष्ट होकर दाक्षिणात्य श्रीरामभक्तोंने अध्यात्मरामा-णकी रचनाकी। वा० रा० से असन्तोषका कारण आप बताते हैं कि उसमें श्रीरामजीको सामान्य मनुष्य लिखा है और श्रीमहाराणीजीका हरण सामा-न्य रीतिसे वर्णित है। मेरी समझमें फ़र्कुहर साहेब भूल रहे हैं। वा० रा० में भगवान् श्रीरामचन्द्रको सामान्य मनुष्य नहीं माना गया है प्रत्युत पूर्ण, पुरुषोत्तम, परब्रह्म, त्रैलोक्यनायक स्वीकार किया गया है। यह वस्तु प्रत्येक रामायणपाठीको विदित है। महाराणीजीका हरण सामान्य रीतिसे लिखा है अर्थात् मायाकी सीताका हरण हुआ—ऐसा नहीं लिखा है, यह बात मानी जा सकती है। परन्तु इतनेसे श्रीसीताजीके आदि शक्ति होनेमें कोई अन्तर नहीं आता। प्रभु और जगदम्बा दोनोंही मानवलीला करनेकेलिये पृथिवी-पर अवतरे हैं, यह प्रत्येक भक्तको विदित है, ऐसी दशामें प्रभुभक्त कभी

शिथिलश्रद्ध नहीं हो सकते थे। यदि उनकी श्रद्धाका अन्त वा० रा० से होता होता तो हमारे सम्प्रदायमें वाल्मीकिरामायणसे कालक्षेपकी अनवच्छिन्न विधि न चली आती। अतः इन दोनों हेतुओंसे अध्यात्मरामायणकी भक्तों-द्वारा रचनाका अनुमान निरर्थक है।

'रामानन्द स्वामी इसी–से आरम्भ करके–'वही अध्यात्मरामायण है' तक जो कुछ फ़र्कुहर साहेबने कहा है वह तो रोमाञ्च उत्पन्न करावे, ऐसी बातें हैं। इस पैराग्राफ़में (खण्डकमें) ५ बातें लिखी हैं। पांचों ही निस्सत्व हैं। (१) स्वामीजी दक्षिणसे आते समय दक्षिणके भक्तिमार्गके सिद्धान्तोंको अपने साथ लाये होंगे (२) अध्यात्म रामायण और अगस्त्य संहिता भी साथ लाये होंगे। इन दो बातोंकी अप्रामाणिकता तो फ़र्कुहर साहेब स्वयम्–'परन्तु मैं इसे सिद्ध नहीं कर सकता'–लिखकर सिद्ध कर रहे हैं। तथा स्वामीजी दाक्षिणात्य नहीं थे यह फ़र्कुहर साहेब मान चुके हैं तब दक्षिणसे आनेकी बात भी स्वयं खण्डित हो जाती है अतः पिष्टपेषणकी आवश्यकता नहीं। (३) श्री राममन्त्र भी अपने साथ लाये होंगे। ऐसा लिखनेवाले फ़र्कुहर साहेब भूल जाते हैं कि आज स्वामीजीके सम्बन्धमें सर्वसम्मत सम्मति स्थिर हो चुकी है कि उन्होंने श्री राममन्त्रकी दीक्षा श्री राघवानन्द स्वामीजीसे ली है। और श्री राघवानन्द स्वामीजी काशीमें रहते थे। तब दक्षिणसे राममन्त्र लानेकी बात तो नितान्त निर्मूल है। शास्त्र, पुराण, इतिहास और साम्प्रदायिकोंमें प्रचलित कथाओंके विरुद्ध है। तथा फ़र्कुहर साहेबके इस अनुमानमें कोई हेतु भी नहीं है। (४) 'वह साधारण साधु होंगे, संन्यासी नहीं' इस कथनमें भी कोई यहांपर प्रमाण नहीं दिया है। परन्तु इससे आगेके खण्डकमें लिखा है कि 'रामानन्द भाष्य आजतक कोई नहीं है अतः वह सामान्य साधु थे।' कैसा सुन्दर हेतु है? भाष्य नहीं है अतः श्री स्वामीजी संन्यासी नहीं थे किन्तु सामान्य साधु थे। इस कथनमें कुछ तत्त्व नहीं है। श्री स्वामीजीने

ब्रह्मसूत्रपर एक भाष्य लिखा है। जो आजतक अप्रकाशित था। परन्तु अयोध्याकी पुरातत्त्वानुसम्बधायिनी समितिने उसका शोध किया है और वह अब मुद्रित हो रहा है। अतः यदि भाष्याभावसेही उनके संन्यासी न होनेका अनुमान किया जाता हो तो वह व्यर्थ है। परन्तु श्री स्वामीजी संन्यासी नहीं थे ऐसा मन्द २ स्वर मुझे कभी कभी श्रीवैष्णवोंके मुखसे भी सुननेमें आता है। अतः स्वामीजी संन्यासी थे या नहीं इसका विवेचन आगेके प्रकरणमें पूर्ण रीतिसे करूंगा। (५) अध्यात्म रामायणके अद्वैत-वादकी झलक स्वामीजीके शिष्योंमें है' ऐसा कहते भी फ़र्कुहर साहेब भूलते हैं। मैंने ऊपर बताया है कि इस कथनसे उनका तात्पर्य श्रीगोस्वा-मीजीके रामायणसे है। और उस रामायणमें यदि कहीं अद्वैतवादका भ्रम होता हो तो वह भ्रममात्र ही है। अन्य जिन कारणोंसे उस रामायणमें अद्वैतवादका भ्रम हो सकता है उसका निराकरण ऊपर विस्तृतरूपसे किया जा चुका है। अध्यात्म रामायण तो कभी भी हमारे सम्प्रदायमें प्रविष्ट नहीं हुआ और न वह साम्प्रदायिक ग्रन्थ हमारे यहां माना जाता है।

'वह श्रीवैष्णव नहीं थे' यह कहकर तो फ़र्कुहर साहबने कहनेका अन्त कर दिया है। अभी उन्हें बहुत विचार करनेकी आवश्यकता है। जिस आचार्य्यने श्रीवैष्णवताकी रक्षाकेलिये सब प्रकारका यत्न किया, साम्प्रदायिक तत्त्वोंका संग्रह किया, श्रीआनन्दभाष्य और श्रीवैष्णवमताब्ज-भास्कर जैसे ग्रन्थोंका निर्माण किया, जिनके शिष्य प्रशिष्योंमें चाहे किसी दशामें—श्रीवैष्णवता अनवरत चली आ रही है—अन्य सब ही सम्प्रदायोंने जिस सम्प्रदायको श्रीसम्प्रदाय मुक्तकण्ठसे स्वीकार किया है उसके आचा-र्यकेलिये यह कहना कि वह वैष्णव नहीं थे, कितना हास्यास्पद है? वह श्रीरामानुजाचार्य्यके भाष्यको देखते रहे होंगे, एतावता यह नहीं कहा जा सकता है कि उन्होंने कोई भाष्य नहीं लिखा और वह श्रीवैष्णव नहीं थे।

फ़र्कुहर साहेबने एक स्थलपर लिखा है–

'रामानन्दस्वामीजीने कोई ग्रन्थ नहीं लिखा है।'

फ़र्कुहर साहेबके इस अज्ञानको कैसे दूर किया जावे। श्री आनन्द-भाष्य तो अभी छप रहा है, अप्रकाशित था; परन्तु श्री वैष्णवमताब्जभास्कर तो आजसे ३०–४० वर्ष पूर्व छप चुका है और उसमें विशिष्टाद्वैत सिद्धान्तका ही प्रतिपादन है। तब फ़र्कुहर साहेबने यह कहनेका साहस कैसे किया होगा सो नहीं जाना जा सकता। सम्भव है कि विद्वान् लेखकको वै० म० भा० ग्रन्थ उपलब्ध न हुआ हो।

फ़र्कुहर साहेबने एक स्थलपर लिखा है कि–

'श्री रामानन्दस्वामीने विशिष्टाद्वैत मतकी शिक्षा कभी भी नहीं दी।'

'रामानन्दसम्प्रदायमें केवल सीता और रामकी ही उपासना है। कृष्ण तथा दूसरे अवतार यहां तक कि विष्णुकी ओर भी ध्यान नहीं दिया गया है।'

'यदि स्वामी रामानन्द वैष्णवमतके होते तो वे भी त्रिदण्डी संन्यासी होते....वे किस संस्थाके त्यागी तपस्वी थे यह हम नहीं जानते। परन्तु उनके अनुयायी संन्यासी नहीं हैं प्रत्युत विरागी नामधारी साधु हैं और यह बहुत सम्भव है कि वे अपने नेताके ही चिन्होंका धारण करते हों।'

यह सब भी मिथ्याप्रलापमात्र ही हैं। स्वामीजीने सर्वदा विशिष्टाद्वैतका ही उपदेश किया है जैसा कि उनके ग्रन्थों तथा समय २ पर उनके विद्वान् शिष्यों प्रशिष्योंके ग्रन्थोंसे स्पष्ट है।

हमारे यहां श्री सीतारामकी ही उपासना है यह सत्य है परन्तु अन्य अवतारोंकी ओर ध्यान नहीं दिया गया है यह कथन भ्रान्ति मूलक है। गीताका प्रामाण्यङ्गीकार और कृष्णजयन्ती आदिका व्रत स्पष्ट प्रमाण है कि हमारे सम्प्रदायमें श्रीसीतारामकी उपासना होते हुये भी भगवदवतारोंमें पूज्य और श्रेयोबुद्धि है।

स्वामीजी वैष्णवमतके ही थे। वे संन्यासी ही थे। त्रिदण्डी संन्यासी ही थे। इन सब विषयोंमें अनेक शास्त्रीय और ऐतिहासिक प्रमाण हैं। जो इसी भूमिकामें पाठकोंकी दृष्टिमें आजावेंगे। उनके अनुयायी कौन हैं, सामान्य साधु हैं या संन्यासी हैं—इसके जाननेकेलिये मेरे लिखे हुये 'आश्रमकण्टकोद्धार' पुस्तकको वांचना चाहिये। यहांपर भी प्रकरण वश कुछ विचार आगे किया जायगा।

पुनः फ़र्कुहर साहेबने लिखा है कि—

'सम्भव है कि स्वामीरामानन्दजीके आनेके पश्चात् उत्तर हिन्दुस्तानके भक्तलोग दक्षिणके विद्वानोंसे सम्बन्ध जोड़नेकी प्रबल इच्छा रखे हों और वह सम्बन्ध हो गया हो। धीरे २ रामानुजसम्प्रदायके साथ सौहार्दभाव विकसित हो गया हो और पीछेसे ये लोग भी श्रीसम्प्रदायी होनेका अभिमान करने लग गये हों।'

दक्षिणसे स्वामीजीके आनेकी बात तो पीछे खण्डित हो चुकी है। परन्तु यदि कोई मान ले कि वह दक्षिणसे आये तो वह यह भी माननेकेलिये विवश होगा कि रामानन्द स्वामी जिस सम्प्रदायको लेकर यहां आये, उसी सम्प्रदायके साथ वे या उनके अनुयायी मिलनेको तैयार हो सकते हैं। जब आप सर्वतो भावसे यह कह चुके हैं कि रामानन्द स्वामी रामानुजसम्प्रदायके नहीं थे तब वह या उनके अनुयायी रामानुजसम्प्रदायके साथ मिलनेकी इच्छा किये हों, यह मानना दुर्घट है।

परन्तु वस्तुस्थिति ऐसी नहीं है। न स्वामीजी दक्षिणसे आये और न उन्होंने या उनके अनुयायियोंने श्रीरामानुजसम्प्रदायके साथ मिलनेका प्रयत्न किया। श्रीरामानन्दीय लोग दक्षिणके वैष्णवोंके साथ क्यों सम्बन्ध स्थापन करनेका प्रयत्न किये होंगे यह अकल्पनीय है। कोईभी कारण नहीं है कि वे लोग ऐसा कर सकें। हां, इसके विपरीत यहतो कहा जा सकता

है कि, जब दक्षिणके श्री रामानुजीय लोग इस देशमें प्रथम २ आये होंगे उस समय यहांका एक ऐसा दल अवश्य रहा होगा जो उनकी प्रतिद्वन्द्विताकेलिये उद्यत हो गया हो। और वह दल वैष्णवमात्रका विरोधी था। श्री रामानन्दीय लोग अपने समानकी श्रेणीके–एक सम्प्रदाय–श्री सम्प्रदाय और एक सिद्धान्त–विशिष्टाद्वैत–के लोगोंके साथ उस अनुचित व्यवहारको देखकर दक्षिणके वैष्णवोंके पक्षमें खड़े हो गये हों और इस समयकी अतुलनीय और अमोघ सहायतासे अधमर्ण हो कर श्री रामानुजीय लोग इस विजयी, प्रभावशाली और चमत्कारी समुदायके साथ सम्बन्ध स्थापन किये हों।

श्री स्वामीजी और भविष्यपुराण

श्री स्वामीजी महाराजका अवतार कैसे हुआ, कहां हुआ और कब हुआ इन सब विषयोंका पूर्ण विवेचन हो चुका। अब मैं भविष्य पुराणकी एक कथाको यहां मुद्रित करता हूं। इस कथाका सम्बन्ध भविष्यपुराणके उस प्रसिद्ध श्लोकके साथ है जिसे सब लोगोंने श्री स्वामीजीके अवतारके सम्बन्धमें उद्धृत किया है।

लिखा है कि 'मायावतीमें मित्रशर्मा नामक एक ब्राह्मण थे। वह काव्यके अच्छे पण्डित थे। गङ्गाद्वारमें कुम्भराशिके सूर्यपर बड़ा भारी उत्सव था। वहां कितनी ही सुन्दरी स्त्रियां आई हुई थीं। मित्रशर्मा वहां कलसेन राजाकी चित्रिणी नामवाली १२ वर्षकी कन्यापर आसक्त हो गये। चित्रिणी भी मित्रशर्मापर मोहित हो गई। चित्रिणीने घर जाकर सूर्यका पूजन आरम्भ किया। मित्रशर्मा भी वैशाखमासमें जलमें खड़े होकर आदित्यहृदयका पाठ किया करते थे। मास पूर्ण होनेपर सूर्यने उन्हें वरदान दिया। उधर चित्रिणीको भी वर मिला। सूर्यने चित्रिणीके मातापिताको स्वप्नमें कहा कि अपनी कन्या मित्रशर्माको दे दो। कलसेनराजाने उसे मित्रशर्माको दे दी। उन दोनोंको राजाने अपने पास ही रखा। वह दोनों प्रतिदिन सूर्यचक्रको

ताम्रपत्रपर लिखकर पूजा करते थे। दोनोंने, सौ वर्षतक निर्जर रहकर आनन्दमय जीवन व्यतीत किया। मृत्युके पश्चात् सूर्यके पास गये।'

इस कथाको सुनकर इन्द्रने देवताओं सहित, प्रकट हुये—सूर्यको देखा। भक्तिसे नम्र देवोंको देखकर सूर्य बोले—

उवाच वचनं रम्यं देवकार्य्यं परं शुभम्।
ममांशात्तनयो भूमौ भविष्यति सुरोत्तम!
इत्युक्त्वा स्वस्य बिम्बस्य तेजोराशिं समन्ततः।
समुत्पाद्य कृतं काश्यां रामानन्दस्ततोऽभवत्॥
देवलस्य च विप्रस्य कान्यकुब्जस्य वै सुतः।
बाल्यात्प्रभृति स ज्ञानी रामनामपरायणः।
मात्रा पित्रा यदा त्यक्तो राघवं शरणं गतः॥
तदा तु भगवान् साक्षाच्चतुर्दशकलो हरिः।
सीतापतिस्तद्धृदये निवासं कृतवान् मुदा॥

इन श्लोकोंसे यह प्रतीत होता है कि भगवान् श्री रामानन्द स्वामी सूर्यावतार हैं। श्री रामावतार नहीं। साथ ही यह भी विदित होता है कि उनके पिताका नाम देवल था श्री पुण्यसदन नहीं। तथा उनकी जन्मभूमि काशी थी, प्रयाग नहीं। परन्तु मुझे मालूम होता है कि ये सब श्लोक या तो कल्पान्तरकी कथाको वर्णन कर रहे हैं अथवा तो पञ्चरात्रकी संहिताओं तथा श्री रामानन्द संप्रदायके वृद्ध महापुरुषोंकी परम्पराप्राप्त ख्यातिके विरुद्ध होनेसे अप्रमाणिक हैं। जिस प्रकारसे श्री पीपाजी* और भक्त नरसिंह मेहताके सम्बन्धमें अनेक प्रमाणोंके विरुद्ध दक्षिण देशका वणिक् आदि अप्रमाणिक लेख भविष्यपुराणमें कहींसे आ गये हैं उसी प्रकारसे यह भी प्रसङ्ग वहां अश्रद्धेय रीतिसे ही वर्णित है।

* श्री पीपाजी मालवाके गांगरोनगढके क्षत्रिय राजा थे। तथा श्री नरसिंह गुजरातके नागर ब्राह्मण थे। इन दोनोंके लिये वर्तमान इतिहास प्रमाण हैं।

अध्यात्मरामायणकी रचनाका समय

फ़र्कुहर साहेबने जिस अध्यात्मरामायणकी चर्चाकी है उसके कर्ताकानाम भविष्यपुराणके अनुसार रामशर्मा है। भ० पु० में लिखा है कि–

'शिष्यो भूत्वा स्थितिस्तत्र कृष्णचैतन्यपूजकः।
कृतं तदाज्ञया तेनाध्यात्मरामायणं शुभम्॥'

अर्थात् श्री कृष्णचैतन्यजीका पूजक, शिष्य बनकर रामशर्मा वहां रहा। और श्रीकृष्णचैतन्यजीकी आज्ञासे उसने सुन्दर अध्यात्मरामायण बनाया। यदि भ० पु० की इस बातको हम मानलें तो यह स्पष्ट सिद्ध है कि यह अ० रा० श्री कृष्णचैतन्य महाप्रभुके समयमें बना है। कृष्णचैतन्यजी जिस समय बङ्गालमें वैष्णवताका प्रचार कर रहे थे उसी समय श्री वल्लभाचार्य्यजी दक्षिणमें वैष्णवधर्मकी पताका लहरा रहे थे। अतः यह ऐतिहासिक दृष्टिसे निर्विवाद है कि कृष्णचैतन्य और वल्लभाचार्य्यजी ये दोनों महापुरुष समकालिक हैं। इनका काल ई० सन् १६०० माना गया है। अब फ़र्कुहर साहेब विचार करें कि सन् १६०० में बने हुये अध्यात्मरामायणका प्रचार, उनके माने हुये १४०० ई० में अवतीर्ण श्रीस्वामीरामानन्दजीने किस प्रकार किया होगा: तथा उसमें वर्णित अद्वैतवादका अवलम्बन भी श्रीस्वामीजीने कैसे किया होगा?

अध्यात्मरामायणके कर्ताका नाम उपलब्ध नहीं होता है। केवल इसी पुराणमें इतना उल्लेख मिलता है अतः इस नामको न माननेमें कोई विशेष हेतु नहीं है। परन्तु इतना तो विचारणीय है ही है कि भगवान् श्रीकृष्णके अनन्य भक्त श्रीकृष्णचैतन्य महाप्रभुजीने अध्यात्मरामायण बनानेकी अपने शिष्यको क्यों आज्ञा दी। तथा कृष्णचैतन्य महाप्रभुका सम्प्रदाय मध्वाचार्य्यजीसे सम्बन्ध रखता है और द्वैतवादी थे। तब कृष्णचैतन्य महाप्रभुजीके शिष्यने स्वसम्प्रदायविरुद्ध अद्वैतवाद उस ग्रन्थमें क्यों लिखा? जो हो, इतना तो निष्कण्टक है कि इस अध्यात्मरामायणके साथ स्वामी रामानन्दाचार्य्यका कोई भी सम्बन्ध नहीं है।

आजकल विरक्तवैष्णवोंमें पञ्चमाश्रमकी खूब चहल पहल है। समस्त श्री रामानन्दीय वैष्णव तथा अन्य भी कितने ही वैष्णव यह मानते हैं कि वैष्णवोंका पञ्चमाश्रम है। परन्तु वह इतना विचारना भूल जाते हैं कि यदि समस्त वैष्णवोंका पञ्चमाश्रम हो तो गृहस्थाश्रमी कहलाने वाले वैष्णवोंका आजका लौकिक व्यवहार कैसे चलेगा? यदि लोगोंके माननेके अनुसार वैष्णवोंका अच्युत गोत्र हो तो विवाह आदि क्रियाओंका निर्वाह कैसे होगा? तथा वैष्णवमात्रके समानाश्रमी और समान गोत्रवाला होनेके कारण वर्णाश्रमकी रक्षा कैसे होगी? मैंने इसका पूर्ण विचार आश्रम कण्टकोद्धारमें कर दिया है।

श्री रामानन्द स्वामीजी किस आश्रममें थे?

मेरा मत है कि स्वामीजी त्रिदण्डी संन्यासी थे। चतुर्थ उनका आश्रम था। गोत्र भी वही था जो उनके पिताका था। पञ्चमाश्रम और और अच्युत गोत्र ये दोनों ही शब्द विरक्तताकी चरमसीमाके सूचक हैं न कि वस्तुतः तदर्थप्रतिपादक। जब आश्रम त्याग करना है तब पञ्चमाश्रम नामक एक अन्य आश्रमकी कल्पनाका क्या प्रयोजन है? जब गोत्र-कार्य्यसे पृथक् हो गये तब अच्युत गोत्रकी क्या आवश्यकता है? तथा वह कौनसी वस्तु है जो संन्यासाश्रमीको नहीं प्राप्त हो सकती? विरक्त-मार्ग ही तो संन्यासाश्रम है। तब इससे भिन्न पञ्चमाश्रमकी सृष्टि निष्फल है। श्रीमद्भागवत आदिमें जहां २ पञ्चमाश्रम और अच्युतगोत्रका उल्लेख है वह केवल 'नान्तरिक्षेऽग्निश्चेतव्यः' के समान अनुवादमात्र है। अर्थात् जिसके ऊपर प्रभुकी परमानुकम्पा है, जिन्होंने सब प्रकारकी एषणाओंको त्यागकरके प्रभुचरणमात्रको शरण मान चुके हैं, उनकेलिये वर्ण, आश्रम, और गोत्रादि किसी वस्तुकी आवश्यकता नहीं है। इसी स्वयंसिद्ध आव-श्यकताभावको सूचित करनेकेलिये पञ्चमाश्रम और अच्युत गोत्र इन दो शब्दोंका जन्म हुआ है। जो लोग विषयलोलुप हैं, केवल वेषसे विरक्त हैं परन्तु हृदयमें नाना प्रकारकी दुर्वासनाएं जीवित हैं, जिनके पास विरक्त-

ताका एक बिन्दु भी नहीं है परन्तु संसारकी वञ्चना करनेकेलिये विरक्तोंके सब साङ्गोपाङ्ग चिह्न हैं, जो रात्रिन्दिवा सांसारिक व्यवहारमें ही मस्त हो रहे हैं, जिनमें पारमार्थिक गन्ध भी नहीं है, ऐसे नरपिशाचोंकेलिये पञ्चमाश्रम और अच्युतगोत्र नहीं है। मन्दमति नरपशु इस आशयको न समझकर रागद्वेषसे परिपूर्ण होते हुये भी, राक्षसके समान निरर्गल व्यवहारशाली होकर भी, कहते हैं कि हम पञ्चमाश्रमी हैं और हम अच्युतगोत्रवाले हैं।

स्वामी श्रीरामानन्दजी और उनके निर्मित ग्रन्थ

श्री स्वामीजी महाराजने ब्रह्मसूत्रके ऊपर एक विशद भाष्य लिखा है जिसका नाम है 'आनन्दभाष्य'*। दूसरा ग्रन्थ है 'श्रीवैष्णवमताब्जभास्कर'×। तीसरा ग्रन्थ है गीताभाष्य। परन्तु अभीतक इसके सात अध्यायका ही पता चला है। शेषांशकी गवेषणा हो रही है। इसके अतिरिक्त स्वामीजीने अन्य कोई ग्रन्थ बनाया हो, इसका अभीतक पता नहीं चला है+।

---

* 'आनन्दभाष्य' की तीन प्रति उपलब्ध हुई हैं। प्राचीन लेख होनेसे कितने ही स्थलमें पत्र सड़ गये हैं। अक्षर दुर्वाच्य हो गये हैं। बड़े श्रमके साथ इसका शोधन हुआ है और मुद्रित हो रहा है।

× यह ग्रन्थ प्रायः आजसे ४२ वर्ष पूर्व काशीमें लीथो प्रेसमें छप चुका है। आज यह ग्रन्थ दुष्प्राप्य हो गया है। इसकी हस्तलिखित प्रतिका शोध किया गया है। अभी तक एक प्रति मिली है। मुद्रित और लिखित प्रतिमें कितने ही स्थलमें भेद हैं। किसीमें कोई श्लोक है किसीमें नहीं है। इसकी विस्तृत भाषा टीका मैं लिख रहा हूं।

+ कितने ही दुराग्रही लोगोंका कथन है कि 'श्री रामार्चन-पद्धति' भी श्री रामानन्द स्वामीजीकी ही बनाई हुई है। 'रामानन्दकृता सेयं श्रीरामार्चनपद्धतिः' यह श्लोक प्रमाणमें रखा जाता है। परन्तु इस पुस्तककी रचना और उसका क्रम इतना बेढङ्ग है कि कोई भी विज्ञ पुरुष उसे आचार्यका ग्रन्थ नहीं स्वीकार कर सकता। यदि माना भी जावे तब इतना मानना अनिवार्य है कि उस पुस्तकमें पाठफेर अवश्य है। पाठान्तरमें मुख्य प्रमाण तो यही है कि वह दो प्रेसमें छपी है और दोनोंका पाठक्रम भिन्न २ है।

क्या श्रीस्वामीजी वर्णाश्रमके विरोधी थे ?

कितनेही लेखकोंका कथन है कि श्रीरामानन्द स्वामीजीने वर्ण और आश्रमकी व्यवस्थामें शिथिलता उत्पन्न की है। इसकेलिये वह रविदासजी चमार, सेनजी हज्जाम और कबीरजी जुलाहेका दृष्टान्त देते हैं। परन्तु मेरा निश्चय है कि लेखक महानुभावोंने आचार्य्यके आशयपर गम्भीरताके साथ विचार किये विना ही ऐसा अपना मत प्रकट किया है। स्वामीजी पूर्णरूपसे वर्ण और आश्रमके आग्रही थे। वह तिलमात्र भी वर्णव्यवस्थामें परिवर्तन नहीं चाहते थे। उनके जो नीच वर्णके शिष्य हैं वे सबके सब देव हैं। प्रभुप्रेरणासे ही उन्होंने नीचकुलमें जन्म लिया है। नीचकुलमें जन्मलेनेपर भी आचार्यने जो उन्हें वैष्णवी दीक्षा दी वह इस लिये कि विष्णुभक्तिका प्रत्येक प्राणी अधिकारी है। भक्तिमें जाति बाधिका नहीं है। चाहे जो भगवच्छरणागति प्राप्त कर सकता है। इसके अतिरिक्त स्वामीजीने कभी भी वर्णाश्रमके शिथिल करनेका प्रयत्न नहीं किये। स्वयं परमविरक्त होनेपर भी ब्राह्मणेतरका पक्व अन्न कभी भी उन्होंने ग्रहण नहीं किया। उन्होंने कभी भी ब्राह्मणेतरको गुरु अथवा आचार्य्यका अधिकार नहीं दिया। मेरे विचारमें, स्वामीजी मानते थे कि विरक्त—भगवद्भक्त प्रत्येक जातिके लोग हो सकते हैं। परन्तु मन्त्रदेनेका अधिकार ब्राह्मणको ही है। विरक्तता सबमें हो सकती है परन्तु ब्राह्मणकी विरक्ततामें एक वह अलौकिक तेज है जिसके आगे सब शास्त्रकार झुक जाते हैं। यह जो कुछ मैं कह रहा हूं वह सब उनके ग्रन्थके आधारपर कह रहा हूं।

उपसंहार

जहांतक उचित प्रतीत हुआ, श्रीस्वामीजीके जीवनसे सम्बन्ध रखनेवाली प्रत्येक घटनाओंपर इस स्थलमें विचार किया गया है। इससे अधिक यदि कोई वस्तु मिलेगी तो उसे पुनः पाठकोंकी सेवामें समर्पित करूंगा। यहांपर इतना कहे विना मुझसे नहीं रहा जाता है कि यद्यपि श्रीरामानुजसम्प्रदायके साथ श्रीरामानन्दस-

म्प्रदाय मिलकर अपना अस्तित्व खो बैठा था। उसे अपने गौरव, अपनी प्रतिष्ठा और अपनी अगाध शक्तिका भान नहीं रहा। वह इतना अक्षम हो गया कि प्रत्येक कार्यमें उसे परमुखापेक्षी बनना पड़ता है। तथापि हमको इसके सम्बन्धसे इतना लाभ अवश्य हुआ है कि हमारे अनन्त सिद्धान्तरत्न उनके द्वारा सुरक्षित रह सके हैं। चाहे उनकारूप भले ही इस प्रकारसे परिवर्तित हो चुका है कि उनके पहचाननेमें श्रम और काठिन्य है तथापि यह निर्विवाद है कि उनके सम्मेलनसे आज हम पुनः अपनी सम्पति प्राप्त कर सके हैं। नहीं तो श्रीरामानन्दसम्प्रदाय जिस घोर निद्रामें सदियोंसे सोता आरहा है उसकी ओर ध्यान देनेसे हृदय कम्पित हो जाता है और यह आशा टूट जाती है कि श्रीरामानुजसम्प्रदायके सम्बन्धके विना हमारे इन सिद्धान्तरूप—अनर्घ्यरत्नोंकी किसी प्रकार भी रक्षा हो सकती थी। अतः मैं अपने अत्यन्त समीपी श्रीरामानुजसम्प्रदायका उपकारके साथ हृदयसे धन्यवाद करता हूं।

मैं कितनेही वर्षोंसे मथ रहा हूं, अन्वेषण कर रहा हूं उसका परिणामस्वरूप यह मेरा लेख है। तथापि मैं समझ रहा हूं कि अभी मुझे श्रीरामानन्दसम्प्रदाय और श्रीरामानन्द स्वामीजीके सम्बन्धमें बहुत कुछ जानना अवशिष्ट है। मैंने इतिहासोंके पत्रे उलटनेमें अपने समयकी आहुति दी है परन्तु मैं समझता हूं कि अभी मुझे आगे बहुत कुछ अन्वेषण करना है। अतः मैं अपने विवेकी, सभ्य, सुशिक्षित और सच्चे वैष्णव महात्माओंसे प्रार्थना करता हूं कि मेरे इस लेखमें यदि कहींपर अनौचित्य प्रतीत हो तो वह मुझे क्षमा करें। यदि कहीं भूल प्रतीत हो तो कृपाकर सूचित करें। यदि कहीं न्यूनता प्रतीत हो तो मुझे लिखकर भेज दें मैं समयपर सुधार कर लूंगा।

त्रिवेदोपाह्व श्रीभगवद्दास ब्रह्मचारी
विद्याभास्कर

श्रीरामानन्ददिग्विजयस्य विषयानुक्रमणिका

९—श्री पीपाराजागमनम्। तत्कृतं स्तुत्यादिकम्। तद्दीक्षाग्रहणम्। अन्येषां च शिष्याणामागमनं दीक्षाग्रहणं च।

१०—श्री स्वामिपादानाह्वयितुं गांगरौनगढतः पीपानृपस्य दूतागमनम्। स्वामिनस्तत्र गन्तुं प्रस्थानम्। मार्गे यातुधानाधिकेषु खलेषु श्रीमतां स्वामिनां चमत्कृतिः। गाङ्गरौनगढप्राप्तिः। तत्र नृपकृता स्तुतिः। आतिथ्यम्।

११—तत्र श्रीस्वामिकृतः प्रपत्तिमार्गोपदेशः।

१२—तत्रैव सप्तविंशत्यधिकशतोपदेशः।

१३—ततः श्री स्वामिप्रयाणमाकर्ण्य तद्वियोगमसहमानस्य श्रीपीपानृपस्य सहगमनेऽनुरोधः। गृह एव त्वया स्थातव्यमिति निपुणमुपदिश्य पश्चात्तदाग्रहविशेषेण गन्तुमनुज्ञाप्रदानम्। स्मृतिमहाराज्ञ्याः समीपे नृपस्य गमनम्। सर्ववृत्तान्तनिवेदनम्। स्मृतिकरुणक्रन्दनम्। अन्ते स्मृत्याऽनुज्ञापितस्य नृपस्य प्रातःकाले सर्वाः प्रकृतीराकार्य्य संसदि ताभ्योऽनुज्ञाप्रार्थनम्। स्वभ्रातुः स्वस्थाने नियोजनम्। राज्ञो विरक्तवेषेण ततः प्रस्थानम्।

१४—रैवतकवर्णनम्। इन्द्रविमानमारुह्य रैवतकोपरि सर्वेषां गमनम्। तत्र देवराजेन श्रीमदाचार्यस्य चरणपादुकास्थापितमिति वर्णनम्। पथि जिनतापससम्मेलनम्। तत्र प्रश्नोत्तरादिकम्। तीर्थेषु भ्रमत आचार्य्यस्यार्बुदगिरिनिवासः। तत्र रघुनाथमन्दिरसंस्थापनम्। जयपुरोज्जयिन्ययोध्यादिगमनपूर्वकं क्रमशः काश्यामागमनम्।

१५—काश्यामागमनानन्तरं कनिष्ठनामधेयस्य योगिन उपद्रववर्णनम्। तच्छमनम्। महासेनपण्डितस्य शास्त्रार्थेच्छया स्वामिसमीप आगमनम्। अपारकन्याया विद्यायाः काश्यामागमनम्। तस्याः स्वामिनः कस्यचिदन्तेवासिनः सविधे रतियाचनम्। ब्रह्मचारिणा तेनास्वीकृतायां तत्प्रार्थनायां

तत्कृतमन्त्रप्रयोगः। तच्छान्तिः। गत्वा तयोक्तस्य तस्याः पितुराग-
मनम्। तन्मानभङ्गः।

१६—सत्यमूर्तिपण्डितेन सह जीवाणुत्वे शास्त्रार्थः।

१७—दिल्लीपादशाहस्य मस्तकपीडानिवारणार्थं स्वामिन आह्वयितुं दिल्लीतो दूतानामागमनम्। आचार्याशीर्वादेन तत्पीडाशान्तिः। तकीतिनामधेयस्य वादशाहगुरोः काश्यामागमनम्। तेन सह साकारेश्वरवादे विचारः। तस्य पराजयः। दिल्लीवादशाहसमीपे तत्कृतं स्वामिगुणवर्णनम्। स्वामिनां सविधे वादशाहस्योपदाप्रेषणम्। श्रीस्वामिकृतस्तदङ्गीकारः। पुनर्यात्रार्थं प्रयाणम्। महाराष्ट्रेषु सिद्धसेनगणिजिनसाधुना शास्त्रार्थः।

१८—महीशूरनगरे सुरेश्वरार्येण शास्त्रार्थः। बहूनां ब्राह्मणादीनां वैष्णवधर्म-स्वीकारवर्णनम्। ततः प्रस्थितस्य यतिराजस्य क्रमेण जनकपुर आगमनम्। काश्यामागमनम्।

१९—काश्यां शिष्यैः सह समवस्थितस्य यतिराजस्य पुर आकाशवाण्या श्रीअयोध्यायां यवनराजेन स्थापितेन यन्त्रेण तत्रत्यानां हिन्दूनां यवनत्वावाप्तिवर्णनपूर्वकं तद्दुःखशमनार्थं देवानां प्रार्थनम्। स्वामिनां स्वशिष्याणां तत्र प्रेषणम्। शिष्याणामयोध्यां प्रति गमनम्। तत्र वैष्णवयन्त्रस्थापनम्। यवनीभूतानां हिन्दूनां पुनर्हिन्दुत्वप्राप्तिः तज्जातीयैः कृतस्तेषां बहिष्कारः। तत्र यतिराजस्य गमनम्। तत्कृत उपदेशः। यतिराजस्य शिष्यैः सह पुनः काश्यामागमनम्।

२०—काश्मीरविदुषां कृता स्तुतिः। स्वर्गादिन्द्रस्यागमनम्। साकेतलोकप्रयाणकालसूचना। स्वामिकृतः शिष्येभ्य उपदेशः। तेषामवस्थित्यै दिग्विभागवर्णनम्। साकेतप्रयाणम्।

श्रीमते रामचन्द्राय नमः

ब्रह्मचारिश्रीभगवद्दासविरचितः

श्रीमद्भगवद्रामानन्ददिग्विजयः

स्वोपज्ञबालबुद्धिप्रसादिनीत्याख्यसंस्कृतटीकया

स्वोपज्ञपताकाख्यहिन्दीव्याख्यया च समेतः

विद्यागुरून्नमस्कृत्य गूढशब्दार्थबोधिनी ।
क्रियतेऽल्पान्तरैष्टीका बालबुद्धिप्रसादिनी ॥

काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये । सद्यः परनिर्वृतये कान्तासंमिततयोपदेशयुजे ॥' इति शास्त्रोक्तदिशा धर्मादिचतुर्वर्गसाधनभूतं साक्षाद्भगवदवतार-श्रीमद्भगवद्रामानन्दाचार्यदिग्विजयवर्णनरूपं काव्यं प्रणयन्नादौ विशिष्टशिष्टाचाराद्यनुमित-श्रुतितः प्राप्तविधानं निर्विघ्नतया ग्रन्थपरिसमाप्तये स्वेष्टदेवतास्मरणरूपं मङ्गलं निबध्नाति—

अतसीगुच्छसच्छायं माया यं नातिवर्तते ।
तं श्रीरामं गुणग्रामं वन्दे बुद्धिविशुद्धये ॥ १ ॥

बा॰ बु॰ प्र॰ यं माया नातिवर्तते सदावशवर्तिनी भवतीत्यर्थः तथा अतसी-गुच्छस्य सती छायेवच्छाया यस्य तं गुणग्राममखिलकल्याणगुणाकरं श्रीरामं बुद्धि-विशुद्धये मतिवैशद्याय वन्दे ॥१॥

पताका—रामानन्दमुनीन्द्रस्य दिग्विजयोऽयमुत्तमः ।
पताकाव्याख्यया सद्यः सनाथीक्रियते मया ॥१॥

शिष्टाचारादिके द्वारा अनुमित 'समाप्तिकामो मङ्गलमाचरेत्' इत्यादि श्रुतिसे विहित स्वेष्ट देवता स्मरणरूप मङ्गलका ग्रन्थ समाप्तिके लिये ग्रन्था-रम्भमें उल्लेख करते हैं। अतसी पुष्पके गुच्छाके समान श्यामकान्तिवाले, तथा माया—अविद्या जिनको कभी भी उल्लंघन नहीं करती, ऐसे अखिल कल्याण गुणाकर भगवान् श्रीरामजी महाराजको स्वबुद्धिकी पवित्रताकेलिये प्रणाम करता हूं ॥ १ ॥

नीलपाथोजसङ्काशविलसत्सत्तरस्तनुम् ।
जगज्जन्मादिवीजं श्रीजानकीजानिमाश्रये ॥२॥

बा० बु० प्र० नीलपाथोजसङ्काशा नीलकमलतुल्या विलसन्ती सत्तराः शोभन-बलवती तनुर्यस्य तं, जगतः सृष्टिस्थितिप्रलयादिकारणभूतं (यतोवा इमानि भूतानि जायन्ते० तै० उ० ३। १। १) श्रिया परमसौभाग्येन लोकोत्तरसौन्दर्येण वोपेता जानकी जाया यस्य तं च जानकीनाथमाश्रये। पूर्वस्मिन्श्लोके 'अतसीगुच्छे'त्यादिना भगवत श्यामता वर्णिता, अत्र च नीलपाथोजे'त्यादिना तच्छरीरस्य मार्दवादि वर्ण्यतेऽतो न पुनरुक्तिदोषः ॥ २ ॥

पताका—नीलकमलके समान सुन्दर और ओजस्वी शरीरवाले, सृष्टि, स्थिति और प्रलयके मूल कारण श्रीजानकीनाथका आश्रय लेता हूं ॥२॥

श्रेयसां परमं धाम साकेताभरणं परम् ।
सर्वलोकैकशरणं जानकीरमणं भजे ॥३॥

बा० बु० प्र० श्रेयसां सर्वकल्याणानां परमं सर्वोत्कृष्टं धाम, साकेताभरणं, परमतिमहनीयं सर्वप्राणिनामेकं प्रधानं शरणं श्रीजानकीरमणं भजे ॥ ३ ॥

पताका—सम्पूर्ण कल्याण गुणोंके सुन्दर भण्डार, साकेत लोकके अ-लङ्कारभूत, परात्पर, सर्व प्राणियोंके एकमात्र शरण श्री जानकीरमणको मैं भजता हूं ॥ ३ ॥

जगदामोदकाखण्डशीतरोचीरुगाननाम् ।
जगदम्बां सदालम्बां मातरं जानकीं श्रये ॥४॥

बा० बु० प्र० जगत आमोदकः प्रसादको योऽखण्डः शीतरोचिश्चन्द्रस्तस्य रुगिव रुग्यस्य, इत्थंभूतमाननं यस्यास्तां सतामालम्बभूतां जगदम्बां संसारमात्रस्य मधुर शब्देन सान्त्वनप्रदात्रीं श्रीजानकीमातरं श्रये ॥ ४ ॥

पताका—संसारको आनन्दित करनेवाले पूर्णचन्द्रके समान प्रसन्न मुख वाली, सज्जनोंको आलम्बन देनेवाली, सांसारिक जीवोंको मधुर शब्दोंसे आश्वासन देनेवाली श्री जानकी माताको भजता हूं ॥४॥

सीतानाथसमारम्भां रामानन्दार्य्यमध्यमाम् ।
अस्मदाचार्य्यपर्यन्तां वन्दे गुरुपरम्पराम् ॥५॥

बा० बु० प्र० सीतानाथः सर्वेश्वरः श्रीरामचन्द्रः समारम्भो यस्यास्तथा श्री-महारामानन्दार्य्यो मध्यमो यस्या एवं भूतामस्मदाचार्य्यपर्यन्तां गुरुपरम्परां वन्दे ॥५॥

पताका—श्रीरामजी महाराज जिसके आरम्भमें हैं और श्री स्वामी रामानन्दाचार्य जिसके मध्यमें हैं ऐसी अपने आचार्य्यपर्यन्त गुरुपरम्पराको प्रणाम करता हूं ॥ ५ ॥

विरक्त वैष्णवश्रेष्ठं श्रीमद्राममनोहरम् ।
मनोहरगुणाधीशं श्रीशसङ्काशसत्प्रभम् ॥६॥
यस्य मूर्द्धि स्थितो विन्दुरिन्दुशोभामचूचुरत् ।
तं समाराध्यपादाब्जं साकेतस्थं गुरुं श्रये ॥७॥ (युग्मम्)

बा० बु० प्र० 'अस्मदाचार्य्यपर्यन्तामि' त्यत्रास्मच्छब्देन विवक्षितार्थं स्पष्टयति, विरक्तवैष्णवेषु श्रेष्ठं मनोहराणां गुणनामधीशमधिष्ठातारं श्रीशस्य विष्णोः सङ्काशा तुल्य सती शोभना प्रभा यस्य तं भगवत्तुल्यमित्यर्थः। अनेन गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु-रित्यादिश्लोकार्थो व्यक्तीकृतो वेदितव्यः। तथा यस्य मूर्द्धि स्थितो विन्दुरूर्द्ध्वपुण्ड्रमध्य इत्यर्थः, इन्दुशोभां चन्द्रच्छटामचूचुरत् तं समाराध्यपादाब्जं पूज्यचरणारविन्दं साकेतस्थं श्री १०८ राममनोहरप्रसादं गुरुं श्रीराममन्त्रप्रदातारं श्रये ॥ ६ ॥ ७ ॥

पताका—विरक्त वैष्णवोंमें श्रेष्ठ सुन्दर गुणोंवाले, भगवत्तुल्य तेजवाले, तथा जिनके मस्तकमें उर्द्ध्वपुण्ड्रके मध्यमें बिन्दु शोभित था ऐसे पूज्य चरण-कमल राममन्त्रके प्रदाता अतएव परमोद्धारक गुरुश्री १०८ स्वामी राम-मनोहर प्रसादजी महाराजका आश्रय लेता हूं ॥ ७ ॥

सत्सत्कृतसतां मूर्द्धा वहामि चरणच्युतान् ।
रेणून् हि यत्कृपातन्त्राद्यन्त्रिता विघ्नराशयः ॥८॥

बा० बु० प्र० सद्भिरपि सत्कृता ये सन्तो महाशयास्तेषां चरणच्युतान् रेणून् शिरसा वहामि । हि निश्चयेन यत्कृपातन्त्राद्यदनुग्रहप्रभावाद्विघ्नराशयो यन्त्रिताः प्रतिबद्धा भवन्ति ॥ ८ ॥

पताका—सज्जनों द्वारा सत्कृत सत्पुरुषोंके चरणोंसे गिरे हुए रजको अपने मस्तकपर धारण करता हूं जिसकी कृपासे सब विघ्नोंके भण्डार बन्द हो जाते हैं ॥ ८ ॥

परकीर्तिकलानाथराहोश्च खलरक्षसः ।
संसर्गसर्गशून्यत्वं कामये विघ्नशान्तये ॥९॥

बा० बु० प्र० परेषां कीर्तिकलानाथस्य कीर्तिचन्द्रस्य, राहुभूतस्य खलराक्षसस्य संसर्गसर्गस्य सम्पर्करचनायाः शून्यत्वं विघ्नशान्त्यर्थं कामये ॥ ९ ॥

पताका—अन्योंकी कीर्तिरूपी चन्द्रमाकेलिये राहु समान दुष्टरूपी राक्षसोंके सम्बन्धाभावको मैं सब विघ्नोंकी शान्तिके लिये चाहता हूं ॥९॥

यस्यापारयशःपारावारं चोल्लङ्घितुं क्षमाः ।
न सुरा नासुरा वापि नो नराः किन्नरा न वा ॥१०॥

बा० बु० प्र० यस्यापारयशःपारावारमनन्तकीर्तिसागरं सुरा असुरा नराः किन्नराश्चाप्युल्लङ्घितुं याथार्थ्येन ज्ञातुं क्षमा न भवन्ति ॥ १० ॥

पताका—जिनके अनन्त यशरूप सागरका सुर, असुर, नर और किन्नर भी पार नहीं पा सकते ॥ १० ॥

तस्य श्रीमद्यतीन्द्रस्य गुणान्स्तोतुं समुत्सुकः ।
चिरोदन्याव्यथाशून्यरसनारसपूर्तये ॥११॥ (युग्मम्)

बा० बु० प्र० तस्य श्रीमद्रामानन्दयतीन्द्रस्य गुणान् स्तोतुमहं चिरेणोदन्याया पिपासाया व्यथया शून्याया रसनाया रसपूर्तये समुत्सुकोऽस्मि, नतु याथार्थ्येन वर्णयितुम् ॥ ११ ॥

पताका—उन श्री स्वामी रामानन्दजी महाराजके गुणोंका वर्णन करनेके लिये मैं उत्सुक हूं उसका कारण केवल चिरकालसे पिपासाकी पीडासे पीडित नीरस जिह्वाकी रसपूर्ति ही है ॥ ११ ॥

यच्चरितामृतास्वादादमरा अमराः किल ।
पूता भवतु मे वाणी तदास्वादरसादरा ॥१२॥

व्या० वृ० प्र० यच्चरितामृतास्वादादमरा देवा अपि अमरा अमरणधर्माणो जातास्तस्य चरितामृतस्य आ समन्तात्स्वादो यस्मिंस्तस्मिन् रस आदरो यस्या एवंभूता मे वाणी पूता भवतु ॥ १२ ॥

पताका—जिस चरितामृतके आस्वाद करनेसे देवता लोग भी अमर हो गये, उसीके स्वादिष्ट रसमें आदरवाली मेरी वाणी पवित्र हो ॥१२॥

कविकीर्तितृपा नाहं कविताकामिनीं भजे ।
केवलं स्वात्मतोषाय प्रवृत्तिरिह दृश्यताम् ॥१३॥

व्या० वृ० प्र० कविकीर्तिपिपासयाऽऽहं कविताकामिनीं न भजे । किन्तु केवलं स्वान्तःपरितोषायात्र मे प्रवृत्तिर्ज्ञायताम् ॥ १३ ॥

पताका—कवियोंकी कीर्ति प्राप्तिके लोभसे मैं कविता कामिनीका आलिङ्गन नहीं कर रहा हूं । केवल स्वमनःपरितोषके लिये ही यह मेरी प्रवृत्ति समझनी चाहिये ॥ १३ ॥

एकदा भारते वर्षे भारतेऽपि विधेर्वशात् ।
विपदम्भोधिकल्लोलनिर्घोषो व्यापदञ्जसा ॥ १४ ॥

व्या० वृ० प्र० इदानीं श्रीरामानन्दस्वामिचरणावतारप्रसङ्गमुपवर्णयति । एकदा भारतेऽपि कान्तियुक्तेऽपि भारते वर्षे देशे विधेर्वशाद्विपदम्भोधिकल्लोलानां विपत्तिसिन्धुतरङ्गाणां निर्घोषोऽञ्जसा व्यापद्व्याप्नोत् ॥ १४ ॥

पताका—एक समय दैववशात् अत्यन्त प्रभापूर्ण भारतवर्षमें विपत्तिसागरके तुमुल तरङ्गोंका शब्द चारों ओर व्याप्त हो गया ॥ १४ ॥

रामोऽरमत गोत्रायां यस्यां सद्गोत्रजः पुरा ।
कश्यपैः सा समाक्रान्ता दैवाद्भारतकाश्यपी ॥१५॥

व्या० वृ० प्र० यस्यां गोत्रायां पृथिव्यां सद्गोत्रजः सद्वंशजः श्रीरामः पुरा पूर्वमरमत, दैवात्सा भारतकाश्यपी भारतभूमिः कश्यपैर्मद्यपैः समाक्रान्ता ॥ १५ ॥

पताका—प्रथम जिस भूमिमें भगवान् श्री रामचन्द्रजीने क्रीडाएँ की थीं वही भारतभूमि विधिवशात् मद्यपोंसे आक्रान्त हो गई ॥ १५ ॥

कृष्णः कृषति यत्रैव कंसादीनसुरान् पुरा ।
हन्त ! तत्रैव मेदिन्यां प्रादुःषन्ति स्म दुर्जनाः ॥१६॥

वा० बु० प्र० पुरा यत्र भगवान् कृष्णः कंसादीनसुरान् कृषति बभञ्ज (पा० ३। २। १२२) तत्रैव मेदिन्यां भूम्यां दुर्जनाः हन्तेति खेदे प्रादुःषन्ति (पा० ८। ३। ८७) स्म प्रादुरभवन् ॥ १६ ॥

पताका—प्रथम द्वापरमें जिस भूमिमें भगवान् श्रीकृष्णने कंसादि दैत्योंका सर्वथा नाश किया था, हा ! उसी भूमिमें पुनः दुष्ट उत्पन्न हो गये ॥१६॥

गाः संगोपायितुं यत्र गोपालोऽवातरद्भुवि ।
तस्यामेव प्रवद्वृते तासां संहननं किल ॥ १७ ॥

वा० बु० प्र० यत्र गाः संगोपायितुं त्रातुं गोपालोऽवातरत्तस्यामेव भुवि तासां गवां संहननं सम्यग्वधः प्रवद्वृते प्रवृत्तः ॥ १७ ॥

पताका—जिस भूमिमें गौओंकी रक्षाके लिये गोपाल—कृष्णने अवतार लिया था वहां ही गौओंका वध होने लग गया था ॥ १७ ॥

मानवं वेषमादाय सर्वथा धर्मतानवम् ।
यस्यां विश्वम्भरायां स निराचीकरदीश्वरः ॥१८॥

वा० बु० प्र० यस्यां विश्वम्भरायां भूमौ स ईश्वरः श्रीरामो मानवं वेषमादाय धर्मतानवं धर्मक्षीणतां निराचीकरन्निराकृतवान् ॥ १८ ॥

पताका—जिस भूमिमें प्रभुने मनुष्य शरीर धारण करके धर्मकी क्षीणताको दूर किया था ॥ १८ ॥

तस्यामेव क्षितौ जातः धर्मक्षयपरिक्षयः ।
कस्य प्रचेतसश्चेतोनाडुनोन्निर्दयं तदा ॥१९॥

वा० बु० प्र० तस्यामेव जात उत्पन्नः धर्मक्षयपरिक्षयो धर्मनिकायनिकन्दनं कस्य प्रचेतसः सदयहृदयस्य पुरुषस्य चेतो निर्दयं यथा तथा नाडुनोन्न परितापितवान् ॥१९॥

पताकाः—उसी भूमिमें उत्पन्न हुवा धर्मविनाश किस सहृदय पुरुषके मनको व्यथित नहीं करता था ? ॥१९॥

तदानीं दुःसहक्लेशक्रान्तकाया वसुन्धरा ।
धेनुरूपधरा देवी ब्रह्माणमुपतस्थुषी ॥ २० ॥

व्या० सु० प्र० तदानीं दुःसहक्लेशैः क्रान्तः कायो यस्याः सा दिव्यगुणविशिष्टा देवी धेनुरूपधरा सती ब्रह्माणमुपतस्थुषी प्राप्तवती ॥ २० ॥

पताका:—उस समय दुःसह दुःखोंसे पीडित होकर पृथ्वीमाता गौका-रूप धारण करके ब्रह्माके पास गई ॥ २० ॥

सादरं तं नमस्कृत्य नमस्कार्या रसाऽऽरसा ।
विवर्णवदनोवाद स्वां दशामादितोऽखिलाम् ॥२१॥

व्या० सु० प्र० भगवल्लीलाश्रयत्वात्सर्वसहत्वाच्चनमस्कार्याऽऽरसा दुःखित्वान्नीरसा विवर्णवदना खिन्नमानना सा रसा पृथ्वी तं ब्रह्माणं नमस्कृत्यादितः स्वामखिलां दशामुवाद वर्णयामास ॥ २१ ॥

पताका:—भगवान्‌की लीलाका आश्रय होनेसे नमस्कार करने योग्य दुःखिनी मलिनवदना वह पृथ्वी ब्रह्माजीको नमस्कार करके आरम्भसे अपनी सम्पूर्ण दशाको वर्णन करने लगी ॥ २१ ॥

श्रोत्रातिथिं विधायैव तस्यास्तां दुरवस्थितिम् ।
उदतिष्ठत्सुरज्येष्ठः शोकशङ्कुकदर्थितः ॥ २२ ॥

व्या० सु० प्र० सुरज्येष्ठो ब्रह्मा तस्या भूमेस्तां दुरवस्थितिं दुरवस्थां श्रोत्रयोरतिथिं विधायाकर्ण्येत्यर्थः शोकशङ्कुकदर्थितःशोककण्टकनिपीडितः सन्नुदतिष्ठत् ॥ २२ ॥

ध्वजः—वह ब्रह्माजी पृथ्वीकी उस दीन दशाको सुनकर चिन्तासे व्याकुल होकर उठ खड़े हुये ॥ २२ ॥

इयाय स तुरासाहं तत्क्षणं चतुराननः ।
परदुःखासहिष्णोर्हि स्वसुखापेक्षिता कुतः ॥ २३ ॥

व्या० सु० प्र० स चतुराननस्तत्क्षणं तुरासाहं देवराजमियाय जगाम । ननु-वृद्धत्वाद्गमने दुःखं स्यादित्याह परदुःखेति, हि यतः परदुःखासहिष्णोरन्यव्यथाऽऽसहनशीलस्य पुरुषस्य स्वसुखापेक्षिता स्वानन्दापेक्षित्वं कुतः ? नेत्यर्थः ॥ २३ ॥

पताका–ब्रह्माजी उसी समय इन्द्रके पास गये। वृद्ध होनेके कारण जानेमें दुःख तो हुआ होगा परन्तु जो दूसरोंके दुःखोंको सहन नहीं कर सकते उनको अपने सुखकी अपेक्षा कहांसे हो? ॥ २३ ॥

आयन्तं तं विलोक्यैव त्यक्तसिंहासनासनः।
महौजाः स विडौजास्तु प्रत्युदतिष्ठदञ्जसा ॥ २४ ॥

वा० बु० प्र० महदोजो यस्य स विडौजा इन्द्र आयन्तं तं ब्रह्माणं विलोक्यैव त्यक्तं सिंहासनमेवासनं येन इत्थंभूतः सन्नञ्जसा प्रत्युदतिष्ठत् ॥ २४ ॥

पताका–अत्यन्त बलशाली इन्द्र ब्रह्माजीको आते हुए देखकर शीघ्र सिंहासनको छोड़कर सहसा उठ खड़े हुये ॥ २४ ॥

विकसत्पद्मसद्माभौ पुण्यपादौ प्रजापतेः।
नमद्धरिशिरोरत्नभाभिः सम्भूषितौ क्षणम् ॥ २५ ॥

वा० बु० प्र० नमतो हरेरिन्द्रस्य शिरोरत्नानां मुकुटजटितानामित्यर्थः भाभिः कान्तिभिर्विकसन्ति यानि पद्मानि तेषां सद्मानि तेषामाभेवाभा ययोस्तौ प्रजापतेः पुण्यपादौ क्षणं सम्भूषितौ, इन्द्रस्तं प्रणनामेति भावः ॥ २५ ॥

पताका–नमस्कार करते हुये इन्द्रके शिर–मुकुटमें जड़े हुए रत्नोंकी किरणोंने थोड़ी देरके लिये ब्रह्माजीके पुष्पित कमल समान पवित्र चरणोंको अलङ्कृत कर दिया।

अर्घ्यपाद्यादिभिस्तोयैः सत्कृत्य परमेष्ठिनम्।
मिलत्करपुटः श्रीमान् व्याजहार शचीपतिः ॥ २६ ॥

वा० बु० प्र० अर्घ्यपाद्यादिभि (पा. ५। २। २४) स्तोयैर्जलैः परमेष्ठिनं ब्रह्माणं सत्कृत्य मिलत्करपुटो बद्धाञ्जलिः शचीपतिरिन्द्रो व्याजहारोवाच ॥ २६ ॥

पताका–अर्घ्य और पाद्यादि जलसे ब्रह्माजीका सत्कार करके हाथ जोड़कर श्रीमान् देवराज बोलने लगे ॥ २६ ॥

सर्वदेवसमाराध्य! साध्य! सिद्धगणैरपि।
ऋद्ध! सर्वफलैर्वृद्ध! कथमाकस्मिकागमः ॥ २७ ॥

बा० बु० प्र० हे सर्वदेवाना समाराध्य ! सिद्धगणैरपि साध्य ! सर्वैः फलैर्धर्मा-दिभिर्ऋद्ध पूर्ण ! वृद्ध ! चतुरानन आकास्मिक आगम आगमनं कथं केन हेतुना ? ॥२७॥

पताका—हे सर्वदेवोंके पूज्य, सिद्धगणोंसे भी साधन करने योग्य धर्मादि सर्वफलोंसे पूर्ण वृद्ध ब्रह्माजी! अकस्मात् आगमन कैसे हुआ ॥२७

हन्त ! कष्टं कृतं, तत्र कथं नायं जनः स्मृतः ।
लोकाचारं न वीक्षन्ते ह्यथवा भक्तवत्सलाः ॥ २८ ॥

बा० बु० प्र० हन्तेति सम्भ्रमे, श्रीमता कष्टं कृतम्, अयमेव जनस्तत्र स्वसदने कथं न स्मृतः ? अथवा हि निश्चयं भक्तवत्सला लोकाचारं लघुजनो न गन्तव्य इत्येतद्रूपमाचारं न वीक्षन्ते ॥ २८ ॥

पताका—आपने कष्ट किया, मुझे ही क्यों नहीं बुला लिया। अथवा भक्तवत्सल लोग अमुक छोटा है, उसके पास नहीं जाना चाहिये इत्यादि लोकाचारकी ओर दृष्टि नहीं करते ॥ २८ ॥

विधेहि सदृशं कृत्यं निधेहि करुणादृशम् ।
जानीहि मां निजं प्रेष्यमनुजानीहि सत्वरम् ॥ २९ ॥

बा० बु० प्र० हे ब्रह्मन्! करुणादृशं निधेहि, सदृशं योग्यं कृत्यं विधेहि, मां निजं प्रेष्यं दासं जानीहि, अतः सत्वरं शीघ्रमनुजानीहयाज्ञापय ॥ २९ ॥

पताका—कृपादृष्टि करिये मेरे योग्य कार्य बताइये, मुझे अपना दास जानिये अतः शीघ्र आज्ञा दीजिये ॥ २९ ॥

अब्जयोनेर्निशम्यैतां भारतीं पाकशासनीम् ।
मुखेभ्यः प्रसृताः शब्दाश्चतस्रःश्रुतयो यथा ॥ ३० ॥

बा० बु० प्र० पाकशासनीमैन्द्रीमेतां वाचं निशम्याब्जयोनेर्ब्रह्मणो मुखेभ्यश्च-तुर्भ्यश्चतस्रः श्रुतयो यथेव शब्दाः प्रसृताः प्रसस्रुः ॥ ३० ॥

पताका—इन्द्रके इस वचनको सुनकर ब्रह्माजीके चारों मुखसे चारों वेदोंकी तरह शब्द निकलने लगे ॥ ३० ॥

बलाराते ! सुरारातिभायदुर्जनदूषिता ।
अवनिर्भारती खिन्ना विद्यते धरणीमणिः ॥ ३१ ॥

बा० बु० प्र० हे बलाराते ! सुरेन्द्र ! सुरारातयोऽसुरास्तत्प्रायैस्तत्तुल्यैर्दुर्जनैर्दूषिता धरणीमणिः सर्वभूमिमहालङ्कारभूता भारत्यवनिर्भूमिःखिन्ना विद्यते ॥ ३१ ॥

पताका—हे देवराज ! राक्षस समान दुष्टोंसे पीडित होकर सब भूमियोंमें श्रेष्ठ भारतभूमि आज अत्यन्त दुःखित हो रही है ॥ ३१ ॥

धर्मसंस्थाविनाशाय प्रवर्तन्ते दुराशयाः ।
ततो धर्मधियो विप्राः खिद्यन्ते तेऽध्वराध्वगाः ॥ ३२ ॥

बा० बु० प्र० धर्मस्य संस्था मर्यादा तस्या विनाशाय दुराशया दुष्ट आशयो येषां ते दुर्जना इत्यर्थः प्रवर्तन्ते प्रवृत्ताः सन्ति । तस्माद्धर्मे धीर्येषां ते धर्मधियो धर्मध्यानवन्तोऽध्वरो यज्ञस्तस्याध्वा पन्थास्तद्गा यागानुष्ठानवन्तस्ते प्रसिद्धा विप्राः खिद्यन्ते॥३२॥

पताका—हे प्रभो ! दुष्ट पुरुष धर्मकी मर्य्यादाका नाश करनेके लिये प्रवृत्त हो रहे हैं । इससे धर्मप्रिय और यज्ञादिका निरन्तर अनुष्ठान करने वाले ब्राह्मण दुःखित हो रहे हैं ॥ ३२ ॥

श्रौतधर्मे समुत्सन्ने निरुद्धे यागकर्मणि ।
क्रतुभुक्त्वं क्रतुभुजां भज्येत क्रतुभुक्पते ॥ ३३ ॥

बा० बु० प्र० हे सुरेन्द्र ! श्रौतधर्मे समुत्सन्ने विनष्टे सति तथा यज्ञादिकर्मणि निरुद्धेऽवरुद्धे च सति क्रतुभुजां देवानां क्रतुभुक्त्वं यज्ञांशाशित्वं भज्येत विपर्येत ॥ ३३ ॥

पताका—हे सुरेन्द्र ! वैदिक धर्मके नष्ट हो जानेपर तथा यागादि कर्मोंके रुक जानेपर देवोंको यज्ञका भाग मिलना बन्द हो जायगा ॥ ३३ ॥

तेन सर्वान्सुरांस्तूर्णमादाय जगतीपतेः ।
रघुनाथस्य सान्निध्यं सुरनाथ विधीयताम् ॥ ३४ ॥

बा० बु० प्र० तेन हेतुना हे सुरनाथ ! सर्वान् सुराना दाय तूर्णं शीघ्रं जगतीपते रघुनाथस्य सान्निध्यं सामीप्यं विधीयतां, तत्समीपे गम्यतामिति भावः ॥३४॥

पताका–इसलिये हे देवेन्द्र ! अखिल ब्रह्माण्डके नायक श्रीरामचन्द्रजी महाराजके समीप सब देवोंको लेकर शीघ्र चलिये ॥३४॥

ततो वृन्दारकाः सर्वे प्रजापतिपुरस्सराः ।
सर्वानुकूलतोपेतं साकेतमभि वव्रजुः ॥ ३५ ॥

वा० वु० प्र० ततः प्रजापतिपुरस्सराः सर्वे वृन्दारका देवाः सर्वाभिरनुकूलताभिरुपेतं साकेतमभिवव्रजुर्ययुः ॥ ३५ ॥

पताका–तदनन्तर ब्रह्मा प्रभृति सब देवता सम्पूर्ण अनुकूलताओंसे युक्त—सर्वसुखप्रद साकेतलोकमें गये ॥ ३५ ॥

हनुमद्गरुडानन्तयुक्तध्वजसुभूषितम् ।
विविधाकारसमारब्धप्राकारपरिवेष्टितम् ॥ ३६ ॥

वा० वु० प्र० एकेन साकेतं विशिनष्टि । हनुमद्गरुडानन्तयुक्तैर्ध्वजैः सुभूषितं विविधैर्बहुप्रकारैराकारैः प्राकारैः समारब्धैर्निर्मितैः परिवेष्टितम् ॥ ३६ ॥

पताका–साकेत लोकका एक श्लोकमें वर्णन करते हैं । वह साकेत हनुमान्, गरुड और अनन्त आदिसे युक्त पताकाओंसे शोभायमान तथा बहुत प्रकारकी नगररक्षिका भित्तियोंसे घिरा हुआ था ॥ ३५ ॥

ते गोपुरमतीत्यैरम्मदामृतसरस्तथा ।
सोमाश्वत्थं परिक्रम्य चेलुरग्रेऽमृतान्धसः ॥ ३७ ॥

बा० बु० प्र० दर्शको द्वारपालो यतीश्वरं प्रति नतेन प्रणतेन मूर्ध्ना शिरसा पादयोः स्वामिचरणयोर्दिदृक्षया दर्शनेच्छया नरेन्द्रपीपेत्यभिधस्य पीपामहाराजस्येत्यर्थः, उपस्थितं वैवधिकं वार्तावहं निवेदयामास ॥ ५ ॥

पताका—द्वारपालने मस्तक झुकाकर, स्वामीजीके चरणोंके दर्शनकी इच्छासे उपस्थित श्रीपीपाजीके वार्ताहरको स्वामीजीसे निवेदन किया ॥५॥

प्रवेशयेत्याज्ञपितः स दर्शकः प्रवेशयामास नरेन्द्रपूरुषम् ।
प्रणम्य दत्तं यमिने नतेन तद्दलं च तेन प्रहितं क्षमाभुजा ॥ ६ ॥

बा० बु० प्र० प्रवेशयेत्याज्ञपितः स्वामिचरणैरिति शेषः, स दर्शको नरेन्द्रपुरुषं राजपुरुषं प्रवेशयामास । नतेन च तेन दूतेन क्षमाभुजा पीपाराजेन प्रहितं प्रेषितं दलं पत्रं यमिने प्रणम्य दत्तम् ॥ ६ ॥

पताका—ले आवो, ऐसी श्रीस्वामीजीकी आज्ञा पाकर वह द्वारपाल

पीपाजीके वार्ताहरको ले आया। उसने मस्तक झुकाकर स्वामीजीको प्रणाम करके राजाजीके भेजे हुये पत्रको स्वामीजीको दिया ॥ ६ ॥

शुभाभिलाषी यमिनां पतिर्मुदा शुभं हि भूयादिति राशिमाशिषाम्।
प्रदाय चादाय नरेन्द्रपत्रकं स वाचयामास तदेवमादिकम् ॥ ७ ॥

वा० बु० प्र० शुभाभिलाषी शुभेच्छुर्यमिनां पति स आचार्यः शुभं भूयादित्याशिषां राशिं प्रदाय नरेन्द्रपत्रकं पीपाप्रेषितं तत्पत्रं चादाय गृहीत्वा एवमादिकमेवं वक्ष्यमाणमादिर्यस्य तद्वाचयामास ॥ ७ ॥

पताका—शुभाभिलाषी यतिराज श्रीस्वामीजीने 'कल्याण हो' ऐसा आशीर्वाद देकर पीपाजीके पत्रको लेकर इस प्रकारसे बांचा ॥ ७ ॥

शरद्व्यतीता कथमप्ययं गुरो न जातमद्यापि तवाङ्घ्रिकञ्जयोः।
मनोरमं दर्शनमक्षिपावनं जनः कुतो विस्मृतिमापितो न्वयम् ॥८॥

वा० बु० प्र० अयं गुरो! कथमपि महाकष्टेन शरद्वर्षं व्यतीता गतम्, अद्यापि तवाङ्घ्रिकञ्जयोश्चरणकमलयोर्मनोरमं मनःप्रसादकमक्षिपावनं नेत्रशोधनं दर्शनं न जातम्! अयं जनः कुतो नु विस्मृतिमापितो गमितः? ॥ ८ ॥

पताका—हे गुरो! किसी प्रकारसे एक वर्ष वीत गया परन्तु श्रीमान्के कमल चरणोंका मनोहर और नेत्रोंको पवित्र करनेवाला दर्शन नहीं हुआ। किस कारणसे इस जनको आपने विस्मृत कर दिया ॥ ८ ॥

मनोभुवि त्वच्चरणाब्जदर्शनाभिलाषशाखी शरदोऽहरम्बुभिः।
अनेककामैरुदितः प्रशीकितः सुमागमं नो लभतेऽधुनापि ही ॥ ९ ॥

वा० बु० प्र० हीत्याश्चर्ये। मनोभुवि मन एव भूस्तस्यां ममेति शेषः, उदितोऽनेकैः कामैः शरदो वर्षस्याहान्येवाम्बूनि जलानि तैः प्रशीकितः सिक्तस्त्वच्चरणाब्जस्यदर्शनस्याभिलाप इच्छा तद्रूपः शाखी वृक्षोऽधुनापि सुमागमं प्रसूनागमं नो लभते प्राप्नोति। शोभना मा लक्ष्मीर्यस्य स सुमः श्रीमांस्तस्यागमं न लभत इति भावः ॥ ९ ॥

पताका—आश्चर्य है कि मन रूपी भूतलपर उगा हुआ, अनेक कामनाओंसे संवत्सरके ३६० दिवस रूपी जलसे सींचा गया हुआ, श्री-

मान्‌के चरणकमलके दर्शनका अभिलाप रूप वृक्ष, अभीभी आपके शुभा-गमन रूप पुष्पको प्राप्त नहीं होता है ॥ ९ ॥

कियच्चिरं नाथ तवागमाशया विपित्समानांस्तदमूनसूनहम् ।
विभावयन्नारुणधानि भावना विभिन्नजातीरिति मे दिशत्वलम्॥१०॥

बा० बु० प्र० हे नाथ ! विपित्समानान्विपत्तुं विनष्टुमिच्छतस्तानमून् मे ममासून् प्राणान् विभावयन् संतोषयन् विभिन्ना जातिर्यासां ता भिन्नप्रकारा भावनाश्च तवागमस्याशया कियच्चिरमारुणधानीति मे मह्यमलं दिशतूपदिशतु ॥ १० ॥

पताका—हे नाथ ! नष्ट होनेकी इच्छावाले इन मेरे प्राणोंको समझाता हुआ नाना प्रकारके भावनाओंको आपके दर्शनकी आशासे कब तक मैं रोकूं, यह आप बताइये ॥ १० ॥

त्वमेधि सर्वज्ञ सपद्यबोधतामहासमुद्रे विनिमज्जतो मम ।
गतस्य दीनस्य च कान्दिशीकतां कृपामय स्तात्तरणिस्तरस्वती॥११॥

बा० बु० प्र० हे सर्वज्ञ ! हे कृपामय ! अबोधताऽज्ञानतैव महासमुद्रस्त-स्मिन्विनिमज्जतो विशेषेण ब्रुडतः कान्दिशीकतां भयद्रुततां गतस्य दीनस्य मम तरस्वती बलवती तरणिर्नौका स्तात् भवतात् ॥ ११ ॥

पताका—हे सर्वज्ञ ! हे करुणामय अज्ञानतारूपी महासागरमें डूबते हुये, भयभीत हुये मेरे जैसे दीनकी आप बलवती नौका बन जाइये ॥११॥

सुखाय नालं मम राज्यवैभवं सुतः सुता नापि सखाय ईश्वर !
पतिव्रता चेयमपीह भार्यका न तोषयत्यद्य मदीयमान्तरम् ॥ १२ ॥

बा० बु० प्र० हे ईश्वर ! इह राज्यस्य वैभवं सुतः सुता च मम सुखायालं न । नापि सखायोऽलम् । इयं पतिव्रतापि भार्यका धर्मपत्नी महाराज्ञी मदीयमा-न्तरमन्तःकरणमद्य न तोषयति प्रसादयति ॥ १२ ॥

पताका—हे ईश्वर ! इस जगत्‌में राज्य, सम्पत्ति, पुत्र, पुत्री, तथा मित्र भी मुझे सुखी करनेमें समर्थ नहीं हैं । मेरी पतिव्रता भार्याभी आज मुझे सन्तुष्ट नहीं करती है ॥ १२ ॥

त्वदीयपङ्केरुहमञ्जिमच्छटालसत्पदारामविहारमिच्छतः ।
सुखाकराराम इहास्ति नो मम सुखाय कामं यमिनामधीश्वर॥१३॥

व्या० सु० प्र० हे यमिनामधीश्वर ! त्वदीयः पङ्केरुहस्य मञ्जिमच्छटा इव मनोज्ञशोभा इव लसन् शोभमानो यः पदारामश्चरणरूपमुद्यानं तत्र विहारमिच्छतो मम सुखानामाकरः खनिः न चासावारामश्च काममत्यन्तमिह सुखाय नो ॥ १३ ॥

पताका–हे यतीन्द्र ! कमलकी सुषमाके समान शोभित आपके चरण रूप उद्यानमें विहार करनेकी इच्छावाले मुझे, सुखोंका आकर–मेरा उद्यान, कुछभी सुख नहीं देता है ॥ १३ ॥

अतो विधायातिकृपां कृपानिधे तथानुसन्धाय भवद्वचःस्मरम् ।
निधाय पादार्पणमत्र मे गृहे भवाभ्यमित्र्यो मम दीनवत्सल !॥१४॥

व्या० सु० प्र० अतो हे कृपानिधे ! दीनवत्सल ! अतिकृपां परमानुकम्पां विधाय तथा भवद्वचःस्मरं स्ववचनस्मरणमनुसन्धायात्र मे मम गृहे पादार्पणं निधाय कृत्वा ममाभ्यमित्र्यं (पा० ५।२।१७) शत्रूणां कामक्रोधादीनां सम्मुखं गन्ता भव॥

पताका–अतः हे कृपानिधे ! हे दीनवत्सल ! परम कृपा करके अपनी प्रतिज्ञाका स्मरण करके मेरे घरमें पधारकर मेरे काम क्रोधादि शत्रुओंका सामना कीजिये । अर्थात् उनका नाश करिये ॥ १४ ॥

ततः प्रतस्थे यमिनां पतिस्ततः समस्तशिष्यैः सह सद्गुणान्वितैः ।
पुराय पीपानृपतेर्गुणस्पृशो यमादिभिः सार्द्धमलं यथा शमः॥ १५ ॥

व्या० सु० प्र० ततस्तदनन्तरं यमिनां पतिराचार्य्यश्रीरामानन्दः सद्भिः श्रेष्ठैर्गुणैरन्वितैर्युक्तैः समस्तशिष्यैः सह ततः काश्या गुणस्पृशो गुणिनः पीपानृपतेः पुराय पुरं गन्तुं तथा प्रतस्थे यथा यमादिभिः सार्द्धं शमोऽलं समर्थं जितेन्द्रियमात्मानमिति भावः, प्रति गच्छति ॥ १५ ॥

पताका–तदनन्तर यतीश्वर आचार्य श्रीरामानन्द स्वामीजी महाराज श्रेष्ठ गुणवाले स्वकीय समस्त शिष्यों सहित गुणशाली श्रीपीपाजीके नगरके प्रति ऐसे प्रस्थित हुये जैसे यमनियमादिके साथ शम जितेन्द्रिय आत्माके प्रति जाता हो ॥ १५ ॥

दिनद्वयानन्तरमध्वनि व्रजन्नपश्यदह्नाय मुनीश्वरः पुरः ।
स्वमाययैवास्थिचयं नभःस्थितं प्रवर्षयन्तं कमपीव योगिनम् ॥१६॥

बा० बु० प्र० अध्वनि मार्गे व्रजन् गच्छन्मुनीश्वरो दिनद्वयानन्तरं पुरः पुरस्तात्स्वमाययाऽऽस्थिचयमस्थिसमूहं प्रकर्षेण वर्षयन्तमधः पातयन्तं नभस्याकाशे स्थितं कमपि योगिनमिवापश्यत् ॥ १६ ॥

पताका—मार्गमें जाते हुये श्रीस्वामीजी महाराजने दो दिवसके पश्चात् सामने आकाशमें रहकर हड्डी वर्षाते हुये जोगीके समान किसी पुरुषको देखा ॥ १६ ॥

विलोक्य तस्येदमरिन्दमो मुनिश्चरित्रमाध्यानमितः क्षणद्वयम् ।
ततो महाश्चर्यमभूदनन्तरं पुरो गुरूणां गुरुताऽऽवरस्य का ॥ १७ ॥

बा० बु० प्र० अरिन्दमः शत्रुघ्नो मुनिः श्रीरामानन्दस्तस्य योगिन इदं चरित्रं विलोक्य क्षणद्वयं ध्यानमितः प्राप्तः । तदस्तदनन्तरमनन्तरं समीप एव महाश्चर्यमभूत् । गुरूणां पुरोऽवरस्य नीचस्य का गुरुता ? ॥ १७ ॥

पताका—शत्रुओंके विनाशक श्रीस्वामीजीने उस धूर्त योगीके इस चरित्रको देखकर दो क्षण तक ध्यान किया । पश्चात् समीपमेंही एक बड़ा आश्चर्य हुआ । भला गुरुओंके सामने नीचोंकी क्या गुरुता चल सकती है॥

समुद्गकाकारमभूदनूनकं मुनेः प्रभावादचिरं हि कैकसम् ।
तदन्तरे प्राविशदात्मना महाखलः स योगी शमनेरितः पुनः ॥१८॥

बा० बु० प्र० हीति निश्चयार्थे । मुनेः श्रीरामानन्दाचार्यस्य प्रभावादनूनकमूनं नेत्यनूनं, स्वार्थे कः । महत्तत्कैकसमस्थिसमूहो समुद्गकाकारं सम्पुटकाकारमभूत् । पुनः पश्चाद् महाखलः स योगी शमनेन मृत्युनेरितः प्रेरितः सन्नात्मना स्वयमेव तदन्तरे सम्पुटकाभ्यन्तरे प्राविशत् ॥ १८ ॥

पताका—श्रीस्वामीजी महाराजके प्रभावसे वह बड़ा हड्डियोंका समूह एक पेटारीके समान बन गया । पश्चात् कालसे प्रेरित होकर वह महादुष्ट योगी स्वयं उस पेटारीके भीतर प्रविष्ट हो गया ॥ १८ ॥

इते च तस्मिन्नु तदस्थिसम्पुटः क्षणेन नूनं पिहितोऽभवत्स्वयम् ।
ततो नभस्युत्पतितो भ्रमन्नितस्ततोऽपतद्भूमितले मृतश्च सः ॥१९॥

बा० बु० प्र० तत्रेतिशेषः, समुद्गके तस्मिन् धूर्तयोगिनीते गते सति तदस्थिसम्पुटस्तेषामस्थ्नां सम्पुटो नूनं क्षणेन स्वयं पिहितोऽभवत् । ततस्तदनन्तरं नभस्युत्पतितस्तत इतस्ततो भ्रमन् भूमितलेऽपतत् । स च मृतः ॥ १९ ॥

पताका—जब वह जोगी उस पिटारेमें घुस गया तब वह अपने आपही बन्द हो गया । पश्चात् वह पिटारा आकाशमें उड़ा और इधर उधर घूमता हुआ पृथ्वीपर आकर पड़ा जिससे वह धूर्त मर गया ॥१९॥

ततः परं प्रापदयं मुनीश्वरः क्रमेण पीपानृपतेः पुरं मुदा ।
वनानि पश्यँश्च तथा गिरीन्नदीर्हरिन्ति तुङ्गान्सजलाः सपद्मिनीः॥१९॥

बा० बु० प्र० ततः परं तन्मरणानन्तरं हरिन्ति हरिद्वर्णानि वनानि तुङ्गानुच्चान् गिरीन् पर्वतांस्तथा सजलाः सपद्मिनीः सकमलिनीर्नदीश्च पश्यन्नयं मुनीश्वरः क्रमेण मुदा प्रसन्नतया पीपानृपतेः पुरं प्राप्त् ॥ १९ ॥

पताका—उसके मरनेके पश्चात् श्रीस्वामीजी महाराज हरे २ जङ्गलों, ऊंचे २ पहाड़ों और जलवाली तथा कमलोंवाली नदियोंको देखते हुये धीरे २ प्रसन्नता पूर्वक श्रीपीपाजीके नगरमें पहुंच गये ॥ २० ॥

यदाश्रृणोद्भूपतिरागतं मुनिं ममौ न हर्षातिशयो हि तद्धृदि ।
गृहं यतीशं बहुमानमानयत्सहैव सद्भिस्तमपूपुजन्मुदा ॥ २१ ॥

बा० बु० प्र० भूपतिः श्रीपीपाराजो यदा मुनिं श्रीरामानन्दाचार्य्यमागतमश्रृणोच्छ्रुतवांस्तदा, हीति निश्चये । तद्धृदि तस्य राज्ञो हृदये हर्षातिशय आनन्दोद्रेको न ममौ अवकाशं न लेभ इत्यर्थः । मुदा यतीशं बहुमानं यथा तथा गृहमानयत्सद्भिर्विरक्तैस्तच्छिष्यैः सह तमाचार्य्यमपूपुजत्पूजितवान् ॥ २१ ॥

पताका—जब श्रीपीपाजीने सुना कि श्रीस्वामीजी महाराज पधारे हैं तब उनके हृदयमें आनन्द नहीं समाया । प्रसन्न होकर बड़े आदरके साथ उन्हें अपने घरपर ले आये और उनकी तथा अन्य महात्माओंकी भी पूजाकी ॥ २१ ॥

श्रियां निधिं ज्ञाननिधिं दयानिधिं समस्तविद्याम्बुनिधिं तपोनिधिम्।
अनन्तकल्याणगुणैकसन्निधिं पतिं यतीनां शिरसा नमाम्यहम्॥२२॥

बा० बु० प्र० इतः परमासर्गसमाप्तेः प्रत्यश्लोक्यनन्तरं वसन्ततिलकाछन्दः। श्रियामैश्वर्य्याणां निधिं ज्ञानस्य निधिं दयाया निधिं समस्तानां विद्यानामम्बुनिधिं समुद्रं तपसां निधिमनन्तानां कल्याणगुणानामेकः प्रधानं सन्नुत्तमश्चासौ निधिश्च तं यतीनां पतिमहं शिरसा नमामि ॥ २२ ॥

पताका—ऐश्वर्य निधि, ज्ञाननिधि, दयानिधि, समस्त विद्यानिधि, तपोनिधि, अनन्तकल्याण गुणोंके एकमात्र निधि, यतिपति आपश्रीको मस्तक झुकाकर मैं प्रणाम करता हूं ॥ २२ ॥

अपारसंसारविसारिसागरे निमज्जतो नाथ सनाथयञ्जनान्।
तवावतारो जगतीतले प्रभो व्रजेन्न केषामभिवन्दनीयताम् ॥२३॥

बा० बु० प्र० हे नाथ! अपारः संसार एव विसारी विशेषेण सरणशीलो विस्तृत इति यावत्। सागरस्तस्मिन्निमज्जतो बुडतो जनान्सनाथयञ्जगतीतले पृथिव्यां तवावतारः हे प्रभो! केषामभिवन्दनीयतामभिवादनार्हतां न व्रजेत् ॥ २३ ॥

पताका—हे नाथ! हे प्रभो! इस अपार संसार रूप विस्तृत सागरमें डूबते हुये जनोंको सनाथ करते हुये पृथ्वी ऊपर श्रीमान्के इस अवतारको कौन अभिवन्दन नहीं करता है? अर्थात् सबके अभिवन्दनके योग्य है॥

न शेषराजोऽपि सरस्वती न वा न गीर्पतिर्नो च शचीपतिश्च यान्।
गुणांस्त्वदीयानखिलान् समूहितुमपारयँस्तान् कथमावदान्यहम्॥२४॥

बा० बु० प्र० न शेषराजो न सरस्वती नवा गीर्पतिर्बृहस्पतिर्न शचीपतिरिन्द्रस्त्वदीयान् यानखिलान् सकलान् गुणान् समूहितुं वितर्कयितुमप्यपारयँस्तानहं कथमावदानि सम्यग्वर्णयानि ॥ २४ ॥

पताका—हे महाराज! शेष, सरस्वती, बृहस्पति तथा इन्द्र श्रीमान्के जिन समस्त गुणोंकी तर्कणाभी नहीं कर सके उनको मैं किस प्रकारसे वर्णन करूं? ॥ २४ ॥

न यान्समस्ताः श्रुतयोऽप्यशक्नुवन्समीरितुं क्वापि गुणान्हि तावकान्
कथं च ते यान्तु मदीयवाक्पथे धिगस्तु मे बालिशतां महेश्वर॥२५॥

बा० बु० प्र० हे महेश्वर ! समस्ताः श्रुतयोऽपि यांस्तावकांस्त्वदीयान् गुणान् समीरितुं वक्तुं नाशक्नुवन्न समर्था अभवँस्ते मदीयवाक्पथे मम जिह्वायां कथं यान्तु प्राप्नुवन्तु ? मे मम बालिशतां मूर्खतां धिगस्तु ॥ २५ ॥

पताका—हे महेश्वर ! समस्त वेदभी आपके जिन गुणोंका वर्णन नहीं कर सकते वे गुण मेरी जिह्वापर कैसे आवें ? मैं आपकी स्तुति करने चला हूं, इस मेरी मूर्खताको धिक्कार है ॥ २५ ॥

तथापि नामस्मरणेन ते प्रभो पवित्रितोऽहं भवितास्मि तत्क्षणम् ।
विचिन्त्य चेत्येव करोमि साहसं हसन्तु निन्दन्तु च वा बुधा जनाः॥

बा० बु० प्र० तथापि हे प्रभो ! "ते तव नामस्मरणेन तत्क्षणं तत्कालमहं पवित्रितो भवितास्मि" इत्येव विचार्य साहसं करोमि । बुधा जना हसन्तु निन्दन्तु वा ॥ २६ ॥

पताका—हे प्रभो ! तथापि ऐसा विचार कर कि आपके नाम स्मरणसे मैं तत्कालही पवित्र हो जाऊंगा—साहस करता हूं । विद्वान् लोग चाहे मेरा उपहास करें, चाहे निन्दा करें ॥ २६ ॥

जयत्वनन्ताय गुणाय ते प्रभोऽवतारकालः स च यत्र चागताः ।
जिनेश्वराः सार्थवहा भयातुराः समर्पयाञ्चक्रिर आत्मनस्त्वयि॥२७॥

बा० बु० प्र० हे प्रभो ! अनन्ताय गुणाय लाभाय ते तव सोऽवतारकालो जयतु यत्र काले सार्थवहाः सानुयायिनो भयातुरा भयव्याकुलिता जिनेश्वरा अपि त्वयि आत्मनः समर्पयाञ्चक्रिरे ॥ २७ ॥

पताका—हे महाराज अनन्त लाभके लिये आपका वह अवतारकाल विजयी होवे जिसकालमें जिनेश्वरोंनेभी अपने अनुयायियोंके साथ भयसे व्याकुल होकर अपनेको आपको समर्पण कर दिया ॥ २७ ॥

प्रदाय तेषां शरणं शरण्य या प्रदर्शिता तेषु महापराधिषु ।
दया त्वया शोभत एव सा त्वयि महाप्रभौ दीनदयापगापतौ॥२८॥

बा० बु० प्र० हे शरण्य ! तेषां शरणं प्रदाय महापराधिषु वेदवैदिककर्म-देवादिनिन्दापराधकर्तृषु तेषु त्वया या दया प्रदर्शिता सा दीनदयापगापतौ दीनकृपा-समुद्रे महाप्रभौ त्वयि शोभत एव ॥ २८ ॥

पताका–हे शरणागत रक्षक ! वेद, वैदिककर्म और वैदिक देवोंकी निन्दा रूप महापराध करनेवाले उन नास्तिकों पर आपने जो दया प्रकट की वह आप जैसे दीनदयालु और महान् समर्थ महापुरुषको शोभा देताही है ॥ २८ ॥

बुधाः समस्ताः सुगताः समेत्य ते पदारविन्देष्वभयार्थिनो मुहुः ।
प्रसादमादाय तव श्रियः पते त्वदीयपादानुचरत्वमाश्रयन् ॥ २९ ॥

बा० बु० प्र० हे श्रियः पते ! समस्ताः सुगता बौद्धधर्माचारा बुधा विद्वांसो मुहुरभयार्थिनोऽभयप्रार्थनाशीलास्ते तव पदारविन्देषु चरणकमलेषु समेत्यागत्य तव प्रसादं प्रसन्नतामादाय त्वदीयपादयोरनुचरत्वं सेवकत्वमाश्रयन् । २९ ॥

पताका–हे लक्ष्मीनाथ ! समस्त बौद्ध विद्वान्भी अभयकी इच्छासे आपके चरणोंमें आकर, आपको प्रसन्न करके आपके चरणोंके सेवक बन गये ॥ २९ ॥

त्वत्पादमूलमुपसेव्य नृणां स्थितानां
त्वन्नाम चापि जपतां यतिराजराज !
त्वत्पादपङ्कजपरागरसप्रसूता
मन्दाकिनी कलिकलङ्कमपाकरोति ॥३०॥

बा० बु० प्र० हे यतिराजराज ! त्वत्पादमूलं श्रीमच्चरणमुपसेव्य स्थितानां त्वन्नाम जपतां नृणां च कलिकलङ्कं कलिदोषं तव पादपङ्कजपरागाणां चरणकमल-रेणूनां रसात् प्रसूता मन्दाकिनी गङ्गा अपाकरोति दूरी करोति ॥वसन्ततिलकाछन्दः॥

पताका–हे यतिराजराज ! आपके चरणकमलके परागसे निकली हुई मन्दाकिनी–गङ्गा आपके श्रीचरणोंका आश्रय लेकर बैठे हुओं तथा आपके शुभ नामका जप करते हुओंके कलिके दोषोंको दूर कर रही है ॥ ३० ॥

विराजते यस्य जनस्य मानसे त्वदीयनामामृतसंचयश्च तम् ।
क्रुधोद्धतो रक्तविलोचनः शयुर्विषोल्बणोऽप्युत्सहते न बाधितुम्॥३१॥

वा० बु० प्र० यस्य जनस्य मानसे त्वदीयनामामृतस्य संचयः समूहो विराजते तं क्रुधा क्रोधेनोद्धतो रक्तविलोचनो विषेणोल्वणः स्पष्टः फणोन्नयनफूत्कारादिभिः प्रत्यक्षीभूतः शयुः सर्पोऽपि बाधितुं दष्टुं नोत्सहते ॥ ३१ ॥

पताका—जिसके हृदयमें आपका नामरूप अमृत विद्यमान है उसे क्रोधसे उन्मत्त, रक्त नेत्रवाला, विषसे प्रत्यक्ष हुआ सर्पभी काट नहीं सकता

विराजते यत्कमलोपमे करे त्रिदण्डमद्धा यतिराज ते शुभम् ।
स्फुटं हि तद्द्योतयति श्रियः पते तव त्रिलोकीपतितां हि केवलम् ॥

वा० बु० प्र० हे यतिराज ! यत् ते तव कमलोपमे पद्मतुल्ये करे हस्ते शुभं त्रिदण्डमद्धाऽऽत्यन्तं विराजते तद् हे श्रियः पते ! केवलं तव त्रिलोकीपतितां त्रैलोक्यस्वामित्वं स्फुटं द्योतयति प्रकटयति ॥ ३२ ॥

पताका—हे यतिराज ! हे श्रीकान्त ! आपके कमल तुल्य करमें जो त्रिदण्ड विराजमान है वह केवल आपकी स्पष्ट त्रैलोक्यस्वामिताका बोधन कराता है ॥ ३२ ॥

यतीन्द्र सत्कीर्तिकलाकलापतो निशांपतिर्गौररुचिर्बभूव ते ।
प्रतापपुञ्जैश्च तव त्विषाम्पतिर्ज्वलद्धविर्भुक्प्रतिमामशिश्रियत्॥३३॥

वा० बु० प्र० हे यतीन्द्र ! श्रीरामानन्दस्वामिन् ! ते तव सत्कीर्तीनां कलानां कलापतः समूहाद्धेतोः निशांपतिश्चन्द्रो गौररुचिर्धवलकान्तिर्बभूव । तव प्रतापपुञ्जैः प्रतापसमूहैश्च त्विषांपतिः सूर्यो ज्वलतो हविर्भुजोऽग्नेः प्रतिमां सादृश्यमशिश्रियत् ॥ ३३ ॥

पताका—हे श्रीयतीन्द्र ! आपकी सुन्दर कीर्ति—कला—कलापसे चन्द्रमा पाण्डुर हो गया है । तथा आपकेही प्रताप पुञ्जसे सूर्यभी अग्नि समान रक्त वर्णका हो गया है ॥ ३३ ॥

त्वदङ्घ्रिपाथोजमनोज्ञरेणवो न धारिता यैरसकृत्स्वमूर्द्धनि ।
कथं तरीतुं जगदर्णवो हि तैर्मनोरथानां शतकैर्नु वाञ्छ्यते ॥३४॥

वा० बु० प्र० त्वदङ्घ्रिपाथोजयोस्तव चरणकमलयोर्मनोज्ञाः सुन्दरा रेणवो यैरसकृन्मुहुर्मुहुः स्वमूर्द्धनि स्वमस्तके न धारिता गृहीतास्तैर्मनोरथानां शतकैर्जगदर्णवस्समुद्रस्तं तरीतुं कथं नु वाञ्छयत इष्यते ॥ ३४ ॥

पताका—हे स्वामिन्! जिन्होंने आपश्रीके कमलचरणके सुन्दर रेणुको अनेकोंवार अपने शिरपर धारण नहीं किया वे लोग सैकड़ों मनोरथोंके साथ संसार सागरको पार करनेके लिये कैसे इच्छा करते हैं ॥ ३४ ॥

त्वदीयपादाब्जपरागभृङ्गतां न यो गतो निर्ममतो रमापते ।
कथं स उद्घाटयितुं समीहते दृढाररं दुर्गममोक्षमन्दिरम् ॥ ३५ ॥

वा० बु० प्र० हे रमापते! यो निर्ममतो ममताशून्यस्त्वदीयपादाब्जपरागेषु भृङ्गतां न गतः स दृढाररं दृढकपाटं दुर्गमं च तन्मोक्षमन्दिरं मुक्तिभवनमुद्घाटयितुं कथं समीहते वाञ्छति ॥ ३५ ॥

पताका—हे रमापते ! जो पुरुष ममता त्याग कर आपके चरणकमल के परागका भ्रमर नहीं बना वह दृढ कपाटवाले दुर्गम मोक्षमन्दिरको उघाड़नेकी कैसे इच्छा रखता है ? ॥ ३५ ॥

यदीह न स्यात्तव भारतीप्रभा प्रभो प्रभुः स्याज्जनता कथंतराम् ।
उपेतुमद्यापि च वैष्णवं पदं परीतनानाविधदुःखकण्टका ॥ ३६ ॥

वा० बु० प्र० हे प्रभो ! इह संसारे यदि तव भारती सरस्वती तस्या प्रभा ब्रह्मसूत्रभाष्य-वैष्णवमताब्जभास्करादिर्न स्यात्तर्हि परीतानि व्याप्तानि नानाविधदुःखान्येव कण्टकानि यस्यां सा जनताऽद्यापि वैष्णवं पदमुपेतुं कथंतरां प्रभुः प्रभ्वी स्यात् ? ॥ ३६ ॥

पताका—हे प्रभो ! यदि संसारमें आपश्रीका ब्रह्मसूत्रका भाष्यादि तथा श्रीवैष्णव मताब्जभास्करादि न होता तो नाना प्रकारके दुःखरूप कण्टकोंसे भरी हुई जनता आजभी वैष्णव पदको कैसे प्राप्त हो सकती ? ॥

इयं च विष्णो तव भक्तिभीष्मसूर्महाप्रभावा विलसत्यहर्दिवम् ।
यदीयपीयूषपयःप्रपूरके निमज्ज्य लोका विमलीभवन्त्यलम् ॥३७॥

बा० बु० प्र० हे विष्णो ! इयं महाप्रभावा महातेजा तव भक्तिभीष्मसू-भक्तिभागीरथ्यहर्दिवं सततं विलसति । यदीये पीयूषपयसाममृतजलानां प्रपूरके समूहे निमज्ज्य स्नात्वा लोका अलमत्यन्तं विमलीभवन्ति शुद्धा भवन्ति ॥ ३७ ॥

पताका—हे विष्णो ! महाप्रतापवाली आपकी यह भक्तिरूप गङ्गा विलास कर रही है। जिसके अमृत समान जलमें स्नान करके लोग अत्यन्त निर्मल हो रहे हैं ॥ ३७ ॥

शरण्य ये ते शरणं समागता भवन्ति ते क्षेमपरम्पराभुजः ।
तथा च सम्भूय समन्ततश्च तांस्तवोपदिष्टा उपयन्ति सुश्रियः॥३८॥

बा० बु० प्र० हे शरण्य ! ये ते तव शरणं समागतास्ते क्षेमपरम्पराभुजः कल्याणसमूहभाजो भवन्ति। तथा तवोपदिष्टा आज्ञपिताः सुश्रियः समन्ततः सम्भूय मिलित्वा तानुपयन्ति प्राप्नुवन्ति ॥ ३८ ॥

पताका—हे शरण्य ! जो लोग आपकी शरणमें आते हैं वह अनन्त कल्याण पाते हैं। तथा आपकी आज्ञासे सुश्री–सम्पत्ति, ऐश्वर्य आदि सब ओरसे एकत्रित होकर उनको प्राप्त होते हैं ॥ ३८ ॥

ये त्वत्पदाम्बुजरजः शिरसा स्पृशन्ति
ते निस्तरन्ति भवसागरतोऽश्रमेण ।
जन्मादिदुःखरहितास्तव पादमूले
नित्यं वसन्ति यतिराज सुखानुभूत्या ॥ ३९ ॥

बा० बु० प्र० हे यतिराज ! ये त्वत्पदाम्बुजयोस्तव चरणकमलयो रजः शिरसा स्पृशन्ति तेऽश्रमेण श्रमं विनैव भवसागरतो निस्तरन्ति निस्सृत्य पारं गच्छन्ति । जन्मादिदुःखै रहिताः सन्तः सुखानुभूत्या सुखानुभवेन तव पादमूले नित्यं वसन्ति ॥ ३९ ॥

पताका—हे यतिराज ! जो जन आपके चरणकमलके रजको शिरसे स्पर्श करते हैं वे लोग श्रम विनाही संसार सागरसे पार हो जाते हैं। तथा जन्म मरण आदि दुःखोंसे दूर रह कर सुखका अनुभव करते हुये आपके चरणोंके समीप नित्य निवास करते हैं ॥ ३९ ॥

अनन्तदुःखानुगतं भवोदितं भयं निराकर्तुमनाः प्रभो तव !
शरण्यमासाद्य पदद्वयं पुनर्यदीक्षितस्तेन ततो हतोस्म्यहम् ॥ ४० ॥

बा० बु० प्र० हे प्रभो ! अनन्तदुःखैरनुगतमनुसृतं भवोदितं संसारजन्यं भयं निराकर्तुमना दूरीकर्तुकामस्तव शरण्यं पदद्वयमासाद्य प्राप्य यत्तेन भयेन पुनरीक्षितोऽस्मि ततः कारणादहं हतोऽस्मि ॥ ४० ॥

पताका—हे प्रभो ! अनन्त दुःखोंवाले सांसारिक भयको दूर करनेकी इच्छावाला मैं आपश्रीके शरणागतरक्षक चरणकमलको प्राप्त हुआ। तथापि वह भय मुझे नहीं छोड़ता है। अतः मैं अब मारा गया ॥४०॥

प्रकाशरूपे भवतः पदद्वये निवासमातन्वति मामके हृदि ।
कथं तमस्तिष्ठति तत्र चित्रमित्यहो विधेरेव हि दुर्विलासिता ॥४१॥

बा० बु० प्र० मामके हृदि मम हृदये प्रकाशरूपे भवतः पदद्वये निवासमातन्वति कुर्वति सति तत्र तमोऽन्धकारः कथं तिष्ठतीति चित्रमाश्चर्यम्। हीति निश्चये। अहो इति खेदे विमर्शे वा। विधेरेव दुर्विलासिता। विधिदुर्विलासितयैवैतद्भवति नान्यथा ॥ ४१ ॥

पताका—मेरे हृदयमें प्रकाशस्वरूप आपके कमलचरण निवास करते हैं तथापि आश्चर्य है कि वहां अन्धकार कैसे रहता है? निश्चयही भाग्यकी यह दुष्ट लीला है ॥ ४१ ॥

तवात्र नामापि जपन्सुमन्त्रवन्मनोबिलालीनमहाघभोगिनम् ।
सुखेन निष्काशयितुं समन्ततो जनः समीष्टे प्रणतो भवत्पदे ॥४२॥

बा० बु० प्र० अत्र संसारे तव सुमन्त्रवत् सुन्दरमन्त्रवन्नामजपन्नपि भवत्पदे समन्ततः प्रणतो जनो मनोबिले मनोरूपे बिले आलीनं सम्यग्गुप्तं महाघमेव भोगिनं सर्पं सुखेन निष्काशयितुं समीष्टे समर्थो भवति ॥ ४२ ॥

पताका—इस संसारमें सुन्दर मन्त्र समान जो पुरुष आपका नाम भी जप लेता है, तथा सब प्रकारसे आपके चरणकमलमें श्रद्धालु रहता है वह अनायासही मनरूपी बिलमें छिपकर बैठे हुये पापरूपी सांपको बाहर निकालनेमें समर्थ हो जाता है ॥ ४२ ॥

करोषि यस्मिन् हृदये मम प्रभो सदा निवासं शुचिनि श्रियः पते !
कथं सहेथा नयने निमील्य भो नतस्य तस्यैव मनोव्यथामिमाम्॥४३॥

बा० बु० प्र० हे प्रभो ! हे श्रियः पते ! मम यस्मिञ्छुचिनि पवित्रे हृदये सदा निवासं करोषि तस्यैव नतस्य नम्रस्य हृदयस्येमां मनोव्यथां मानसिकीं पीडां नयने नेत्रे निर्माल्य कथं सहेथाः ॥ ४३ ॥

पताका—हे प्रभो ! हे लक्ष्मीनाथ ! आप मेरे जिस पवित्र हृदयमें सर्वदा निवास करते हैं उसी नम्र हृदयकी आन्तरिक पीडाको आप आंखें बन्द करके कैसे सहन करते हैं ॥ ४३ ॥

सुरासुरासेवितपादपङ्कजं पुनाति ते नाथ जगत्रयं हि तत् ।
विचार्य किं नाथ सनाथयस्यदो न मां त्रिलोकीगतमेकमन्वहम्॥४४॥

बा० बु० प्र० हे नाथ ! हीति निश्चये, ते तव सुरासुरैः सेवितं पादपङ्कजं जगत्रयं पुनाति पवित्रयति । अथ तर्हि, तद् अदो जगत्रयपावनकरणसामर्थ्यं विचार्य त्रिलोकीगतं जगत्रयान्तर्गतमेकं मामन्वहं प्रतिदिनं किं न सनाथयसि नाथवन्तं करोषि ॥ ४४ ॥

पताका—हे नाथ ! सुर और असुर दोनोंसे पूजित आपके श्रीचरण तीनों लोकको पवित्र करते हैं । तब आप अपने इस सामर्थ्यका विचार करके त्रिलोकीके मध्यमेंही रहनेवाले मुझे क्यों नहीं सनाथ करते ? मेरे पापोंको दूरकर मुझे क्यों नहीं पवित्र करते ? ॥ ४४ ॥

निपीय ते नाथ वचः सुधामधादियं त्रिलोकी परमां पवित्रताम् ।
अहं परन्त्वेक इहावलोकये भवातिभीमार्णवभङ्गमग्नताम् ॥ ४५ ॥

बा० बु० प्र० हे नाथ ! त्रिलोकी जगत्रयं ते तव वचःसुधां वचनामृतं निपीय पीत्वा परमां पवित्रतामधादृतवान् । परन्त्वहमेवैक इह तव शरणे समागतोऽपि भवः संसार एवातिभीमो भयङ्करोऽर्णवः सागरस्तस्य भङ्गेषु तरङ्गेषु मग्नतामवलोकये ॥ ४५ ॥

पताका—हे नाथ ! आपके वचनामृतका पान करके तीनों लोक परम पवित्र हो गया है । केवल मैंही एक ऐसा हूं जो आपके शरणमें रहकरभी

कौन हो? कहां जाते हो? यहां कहां २ से आये हो? यह सब बताओ॥

स प्राह नाथ तव कीर्तिमनन्तपारा-
मावारिधेः परिगतां च निशम्य सम्यक्।
हे हे शरण्य शरणं हि समीहमान-
स्त्वत्पादमूलमिह केवलमागतोऽस्मि ॥ ३९ ॥

बा० बु० प्र० सोऽनन्तानन्दः प्राह। हे नाथ! अनन्तपारामावारिधेः समुद्रपर्यन्तं परिगतां तव कीर्तिं सम्यङ्निशम्य हे हे शरण्य! शरणं समीहमानो वाञ्छन्निह केवलं त्वत्पादमूलमागतोऽस्मि ॥ ३९ ॥

पताका—श्रीअनन्तानन्दजीने कहा कि हे नाथ और हे शरणप्रद! समुद्र पर्यन्त व्याप्त आपकी अनन्त कीर्तिको अच्छे प्रकार श्रवण करके आपके शरणकी इच्छा करता हुआ आपके चरणकमलमें मैं आया हूं

स प्रत्यवोचदतिहृद्यवचः पुनः स-
त्पादारविन्द सरयोस्तट आस्त चैकः।
ग्रामो महेशपुरमित्यभिधो द्विजेन्द्र-
स्तत्रैव राजति पिता मम भूकुबेरः ॥ ४० ॥

बा० बु० प्र० सोऽनन्तानन्दः पुनरतिहृद्यवचो मनोहरवचनं प्रत्यवोचत्। हे सत्पादारविन्द! सरयोस्तटे महेशपुरमित्यभिध इतिनामक एको ग्राम आस्ते। तत्रैव भूकुबेरः परमधनिको मम पिता राजति। सरयुशब्दो ह्रस्वोकारान्तोऽपि॥४०॥

पताका—श्रीअनन्तानन्दजी पुनः बोले कि हे सच्चरणकमल! सरयूजीके तटपर एक महेशपुर नामक ग्राम है। वहां परही पृथ्वीके कुबेर समान मेरे पिताजी निवास करते हैं ॥ ४० ॥

तस्याहमेव किल सूनुरभूवमस्मा-
त्प्राणाधिकः प्रियतमोऽस्मि च तस्य नाथ!
उद्वाहयोग्यवयसं प्रसमीक्ष्य तात-
स्तूर्णं सदारमिह मामदिदृक्षतासौ ॥ ४१ ॥

प्राप्ता । तस्मादहो यतिराज ! मम चेतः शाश्वतिकीमनपायिनीं शान्तिं समेतु प्राप्नोतु ॥ ४८ ॥

पताका—हे महेश्वर ! हे यतिराज ! इस जन्मरूपी जङ्गलमें अनन्त काल पर्यन्त भटकते हुये तथा पिपासासे व्याकुल हुये मैंने आज आपके वचनामृतरूप नदीको प्राप्त किया है । अतः मेरा मन अनन्त और अनपायिनी शान्तिको प्राप्त करे ॥ ४८ ॥

अभिष्टूयाचार्य्यं ललितपदजालैः स्तुतिपदै-
र्निमग्नः स्नेहाब्धावमलकमलाशोभिचरणे ।
पपातासौ भूपो यतिकुलपतेर्विह्वलतनु-
र्यतीशोत्थाप्यामुं शिरसि निहितं हस्तकमलम् ॥४९॥

व्या० बु० प्र० ललितानि मनोहराः पदजालानि पदसमूहा येषु तैः स्तुतिपदैराचार्यमभिष्टूय सर्वथा स्तुत्वा स्नेहाब्धौ प्रेमसागरे निमग्नोऽसौ भूपो विह्वल-तनुः सन् यतिकुलपतेः श्रीरामानन्दस्वामिनोऽमलकमल इवाशोभिनि समन्ता-च्छोभाशालिनि चरणे पपात । यतीशा भगवता श्रीरामानन्देनामुं भूपमुत्थाप्य शिरसि हस्तकमलं निहितं स्थापितम् । हस्तेन पस्पर्शेत्यर्थः ॥ ४९ ॥

पताका—सुन्दर पदोंसे युक्त स्तुतिसे श्रीस्वामीजी महाराजकी स्तुति करके प्रेमसागरमें डूबे हुये श्रीपीपाजी स्वामीजीके सुन्दर कमल समान चरणोंमें विह्वल होकर पड़ गये । श्रीस्वामीजीनेभी उठाकर उनके मस्तकपर अपना हाथ रखा ॥ ४९ ॥

प्रसन्नोऽहं वत्स श्रवणपथमानीय ललितां,
दिगन्ते विश्रान्तां हृदयरमणीयामतितमाम् ।
त्वदीयां सत्कीर्तिं सकलसुलभोत्सेकसलिलै-
रनास्पृष्टं त्वामित्यवददतितुष्टं मम मनः ॥ ५० ॥

बु० वा० प्र० आचार्य इति शेषः, इत्यवदत । इति किम् ? हे वत्स ! दिगन्ते दिशामन्ते चतसृषु दिक्ष्विति यावत्, विश्रान्तां विस्तृतामिति यावत्, ललितामतएव हृदयरमणीयां त्वदीयां सत्कीर्तिं सतीं शोभनां कीर्तिं श्रवणपथमानीय

आपत्तिमय गृहस्थाश्रमको छोड़कर विद्याध्ययन करना चाहता है॥ ४३ ॥

स ब्राह्मणो निजसुतं परिबोध्य सम्य-
ग्दृष्ट्वा च तं दृढतमं निजसद्विचारे ।
श्रान्तः समर्प्य यतये भवनं निवृत्तः,
कः प्रोज्झितुं क्षम इहास्ति हि दैवरेखाम् ॥ ४४ ॥

वा० बु० प्र० स ब्राह्मणो विश्वनाथशर्मा निजसुतमनन्तानन्दं सम्यक् परिबोध्य निजसद्विचारे स्वशुभसङ्कल्पे तं दृढतमं दृष्ट्वा श्रान्तः सन् यतये समर्प्य तमिति भावः, भवनं निवृत्तः । हि यतो दैवरेखां भाग्यलेखां प्रोज्झितुं दूरीकर्तुमिह कः क्षमः समर्थः ! ॥ ४४ ॥

पताका—वह ब्राह्मण श्रीविश्वनाथशर्मा अपने पुत्र अनन्तानन्दको बहुत समझाकर, स्वविचारमें सुदृढ़ देखकर, श्रान्त होकर, श्रीस्वामीजीको पुत्र अर्पण करके अपने घर लौट गये। सत्य है भाग्यके लेखको कोई नहीं मिटा सकता ॥ ४४ ॥

श्रीराममन्त्रमुपदिश्य रहस्यमस्मै,
श्रीमान्मुनीन्द्रचरणः शरणं निनाय ।
क्षिप्रं च वेदविधिना यतिराजराज-
स्तं बालकं किल समस्कृत शिष्यमग्र्यम् ॥ ४५ ॥

वा० बु० प्र० श्रीमान् यतिराजराजो मुनीन्द्रचरणः श्रीस्वामिरामानन्दः क्षिप्रं शीघ्रं वेदविधिना वेदविधानेन तं बालकमग्र्यं प्राथमिकं ज्येष्ठमिति यावत्, शिष्यं समस्कृत (पा० ६।१।१३५) वैष्णवोचितैः, पञ्चभिः संस्कारैः संस्कृतवान् । श्रीराममन्त्रं रहस्यं चास्मा उपदिश्य शरणं निनाय ॥ ४५ ॥

पताका—यतिराजराज श्रीस्वामीजी महाराजने वैदिक विधिसे वैष्णवोचित पञ्च सँस्कारोंसे उस बालक—प्रथम शिष्यको संस्कृत किया। पश्चात् श्रीराममन्त्र और रहस्यका उपदेश करके उन्हें अपने शरणमें ले लिया॥४५॥

अध्यापयन्मुनिवरः सकला हि विद्या-
स्तं सोऽपि शीघ्रमुपलेभ उदात्तबुद्धिः ।

श्री संप्रदाय प्रधानाचार्य जगद्गुरु श्री १००८
श्रीमद्रामानन्दाचार्य्यजी महाराज

श्रीपीपाजी महाराज

गाङ्गरौनगढ़में श्रीपीपाजी महाराजके यहां अतिथि रूपमें
श्रीस्वामीजी महाराज पधारे हैं ।

श्रीरामानन्द दिग्विजय १० सर्ग, ५० श्लोक

अथैकादशः सर्गः

अथ संविधाय विधिमुग्रतपा निखिलं च सान्ध्यमहरादियुगे ।
समलंचकार रविणा च समं जगदर्हणीयपदमाशु यतिः ॥ १ ॥

वा० वु० प्र० अथ रात्रिनयनानन्तरमुग्रतपा महातपस्वी यतिः श्रीरामानन्दस्वाम्यहरादियुगे अह्न आदियुगे प्रारम्भे प्रातःकाल इत्यर्थः, निखिलं सर्वं सान्ध्यं सन्ध्योपासनादिकं विधिं संविधाय रविणा सूर्येण समं सह जगतामर्हणीयं पूजनीयं पदं सिंहासनमाचार्य्यासनमित्यर्थ एकत्र, अन्यत्र विष्णुपदमाकाशमित्यर्थः, आशु समलञ्चकार ॥ प्रमिताक्षराछन्दः ॥ १ ॥

पताका—रात्रि व्यतीत हो जानेके बाद उग्र तपवाले यतीश्वर श्रीस्वामीजी महाराज प्रातःकाल—ब्राह्ममुहूर्तमें सम्पूर्ण सन्ध्यावन्दनादि विधि पूर्ण करके सूर्य भगवान्के साथ २ संसारभरके पूजनीय आसनपर विराजमान हुये । सूर्यभगवान् आकाशमें और श्रीस्वामीजी महाराज महार्घ्य सिंहासन पर आसीन हुये ॥ १ ॥

समधिष्ठितं च निजयोग्यतया सकलैस्तदीयचरणानुचरैः ।
परधामनीर्भवति या पदवी करुणाकरोपदिश तामधुना ॥ २ ॥
इति मूर्द्धसन्निहितहस्तपुटः सदसि स्थितस्तदनु कोऽपि नरः ।
विनयं विधाय ननु मौनमगादुपदेष्टुमारभत योगिवरः ॥३॥ युग्मम्॥

वा० वु० प्र० निजयोग्यतया योग्यताक्रमेणेतिभावः, सकलैः सर्वैः कलाभिः सहितैर्वा तदीयचरणानुचरैः श्रीस्वामिचरणानुयायिभिः समधिष्ठितं सम्यक्स्थितमुपविष्टमित्यर्थः । तदनु ततः पश्चात्सदसि समायां स्थितः कोऽपि नरो मूर्द्धसन्निहितहस्तपुटः शिरसि बद्धाञ्जलिः सन्निति विनयं विनतिं विधाय कृत्वा मौनमगात्तूष्णीं बभूव । इति किम् ? हे करुणाकर ! या पदवी मार्गः परधामनीः साकेतप्रापको भवति मोक्षदायको भवतीति भावस्तां सरणिमधुनेदानीमुपदिश । योगिवरः श्रीस्वामिरामानन्द उपदेष्टुमारभत तं मार्गमिति शेषः ॥ २ ॥ ३ ॥

पताका—अपनी २ योग्यतासे श्रीस्वामीजीके सब सेवक बैठ गये । उस सभामें किसीने हाथ जोडकर प्रार्थना की कि महाराज श्रीसाकेत लोक

—मुक्तिको प्राप्त कराने वाले मार्गका कृपया श्रीमान् उपदेश करें। इतना कहकर वह चुप हो गया। पश्चात् श्रीस्वामीजी महाराज उपदेश करना आरम्भ किये ॥ २ ॥ ३ ॥

अमृतं पिपासति जनो विरलो विरलश्च वष्टि तदुपाययितुम् ।
यदि वाञ्छथ श्रवणमान्तरतो विषयस्य चास्य शृणुत प्रवणाः ॥४॥

व्या० वृ० प्र० श्रीयतिराज उवाच । विरलः कोऽप्येव जनोऽमृतं पिपासति पातुमिच्छति । विरलश्च जनस्तमपाययितुं वष्टि इच्छति । यदि यूयमान्तरतो हार्दिकभावतोऽस्य विषयस्य श्रवणं वाञ्छथ तर्हि प्रवणाः विनयविनम्राः सन्तः शृणुत ॥ ४ ॥

पताका—श्रीस्वामीजी महाराज बोले कि संसारमें अमृत पीनेकी इच्छा वालेभी थोड़े हैं तथा अमृत पिलानेकी इच्छावाले भी विरलेही होते हैं। अतः यदि तुम लोगोंको इस विषयके सुननेकी इच्छा हो तो विनीतभावसे श्रवण करो ॥ ४ ॥

रघुनाथ धामगमनं हि मता किल वैष्णवी सततमुक्तिरहो ।
समवेत चात्र सरणिं द्विविधां भजनं हरेः प्रपदनं च तथा ॥ ५ ॥

व्या० वृ० प्र० अहो ! हीति पदार्थः । रघुनाथधामगमनमेव वैष्णवी सततमुक्तिर्मता । मुक्तिस्त्रिविधदुःखानामात्यन्तिकी निवृत्तिः । औषधादिभिरपि दुःखानां निवृत्तिर्दृश्यते परन्तु न सा मुक्तिः । पुनस्तेषामुज्जीवनस्य दृष्टत्वात् । अतः सततमुक्तिः सार्वकालिकत्रिविधदुःखविरहरूपा मुक्तिस्तु श्रीरामधामगमनमेव । अत्र मुक्तिविषये द्विविधां द्विप्रकारां सरणिं मार्गं समवेत जानीत । हरेः श्रीरामस्य भजनं तथा तस्यैव प्रपदनं च । प्रपदनं प्रपत्तिः । एवं च भक्तिः प्रपत्तिश्चेमौ मार्गौ भगवद्धामनेतारौ ॥ ५ ॥

पताका—श्रोतृ वर्ग ! भगवान् श्रीरामचन्द्रजी महाराजके धाम—साकेतलोक गमनकोही वैष्णवी मुक्ति कहते हैं। उस मुक्तिके दो मार्ग हैं। भक्ति और प्रपत्ति ॥ ५ ॥

नियताधिकारमिह पूर्वगतं सकलाधिकारमथ पश्चिमगम् ।
अतिहाय तेन किल तत्प्रथमं चरमं हि वर्णयितुमारभणम् ॥ ६ ॥

बा० बु० प्र० इह द्विविधमार्गे भक्तिप्रपत्तिरूपे पूर्वगतं भक्तिरूपं वर्त्म नियताधिकारं द्विजमात्रैकसेव्यमितिभावः । अथ पश्चिममन्तिमं प्रपत्तिरूपं वर्त्म सकलाधिकारं सर्वजनसेव्यमिति भावः । तेन तत्प्रथमं भक्तिरूपं वर्त्मातिहाय परित्यज्य चरमं प्रपत्तिरूपं वर्णयितुमुपदेष्टुमारभणमारम्भोऽस्तीति शेषः ॥ ६ ॥

पताका–भक्ति और प्रपत्ति इन दोनों मार्गोंमेंसे प्रथम–भक्तिमार्ग नियताधिकार अर्थात् द्विजमात्रके लिये सेवनीय है। और अन्तिम अर्थात् प्रपत्तिमार्ग सर्व जनके लिये सेवनीय है। अतः मैं अन्तिम–प्रपत्तिकाही वर्णन आरम्भ करता हूं।

तात्पर्य यह है कि श्रुति कहती है कि—"तमेव विदित्वाऽतिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यते अयनाय" (श्वे० ३।८) "विद्ययाऽमृतमश्नुते" (ईशावास्योप० १४) अर्थात् ब्रह्मापरपर्याय भगवान् श्रीरामचन्द्रके यथार्थ ज्ञानके अतिरिक्त मोक्षका अन्य साधन नहीं है। तथा विद्यासेही अमृत–मोक्षको जीव प्राप्त होता है। इस श्रुतिके साथ विरोध परिहार करनेके लिये भक्ति शब्दसे श्रुत्युक्त अन्तरक्षिविद्या, अन्तरादित्यादि ब्रह्मविद्याओंका ही ग्रहण है। भक्तिको ही वेदन, ध्यान, उपासना आदि शब्दोंसे बोधित करते हैं। यही भक्तियोग परमपुरुषकी प्राप्तिका उपायभूत है। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि, भक्तियोगके ये आठ अङ्ग हैं। इस भक्तियोगमें तैलधाराके समान अविच्छिन्न स्मृतिसन्तान बना रहता है अतएव यह तद्रूपही है। यमादिका लक्षण योगदर्शनमें पतञ्जलिने इस प्रकार लिखा है। "अहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहा यमाः" (यो० २।३०) "शौचसन्तोषतपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि नियमाः" (यो० २।३२) "स्थिरसुखमासनम्" (यो० २।४६) "तस्मिन् सति श्वासप्रश्वासयोर्गतिविच्छेदः प्राणायामः" (यो० २।४९) "स्वविषयासम्प्रयोगे चित्तस्य स्वरूपानुकार इवेन्द्रियाणां प्रत्याहारः" (यो० २।५४) "देशबन्धश्चित्तस्य धारणा" (यो० ३।१) "तत्र प्रत्ययैकतानता ध्यानम्" (यो० ३।२) "तदेवार्थमात्रनिर्भासं

स्वरूपशून्यमिव समाधिः" (यो० ३।३)। इन सूत्रोंका अर्थ क्रमसे इस प्रकार है।

अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और परिग्रह ये पांच यम कहाते हैं।

अहिंसा–स्व स्व आश्रम विहित जो शौच, स्नान, अग्निहोत्रादि, तथा भगवदर्चा निमित्त पुष्पच्छेदनादिके अतिरिक्त सर्वदा समस्त प्राणियोंके साथ सर्वथा द्रोह न करनेको–अथवा पीडा न देनेको अहिंसा कहते हैं।

सत्य–स्वयं जैसा देखा हो, जैसा अनुमान किया हो, जैसा सुना हो वैसाही अन्यके प्रति कह देना अर्थात् वाणी और मनको समान कर देनेको सत्य कहते हैं। जैसा और जो मनमें हो वैसाही और वही कह देना सत्य कहा जाता है। परन्तु ऐसे सत्यमें यदि भूतोपघात–पर–प्राणि-पीडा होती हो तो नहीं बोलना चाहिये। ऐसे दुःखद प्रसङ्गमें मौन धारण करनाही श्रेयस्कर है। अतएव मनुने कहा है कि—

'सत्यं ब्रूयात्प्रियं ब्रूयान्न ब्रूयात्सत्यमप्रियम्।'

सत्य यदि प्रिय हो तो उसे बोलो परन्तु यदि अप्रिय हो तो न बोलो।

अस्तेय–अशास्त्रीय रीतिसे पर द्रव्यके हरण करनेको स्तेय–चोरी कहते हैं। शास्त्रीय रीतिसे परद्रव्यग्रहणको अस्तेय कहते हैं। लोगोंकी वञ्चना करनेके लिये, अन्तरज्ञान तथा भक्तिभावसे शून्य आचारविचारसे रहित होकर कितनेही लोग जो जटा, विभूति आदि धारण करके साधु वेष बनाकर परद्रव्यापहरण करते हैं वहभी चोरीही है। तात्पर्य यह है कि स्पृहाशून्य होकर शास्त्रीय मर्यादाके द्वारा स्वनिर्वाह मात्रके लिये जो पर–द्रव्य–स्वीकार है उसे अस्तेय कहते हैं।

ब्रह्मचर्य–अष्ट विध मैथुन अर्थात् स्त्रियोंका स्मरण, कीर्तन, केलि, प्रेक्षण, गुह्यभाषण, सङ्कल्प, अध्यवसाय और क्रियानिर्वृत्तिसे नितान्त पृथक् रहनेका नाम ब्रह्मचर्य है। प्रेक्षणके निषेधमें राग सहित, पतित दृष्टिसे

अवलोकनकाही निषेध है। धर्मदृष्टिसे किसीभी दशामें देख लेना ब्रह्मचर्य का विघातक नहीं है। अतएव जब श्रीहनुमान्‌जी लङ्कामें श्री महाराणीजी-को ढूंढते हुये रावणके अतःपुरमें गये हैं और वहां पर अस्त व्यस्त निद्रित स्त्रियोंको देखा है तब प्रथम उनको बहुत पश्चात्ताप हुआ। उन्होंने कहा—

"परदारावरोधस्य प्रसुप्तस्य निरीक्षणम्।
इदं खलु ममात्यर्थं धर्मलोपं करिष्यति ॥"
"न हि मे परदाराणां दृष्टिर्विषयवर्तिनी।
अयं चात्र मया दृष्टः परदारपरिग्रहः ॥"

"यह जो मैंने सोती हुई परस्त्रीका अवलोकन किया है वह मेरे धर्मका अत्यन्त लोप करेगा।" मेरी दृष्टि परस्त्रीकी ओर कभीभी नहीं जाती थी। आजही मैंने ऐसा किया है।" इतना पश्चात्ताप कर लेनेके पश्चात् अन्तमें उन्होंने कहा—

"कामं दृष्टा मया सर्वा विश्वस्ता रावणस्त्रियः।
न तु मे मनसा किञ्चिद्वैकृत्यमुपपद्यते ॥
मनो हि हेतुः सर्वेषामिन्द्रियाणां प्रवर्तने।
शुभाशुभास्ववस्थासु तच्च मे सुव्यवस्थितम् ॥"

मैंने रावणकी समस्त स्त्रियोंको अच्छे प्रकारसे देखा है परन्तु मेरे मनमें किञ्चिन्मात्रभी विकार उत्पन्न नहीं हुआ है। सम्पूर्ण इन्द्रियोंको शुभ और अशुभ मार्गमें प्रवृत्त करानेवाला मनही है परन्तु वह अभी तक सुव्यवस्थित है। इससे सिद्ध है कि कुदृष्टिसे अवलोकन करनाही ब्रह्मचर्य-का नाशक है।

अपरिग्रह—हिंसादि असंख्य दोषोंके देखे जानेसे पदार्थका स्वीकार न करना अपरिग्रह कहलाता है। अथवा आवश्यकतासे अधिक पदार्थोंका संग्रह न करना अपरिग्रह है।

शौच, सन्तोष, तपः, स्वाध्याय, ईश्वर प्रणिधान ये पांच नियम कहलाते हैं।

शौच दो प्रकारका होता है। बाह्य और आभ्यन्तरिक। बाह्य शौच उसे कहते हैं जो मृत्तिका और जलादिसे शरीरकी शुद्धि की जाती है तथा गोमूत्र, यवागू, उपवास, मेध्याभ्यवहरण—पवित्र वस्तुओंका भक्षण किया जाता है।

चित्तके रागद्वेषादि मलोंके प्रक्षालन करनेका नाम आभ्यन्तर शौच है।

सन्तोष—अत्यावश्यक प्राणयात्रानिर्वाहक विद्यमान साधनसे अतिरिक्तिकी लिप्सा न करनेको सन्तोष कहते हैं।

तपः—जिघत्सा—खानेकी इच्छा, पिपासा—पीनेकी इच्छा, शीत—उष्ण, स्थान—आसन, एकादशी, चान्द्रायणादि व्रत, ये सब तप कहे जाते हैं।

स्वाध्याय—वेदान्त, श्रीवाल्मीकिरामायण, श्रीमद्वाल्मीकि संहिता, अगस्त्यसंहिता आदि मोक्ष शास्त्रोंका अध्ययन स्वाध्याय कहा जाता है।

ईश्वरप्रणिधान—परम गुरु भगवान् श्रीरामचन्द्रजीमें समस्त कर्मोंका अर्पण ईश्वर प्रणिधान कहा जाता है।

स्थिर—निश्चल, सुख—सुखकर हो वैसा **आसन** करना चाहिये। पद्मासन, वीरासन आदि आसनोंमेंसे जिससे स्थिरता और सुखपूर्वक बैठा जावे वही आसन करना चाहिये।

आसनके सिद्ध होने पर श्वास और प्रश्वासकी गतिके विच्छेदन करनेको **प्राणायाम** कहते हैं।

प्राणायाम मानवजातिके लिये एक अत्यावश्यक वस्तु है। इससे शारीरिक और आत्मिक दोनोंही उन्नति होती हैं। बन्ध और मोक्षके कारणभूत मनका निग्रहभी इसीके द्वारा ठीक २ होता है। योगियोंका कथन है कि—

" प्राणायामेन योगीन्द्रो लब्ध्वैश्वर्याष्टकानि वै ।
पापपुण्योदधिं तीर्त्वा त्रैलोक्यचरतामियात् ॥ "

अर्थात् योगीन्द्र लोग प्राणायामके द्वारा अणिमा, गरिमा, लघिमादि अष्ट सिद्धियोंको प्राप्त होकर तथा पाप पुण्यसे पृथक् होकर तीनों लोकोंमें स्वेच्छा विहार करते हैं। तथा—

" प्राणायामेन सिद्धेन सर्वव्याधिक्षयो भवेत् ।"

जो मनुष्य प्राणायामको भले प्रकार सिद्ध कर लेता है उसके सम्पूर्ण व्याधियोंका नाश हो जाता है। परन्तु—

" अयुक्ताभ्यासयोगेन सर्वव्याधिसमुद्भवः । "

यदि उचित रीतिसे प्राणायामका अभ्यास न किया गया हो, आहार, विहारादिमें संयमका पालन न किया गया हो तो सम्पूर्ण व्याधियोंकी उत्पत्तिभी हो जाती है। लिखा है कि—

" हिक्का श्वासश्च काशश्च शिरःकर्णाक्षिवेदना । "
भवन्ति विविधा रोगाः पवनस्य व्यतिक्रमात् ॥

यदि प्राणायामकालमें वायुका व्यतिक्रम हो जावे तो हिक्का–हिचकी, श्वास, –काश खांसी, शिरोवेदना, कर्णवेदना और अक्षिवेदना आदि विविध रोग उत्पन्न हो जाते हैं।

अनुभवी महात्माओंका कथन है कि—

" स्वेदः संजायते देहे योगिनः प्रथमोद्यमे ।
यदा संजायते स्वेदो मर्दनं कारयेत्सुधीः ।
अन्यथा विग्रहे धातुर्नष्टो भवति योगिनः ॥ "

प्राणायामके प्रथम कालमें योगियोंके शरीरमें स्वेद–पसीना आ जाता है। उसका प्रोक्षण नहीं करना चाहिये। किन्तु शरीरमेंही मर्दन करा देना चाहिये। नहीं तो शरीरके धातु नष्ट हो जाते हैं।

गोरक्ष तथा घेरण्डादिके मतानुसार आठ प्रकारके प्राणायाम हैं। परन्तु नाममें अन्तर हुआ है। गोरक्ष कहते हैं—

"सहितः सूर्यभेदश्च उज्जायी शीतली तथा।
भस्त्रिका भ्रामरी मूर्छा केवली चाष्टकुम्भिका॥"

सहित, सूर्यभेद, उज्जायी, शीतली, भस्त्रिका, भ्रामरी, मूर्छा और केवली ये आठ भेद प्राणायामके हैं। घेरण्ड कहते हैं—सूर्यभेदन, उड्डीयान, शीत्कार, शीतली, भस्त्रिका, भ्रामरी, मूर्छा और प्लाविनी इस प्रकारसे आठ भेद हैं।

इन्द्रिय अपने २ विषयोंके असम्प्रयोग—असनिकर्षकालमें अर्थात् ध्यानादिमें चित्तकी समानाकारताको जो प्राप्त होते हैं उसेही **प्रत्याहार** कहते हैं। जितेन्द्रिय पुरुषके चक्षुरादि इन्द्रिय ध्यानकालमें चित्तके साथ तुल्याकार हो जाते हैं। चित्त जिस ध्येयका ध्यान करता है, इन्द्रियभी ताद्रूप्यको प्राप्त करते हैं। स्वतन्त्ररूपसे वह मनके साथ मिलकर विषयान्तरका सङ्कल्प नहीं करते। इसीका नाम समानाकारता है।

नाभिचक्र, हृदयपुण्डरीक, मूर्द्धा, नासिकाग्र आदि प्रदेशमें विषयान्तरका परित्याग करके जो चित्तकी एकाग्रता सम्पादन करना है उसे **धारणा** कहते हैं।

उस देशमें द्विभुज भगवान् श्रीरामचन्द्रजीका अन्य वृत्तियोंके व्यवधानसे रहित जो तदाकार वृत्ति प्रवाह है उसे **ध्यान** कहेते हैं।

जहां ध्याता, ध्यान, आदिके विभागकी शून्यता जैसी हो जाती है है तथा ध्येय मात्रमें चित्त एकाग्र हो जाता है अर्थात् ध्येयमात्राकार हो जाता है उसे **समाधि** कहते हैं।

परन्तु इस औपनिषद भक्तिका अधिकारी केवल द्विज हो सकते हैं। क्यों कि यह ब्रह्मविद्या शूद्रोंके लिये अदेय है। तथा ब्रह्मसूत्रके अपशूद्रा-

धिकरणमें इसके दानका निषेधभी है। इस विद्याके नियत तीनही अधिकारी होनेसे यह नियताधिकार है। अतः इसे छोड़कर सर्वाधिकार प्रपत्तिका निरूपण आचार्यने किया।

यहां इतना स्मरण रहे कि आचार्यने जो भक्तिको नियताधिकार लिखा है वह केवल औपनिषद ब्रह्मविद्यारूप भक्तिको ही। परन्तु पौराणिक नवधा भक्ति–जिसमें अर्चन वन्दन आदि सम्मिलित हैं उनको नियताधिकार नहीं बताया है। वहभी प्रपत्तिके समानही सर्वाधिकार है। अतएव जात्यादिनिकृष्ट गजेन्द्र, शबरी, गुह, कपि, प्रह्लाद, आदिका पवित्र नाम परम भक्तोंकी श्रेणीमें उल्लिखित है। अपरकालमें भी मीराबाई आदि स्त्रीभक्त तथा रविदासादि शूद्र भक्त हो चुके हैं। अतएव गीताचार्यने लिखा है कि–

मां हि पार्थ व्यपाश्रित्य ये ऽपि स्युः पापयोनयः।
स्त्रियो वैश्यास्तथा शूद्रास्तेऽपि यान्ति परां गतिम्॥

भगवत्प्राप्तिके लिये शास्त्रमें कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग और प्रपत्तियोग बताए गये हैं। परन्तु पूर्वके दो मार्ग बहुत कठिन है। कहीं भी, किञ्चिन्मात्रभी विधिवैगुण्य हुआ तो पतन निश्चित है। पुनः उसी चक्रमें आकर भ्रमण करना पड़ता है। भक्तियोगमें भी तारतम्य है। भक्तिकी अपरिपूर्णतामें यद्यपि पतन नहीं है तथापि शीघ्र मुक्ति नहीं है। अधिक कालकी अपेक्षा रहती है। परन्तु जिन्हें संसारका दुःख असह्य है, एक क्षण भरभी इसे नहीं सह सकते वह अत्यन्त वैराग्यवान् होकर, निःशेष पदार्थोंसे परम विरक्त होकर भगवत्प्रपन्न होते हैं। उनके लिये प्रपत्तिके अतिरिक्त अन्य मार्ग है ही नहीं। भक्तिमें प्रारब्ध–कर्मका भोग अवश्य करना पड़ता है परन्तु प्रपत्ति प्रारब्ध–कर्मकाभी नाश कर देती है। अतएव श्रीमदाचार्य्य चरणने वैदिक भक्तिको नियताधिकार समझकर, पौराणिक भक्तिको आर्तप्रपन्नका अनुपादेय समझकर सर्वसुलभ, सर्वाधिकार

सर्वगम्य प्रपत्तिमार्गका निरूपण किया है। प्रपत्ति, शरणागति और न्यास यह सब पर्याय हैं ॥ ६ ॥

नहि विद्यते गतिरिहाद्य ममोद्गमनाय कापि सुलभाऽसुलभा ।
जगदीश केवलमलं विमलं तव पादकञ्जमधिका सुगतिः ॥ ७ ॥

वा० बु० प्र० हे जगदीश ! अद्येहोद्गमनायोर्द्ध्वगमनाय कल्याणाय मोक्षायेत्यर्थः, मम कापि सुलभा सुगमाऽऽसुलभाऽऽसुगमा प्राप्यापि प्राप्या वा गतिर्न विद्यते । केवलमलमत्यन्तं विमलं निर्मलं तव पादकञ्जं चरणकमलमधिका सुगतिः शोभनगतिः ॥ ७ ॥

पताका–हे जगदीश ! आज मेरे ऊर्ध्वगति–कल्याण अथवा मोक्षके लिये सुलभ–अथवा अ-सुलभ कोईभी मार्ग नहीं है। केवल आपके अत्यन्त निर्मल चरणकमलही मेरी सर्वश्रेष्ठ गति हैं ॥ ७ ॥

अगतेस्त्वमेव गतिरत्र विभो शरणं शरण्य करवाणि पदम् ।
तव याचनं तदमुना विधिना शरणागतिश्च भवतीदमपि ॥ ८ ॥

वा० बु० प्र० हे विभो ! अत्रागतेर्गतिशून्यस्य त्वमेव गतिः । हे शरण्य ! तव पद शरणं करवाणि । इदममुना विधिना याचनमपि शरणागतिर्भवति॥

पताका–हे विभो ! अगति–गतिरहितके आपही गति हैं। हे शरण्य ! आपके चरणकमलको मैं शरण बनाता हूं। इस प्रकारसे याच्ञा करनेकोभी शरणागति कहते हैं ॥ ८ ॥

अपराधकोटिशरणं शरणागतिरस्मि मे सुहृदकिञ्चनता ।
भवतात्त्वमेव भवबन्धभिदाविधितीर्थराजपदवीपदवी ॥ ९ ॥

वा० बु० प्र० हे शरण ! अहमपराधकोटीनां शरणं गृहं स्थानमिति यावत्, अस्मि । अगतिर्नगतिर्यस्यैवंभूतोऽस्मि । अकिञ्चनता दरिद्रता मे मम सुहृदस्ति । अतस्त्वमेव भवबन्धस्य भिदाया विनाशस्य विधौ तीर्थराजस्य प्रयागस्य पदवीमार्गस्तस्य पदवी तुल्यो भवतात् ॥ ९ ॥

पताका–हे शरण ! मैं करोड़ों अपराधोंका पात्र हूं। अगति हूं। दरिद्रताही मेरा मित्र है। अतः इस संसारके बन्धनको काटनेके लिये जैसे

तीर्थराज प्रयाग है वैसेही मेरे पापरूप बन्धनके उच्छेद करनेवाले श्रीमान् हो जाइये ॥ ९ ॥

मम शक्तिरस्ति न निजोद्धरणे तत एव सर्वग भरन्यसनम् ।
तव पादयोरकृपि सर्वगते ह्यधुना निजार्पणमथो युगले ॥ १० ॥

वा० बु० प्र० अथो हे सर्वग ! हे सर्वगते ! सर्वशरण ! अधुना निजोद्धरणे स्वोद्धाराय मम शक्तिर्न । तत एव हेतोस्तव पादयोश्चरणयोर्युगले द्वन्द्वे निजार्पणरूपं भरन्यसनं भरन्यासमकृपि कृतवान् ॥ १० ॥

पताका—हे सर्वव्यापक ! हे सर्व शरण ! अब मेरे उद्धारके लिये मुझमें शक्ति नहीं है । अतएव आपके चरणकमलद्वन्द्वमें मैंने अपना अर्पण रूप भरन्यास किया है । सर्वथा अपनेको प्रभुके अर्पण कर देनेका नाम भरन्यास है ॥ १० ॥

अनुकूलताप्रणयनं सततं प्रतिकूलतात्यजनमेव च वा ।
वरणं च विश्वसनमूर्जितकं शरणागतेः कृपणताङ्गमिति ॥ ११ ॥

वा० बु० प्र० "अनुकूलस्य सङ्कल्पः प्रतिकूलस्य वर्जनम् । रक्षिष्यतीति-विश्वासो गोप्तृत्ववरणं तथा ॥ पञ्चमं कृपणत्वं च" इत्याद्यभिहितानि प्रपत्तेरङ्गानि बोधयति । अनुकूलताया आनुकूल्यस्य प्रणयनं रचनमानुकूल्यसम्पादनमिति यावत् । प्रतिकूलतायास्त्यजनं त्यागः प्रातिकूल्यवर्जनमिति यावत् । विश्वसनं विश्वासोऽयं मद्रक्षणक्षम इति विश्वास इत्यर्थः । वरणं स्वीकरणम् । अयं मम गोप्ता भवत्विति-वरणमिति भावः । कृपणता दीनता च शरणागतेरङ्गमिति । प्रत्येकमङ्गत्वसंमासये-ऽङ्गमित्युपादानम् ॥ ११ ॥

पताका—अब प्रपत्तिके पांच अङ्गोंका निरूपण करते हैं। भगवान्‌की अनुकूलताका प्राप्त करना, प्रतिकूलताका त्याग, 'भगवान् मेरी रक्षा कर सकेंगे' ऐसा विश्वास, प्रभुही मेरी रक्षा करनेवाले हों इस प्रकारसे उनका अङ्गीकार, और दीनता ये प्रपत्तिके पांच अङ्ग हैं ॥ ११ ॥

विवृतिः पृथक् पृथगलं क्रियते शरणागतेरवयवस्य मुदा ।
शृणुतावधानमनसा सकलाः सकलाधितापशमनाय किल ॥ १२ ॥

वा० बु० प्र० शरणागतेः प्रपत्तेरवयवस्याङ्गस्य पृथक् पृथक् अलं यथा तज्ज्ञानं स्यात्तथेति भावः, विवृतिर्विवरणं क्रियते । सकलाः सर्वे यूयं अवधानेन मनसा सकलानामधितापानाम्महादुःखानां शमनाय शान्त्यै शृणुत ॥ १२ ॥

पताका—शरणागति अर्थात् प्रपत्तिके पांचों अङ्गोंका पृथक् २ विवरण करता हूं । तुम सब लोग त्रिविध ताप निवृत्तिके लिये सावधान मनसे उसका श्रवण करो ॥१२॥

शरणं हि यं स्वमनसा नियतं तदनुज्ञया व्यवहृतेर्नितराम् ।
करणं सदा च भजनं हृदये ह्यनुकूलतेति विबुधैः कथिता ॥१३॥

पताका—जिसको मनसे अपना शरण नियत कर लिया, तब उसीकी आज्ञासे सब व्यवहार करना, उसीका हृदयमें सदा भजन करना, इसे ही विद्वानोंने अनुकूलता कही है ॥१३॥

श्रुतिगर्भसंविहितकृत्यचये रतिधारणं च विरतिर्मनसि ।
प्रतिषिद्धकर्मणि सदा विबुधैः प्रतिकूलतेति कथिता सकलैः ॥१४॥

पताका—श्रुतिविहित कर्मोंमें स्वमनमें वैराग्य धारण करना और प्रतिषिद्ध कर्मोंमें अनुराग रखना इसे सब विद्वानोंने प्रतिकूलता कहा है ॥१४

प्रभुशास्तिरत्र दलिता भवति भ्रमतोऽपि केनचिदलं हि तदा ।
भवति प्रपत्तिरनघा विहता पुनरेति तद्भवभवे कलिले ॥१५॥

पताका—यदि कोई प्रपन्न भ्रमसे भी प्रभुकी आज्ञाका उलंघन कर दे तो उसकी प्रपत्ति सर्वथा नष्ट हो जाती है और वह पुनः संसारजन्य दुःखमें आकर पड़ता है ॥१५॥

भवतात्त्वमेव मम चोपयनं जगदीश रक्ष शरणे पतितम् ।
इतिचार्थनं हृदयतः प्रति तं कथयन्ति पण्डितजना वरणम् ॥१६॥

पताका—हे जगदीश ! आप ही हमारे उपाय बन जावो । शरण पड़ेकी रक्षा करो ! इस प्रकारसे प्रभुके प्रति प्रार्थना करनेको विद्वान् लोक वरण कहते हैं ॥१६॥

मम रक्षणे प्रभुरयं कुशलो विपदां निपातसमये विषमे ।
हृदये स्वके प्रतिपलं नितरां दृढभावना भवति विश्वसितिः ॥१७॥

पताका—विपत्तिके निपातसमयमें, विषम दशामें, यह प्रभु मेरी रक्षा करनेमें समर्थ हैं इस प्रकारसे प्रतिक्षण अपने हृदयमें दृढ भावनाको विश्वास कहते हैं ॥१७॥

मम च प्रभुः किल दयावशगः परमोऽस्त्युदार इति भावनया ॥
मम रक्षणे च सुतरां क्षमतां दधतेतरामिति हि विश्वसनम् ॥१८॥

पताका—पुनः विश्वासका ही निरूपण करते हैं । मेरे प्रभु बहुत दयालु और उदार हैं । मेरी रक्षा करनेमें अत्यन्त सामर्थ्य रखते हैं । इस प्रकारकी भावनाको विश्वास कहते हैं ॥१८॥

मदमेयपातकनिपुञ्जगिरिर्भविता कथं ननु भिदापथगः ।
यदि भेदनं भवतु तस्य न वा कथमापयिष्यति निजं स पदम् ॥१९

पताका—मेरे अनन्त पापोंका समूहरूप पर्वत इन प्रभुसे कैसे टूटेगा ? यदि पाप नष्ट न हो सके तो वह अपना परम पद मुझे कैसे देंगे ? ॥१९॥

यदि कोऽपि नैजहृदये रचनां विदधाति संशयपरीतमनाः ।
स उपायतः पतित एव भवेत्पुनरेष्यतीह भवभीतिभरे ॥२०॥

पताका—इस प्रकारसे यदि कोई संशयात्मा अपने हृदयमें विचार करता है तो वह उपायसे पतित हो जाता है और पुनः इस संसारके भयमें आकर पड़ता है ॥२०॥

अहमस्मि पापनिरतः सततं गुरु चास्ति वाञ्छितमिदं परमम् ।
मम दास्यतीह तदलं स कथं त्वितिसंशयान उपयाति भवम् ॥२१॥

पताका—मैं तो सर्वदा पापमें ही लीन रहता हूं और परम पदकी प्राप्तिरूप जो मेरा इष्ट है वह तो बहुत बड़ा है । उसे वह प्रभु कैसे देंगे ? इस प्रकार संशय करनेवाला भी पुनः संसारमें पड़ता है ॥२१॥

जननी न वा न जनकोऽपि मम न च बन्धुता सुतसुतादि न वा।
तव नाथ केवलमिदं युगलं स्वजनार्तिहृच्चरणयोः शरणम् ॥२२॥

पताका–हे नाथ ! माता, पिता, भाई, सुत, सुता आदि मेरा कोई रक्षक नहीं है। केवल स्वभक्तोंके दुःखोंको दूर करनेवाले ये दोनों आपके चरण ही मेरे शरण हैं ॥२२॥

गतिरस्ति नैव रघुनाथ परा प्रविहाय ते चरणपादयुगम्।
अयि वीक्ष्यतां नु मदकिञ्चनता तदनूद्धरातिकृपणं स्वजनम् ॥२३॥

पताका–हे श्री रघुनाथ ! आपके चरणकमल युग्मको छोड़कर मेरी अन्य गति नहीं है। हे नाथ ! मेरी दीनताकी ओर देखिये और पश्चात् अत्यन्त दीन स्वजनका उद्धार कीजिये ॥२३॥

इति सर्वथैव परमेशपदे स्वमनो निधाय तदसाधनताम्।
प्रकटय्य तस्य हि पुरो वसतिं विदुषांवरा कृपणतां ब्रुवते ॥२४॥

पताका–उपर्युक्त प्रकारसे परमेश्वरके चरणोंमें अपने मनको स्थापन करके अपनी उस असाधनताको प्रगट करके प्रभुके सामने ही रहनेको विद्वद्वर्य कृपणता कहते हैं ॥२४॥

भवमाप्य भक्तगण चङ्क्रमणं स विदादधीत्यगणितं बहुशः।
इह जीव एत्य पुनरात्मकृतेः फलमेति मानवतनुं क्वचन ॥२५॥

पताका–हे भक्तगण ! वह जीव संसारमें आकर अनेकवार अगणित चङ्क्रमण–आवागमन करता है। पश्चात् संसारमें ही अपने कर्मोंके फलके अनुसार किसी स्थलमें मानव शरीरको पाता है ॥२५॥

रघुनन्दनो हि कृपया च तदा नयनप्रसादमधितत्तनुते।
स च सात्त्विको हि भवतीह नरः परिचिन्तयत्यरिहमोक्षपदम् ॥२६

पताका–तब श्री रघुनन्दन यदि उसके ऊपर अपनी कृपादृष्टि करते

हैं तो वह पुरुष सात्त्विक हो जाता है और काम क्रोधादि शत्रुओंके मारने-वाले मोक्षमार्गकी निरन्तर चिन्ता करने लग जाता है ॥२६॥

भगवत्कटाक्षविधुतावरणः समवाप्तपुण्यपुरुषार्थरुचिः ।
अवलोक्य योगनिचयेऽक्षमतां विशति प्रपत्तिगृहमादरतः ॥२७॥

पताका—भगवान्के कृपाकटाक्षसे नष्ट आवरणवाला होकर, पवित्र मोक्षरूप पुरुषार्थमें रुचिवाला होकर, कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्तियोगमें अपनी असमर्थता देखकर जीव आदर सहित प्रपत्तिमन्दिरमें प्रवेश करता है।२७

रघुनाथपादकमलालयकः प्रतिकूलकृत्यविरतोऽविरतम् ।
परमप्रतीतिसहितः सहितो विहरत्यजस्रमिह निर्भयतः ॥२८॥

पताका—जो निरन्तर भगवान्के चरणकमलोंमें ही निवास करता है, भगवत्प्रतिकूल कृत्योंसे सदा पृथक् रहता है, भगवान् ऊपर परम विश्वास रखता है वह स्वहितैषी जीव इस संसारमें सर्वदा निर्भय होकर विहार करता है ॥२८॥

अतिपात्य कर्मकलिलं विमलस्तनुपातमेव सततं प्रमुदा ।
प्रतिपालयन्नित इतो वितनुः प्रभुपादपद्ममधु संपिबति ॥२९॥

पताका—वह जीव कर्म-दोषको नष्ट करके, निर्मल होकर, आनन्द-पूर्वक सदा शरीरपातकी—मरणकी प्रतीक्षा करता हुआ; यहांसे जाकर, दिव्य शरीर प्राप्त करके भगवान्के चरणकमलोंके मधुका पान करता है ॥२९॥

ननु कर्म पुण्यमथ पापमपि समचायि जीवगणकैश्च चिरात् ।
अविनाश्य तन्न भवसागरतस्तरणे क्षमो भवति कोऽपि नरः ॥३०

पताका—यहां एक शङ्का करते हैं कि—'इस संसारमें आकर जीवोंने चिरकालसे पुण्य और पाप उभयविध कर्मोंका सञ्चय किया है। और जब तक इन दोनोंका नाश न हो तब तक कोई भी मनुष्य भवसागरसे तरनेमें समर्थ नहीं हो सकता' ॥३०॥

परमानुकम्पजगदीश्वरतः श्रुतिरागता श्रुतिपरम्परया ।
अनुसृत्य तत्सरणिमेव जना अधिशक्नुवन्ति तदु नाशयितुम् ॥२१

पताका—इस प्रश्नका उत्तर करते हैं । परम कृपालु जगदीश्वर श्रीरामापरपर्याय परब्रह्मसे श्रवणपरम्परासे यह श्रुति जीवोंके कल्याणकेलिये प्राप्त हुई है । उसी श्रौतमार्गका अनुगमन करके मनुष्य पापादि कर्मोंका उपक्षय कर सकते हैं ॥२१॥

यदि वेदमार्गमनुयन्त इतः सकला नराश्च सुकृतान्यथवा ।
कुकृतानि नाशयितुमादधते क्षमतां मुधा नु परमेश्वरता ॥२२॥

पताका—पुनः प्रश्न करते हैं कि यदि वेदमार्गका अनुगमन करते हुये सब मनुष्य अपने पुण्य और पापका नाश कर सकनेमें समर्थ हैं तो पुनः ईश्वरता तो व्यर्थ ही है ? अर्थात् पुनः ईश्वरकी क्या आवश्यकता है ?॥२२

वरमभ्युपैमि तव वाचमिमां परमत्र तत्त्वमिदमस्ति सखे ।
जडभूतमस्ति किल शास्त्रमिदं परवत्यतो हि फलसाधनता ॥२३॥

पताका—उत्तर करते हैं । हे भाई ! तुम्हारा वचन मैं स्वीकार करता हूं । परन्तु इसमें तत्व यह है कि शास्त्र तो जड है । वह स्वयं कर्मफल नहीं दे सकते । अतः यह फलसाधनता जो है वह परतन्त्र है अर्थात् भगवदधीन है ॥२३॥

नहि यावदस्ति करुणा करुणावरुणालयस्य नहि तावदये ।
उदियात्फलं किमपि यत्नशतैस्तदधीनता श्रुतिचयस्य मता ॥२४॥

पताका—करुणावरुणालय भगवान्की जब तक करुणा नहीं होती तब तक सैकडों यत्न करने पर भी किसी फलकी प्राप्ति नहीं होती । अतः सम्पूर्ण वेद भगवान्के ही अधीन हैं । स्वतन्त्र नहीं ॥२४॥

फलमित्युवाद निजकण्ठरवैः स पराशरात्मज इतोऽपि ननु ।
रघुनाथसत्सलिलजाङ्घ्रिकृपा नितरामपेक्षिततमा सकलैः ॥२५॥

पताका—"फलमत उपपत्तेः" इस ब्रह्मसूत्रमें श्रीव्यासजीने भी निज-कण्ठरवसे ऐसा ही कहा है। अतएव भी सबको भगवान्‌के चरणकमलोंकी कृपा अत्यन्त अपेक्षित है ॥२५॥

पतितं स्वकं शरणमेव जनं स हि वीक्षते यदि दृशा दयया।
न हि तं निनीषति अधः क्वचन प्रतियात एव भवतीह भवः ॥२६॥

पताका—वह भगवान् यदि दया करके अपनी दृष्टिसे शरणमें पड़े हुये स्वजनको देखते हैं तब उसे कभी भी नीचे ले जानेकी इच्छा नहीं करते अर्थात् उसका अधःपात नहीं होने देते। उसका संसार निवृत्त हो जाता है ॥२६॥

यदि वाञ्छतीह तदधोनयनं न विलोक्य जीवपरमार्तिमहो।
सुकृतेरथापि विकृतेर्विलयं कथयन्ति वेदनिधिपाः सुधियः ॥२७॥

पताका—जीवोंके परम कष्टको देखकर जब प्रभु उसके अधःपातकी इच्छा नहीं करते तब उसके सुकृत और दुष्कृत विलीन हो जाते हैं ऐसा वेदज्ञ विद्वान् कहते हैं ॥२७॥

इति सर्वशुभ्रगुणजातलसज्जनकाङ्गभूपतिपवित्रपदे।
निहितैकतानत उदस्तजगद्वशमानयत्यखिलभूतपतिम् ॥२८॥

पताका—इस प्रकारसे सम्पूर्ण कल्याण गुणोंसे शोभित सीतापति श्री रामजीके पवित्र चरणोंमें एकतानता रखनेवाला तथा जगत्‌को परित्याग करनेवाला पुरुष भगवान्‌को वशमें कर लेता है ॥ २८ ॥

रसशब्दशब्दित उदारमनाः सततं प्रपन्नपरिरक्षणतः।
परितो हि वश्य इह दास इवानिशमभ्यमित्र्य इव स भ्रमति ॥२९॥

पताका—'रसो वै सः' इस श्रुतिके अनुसार रसशब्दवाच्य परम रसिक वह प्रभु प्रपन्न पुरुषोंकी रक्षाकेलिये शत्रुओंके जीतनेमें समर्थ, वशमें रहनेवाले दासके समान चारों ओर फिरा करते हैं ॥२९॥

करुणानिधानचरणप्रसितः प्रयतः प्रसादितरघूद्वहकः ।
समवाप्तकाम उदितप्रतिभो ह्यचिरेण मुक्तपदभाग्भवति ॥४०॥

पताका-भगवान्के चरणोंमें लगा हुआ, जितेन्द्रिय भगवान्को प्रसन्न करनेवाला, आप्तकाम, प्रतिभावाला पुरुष शीघ्रही मुक्त हो जाता है ॥४०॥

ननु तत्किमस्ति भुवि वस्तु परं न ददाति यन्निजजनाय हरिः ।
परमप्रसादमुपयात इह शरणागताय शरणागतरट् ॥ ४१ ॥

पताका-संसारमें वह कौनसा सुन्दर पदार्थ है जिसे शरणागत रक्षक दयालु भगवान् प्रसन्न होकर, शरणमें आये हुये निज जनको नहीं देते ॥४१

भगवान् हि भक्तभजनोत्सुकतां बिभृते दयारससरिच्छरणम् ।
व्यथते व्यथालवमपि स्वजने परिवीक्ष्य दीनजनबन्धुरयम् ॥४२॥

पताका-दयारसके सागर, दीनबन्धु यह भगवान् अपने भक्तोंके भजन करनेकेलिये उत्सुक रहा करते हैं। तथा स्वजनोंपर अल्पमात्र भी दुःख देखकर दुःखित हो जाते हैं ॥४२॥

प्रणतार्तिनाशन जनोऽद्य तव पतितोऽहमस्मि भववारिनिधौ ।
इति शृण्वतो द्रवति तस्य मनो नहि सीमितास्ति तदनुग्रहिता ॥४३॥

पताका-हे प्रणत जनोंके दुःख दूर करनेवाले नाथ ! मैं आपका दास संसार सागरमें आज पड़ा हुआ हूं। ऐसा सुनते ही भगवान्का हृदय पिघल जाता है। क्योंकि उनकी दयालुताकी सीमा नहीं है ॥४३॥

कलिकालकल्ककलितं हि जगन्नहि धर्म्यकर्मसु रतिश्च नृणाम् ।
शरदिन्दुरम्यरमणीमणयो गणयन्ति नैव शुभधर्मपथम् ॥ ४४ ॥

पताका-जगत् कलिकालके तापसे युक्त हो रहा है। मनुष्योंकी धर्मयुक्त कर्मोंमें प्रीति नहीं रही। शरत्कालके चन्द्रसमान सुन्दर-स्त्री-रत्नवाले पुरुष धर्मके शुभमार्गकी ओर दृष्टिपात ही नहीं करते हैं ॥४४॥

हतभव्यभास उदरम्भरयः परिहेयकर्मभरभारजुषः ।
अवमानयन्ति सततं च सतो नहि मानयन्ति हतदीनजनम् ॥४५॥

पताका—सबके सुन्दर तेज नष्ट हो गये हैं। पेटकी चिन्ता सबको पड़ी है। हेय—त्याज्य कर्मोंको ही करने लग गये हैं। लोग सज्जनोंका सदा अपमान करते हैं। अभागे दीनोंका कोई आदर नहीं करते ॥४५॥

जननीतिरस्कृतितिरस्करिणीपरिलुप्तवित्त्यधितमःप्रसराः ।
जनकापमानबहुमानजना जनयन्ति नैव कुलधर्मरतिम् ॥४६॥

पताका—माताके तिरस्कार रूप पर्देसे ज्ञानके लुप्त हो जानेसे अत्यन्त अज्ञानी लोग स्वकुलके धर्ममें प्रीति ही नहीं करते ॥४६॥

श्रुतिसत्कथा व्यथयतीव परं सततं श्रुती विषयमार्गजुषाम् ।
विषमे ह्यनेहसि हरेः करुणा शरणं नृणामिह तु सत्यमिदम् ॥४७॥

पताका—वेदोंकी सुन्दर कथा विषयिजनोंके श्रोत्रोंको पीडित करती है। अर्थात् उन्हें वह अच्छी ही नहीं लगती। ऐसे विषम समयमें, यह सत्य है कि, भगवान्‌की दयाके अतिरिक्त मनुष्योंको और कोई शरण नहीं है ॥४७

तत एव भावुकजनाः सकला अतिहाय मन्थरगतिं झटिति ।
भगवत्पदाब्जयुगलाधिलसद्विमलालये विशत शुद्धधिया ॥४८॥

पताका—इस लिये हे भव्य जनो! तुम सब लोग मन्द गतिको छोड़ कर भगवान्‌के चरणकमलरूप सुन्दर विमल मन्दिरमें शीघ्र प्रवेश करो॥४८॥

रघुराज पाहि निजदीनजनं त्वमु केवलं शरणमेधि मम ।
इतिवाचमेव हृदयाद्गलितामनुपालयत्ययि हरिः सततम् ॥४९॥

पताका—'हे रघुराज अपने दीन जनकी रक्षा करो। आप ही मेरे शरण बनिये।' इस प्रकारसे हृदयसे निकलती वाणीकी ही प्रतीक्षा भगवान् सतत करते रहते हैं। जिसनें हृदयसे उनकी ओर अपना हाथ फैलाया। प्रभु शीघ्र उसका हाथ पकड़ लेते और रक्षा करते हैं ॥४९॥

सुतरां दया परवशो भगवान्दयिता हि वो गलितमानभुवाम् ।
शबरीकपीशगजराजविभुः स उपेक्षणं नहि करिष्यति वः ॥५०॥

पताका—दया—परवश होकर भगवान् अभिमान शून्य तुम्हारे ऊपर अवश्य दया करेंगे । शबरी—भिल्लनी, सुग्रीव और गजके स्वामी कभी भी तुम्हारी उपेक्षा नहीं करेंगे ॥५०॥

इति यतिपतिराधिपत्यं प्रपत्तेः सभायां तदा,
सकलजनसमक्षमाख्याय मोक्षप्रदाया मुदा ।
उपसमहरदीश्वरस्य प्रसत्तौ व्यवस्थापय-
न्नुपगतनृमनांसि यत्नाद्विविच्य श्रुतीस्तत्त्वतः ॥५१॥

इतिश्रीअयोध्यावास्तव्य-ब्रह्मचारिश्रीभगवद्दास—विरचिते
श्रीमद्भगवद्रामानन्ददिग्विजय एकादशः सर्गः

पताका—उस समय इस प्रकारसे मोक्षप्रद प्रपत्तिकी प्रभुताका सभामें समस्त पुरुषोंके समक्ष वर्णन करके, आये हुये सब लोगोंके मनको भगवत्प्राप्तिमें व्यवस्थित करते हुये यतियति श्री स्वामीजी महाराजने तत्त्वज्ञान-पूर्वक श्रुतिकी विवेचना करके उपसंहार कर दिया ॥५१॥

इतिश्रीअयोध्यावास्तव्य—ब्रह्मचारिश्रीभगवद्दास—विरचिते—श्रीमद्भगवद्रामा-
नन्ददिग्विजये पताकाख्यव्याख्यायामेकादशः सर्गः ।

अथ द्वादशः सर्गः

सायं पुनः सपदि संसदि सन्निपत्य,
पातुं च धर्मवचनामृतसिन्धुबिन्दून् ।
धर्मैकभूतिततिभव्यधियोऽस्य राज्ञ,
आजग्मुराशु सकला मुदिताः प्रजास्ताः ॥१॥

पताका—धर्मरूप धनसे निर्मल बुद्धिवाले इन पीपा महाराजकी समस्त धर्मात्मा प्रजा प्रसन्न होकर, धर्मवचन रूप अमृतसागरके कुछ विन्दुओंका पान करनेकेलिये मिलकर सायङ्काल पुनः सभामें आई ॥१॥

आचार्य्यवर्य्यचरणा अपि चारु रेजुः,
सार्द्धं निजैः सकलशिष्यवरैः सभायाम् ।
जिज्ञासितं हरिजनैः करणीयमद्धा,
किं किं च केन विधिना समितौ च कैश्चित् ॥२॥

पताका—सभामें अपने भव्य शिष्यों सहित श्रीमदाचार्यचरण भी शोभा के साथ विराजमान थे। उस सभामें कुछ लोगोंने जिज्ञासाकी कि महाराज हरिजनोंको किस २ विधिसे क्या २ करना चाहिये ॥२॥

प्रार्थ्यं निशम्य करुणावरुणालयोऽसौ,
सर्वान् कृतार्थयितुमेवमनिन्द्यकीर्तिः ।
प्रारब्ध वक्तुममुना विधिना सदैव,
श्रीवैष्णवैर्हरिजनैरिह वर्तितव्यम् ॥३॥

पताका—करुणावरुणालय, उत्तम कीर्तिवाले श्री स्वामीजी महाराज इस प्रार्थनाको सुनकर सबको कृतार्थ करनेकेलिये इस प्रकारसे उपदेश देना आरम्भ किये। वैष्णवोंमें श्री वैष्णवोंको इस प्रकारसे इस संसारमें वर्तना चाहिये ॥ ३ ॥

अस्याखिलस्य भुवनस्य परं विधाता,
भर्ता लयं गमयिता रघुनन्दनोऽयम् ।
सर्वाभिरेव स च भक्तिभिराशुतोषः,
सेव्यो विभुः प्रतिपलं सकलैस्तदीयैः ॥४॥

पताका—इस सम्पूर्ण ब्रह्माण्डके विधान करनेवाले, पालन करनेवाले तथा नाश करनेवाले केवल प्रसिद्ध भगवान् श्रीरामचन्द्रजी महाराज ही हैं।

अतः समस्त—नव विध भक्तियोंके द्वारा शीघ्र प्रसन्न होनेवाले, विभु वही भगवान् भगवद्भक्तोंके सेवन करनेयोग्य हैं ॥४॥

ध्येयः स एव भगवाननिशं हृदब्जे,
भक्तैस्स्वभूः शिवगुणोऽव्यभिचारिभक्त्या ।
किन्त्वन्यदेवविषये मनसापि चिन्त्यो,
द्वेषः कदाचिदपि नैव तदीयभक्तैः ॥५॥

पताका—भगवद्भक्तजनोंको उचित है कि अनन्त—कल्याण—गुणाकर स्वयंभू उन्हीं भगवान्‌का अव्यभिचारिणी भक्तिसे निरन्तर हृदयकमलमें ध्यान करें तथा कभी भी मनसे भी अन्य देवके विषयमें द्वेष बुद्धि न करें ॥५॥

जाप्यः सदा गुरुपदाब्जमहाकृपातः,
श्रीराममन्त्र इह सर्वजनैरवाप्तः ।
नैमित्तिकानि सकलानि च किल्बिषाणि,
नित्यान्यपि श्लथयितुं नितरां समर्थः ॥ ६ ॥

पताका—सर्व हरिजनोंको चाहिये कि नित्य और नैमित्तिक समस्त पापोंको नष्ट करनेमें समर्थ, गुरुचरणोंकी महती कृपासे प्राप्त, श्रीराममन्त्रका सर्वदा जप करें ॥६॥

श्रीराममन्दिरमठादि जगद्धिताय,
कर्तुं च कारयितुमारतितो हि युक्तम् ।
तत्रागताः सहृदया अथ ये तदीयाः,
स्नेहेन तेऽपि सुतरां परिपूजनीयाः ॥७॥

पताका—संसारके कल्याणकेलिये श्री रामजीका मन्दिर तथा मठ स्वद्रव्यसे बनवाना अथवा अन्योंसे बनवाना योग्य है। तथा उस मन्दिर और मठमें जो कोई विद्वान्, महात्मा अथवा प्रभुके भक्त आ जावें उन सब लोगोंकी प्रेमसे पूजा करनी चाहिये ॥ ७ ॥

यत्केवलं निजमहोदरपूरणाय,
निर्मापितं भवति राघवमन्दिरादि ।
एकाकिनो विचरणं तदपेक्षया तु,
कल्याणकृन्मम मते भवतीह नूनम् ॥८॥

पताका—जो मन्दिर और मठादि केवल अपने मोटे पेटको भरनेके लिये ही बनाये जाते हैं, जिसमें दानधर्म कुछ भी न होता हो, तो ऐसे मन्दिर आदि बनवानेकी अपेक्षा तो उसका अकेले विचारना ही मेरे मतमें कल्याणकारक है ॥८॥

श्रीरामचन्द्रचरणामलभक्तिलक्ष्म,
तत्प्रीतये हि तुलसीमणिगुम्फितैका ।
रम्या च मुक्तिफलिका निजकण्ठलग्ना,
माला सदा हरिजनैर्नितरां प्रधार्या ॥९॥

पताका—श्रीरामचन्द्रजीके चरणोंमें निर्मल भक्तिका चिह्नस्वरूप, भगवान्‌की प्रसन्नताके लिये मुक्तिफलको देनेवाली श्रीतुलसीके मणियोंसे बनाई गई हुई माला—कण्ठी सदा हरिभक्तोंको अपने कण्ठमें रखनी चाहिये ॥९॥

वाल्मीकिवक्त्रसरसीरुहराजमान-
वाणीविलास इह शीलयितव्य एव ।
कर्तव्य एव च सदा हरिभक्तिगङ्गा-
वारापुनीतहृदयैर्ननु वेदपाठः ॥ १० ॥

पताका—भगवद्भक्तिरूप गङ्गाके जलसे अत्यन्त पवित्र हृदयवालोंको श्रीवाल्मीकिजीके मुखकमलमें विराजमान जो सरस्वतीविलास अर्थात् श्रीमद्वाल्मीकि रामायण उनका अनुशीलन करना चाहिये । तथा नित्य वेदपाठ भी करना चाहिये ॥१०॥

नित्यं ललाटपटले शुभचित्रकूटा-
योध्याप्रयागमथुराप्रभृतिभ्य एव ।
श्वेता मृदः शुभतमाश्च समाहृताश्चे-
त्ताभिर्हि सश्रि करणीयमुदूर्द्ध्वपुण्ड्रम् ॥११॥

पताका—मङ्गलस्वरूप चित्रकूट, अयोध्या, प्रयाग और मथुरा प्रभृति तीर्थस्थानोंसे ही यदि परम पवित्र श्वेत मृत्तिका लाई हुई हो तो उससे सुन्दर ऊर्द्ध्वपुण्ड्र करना चाहिये तथा मध्यमें रक्तश्री भी शास्त्रानुसार करनी चाहिये ॥११॥

श्रीभारतं हि सकलं स्वत एव पूतं,
तत्रापि देवसरिदादि नदीजलानि ।
काशीप्रयागमथुरागिरिचित्रकूटा-
द्येवं पवित्रमिति सर्वमिहास्ति गम्यम् ॥१२॥

पताका—समस्त भारतवर्ष स्वयं ही पवित्र है। उसमें भी गङ्गा यमुनादि नदियोंका जल पवित्र हैं। एवं काशी, प्रयाग, मथुरा, चित्रकूट पर्वत आदि पवित्र हैं। अतः उनकी यात्रा अवश्य करनी चाहिये ॥ १२ ॥

कौपीनधारणमहर्निशमेव कार्यं,
श्रीवैष्णवैः श्रुतिशिरोगतधर्मनिष्ठैः ।
श्वेतं च निर्मलमथान्यदपीह वस्त्रं,
धार्य्यं यथासमयमेव यथाप्रदेशम् ॥१४॥

पताका—वैदिक धर्मनिष्ठ श्रीवैष्णवोंको कौपीन* सदा धारण करना चाहिये। परन्तु देशकालके अनुसार श्वेत और निर्मल अन्य वस्त्र भी धारण कर लेना चाहिये ॥ १४ ॥

---

* कौपीन मात्र धारण करनेकी आज्ञा विरक्तमात्रकेलिये है ।

ये वैष्णवा इह भवन्ति च वीतरागा-
स्तैस्त्याज्य एव रमणीद्रविणादिमोहः ।
ये नाचरन्ति किल मूढनरास्तथा ते,
प्रेत्य व्रजन्ति नरकेषु हि रौरवेषु ॥१५॥

पताका—जो वैष्णव वैराग्यवान्—विरक्त हों उन्हें स्त्री और धनादिका मोह अवश्य छोड़ देना चाहिये। जो मूर्ख ऐसा नहीं करते अर्थात् विरक्त हो कर भी धन और स्त्रीकी इच्छामें फँसे रहते हैं वे मरकर रौरव नरकमें जाते हैं ॥१५॥

आच्छोदनं विविधचौर्य्यमथापि लोप्त्र-
वस्तुग्रहो ग्लहपणौ च समाह्वयश्च ।
मद्यादिसेवनमथापि च धूम्रपानं,
त्याज्यानि वैष्णवजनैर्व्यसनानि नित्यम् ॥१६॥

पताका—वैष्णवजनोंको शिकार खेलना, नाना प्रकारकी चोरी करना, चोरीका वस्तु लेना, द्यूतक्रीडा, पासा खेलना या किसी प्रकारका जूआ खेलना, मदिरा भङ्गादिका सेवन करना, गांजा, सूका, तमाकू, चरस आदि का पीना इत्यादि सब प्रकारके व्यसनोंको छोड़ देना चाहिये ॥१६॥

वाच्यान्यरुन्तुदवचांसि कदापि नैव,
दम्भप्रमादपरनिन्दनकाटवानि ।
त्याज्यानि दाशरथिपद्मपदानुरक्तैः,
सत्यव्रतं प्रतिदिनं परिपालनीयम् ॥ १७ ॥

पताका—भगवान् श्रीरामचन्द्रजीके उपासकोंको चाहिये कि कभी मर्म-च्छेदी वचन न बोलें। दम्भ, प्रमाद, परनिन्दा और कटुताका त्याग कर दें। सर्वदा सत्यव्रतका परिपालन करें ॥१७॥

श्रीमद्गुरौ च भगवत्यतितीव्रभक्ति-
योगं च वैष्णजनेष्वथ नम्रभावम् ।

संस्थापयेत्स्वमनसि स्वहिताभिलाषी,
नानादरात्मकवचोभिरिमे प्रबोध्याः ॥ १८ ॥

पताका—अपने कल्याणकी इच्छा करनेवाले वैष्णवजनको उचित है कि धर्मात्मा गुरुमें और भगवान्में तीव्र भक्तियोग करें। अन्य वैष्णवोंके साथ नम्रभावसे व्यवहार करें। अनादर युक्त वचनोंसे कभी भी इन्हें नहीं बुलाना चाहिये ॥१८॥

येषां मनःसरसिजे भगवत्पदार-
विन्दं समुल्लसति सर्वशिवप्रदायम्।
तेषां समीपमभिगम्य बुधः प्रबोधं,
गृह्णातु नित्यमखिलान्धतमोदिनेशम् ॥ १९ ॥

पताका—जिनके हृदयरूपी कमलमें समस्त कल्याणोंका देनेवाला भगवान्का पदारविन्द सुशोभित हो रहा हो उनके समीप जाकर बुद्धिमान्को चाहिये कि समस्त अन्धकारमय रात्रिको नाश करनेवाले सूर्यके समान ज्ञान का नित्य ग्रहण करें ॥१९॥

पश्यत्सु सत्सु गुरुषु श्रितविष्णुपादै-
र्धाष्ट्यं विवेकविकलं किमपीह कार्यम्।
कार्य्यं न कैश्चिदपि धर्मधुरीणदिष्ट-
सन्मार्गमीप्सुभिरिति श्रुतिचोदनैषा ॥२०

पताका—परम धर्मात्माओंसे बताये हुये मार्गको प्राप्त करनेकी इच्छावाले विष्णुभक्तोंको चाहिये कि गुरुओंके समक्ष किसी प्रकारकी धृष्टता अथवा विवेकशून्य कोई भी कार्य न करें। ऐसी वेदाज्ञा है ॥२०॥

विष्णोः सतां विरतिराज्यजुषां च साधोः,
स्याद्दर्शनं शुभकरं हि यदा यदा च।
बद्धाञ्जलिं च शिरमध्य निजोत्तमाङ्गं,
कुर्यात्प्रणाममनघं हि तदा तदा च ॥ २१ ॥

पताका—श्री विष्णु भगवान्‌का, साधु पुरुषका, वैराग्यवान् सज्जनोंका जब २ कल्याणप्रद दर्शन हो तब २ हाथ जोड़कर मस्तक झुकाकर प्रेम-सहित सादर प्रणाम करना चाहिये ॥२१॥

प्रातः सदा हरिजनाः शयनात्स्मरेत,
रामं च नैजगुरुपादसरोजयुग्मम् ।
ये चापि दृष्टिपथमभ्युपयन्तु पूज्याः,
सश्रद्धमानमत तानपि पूज्यभावैः ॥ २२ ॥

पताका—हे हरिजनो ! प्रातःकाल सदा आसन—बिछौनेपरसे उठकर श्रीरामजीका और तदनन्तर अपने गुरुचरणोंका स्मरण करो । उस समय अन्य जो कोई पूज्य तुम्हारी दृष्टिमें आवें उन्हें भी श्रद्धाके साथ पूज्यभावसे नमस्कार करो ॥ २२ ॥

एकासने न गुरुभिः सह चासनीयं,
नावं रथं गजमथाश्म विहाय काष्ठम् ।
आचार्य एव परतोऽपि परो हि देव-
स्तस्मात्प्रसाद्य इह सर्वजनैः स एव ॥ २३ ॥

पताका—गुरुके साथ एकासनपर कभी न बैठना चाहिये । परन्तु नौका रथ, हाथी, पत्थर और काष्ठासनपर साथ बैठनेमें कोई दोष नहीं है । आचार्य भगवत्स्वरूप होनेसे वह परात् पर देव है । अतः सबको उचित है कि अपने आचार्य—गुरुको सदा प्रसन्न ही रखें ॥२३॥

ऊर्जस्वलोऽहमहमेव महान्तसमर्थो,
विद्वानहं द्रविणवानहमेव चात्र ।
एतादृशी निजसमृद्धिविनाशयित्री,
त्याज्या प्रयत्नपटलैः सुनरैरहन्ता ॥ २४ ॥

पताका—मैं ही बलवान् हूं, मैं ही महान् समर्थ हूं, मैं ही विद्वान् हूं,

मैं ही धनवान् हूं, इस प्रकारकी अहन्ताको सज्जन पुरुष अनेक प्रयत्नोंके द्वारा छोड़ दें। क्योंकि इससे अपनी उन्नतिका नाश होता है ॥२४॥

राज्ञां सतां च विदुषां महतां समक्षं,
श्लाघेत यो निजगुणं किल वावदूकः।
पापेन सोऽधमतमो निहतो वराको,
दृष्ट्वा रविं स च विशुद्ध्यति मूढबुद्धिः ॥ २५ ॥

पताका-जो वावदूक, वराक, मूर्ख: राजाओं, सज्जनों, विद्वानों और महापुरुषोंके सामने स्वयं अपने गुणोंका वर्णन करता है वह पापका मारा हुआ महा नीच पुरुष सूर्यका दर्शन करके शुद्ध होता है ॥२५॥

ये ज्ञानभक्तिरहिता वनितासखायो,
धौर्त्येन वञ्चयितुमत्र जगत्समस्तम्।
मालाकराश्च कुधियो विधृतोर्द्ध्वपुण्ड्रा,
वाचापि धर्मरिपवो नहि ते समर्च्याः ॥ २६ ॥

पताका-जो दुष्ट बुद्धिवाले ज्ञान और भक्तिसे शून्य हैं 'गीतापुस्तक हाथ साथ विधवा माला विशाला गले' के अनुसार स्त्री साथमें है, धूर्ततासे समस्त जगत्को ठगनेके लिये हाथमें माला ले ली है और माथेमें उर्द्ध्वपुण्ड्र लगा लिया है ऐसे छद्मवेषी धर्मके शत्रु वाणीमात्रसे भी सत्कारके योग्य नहीं हैं। क्योंकि इससे पाषण्ड और अधर्म बढ़ता है ॥२६॥

मित्रद्रुहो गुरुविरोधपरा नरा ये,
ये चापरस्य सुगुणेष्वपि दृष्टदोषाः।
ये भ्रूणहिंसनविधौ परमं सुदक्षा,
हेयाश्च ते सपदि नारकिणः सदैव ॥ २७ ॥

पताका-जो मित्रके साथ द्रोह करनेवाले हैं, जो गुरुओंसे विरोध करते रहते हैं, जो दूसरोंके सुन्दर गुणोंमें भी दोष देखते हैं, जो भ्रूणहत्या

—गर्भपातनरूप पापमें अत्यन्त कुशल हैं, ऐसे नारकी लोगोंका शीघ्र ही त्याग कर देना चाहिये ॥२७॥

यद्वस्तुजातमिह विष्णुपदेऽनिवेद्यं,
ग्राह्यं भवेन्न हि कदापि च वैष्णवैस्तत् ।
तेनाहिफेनविजयादिकमादकानि,
वस्तूनि हेयपदवीं सुतरां गतानि ॥ २८ ॥

पताका—जो वस्तु भगवान्के सम्मुख नैवेद्य रूपमें न रखी जा सके उस वस्तुका वैष्णवोंको कभी भी ग्रहण नहीं करना चाहिये । अतः अफीम, भांग, आदि प्रत्येक मादक वस्तु भगवान्के अग्राह्य होनेसे वैष्णवोंके लिये अत्यन्त अग्राह्य है । इनके छूनेसे भी प्रायश्चित कर लेना उचित है ॥२८॥

आरार्तिकं भवति यत्र हरेस्तु तत्र,
व्युत्थानमेव हरिभक्तजनैर्विधेयम् ।
ध्येयं च विष्णुपदकञ्जयुगं मनोज्ञ-
मन्ते प्रणत्य विरमेयुरपेतदोषाः ॥ २९ ॥

पताका—जहां भगवान्की आरती होती हो वहां सब भक्तजनोंको खड़ा हो जाना चाहिये । भगवान्के चरणकमलका ध्यान करना चाहिये । पश्चात् साष्टांग प्रणाम करके दोषमुक्त होकर पुनः बैठना अथवा जिसको जो करना हो सो करना चाहिये ॥२९॥

भस्मान्तमित्यधिवचः श्रुतिसम्मतं य-
त्तस्माच्छरीरमिदमत्र यदा व्यसु स्यात् ।
भस्मावशेषमिह कार्य्यमवश्यमेव,
भूमौ नवाप्सु कथमप्यथ तत्समस्यम् ॥ ३० ॥

पताका—"भस्मान्तं शरीरम्" यह यजुर्वेदका वचन है। इससे यह बोधित होता है कि मृत शरीरको जलाकर भस्म कर देना चाहिये । अतः

जिस कारणसे यह सुन्दर वेदवचन ऐसी आज्ञा देता है अतः यह शरीर जब निष्प्राण हो जावे तो इसे अवश्य भस्म कर देना चाहिये। पृथ्वीमें नहीं गाड़ना चाहिये अथवा जलमें भी नहीं फेंकना चाहिये ॥३०॥

मानापमानविषये समतामुपेता-
स्तिष्ठेयुरत्र सुधियो हरिवल्लभाग्र्याः।
यत्सत्यमस्ति नहि तच्च कदापि गोप्यं,
मानाभिभङ्गभयतोऽपि मृषा न वाच्यम् ॥ ३१ ॥

पताका—भगवान्के ऐकान्तिक भक्तोंको चाहिये कि मान और अपमानके विषयमें समता धारण किये रहें। जो सत्य वस्तु हो उसे कभी छिपाना नहीं चाहिये। तथा मान भङ्गके भयसे असत्य नहीं बोलना चाहिये। सत्य और असत्यकी व्याख्या मैं एकादश सर्गमें कर चुका हूं। इतना और स्मरण रहे कि यहां पर असत्य भाषणका जो निषेध किया गया है वह ऐसे समयके लिये है कि जहां उभयपक्ष सत्यका ही अवलम्बन किये हो। परन्तु जहां एक ओर असत्य, कपट, जाल, प्रपञ्च और वञ्चना चल रही हो ऐसे समयमें कभी भी सत्य नहीं बोलना चाहिये। वहां सत्य बोलना ही अधर्म है और असत्य बोलना धर्म है। क्योंकि उस समय ऐसा किये विना धर्मकी रक्षा नहीं हो सकती। अतएव जिस समय श्री हनुमान्जी लङ्कामें अशोकवाटिकामें श्री महारार्णाजीसे वार्तालाप करके चूडामणि लेकर पृथक् हुये हैं उस समय राक्षसियोंने आकर पूछा है कि—

"कोऽयं कस्य कुतो वायं किं निमित्तमिहागतः।
कथं त्वया सहानेन संवादः कृत इत्युत ॥
आचक्ष्व नो विशालाक्षि मा भूत्ते सुभगे भयम्।
संवादमसितापाङ्गि त्वया किं कृतवानयम् ॥"

अर्थ—"यह कौन है? कहांसे आया है? क्यों आया है? और तुम्हारे साथ इसने वातचीत क्यों की?॥ हे विशाल नेत्रोंवाली! हे सुभगे!

तुम डरो नहीं। हमसे कहो कि इसने तुम्हारे साथ क्यों बातचीतकी है?॥

इसके उत्तरमें महाराणीजीने कहा है कि—

"रक्षसां कामरूपाणां विज्ञाने का गतिर्मम ॥
यूयमेवास्य जानीत योऽयं यद्वा करिष्यति ।
अहिरेव अहेः पादान्विजानाति न संशयः ॥
अहमप्यस्य भीतास्मि नैनं जानामि कोन्वयम् ।
वेद्मि राक्षसमेवैनं कामरूपिणमागतम् ॥

अर्थ—"कामरूप राक्षसोंको पहचाननेके लिये मेरी क्या गति है? तुम्हीं लोग जानो कि यह कौन है और क्या करेगा। क्योंकि इसमें सन्देह नहीं कि सर्पके पगको सर्प ही पहचान सकता है, अन्य नहीं। मैं भी इससे डर गई हूं। यह कौन है, मैं नहीं जानती। मैं समझती हूं कि कामरूप धारण करके यह कोई राक्षस ही आया था॥"

इस समय यदि श्री महाराणीजी सत्य २ कह देतीं कि यह श्रीरामदूत है तो कितना बडा अनर्थ हो जाता। अनर्थ होता अथवा नहीं परन्तु उसकी आशङ्का तो महाराणीजीको थी यह स्पष्ट झलक रहा है। इस प्रकरणसे यह सिद्ध हुआ कि सत्य और असत्य धर्माधर्मके विषयमें अव्यवस्थित है। कभी सत्य अधर्म हो जाता है और कभी असत्य धर्म हो जाता है। इति मे मतम् ॥३१॥

वस्त्राणि स्त्रीजनधृतानि च भूषणानि,
स्पर्श्यानि नैव मतिमद्भिरपेतरागैः ।
स्त्रीभिः सहास्यमथ नैव कदापि वाच-
मामिश्रयेयुरनघाः पुरुषा विरक्ताः ॥३२॥

पताका—विद्वान् विरक्त पुरुषोंको चाहिये कि स्त्रियोंके पहिरे हुये वस्त्रों तथा आभूषणोंका स्पर्श न करें। निर्मल विरक्तोंको स्त्रियोंके साथ हंसकर कभी बात भी नहीं करना चाहिये ॥३२॥

ये विष्णुवैष्णवसभाजनतत्पराः स्यु-
स्तेषामनिष्टमिह ये हि समाचरन्ति ।
संयातनाः किल विपद्य नराश्च यामी-
स्ते श्वित्रिणो ह्यपसदाश्च भवन्ति मूकाः ॥ ३३ ॥

पताका—जो हरिजन भगवान् और भागवतकी सेवामें तत्पर रहते हैं उनका जो अनिष्ट करते हैं, हे मनुष्यो ! वे नीच मनुष्य यमपुरीकी यातना-को सहन करनेके पुनः गूंगे और कोढ़ी होकर जन्म लेते हैं ॥३३॥

ये प्रेतभूतपिशिताशनयक्षरक्ष-
आदीन्निरन्तरमुपासत ईशबुद्ध्या ।
तेषां न भुक्तिरिह मुक्तिरथो परत्र,
न स्यात्कदापि विविधभ्रमजालभाजाम् ॥ ३४ ॥

पताका—जो लोग, भूत, प्रेत, पिशाच, यक्ष, राक्षस आदिकी सर्वदा ईशबुद्धिसे उपासना करते हैं। उन भ्रान्त पुरुषोंको कभी भी भोग और मोक्ष प्राप्त नहीं होता है। इसी लिये गीताचार्यने कहा है कि—

अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्य्युपासते ।
तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम् ॥ ९।२२।

अर्थात् जो लोग अनन्यभावसे—मेरेसे अतिरिक्त अन्य देवादिकोंमें प्राप्य अथवा उपास्य बुद्धि त्यागकर मेरी ही उपासना करते हैं ऐसे नित्या-भियुक्तजनोंको—सादर मेरेमें ही मन लगानेवाले भक्त पुरुषको मैं योगक्षेम प्राप्त कराता हूं। इससे आगे चलकर भगवान्ने कहा कि हे अर्जुन ! जो अन्य देवताओंके भक्त हैं वे भी श्रद्धासे मेरी ही पूजा करते हैं परन्तु "अविधि पूर्वकम्" (९।२३) मैं जैसा हूं वैसा मेरे स्वरूपको जाने विना वह मेरी उपासना करता है; वह मुझे नहीं जानता "अतश्च्यवन्ति ते" (९। २४) अतः वह कर्म फल भोगकर अन्तमें च्युत हो जाता है ॥३४॥

वाणी विशुद्ध्यति नृणामिह सत्यवाचा,
कर्णौ तथा च हरिकीर्तिकथामृतौघैः ।
पादौ च तीर्थगमनेन करौ च दानै-
रेवं मनो निखिलदम्भविवर्जनेन ॥ ३५ ॥

पताका—मनुष्योंकी वाणी सत्य बोलनेसे शुद्ध होती है, तीर्थाटनसे पग और दानसे हाथ शुद्ध होते हैं और दम्भ आदिके त्यागसे मन शुद्ध होता है ॥ ३५ ॥

ब्रूयात्कदापि भजने न जपे न होमे,
कुर्यान्न केनचिदपीह समं च वार्ताम् ।
आवश्यकं यदि भवेत्परमं तदा त्रि-
राचम्य कार्यमधिकृत्य वदेद्यतात्मा ॥ ३६ ॥

पताका—भजन, जप, और होमके समय किसीके साथ कोई अन्य वार्तालाप न करें । यदि वार्तालाप बहुत आवश्यक हो तो तीन आचमन करके सावधान होकर कार्यके अनुसार वार्ता करें । विशेष नहीं ॥३५ ॥

आचार एष परमः श्रुतिसम्मतोऽस्ति,
धर्मस्तथा च सततं हृदि सद्विचारः ।
पूर्वेण शुद्ध्यति वहिःकरणव्रजश्च,
वन्धादिकारणपरं चरमेण चान्तः ॥ ३७ ॥

पताका—आचार और हृदयमें सद्विचार ये दोनों वेद प्रतिपादित धर्म हैं । आचार—स्नान, शौच आदिसे बाह्य इन्द्रिय शुद्ध होते हैं और सद्विचारसे वन्ध का आदिकरण अन्तःकरण अर्थात् मन आदि शुद्ध होते हैं ॥

यो विष्णुभक्तमवलोक्य धनादिगर्वा-
द्बद्धाञ्जलिर्नतशिरा न समुत्थितः स्यात् ।
वोभूयते स च परेत्य हिमादिसोढृ,
यत्र क्वचिन्ननु गिरेर्दृषदां सुभित्तम् ॥ ३८ ॥

पताका—जो मनुष्य विष्णु भक्तको देखकर धन, जन, आदिके गर्वसे हाथ जोड़कर, मस्तक झुकाकर खड़ा नहीं होता वह मरकर हिम, ताप आदिका सहन करनेवाला जहां कहीं भी पहाड़के पत्थरका टुकड़ा फिर २ होता रहता है ॥३८॥

माला च नाम तिलकं शुभतप्तमुद्रां,
मन्त्रं च रामपरकं सततं दधानैः।
चारित्र्यवद्भिरपि रामरसेच्छुभिश्च,
भव्यैः परोपकृतिचित्तलयैश्च भाव्यम् ॥ ३९ ॥

पताका—"पुण्ड्रं मुद्रा तथा नाम माला मन्त्रश्च पञ्चमः। अमी हि पञ्च संस्काराः परमैकान्त्यहेतवः ॥" इस शास्त्रके अनुसार उर्द्ध्वपुण्ड्र तिलक, शंख, चक्र, धनुष्, बाण आदि तप्तमुद्रा, भगवत्सम्बन्धी नाम, कण्ठी और राममन्त्रको धारण करनेवाले, सदाचारी और रामरसके पान करनेवालेको सदा परोपकारपरायण होना चाहिये ॥३९॥

यानेन विष्णुभवने गमनं विधेयं,
नो कैश्चिदप्यथ तथैव च पादुकाभिः।
देवोत्सवादिसमये प्रभुपादपूजा,
कार्य्या सदैव परधामनिवासकामैः ॥ ४० ॥

पताका—भगवान्के मन्दिरमें रथादिपर चढ़कर अथवा पादुका पहिन-कर किसीको भी नहीं जाना चाहिये। मोक्षाभिलाषी हरिजनोंको उचित है कि भगवान्के उत्सवादि समयमें भगवान्के चरणोंकी पूजा करें ॥४०॥

आसेवितां द्विजवरैः प्रतिमां विलोक्य,
विष्णोः सपद्यवनिपातपुरस्सरं हि।
कुर्य्युः प्रणाममिह मञ्जिमभाग्यभाजो
भक्तिभरत्ननिचयांशुलसन्मनस्काः ॥ ४१ ॥

पताका—भक्तिरूप सुन्दर रत्नोंके किरणोंसे सुशोभित मनवाले, सुन्दर भाग्यवाले पुरुषोंको उचित है कि ब्राह्मण*द्वारा पूजित भगवन्मूर्तिको देखकर तत्काल ही साष्टाङ्ग प्रणाम करे ॥ ४१ ॥

यन्मन्दिरे भवति चन्दनपत्रपुष्पं,
तत्स्प्रष्टुमर्हति जनोऽशुचिरत्र नैव ।
एकेन नैव विनमेच्च हरिं करेण,
कुर्यात्प्रदक्षिणमथो सततं विनम्रः ॥ ४२ ॥

पताका—मन्दिरमें जो भगवत्संबन्धी चन्दन, पुष्प, पत्र आदि रहते हैं उसे अपवित्र—स्नानादि किये विना कोई मनुष्य स्पर्श न करें। एक हाथसे भगवान्को प्रणाम न करे। नम्र होकर भगवान्की प्रदक्षिणा करे ॥४२॥

पादप्रसारणममुष्य जगत्रयस्य,
नाथस्य नोचितमहो पुरतः कदापि ।
पर्यङ्कबन्धनमथापि निबन्धनाय,
स्वस्यैव भव्यजनमण्डल ! मा दधीथाः ॥ ४३ ॥

पताका—त्रिलोकीनाथ भगवान्के सम्मुख कभी भी पग फैलाकर बैठना उचित नहीं। हे भव्यजनसमुदाय ! भगवान्के आगे किसी प्रकारका आसन लगाकर पगके ऊपर पग रखकर नहीं बैठना चाहिये क्योंकि उससे दोष लगता है और अपना बन्धन होता है ॥ ४३ ॥

स्वापं च जग्धिमथताररवं तथा च,
मिथ्योक्तिरोदनमिथोवदनाहवादीन् ।
क्रूराभिभाषणमनुग्रहनिग्रहौ च,
मा मा समाचरतु कोऽपि हरेः समक्षम् ॥ ४४ ॥

* ब्राह्मण शब्दसे केवल गृहस्थ ब्राह्मण ही अभिप्रेत नहीं है किन्तु विरक्त ब्राह्मणका भी समावेश समझना चाहिये। विरक्त होनेसे ब्राह्मणता कहीं चली नहीं जाती। केवल भक्तिमार्गमें उसके अभिमानकी निवृत्ति मात्र अभिप्रेत है।

पताका—भगवान्के समक्ष सोना, भोजन, उच्च स्वरसे बोलना, मिथ्या-भाषण, रोना, परस्पर वार्तालाप, युद्धादि, कठोर भाषण, अनुग्रह, और दण्ड यह सब कार्य किसीको नहीं करने चाहिये ॥ ४४ ॥

आवृत्य देहमभितोऽसितकम्बलेन,
गच्छेत्कदापि पुरतो हि हरेर्जनो नो ।
आत्मस्तुतिं च परनिन्दनमात्मघातीं,
मा संविधात् क्वचिदधोनिलमोक्षणं वा ॥ ४५ ॥

पताका—भगवान्के सम्मुख काला कम्बल आदि ओढ़कर कभी नहीं जाना चाहिये। तथा आत्मस्तुति, परनिन्दा और पर्दन भी नहीं करना चाहिये ॥ ४५ ॥

अश्लीलवाचमनिवेदितभोजनं वा,
गौणोपचारमिह सत्यपि शक्तिभावे ।
विष्णौ च सामयिकपुष्पफलाद्यदित्सां,
मा कश्चिदत्र तत नैज शुभाभिलाषी ॥ ४६ ॥

पताका—भगवान्के सम्मुख अश्लील भाषण नहीं करना चाहिये। भगवान्को निवेदन किये विना भोजन नहीं करना चाहिये। तथा स्वकल्याण चाहनेवाला कोई भी पुरुष सामयिक पुष्प और फल आदिके देनेकी कभी अनिच्छा न करें। अर्थात् जिस समय, जिस ऋतुमें जो फल फूल होते हों उन्हें प्रभुको अवश्य अर्पण करना चाहिये ॥ ४६ ॥

पूर्वं स्वयं च विनियुज्य ततोऽवशिष्टं,
वस्तु प्रभोश्चरणयोर्हि समर्प्यते यैः ।
ते कोटिकोटिकृमिसंकुलनारकेषु,
सम्पात्य दुःखविपिने निहिता भवन्ति ॥४७॥

पताका—जो पुरुष किसी वस्तुका प्रथम स्वयं भोग करके पश्चात् बची

हुई वस्तुको भगवान्‌को अर्पण करते हैं वह करोड़ों कीड़ोंसे भरे हुए नरक कुण्डमें पड़ाकर पश्चात् जिस योनिमें उनका जन्म होता है वहां बड़े २ कष्ट उन्हें प्राप्त होते हैं ॥ ४७ ॥

देवाधिदेवपुरतो भ्रमतोऽपि पृष्ठं,
कृत्वोपवेशनमशस्तमिति ब्रुवाणम् ।
शास्त्रीयवैधवचनं च तिरस्करोति,
यः सोऽपि नैरयगतिं विवशः प्रयाति ॥४८॥

पताका—भगवान्‌के आगे भ्रमसे भी पीठ करके बैठना अनुचित है ऐसी आज्ञा करनेवाले शास्त्रीय वैध वचनका जो तिरस्कार करता है अर्थात् प्रभुके समक्ष पीठ करके बैठता है वह भी विवश होकर नरक गतिको पाता है ॥ ४८ ॥

आगच्छतो गुरुजनान् गुरुमन्तरेण,
विष्णोः पुरो नहि नमेद्धरिवल्लभो यः
इत्थं हि शास्त्रहृदयं परिवीक्ष्य नित्यं,
यश्चाचरेत्स परमं पदमभ्युपैति ॥४९॥

पताका—यदि कोई पुरुष भगवान्‌के सामने खड़ा हो वा बैठा हो और उस समय कोई भी अपनेसे बड़ा आवे तो उसे भगवत्समक्ष नमस्कार न करे। हां श्रीगुरुमहाराज हों तो उन्हें अवश्य दण्डवत्प्रणाम करे। इस प्रकारसे शास्त्रानुसार जो आचरण करता है वह परम पदको प्राप्त होता है ॥४९

गाङ्गेयमित्यथ च राजतमित्यथापि,
ताम्रं च कांस्यमथ शस्त्रकनिर्मितं वा ।
षट्कोणकं च वलयत्रयसम्परीतं,
तद्द्वादशारमनिशं बिभृयात्सुचक्रम् ॥५०॥

पताका—सोनेके अथवा चांदीके अथवा कांसेके अथवा लोहके बने हुये षट्‌कोणवाले, तीन वलयवाले, द्वादश अरावाले सुन्दर चक्रको तप्त करके

दक्षिण भुजके मूलमें धारण करना चाहिये। (वाम भुजके मूलमें शंख धारण करे यह भी समझ लेना चाहिये) ॥ ५० ॥

चक्रं च वैष्णवमिदं दसुनोविदग्धं,
यो लीलयापि दधते निजबाहुमूले ।
त्यक्त्वा परेतपतिभीतिमयं स तूर्णं,
निश्चमचं समधिगच्छति विष्णुलोकम् ॥५१॥

पताका—अग्निमें तपे हुये चक्रको लीलासे भी जो कोई अपने भुजके मूलमें धारण करता है वह यमराजके भयको छोड़कर निस्सन्दिग्ध और प्रख्यात विष्णुलोक—साकेतलोकको शीघ्र प्राप्त कर लेता है ॥ ५१ ॥

यः संबिभर्ति च तथैव धनुः स्वबाहौ,
दग्धातिपापनिचयो रघुनाथदासः ।
नो बाधते तमिह कापि कदापि बाधा,
ह्यन्ते प्रयाति परविष्णुपदं स चेतः ॥५२॥

पताका—जो मनुष्य तप्त धनुष् और बाणको भी अपने भुजपर धारण करता है उस श्रीरामजीके दासके सम्पूर्ण पाप भस्म हो जाते हैं। उसे कभी कोई बाधा नहीं पहुंचती और अन्तमें यहांसे परम पवित्र विष्णुपदको प्राप्त करता है ॥ ५२ ॥

यः श्वेतमृन्निचयतो विरचय्य पार्श्वौ,
भागौ च मूर्धनि हरेश्चरणानुकारौ ।
हारिद्रचूर्णरचितं पृथिवीतनुजा-
स्थानं चिनोति ललितं लघु पार्श्वमध्ये ॥५३॥
तं न स्पृशन्ति कलिदोषकलाः कदाचि-
न्नो वा यमो न नियमो यमयातनायाः ।
यस्तं च पश्यति महाघकृदप्यकस्मा-
त्सोऽपि प्रयाति हरिलोकमनन्यधन्यः ॥५४॥ (युग्मम्)

पताका—जो पुरुष मस्तकमें श्वेत मृतिकासे भगवच्चरणाकृति दोनों ओर बनाकर, दोनोंके मध्यमें हरिद्राचूर्ण—श्रीसे महारानीजीका स्थान बनाता है अर्थात् रक्तश्री करता है ॥ ५३ ॥ उसको कभी न तो कलिकालके दोष स्पर्श करते हैं, न यमराज स्पर्श करते हैं और न तो नरककी यातना उसे पीडा देती है। जो कोई महापाप करनेवाला हो वह भी यदि उस उर्द्ध्वपुण्ड्र-धारी वैष्णवका दर्शन कर ले तो वह परम धन्य पुरुष परमपदको पा लेता है ॥५४

यस्यास्ति नाम भगवत्परकं पवित्रं,
यस्मिन् कुले च भवतीह तथा समेषाम् ।
धन्यः स देवमहितः प्रथितः पृथिव्यां,
तत्सत्कुलं च किल धन्यतमं प्रवित्त ॥५५॥

पताका—जिसका भगवत्परक पवित्र नाम है अर्थात् भगवत्सम्बन्धी है वह देवोंका भी पूज्य, प्रख्यात पुरुष पृथ्वीपर धन्य है। तथा जिसके कुलमें सबका नाम भगवत्सम्बन्धी होता है उस उत्तम कुलको सबसे अधिक धन्य समझो ॥ ५५ ॥

ब्रह्माननोद्भववरं विदुषां वरिष्ठं,
भक्तं विरक्तमुपसद्य च सच्चरित्रम् ।
श्रीराममन्त्रमुपगृह्य महार्ध्यरत्नं,
श्रद्धाधनस्त्रिजगतीं सततं पुनाति ॥५६॥

पताका—विद्वानोंमें श्रेष्ठ, सच्चरित्र, भगवद्भक्त तथा विरक्त ब्राह्मणके समीप जाकर बहुमूल्य रत्न-स्वरूप श्रीराममन्त्रका उपदेश लेकर श्रद्धालु हरिजन तीनों लोकोंको सर्वदा पवित्र करता है ॥ ५६ ॥

ये लम्पटा विषयभोगनिमग्नचित्ता,
विश्वप्रतारणपराः कुधियो विमूढाः ।
विद्यासुरत्नलसिता अपि पापचारा-
स्त्याज्या हि ते किल विपश्चिपि सर्वथैव ॥५७॥

पताका—जो दुष्ट बुद्धिवाले महामूर्ख लम्पट हों, रात्रिदिवस विषय भोगकी ही चिन्तामें तल्लीन हों, संसारको ठगनेकी ही धुनमें हों, ऐसे पापी चाहे कितने बड़े भी विद्वान् क्यों न हों, विपत्ति समयमें भी उनका त्याग-कर देना चाहिये। अर्थात् अपने ऊपर विपत्तिके पहाड़ टूट पड़े हों ऐसी दशामें भी उनकी सहायताकी इच्छा न करे ॥ ५७ ॥

एतादृशस्य सुगुरोः समवाप्त्यभावे,
श्रीरामनामजपनं भवने वने वा ।
स्याच्छ्रेयसेऽसदुपसत्तिरियं परन्तु,
कल्याणिनी भवति नैव कदापि नृणाम् ॥५८॥

पताका—यदि सदाचारी, ब्रह्मनिष्ठ, विरक्त ब्राह्मण गुरु न मिले तो घरमें ही अथवा जंगलादि एकान्त स्थानमें बैठकर श्रीरामनामका जप करना चाहिये। इससे ही कल्याण हो जायगा। परन्तु असद्गुरुके समीप जाकर मन्त्रोपदेश लेना कभी भी मनुष्यके लिये कल्याणकारक नहीं है ॥५८॥

साकेतनाथरघुनाथपदारविन्द-
ध्यानोद्विधूतविचितोद्दुरितोच्चयो यः ।
तद्विग्रहार्चनमहर्दिवमातनोति,
संसारसागरममुं स तरत्यजस्रम् ॥ ५९ ॥

पताका—जो पुरुष साकेताधिप श्रीरामजीके चरणकमलके ध्यानसे, संचित बड़े २ पापोंको नष्ट कर चुका है, तथा सर्वदा भगवान्‌के ही विग्रहका अर्चन करता है वह इस बड़े अगाध संसारसागरको तर जाता है ॥५९

संसारपाथोधिमपारमिद्धकामादिदुर्धर्षणसत्त्वसत्त्वम् ।
यः स्यात्तितीर्षुः स च निर्मिमीतां श्रीरामनामप्लवमञ्जसैव ॥६०॥

पताका—जिसका पार नहीं है, जिसमें प्रबल काम, क्रोध, लोभ, मोहादि महाभयङ्कर जीव पड़े हुए है, ऐसे संसाररूपी सागरको

यदि पार करनेकी इच्छावाला हो तो शीघ्र श्रीरामजीके नामका प्लव–पार होनेका साधन नौका आदि बनाओ ॥ ६० ॥

भये च दुःखे विजने जने वा पुत्रे कलत्रे भवने वने वा।
सुखाय यः संस्पृहयेत वै स श्रीरामनामस्मरणं करोतु ॥ ६१ ॥

पताका–जो पुरुष भयमें, दुःखमें, शत्रुओंमें, स्वजनोंमें, पुत्रमें, कलत्रमें, घरमें, वनमें, सुखकी इच्छा करता हो उसे चाहिये कि श्रीरामनामका स्मरण करे ॥ ६१ ॥

यस्मिन्महापत्तिसरित्पतौ च ब्रुडन्तमालोक्य जहत्यनन्ते ।
मित्राण्यपि त्राणमिदं करोति श्रीरामनामात इदं भजध्वम् ॥६२॥

पताका–जिस विपत्तिरूप सागरमें डूबते हुये देखकर मित्र भी छोड़ देते हैं वहां भी यही रक्षा करता है। अतः इस श्रीरामनामको ही भजो ॥

आभीलमाभाल्य तवाल्पमेव त्वनल्पकल्पान्तदवाग्निदग्धः ।
त्वत्प्रीतये यत्नमयन्नयंस्ते निरस्तसाम्यो विपदेकबन्धुः ॥६३॥

पताका–तुम्हारे अत्यन्त अल्प दुःखको भी देखक अनल्प महान् कल्पान्तमें वनाग्निसे जले हुये, के समान दुःखित होकर, तुम्हारे सुखके लिये यत्न करते हुये वह आपत्ति–बन्धु किसीकी समता नहीं रखते। अर्थात् उनके समान दयालु अन्य कोई भी नहीं है ॥ ६३ ॥

एतादृशं बन्धुजनं जनौघाः कदापि मा मा परिभूत यूयम् ।
सेव्यः सतामस्ति तथापि तेषां कैङ्कर्यमाधातुमयं समुत्कः ॥६४॥

पताका–हे मनुष्यो ! ऐसे बन्धुजनका तुम लोग कभी भी तिरस्कार मत करो। वह भगवान् सत्पुरुषोंका सेव्य है तथापि कृपावश होकर उन सत्पुरुषोंकी सेवा करनेके लिये यह प्रभु अत्यन्त उत्सुक रहता है ॥ ६४ ॥

इत्येवं यतिराज आगतजनानादिश्य विमलं
धर्मं धर्मधुरीण ऐन्दवकलास्पर्द्धिद्धकृतिमान् ।

दत्वाशीर्वचनं समस्तवसुधाकल्याणमनिशं,
वाञ्छन्नेव समापयत्किल सभामुत्फुल्लवदनः ॥६५॥

इतिश्रीअयोध्यावास्तव्य-ब्रह्मचारिश्रीभगवद्दास-विरचिते श्रीमद्भगवद्रामानन्द-
दिग्विजये द्वादशः सर्गः

पताका-श्रीमान् यतिराज श्रीस्वामीजी महाराज आये हुये लोगोंको इस प्रकारसे निर्मल उपदेश देकर, सबको आशीर्वाद देकर, सर्वदा समस्त भूमण्डलका कल्याण चाहते हुये प्रसन्न मुख होकर सभा समाप्त किये ॥६५

इतिश्रीअयोध्यावास्तव्य-ब्रह्मचारि-श्रीभगवद्दास-विरचिते श्रीमद्भगवद्रामानन्द-
दिग्विजये पताकाख्याव्याख्यायां द्वादशः सर्गः

अथ त्रयोदशः सर्गः

अथ विसर्ज्य सभां यतिनायकः सकलशिष्यगणेन समं मुदा ।
उपजलाशयमैच्च स पश्चिमं विधिमुपासितुमाशु हि सान्ध्यकम् ॥१॥

पताका-श्रीमान् यतिराज सभा विसर्जित करके आनन्दपूर्वक अपने सम्पूर्ण शिष्य गणके साथ सायंकालकी सन्ध्या करनेके लिये जलाशय पर गये ॥ १ ॥

निववृते स विधाय विधानतो बहुफलाः सुफलाः सकलाः क्रियाः ।
उपविवेश पुनश्च सदासनं तदनु संविशति स्म नृणां पतिः ॥२॥

पताका-श्री यतिराज बहुत फलवाली तथा सुन्दर फलप्रदान करनेवाली सन्ध्यावन्दनादि समस्त क्रियाओंको विधिपूर्वक समाप्त करके लौट आये और पुन आसनपर आकर बैठ गये। उसके पश्चात् पीपा महाराज वहां आये ॥

बहुगुणेन गणेन विदां मुनिं समभिवेष्टितमुल्लसितं सितम् ।
नयनयोरतिथिं विरचय्य स प्रणतिमाशु चकार विदूरतः ॥ ३ ॥

पताका—पीपा महाराजने उज्वल—गौर वर्णवाले, आनन्दित तथा गुणवान् विद्वानोंके समूहसे परिवेष्टित श्री यतिराजका दर्शन करके दूरसे ही शीघ्र प्रणाम किया ॥ ३ ॥

अधिसभं मुनिना पृथिवीपतिः परमहर्षमुपेत्य समाशिषाम् ।
निचयतो बहुशः स समुक्षितः स्वसविधे विधिना ह्युपवेशितः ॥४॥

पताका—श्री यतिराजने परम प्रसन्न अनेक आशीर्वादोंसे पीपाजीका सिञ्चन किया तथा सभामें अपने समीप ही विधिपूर्वक उन्हें बैठाया ॥४॥

अथ जगाद पतिर्यमिनां नृपं सकलमानवमानसमोहनम् ।
वच इदं श्व इतो गमनं प्रति प्रवणितं किल वत्स ! मनो मम ॥५॥

पताका—तदनन्तर श्री यतिराज सर्व जनके मनको मोह प्राप्त करानेवाले यह वचन राजाके प्रति बोले कि 'हे वत्स ! मेरा मन अब यहांसे कल्ह जानेके लिये उत्सुक हो रहा है' ॥ ५ ॥

बहुतरं स्थितिरत्र मया कृता नहि चिरं क्वचिदप्यनुशासिता ।
स्थितिरहो यमिनामिति साम्प्रतं गमन एव मतेर्ममताऽऽगता ॥६॥

पताका—बहुत समय तक मैने यहां निवास किया । शास्त्रोंमें अन्य स्थलमें कहींपर भी अधिक निवास करनेकी संन्यासियोंके लिये आज्ञा नहीं है । अतः मेरी मतिमें अब यहांसे जानेकी ममता आ गई है ॥ ६ ॥

श्रुतिपथेन वचो हृदयेऽदयं प्रविशदेव नृपस्य महाव्यथाम् ।
अतनुतेति सपद्यवनीतले नरपतिर्निपपात विमूर्छितः ॥७॥

पताका—कर्णमार्गसे राजाके हृदयमें वचन प्रविष्ट हो कर अत्यन्त पीडा पहुंचाने लगे । अतः राजा शीघ्र ही मूर्छित होकर पृथ्वीपर गिर पड़े ॥७॥

करुणया करुणानिधिरात्मवान्समुदतिष्ठिपदात्मजनं नृपम् ।
शिरसि तस्य विशिङ्घ्य पुनः पुनः श्रितदयेन करेण समस्पृशत् ॥८

पताका—करुणानिधि परम मनस्वी यतिराजने करुणा करके स्वभक्त श्री पीपाजीको उठाया और उनके मस्तकको सूंघ कर दयापूर्ण हाथसे पुनः स्पर्श किया ॥ ८ ॥

उदितचेतन एव नृपोऽवदद्यतिपते ! परिहाय च मां कथम् ।
जिगमिषा हृदयेऽजनि तावके कथमिदं भवितुं नु तदर्हति ॥ ९ ॥

पताका—चेतना आते ही राजा कहने लगे कि हे यतिराज ! आपको मुझे छोड़कर जानेकी इच्छा कैसे उत्पन्न हुई ? तथा ऐसा हो ही कैसे सकता है ॥ ९ ॥

गमनमेव धिया भवता पुनर्यदि मनाङ् निरणायि तु मे वचः ।
भवतु नाथ ! समादृतमेतदादिशतु मां चलितुं भवता समम् ॥१०॥

पताका—तथा यदि आपने विचारपूर्वक जानेका ही निर्णय कर लिया हो तो हे नाथ ! थोड़ीसी मेरी प्रार्थना भी स्वीकृत की जावे । वह यह कि मुझे भी अपने साथ चलनेकी आज्ञा दीजिये ॥ १० ॥

प्रभुवरो निजगाद तदुत्तरं हृदयभावमतीव परीक्षितुम् ।
वय इदं नवमेव तव क्षमाभृदसि नेतुमतोऽर्ह इतो नहि ॥ ११ ॥

पताका—श्री यतिराज राजाके हृदयस्थ भावकी अत्यन्त परीक्षा करनेके लिये उत्तर दिये कि हे राजन् ! आपकी अवस्था नवीन है अतः साथ ले चलनेके आप योग्य नहीं हैं ॥ ११ ॥

विविधभोगवनान्तरचारिणो रथभृते न कदापि विहारिणः ।
कथमये भविता तव निर्वहो नरपते ! कठिना हि विरागिता ॥१२॥

पताका—हे राजन् ! नाना प्रकारके भोगरूपी वनमें विचरनेवाले तथा रथके विना कभी भी न फिरनेवाले आपका निर्वाह कैसे होगा ? क्योंकि विरक्त—धर्म कठिन है ॥ १२ ॥

नहि मिलिष्यति भोः क्षुधिते त्वयि सुरसभोग्यपदार्थचयः क्वचित्।
अथ च वत्स! पिपासित एव नो झटिति निर्मलवारुपलप्स्यते ॥१३॥

पताका—हे वत्स ! जिस समय तुम्हें भूख लगेगी उस समय सुन्दर रसीले योग्य पदार्थ नहीं मिलेंगे। तथा पिपासासे व्याकुल होनेपर शीघ्र निर्मल-पेय जल भी उपलब्ध नहीं होगा ॥ १३ ॥

नरपते ! नृपतेः प्रतिकर्मणां निचयमद्य विहाय कथं वने।
मुनिजनोचितवेषमुपाददन्मुनिगणेन समं नु चलिष्यसि ॥ १४ ॥

पताका—हे राजन्! आप इस राजकीय वेष समूहको त्यागकर, मुनिजनोचितवेष—मृगचर्म, कमण्डलु, पादगमन आदि—का स्वीकार कर मुनिजनोंके साथ वनमें कैसे चलेंगे ? ॥ १४ ॥

नरपते ! बहुकण्टकसङ्कटे पथि भृते च बहुत्र हि शार्करैः।
अहह ! वत्स ! विदूनमना भवन्ननु च नो व्यथयिष्यसि मानसम् ॥१५

पताका—हे राजन् ! हे वत्स ! कण्टकाकीर्ण तथा कङ्कड़ोंसे परिपूर्ण मार्गमें तुम व्याकुल मनवाले होकर हम लोगोंके चित्तकोभी दुःखित करोगे ॥१५

प्रकृतयस्तत्र भूप ! विना त्वया महति शोकसहस्रपयोनिधौ।
निपतिता भवितार इतोऽपि मे वस गृहं वचसा न हठं कुरु ॥१६॥

पताका—हे राजन् ! तुम्हारे विना यह तुम्हारी प्रजा महान् शोकसागरमें निपतित हो जायगी। अतएव भी तुम मेरा वचन मानकर घर रहो। हठ मत करो ॥ १६ ॥

कथममूर्विकलाः स्वकुलस्त्रियो रहयितुं त्वमु उत्सहसेऽधुना।
भव विचारपरः प्रिय ! मामकं नहि वचस्त्वमुपेक्षितुमर्हसि ॥१७॥

पताका—विकल—अनाथ—स्वकुलकी स्त्रियोंको त्याग करनेके लिये कैसे तुम्हारा हृदय स्वीकार करता है ? हे प्रिय ! विचारपरायण बनो। मेरे वचनकी उपेक्षा करने योग्य तुम नहीं हो ॥ १७ ॥

इति वचो निशमय्य हितावहं यतिपतेः करुणारसभावितम् ।
प्रणिजगाद गिरं गिरिसन्निभो मुनिमभि प्रणतिं प्रणयन्नृपः ॥१८॥

पताका—श्री यतिराजके इस प्रकार हितप्रद वचनको सुनकर पर्वत समान शरीर और स्थिरतावाले श्री पीपाजी मुनिराजको प्रणाम करके करुणा-रसपूर्ण वचन बोलने लगे ॥ १८ ॥

अयि गुरो! यदवोचि हिताय मे हिततमं भवता भवतापिते ।
तदनुतापसहस्रसमाकुले नहि चिरं स्थितिमातनुते हृदि ॥१९॥

पताका—हे श्री गुरु महाराज ! आपने जो मेरे हितकेलिये अत्यन्त हितावह उपदेश दिये हैं वह संसाररूप अग्निसे परितापित, अनेक पश्चात्तापोंसे समावृत मेरे हृदयमें अत्यन्त स्थिति नहीं प्राप्त करता है ॥ १९ ॥

विपिनदुःखमतीव भयावहं चरणचारमपि श्रुतिशेखर !
तव पदाब्जपरागकृपालवान्न गणयामि नयामिति मां वद ॥ २० ॥

पताका—हे श्रुतिशेखर ! अत्यन्त भयावह विपिन—विपत्ति, तथा पैदल चलना, इन सबको मैं आपके चरणकमल परागकी अनुकम्पासे नहीं गिनूंगा। अतः मुझे ले चालिये । आम्—'ले चलूंगा,' ऐसा कहिये ॥ २० ॥

तव पदान्तिकतां श्रयतो मम किमपि दुःखमुदेष्यति न प्रभो !
नहि विभाति च भास्वति कर्हिचिद्व्युदयते तिमिरं यतिनायक॥२१॥

पताका—हे प्रभो आपके चरणोंके समीप रहते हुये मुझे कोई भी क्लेश न होगा । हे यतिराज! सूर्यके प्रकाशित रहते हुये कभी भी अन्धकारका उदय नहीं होता है ॥ २१ ॥

स्मरविकार्यमिदं किल मे वयो भवति भीर्न विभो भवति स्थिते ।
अतिसमृद्धमपीह तमो हि किं न रविणा समुदीय निवार्यते ॥२२॥

पताका—यद्यपि यह मेरी अवस्था कामसे विकृत हो जानेवाली है तथापि हे प्रभो ! आपके रहते मुझे अल्प मात्र भी भय नहीं होता है ।

अत्यन्त बढ़े हुए अन्धकारको भी क्या सूर्य उदय पाकर नहीं निवृत्त करता है ? अर्थात् करता ही है। इसी प्रकार आपके द्वारा—आपके कृपा कटाक्षसे मेरे सब विकार निवृत्त हो जायंगे ॥ २२ ॥

प्रकृतयः परमेश्वररक्षिताः सुखभृता भवितार ऋषे सदा।
स्वयमपीच्छति यो भरणं पराद्भरणमादधतां स परस्य किम् ॥२३॥

पताका—हे ऋषे ! परमेश्वरसे रक्षित गाङ्गरौन गढ़की प्रजा सुखपूर्ण रहेगी। हम उनकी क्या रक्षा करते हैं ? जो स्वयं अन्यसे अपनी रक्षाका अभिलाषी है वह अन्योंकी रक्षा क्या कर सकता है ? ॥ २३ ॥

मयि गते गुरुवर्य्य ! कुलाङ्गना भगवतः कृपया कुलमात्मनः।
सुकृतमप्यदसीयमुपार्जितं प्रतिदिनं निपुणं परिपास्यति ॥२४॥

पताका—हे गुरुवर्य ! आपने राजकुलकी स्त्रियोंके लिये जो कहा उसकी भी मुझे चिन्ता नहीं है। मेरे जानेपर भगवान्‌की कृपासे अपना कुल अर्थात् यह राजकुल तथा उन कुलाङ्गनाओंके उपार्जित सुन्दर कर्म यह दोनों प्रतिदिन अच्छे प्रकार उनकी रक्षा करेंगे ॥ २४ ॥

अयि गुरो ! सुचिरं न परीक्ष्यतां करुणया च दृशा मयि वीक्ष्यताम्।
मुदभरेण विभो ! हृदयेन मे गमनमादिश शीघ्रमुदारधीः ॥२५॥

पताका—हे गुरु महाराज ! अब बहुत परीक्षा न कीजिये। मेरी ओर करुणादृष्टिसे अवलोकन कीजिये। हे प्रभो ! हे परमोदार ! आनान्दित हृदयसे शीघ्र मुझे चलनेकी आज्ञा दीजिये ॥ २५ ॥

इति विधाय नृपो विनयं यतेर्जलजपादयुगे प्रणतोऽभवत्।
यतिवरोऽप्युपगृह्य भुजान्तरे समदिशद्गमनाय नृणां पतिम् ॥२६॥

पताका—श्री पीपाजी इस प्रकार विनय करके यतिराजके कमलचरणोंमें झुक गये। श्री यतिराजने भी उन्हें अङ्कमें भरकर चलनेके लिये आज्ञा दे दी ॥ २६ ॥

मुदभरो नृवरस्य ममौ तदा न हृदये मुनिराडनुशासितः ।
स च सपद्यवरोधमुपाययौ मिलितुमात्मसखीं महिषीं मुदा ॥ २७ ॥

पताका—आज्ञा सुनकर, आनन्द समूह राजाके हृदयमें नहीं समाया। मुनिराजसे आज्ञप्त होकर—आज्ञा पाकर अपनी प्रियतमा महाराणीसे मिलनेके लिये प्रसन्नतापूर्वक शीघ्र अन्तःपुरमें आये ॥ २७ ॥

विशति वासगृहं नृपतौ स्मृतिः*स्मरसखीव पुरो विहिताञ्जलिः ।
सदकृताशु निजं दयितं प्रिया स्वधन एव यतो हि सतीधनम् ॥२८॥

पताका—जिस समय राजा अन्तःपुरमें प्रविष्ट हुये; रतिके समान सुन्दरी महाराणी स्मृतिने हाथ जोड़कर शीघ्र उनका सत्कार किया। क्योंकि अपना पतिदेव ही सती स्त्रियोंका धन है ॥ २८ ॥

गुणवती सुविलासवती सती मधुर हासवती कुलपालिका ।
परमहर्षभृता रमणीमणिः पतिमनूपविवेश ततः स्मृतिः ॥ २९ ॥

पताका—स्वागत करनेके पश्चात् अनेक सुन्दर गुणोंवाली, सुन्दर विलासवाली मधुर मुसकानवाली, अत्यन्त हर्षसे भरी हुई रमणियोंमें परम सुन्दरी महाराणी स्मृति राजाके बैठ जाने पर पश्चात् स्वयं भी बैठ गई ॥

सनदियन्ति दिनानि यया समं दयितया गतवन्ति सुखेन मे ।
सपदि तद्विरहो भवितेति हा शुगुदयस्तमधीरमिवाकरोत् ॥ ३० ॥

पताका—जिसके साथ नित्य सुखके साथ मेरे इतने दिन व्यतीत हुये हैं, आज उसी मेरी स्मृतिका विरह होगा इस प्रकारसे चिन्ताके उदयने राजाको अधीरकी भाँति बना दिया ॥ ३० ॥

---

* कहा जाता है कि महाराणीका नाम तो पद्मावती था परन्तु वह राजाको इतनी प्रिय थीं कि राजा प्रतिक्षण उनकी ही स्मृतिमें तल्लीन रहा करते थे। अतः राजा स्वयं उन्हें स्मृति नामसे सम्बोधित किया करते थे ॥

अनिमिषं च विलोक्य नितम्बिनीं स्वमहिषीं स्मृतिमाशु भुवांपतिः ।
नयनयोरधिकोणमुदारधीर्विदधेऽश्रुभरं विकलान्तरः ॥ ३१ ॥

पताका—श्री पीपाजी परम सुन्दरी अपनी पटरानी स्मृतिको पलक गिराये विना—एक टकसे देखकर, व्याकुल मनवाले होकर आंखोंमें जल भर लाये ॥ ३१ ॥

स्मृतिरिमामभिवीक्ष्य दशां ततो नरपतेः सहसा भयकातरा ।
सविनयं निजगाद भुजान्तरे दयितमाशु विधाय रसेश्वरी ॥ ३२ ॥

पताका—प्रियतमा स्मृति राजाकी सहसा इस करुण दशाको देखकर भयसे कातर होकर अपने जीवनधनको शीघ्र आलिङ्गन करके विनयपूर्वक बोलने लगी ॥ ३२ ॥

कथय नाथ! किमस्ति हि कारणं भवसि येन सुदुःखभरार्दितः ।
शुगियमेत्य मुखं मम सन्निधौ किमिति चन्द्रमुखं तव चुम्बति॥३३॥

पताका—हे नाथ ! कहिये, क्या कारण है कि जिससे आप अत्यन्त दुःखके भारसे पीडित हो रहे हैं ! यह चिन्ता आकर मेरे समीपमें आपके चन्द्र समान मुखको कैसे चुम्बन कर रही हैं । मेरे पास तो आपको कभी भी चिन्ता नहीं होती थी, आज क्यों ऐसा हुआ ? तथा एक नायिकाके बैठी रहनेपर अन्य नायिका नायकका चुम्बन नहीं कर सकती; परन्तु आज क्या हुआ । शुक्के स्त्रीलिङ्ग होनेसे नायिकात्वका आरोप है ॥ ३३ ॥

प्रियतम ! प्रणयाश्रय! मे मनोहरणहार ! समाधिमुदाहर ।
तव कपोलयुगेऽस्रसरिज्जले ब्रुडति दीनतमं मम मानसम् ॥ ३४ ॥

पताका—हे प्रियतम ! हे प्रेमपात्र ! हे मेरे मनके हरण करनेवाले हार ! आप मेरा समाधान कीजिये । आपके गालोंपर बहती अश्रु—नदीके जलमें मेरा अत्यन्त रङ्क मन डूब रहा है । ॥ ३४ ॥

प्रियतमावचनामृतनिर्झरैर्हिमतमैश्च मनाग् शिशिरीकृतः ।
निजमनोगतभावविकासने प्रभुरभूत्कथमप्यवनीपतिः ॥ ३५ ॥

पताका—अत्यन्त शीतल, प्रियतमा स्मृतिके वचनामृत-निर्झरसे कुछ शीतलताको प्राप्त कराये हुये राजा किसी २ प्रकारसे स्व—मनोगत भावके प्रकट करनेमें समर्थ हुये ॥ ३५ ॥

अयि विलासिनि! भाग्यवशान्मम समुदिता हृदये हि विरागिता।
अत इदं निखिलं नृपवैभवं सपदि हेयपदं प्रतिपत्स्यते ॥ ३६ ॥

पताका—हे विलासशालिनि ! भाग्यवशात् मेरे हृदयमें वैराग्य उत्पन्न हुआ है। अतः यह समस्त राजवैभव शीघ्र ही मेरे लिये त्याज्य हो जावेगा

शिशिरकान्तिसमातपवारणं लसदद्वोऽद्वयचामरयुग्मकम् ।
नहि मनोरमणाय भवेन्मम तदहमद्य हिनोमि वनं प्रिये ॥३७॥

पताका—चन्द्रमा समान धवल—श्वेत छत्र तथा अत्यन्त सुन्दर ये दोनों चामर मेरे मनको आज प्रसन्न करनेमें समर्थ नहीं हैं। अतः हे प्रिये! मैं वनको जाता हूं ॥ ३७ ॥

प्रियतमे! वररत्नसमुल्लसन्मुकुटमप्यथ मेऽद्य भरायते ।
प्रकृतिमण्डलमप्यनघं च मे रुचिकरं न गरं हि विभाव्यते ॥३८॥

पताका—हे प्रियतमे! सुन्दर रत्नोंसे शोभित यह मुकुट भी आज मुझे भार समान लग रहा है। निष्पाप यह प्रजावर्ग भी आज मुझे रुचिकर नहीं किन्तु विष समान प्रतीत होता है ॥ ३८ ॥

बहुतरं त्वयका ललने! समं रतिरकारि मया हि रतीश्वरि !
रतिरियं भगवच्चरणान्तिके चरति तच्च तवाद्य रतेरिति ॥ ३९ ॥

पताका—हे ललने ! तुम्हारे साथ मैंने बहुत दिनों तक रति किया है। अब यह रति—प्रीति भगवान्के चरणोंके समीपमें विचर रही है अतः हे रतीश्वरि ! आजसे तुम्हारी रतिका अन्त होता है ॥ ३९ ॥

समवलोकनमाहितभावकं विहसितं च विलासमनोरमम् ।
भवति तापदमेव तव प्रिये! तत इतः सखि यामि मुनिर्भवन् ॥४०॥

पताका-हे प्रिये ! अनेक भावयुक्त तुम्हारा अवलोकन तथा विलास मनोहर तुम्हारा हास्य मुझे आज दुःखद हो रहे हैं। अतः हे मेरी सङ्गिनी आज मैं मुनि होकर यहांसे जाता हूं ॥ ४० ॥

यदि मया परिहासमुपास्य ते क्वचिदये ललने! कटु जल्पितम् ।
तदिह मर्षय भामिनि ! तावके पदयुगे प्रणतोऽस्मि विलासिनि !॥४१॥

पताका-हे ललने ! यदि किसी समय हँसीमें मैंने तुम्हें कोई भी कटु शब्द कहा हो तो हे भामिनि ! आज उसे क्षमा करो। हे विलासवति ! तुम्हारे चरणोंमें मैं प्रणाम करता हूं ॥ ४१ ॥

विदुषि! तिष्ठ गृहे सुसुखं चिरं भगवतो भजनं कुरु सर्वदा ।
स हि तवास्ति पतिः प्रणयेश्वरि! विसृज मां गमनाय वनं प्रति॥४२॥

पताका-हे विदुषि ! तुम सुखपूर्वक घरमें निवास करो और सर्वदा भगवान्का भजन करो। क्योंकि वही तुम्हारे पति हैं। हे प्रणयेश्वरि ! मुझे वन जानेके लिये विदा करो ॥ ४२ ॥

इति वचो रतिदस्य नृपस्य सा विकलिताऽभवदाशु निशम्य हा !
स्मृतिरियं सुविघूर्णितचेतना निपतिता दलितेव लता भुवि ॥४३॥

पताका-सर्वदा रतिप्रदान करनेवाले राजाके इस वचनको सुनकर स्मृति व्याकुल हो गई। स्मृति मूर्छित होकर कटी हुई लताकी भाँति शीघ्र ही पृथ्वीपर गिर पड़ी ॥ ४३ ॥

इति दशामभिवीक्ष्य दयालुता नरपतेर्हृदये व्यलसन्मुहुः ।
निजकरेण च तामुदतिष्ठिपन्नहि दयां विरतिर्विरुणद्धि हि ॥४४॥

पताका-स्मृतिकी ऐसी दशा देखकर राजाके हृदयमें दयालुता उत्पन्न हो गई। उन्होंने अपने हाथोंसे उन्हें उठा लिया। कदाचित् कोई

प्रश्न करे कि वैराग्य दशामें स्त्रीको उठाना अनुचित है तो इसका उत्तर करते हैं कि 'दया वैराग्यका विरोध नहीं करती है।' दोनों एक साथ रह सकती हैं। राजाने दयाभावसे महाराणीको उठाया है अतः कोई दोष नहीं ॥ ४४ ॥

अपि च साकमनन्यरसान्तरे चिरतरं हि यया समगाहत ।
कथमु तामवलोक्य विपद्गतां समवलोकितुमुत्सहतां नरः ॥ ४५ ॥

पताका—किंच जिस धर्मपत्नीके साथ चिरकाल पर्यन्त कोई मनुष्य अनेक रसोंका आस्वादन किया हो वह उसे विपत्तिमें पड़ा हुआ कैसे देख सकता है ? ॥ ४५ ॥

समुपवेश्य निजाङ्कपदे प्रियां पुनरवेक्ष्य विलासि च तन्मुखम् ।
सरससारससुन्दरपाणिना नृपवरः सुतनोस्तनुमामृशत् ॥ ४६ ॥

पताका—राजाने अपनी प्राणेश्वरी स्मृतिको गोदीमें बैठाकर और उसके सुन्दर मुखको देखकर, रसीले कमल समान सुन्दर हाथसे उसके शरीरका स्पर्श किया ॥ ४६ ॥

अवहिता स्मृतिराह गलद्गिरा किमिति मान्द्यमभून्नियतो मम ।
निपतितः कुलिशः सहसा कथं ननु विनाशयितुं व्रततिं पने ॥४७॥

पताका—स्मृति देवी सावधान होकर लड़खड़ाती हुई वाणीसे बोली कि हे स्वामिन् ! मेरे भाग्यमें सहसा यह मन्दता कहांसे आ गई ? लताके विनाश करनेके लिये यह वज्र कैसे गिर पड़ा ? ॥ ४७ ॥

किमिति तथ्यमिदं भवतो वचो भवति वा परिहासविडम्बनम् ।
नहि मुधा परितापय मे मनो हृदयवल्लभ ! शान्तिमवापय ॥४८॥

पताका—क्या यह आपका वचन सत्य है ? अथवा केवल आप हँसी कर रहे हैं ? हे हृदयवल्लभ ! व्यर्थमें मेरे हृदयको दुःखित न कीजिये । मुझे शान्ति प्राप्त कराइये ॥ ४८ ॥

यदि च गच्छसि सत्यमितस्तदा कथममुं न जनं नयसे वनम् ।
कमपराधलवं नु विचार्य मां त्यजसि नाथ! पुनः शरणागताम् ॥४९॥

पताका—यदि आप सत्य ही यहांसे वनको जाते हों तो इस दासीको भी क्यों नहीं ले चलते? हे नाथ! किस अपराध-लवको देखकर मुझ शरणागताका त्याग कर रहे हैं? ॥ ५० ॥

यदि वनं प्रतिगच्छसि मत्प्रभो! किमधिगन्तुमिहात्र वसाम्यहम् ।
कथय नाथ! भवन्तमृतेऽपरो हितकृदस्ति च को मम भूतले ॥५०॥

पताका—हे मेरे प्रभो! यदि आप वनमें जाते हैं तो मैं किस लाभके लिये यहां महलमें रहूं। हे नाथ! आप बताइये कि इस संसारमें आपके अतिरिक्त मेरा कौन हितैषी है? ॥ ५० ॥

स्मृतिपथं न कथं नु तव स्मृतिः समधिरोहति वल्लभ! तेऽधुना ।
अतितमामनुराग इतः कथं विलयमेकपदे प्रययौ प्रभो! ॥ ५१ ॥

पताका—हे वल्लभ! यह आपकी स्मृति आज आपके स्मरण-पथमें क्यों नहीं आती है? हे प्रभो इतना अधिक प्रेम सहसा कैसे नाशको प्राप्त हो गया? ॥ ५१ ॥

अहह जीवननायक! दुर्भगां नय सह त्वयका हृदयेश माम् ।
यदि न नेष्यसि सत्यमतो ब्रुवे मरणमेव भवेच्छरणं मम ॥५२॥

पताका—हे जीवननाथ! आप मुझे अपने साथ ले चलिये। हे हृदयेश! यदि आप मुझे न ले चलेंगे तो मैं सत्य कहती हूं कि मैं मृत्युके शरणमें चली जाऊंगी ॥ ५२ ॥

स्मृतिवचोऽमृतमित्थमिडापतिः परिनिपीय भवन् हि समाकुलः ।
प्रियतमां परितोषयितुं गिरां मधुरिमानमुदारमवास्तृणात् ॥ ५३ ॥

पताका—राजा इस प्रकार वचनामृत पान करके व्याकुल होते हुये प्रियतमाको सन्तुष्ट करनेके लिये अत्यन्त मधुर वचन बोले ॥ ५३ ॥

हृदयतोषणि ! किं विदधासि मे हृदयतापमिवात्र वचश्चयैः ।
त्यज शुचं च समाकुलतां प्रिये ! बहुविधां न मुधा परिकल्पय ॥५४॥

पताका—हे मेरे हृदयको प्रसन्न करनेवाली ! आज अपने वचनोंसे तुम मेरे हृदयको क्यों परितप्त कर रही हो ? हे प्रिये शोकको छोड़ो । व्यर्थमें नाना प्रकारकी व्याकुलता उत्पन्न न करो ॥ ५४ ॥

नहि वनं विदधे भवतीकृते प्रियतमे ! विधिना हठमाजहि ।
गृहनिवासपरा परमात्मनः स्मरणमारचयानुदिनं किल ॥ ५५ ॥

पताका—हे प्रियतमे ! विधाताने तुम्हारे जैसे सुकुमारीके लिये जङ्गल नहीं बनाया है । हठको छोड़ो । गृहमें रहती हुई प्रतिदिन भगवान्का स्मरण करो ॥ ५५ ॥

नहि कदापि किमप्यवहेलितं मम वचस्त्वयका सुविलासिनि !
चरमकाल उपस्थित एव तत्किमु तथाऽऽचरितुं समकल्पयः ॥५६॥

पताका—सुन्दर विलासवाली प्रिये ! तुमने कभी भी मेरे वचनका तिरस्कार नहीं किया है । आज अन्तिम समयमें वैसा करनेके लिये क्यों सङ्कल्प किये बैठी हो ? ॥ ५६ ॥

यदि तवास्ति मनस्यपि मत्प्रिये ! मम कृते प्रियता ननु काचन ।
विदितसर्वमदान्तरभाविके ! परममानिनि मानय मे वचः ॥ ५७ ॥

पताका—हे मेरे अन्तरके सब भावोंको जाननेवाली ! हे परममानिनि ! हे मेरी प्रिये ! यदि तुम्हारे हृदयमें मेरे लिये कुछ भी प्रेम हो तो मेरे वचनको अङ्गीकार करो ॥ ५७ ॥

यतिगणेन समं नहि शोभनं तव भवेद्गमनं गजगामिनि !
अधिवसैव गृहं वचनान्मम मम तवापि च भद्रमुदेष्यति ॥ ५८ ॥

पताका—हे गजगामिनि ! यतियोंके साथ तुम्हारा चलना उचित

नहीं है। अतः मेरे कहनेसे तुम घरमें ही रहो। इसीमें तुम्हारा और मेरा कल्याण होगा ॥ ५८ ॥

हितकरं वचनं नृपतेरिदं श्रुतिपथं स्मृतिरादधती सती।
हठपरिग्रहमाशु जहौ हठात्कथमपीव मनः समतोषयत् ॥ ५९ ॥

पताका—राजाके इस हितकर वचनको सुनकर सती स्मृतिने साथ चलनेके हठका परित्याग कर दिया और हठात् किसी २ प्रकारसे अपने मनको समझा लिया ॥ ५९ ॥

सुरभितः स्वमुखस्य विनोदयन्त्यवनिपस्य मनः सुविलासिनी।
अतितरामवधार्य वचःसुधां नरपतिं समपीप्यदनुत्तमाम् ॥ ६० ॥

पताका—सुन्दर विलासवाली स्मृतिने अपने मुखके सुगन्धसे राजाके मनको विनोदित करती हुई सम्यग् विचार करके अपने परमोत्तम वचनामृतका राजाको पान कराया ॥ ६० ॥

सुखदिनानि च तानि गतान्यहो सपदि मे भवितार उरश्छद!
विपदि मज्जनमेव विधेर्वशात्समवशेक्ष्यति मेऽद्य नु दुर्विधेः ॥६१॥

पताका—हे कवच समान मेरे रक्षक स्वामिन्! अब मेरे वे सुख के दिन शीघ्र ही चले जावेंगे! अब मुझ अभागिनी को दैववश विपत्ति में डूबना ही अवशिष्ट रहेगा! ॥ ६१ ॥

अहह नाथ! विलासविलासिता क्व च गता भविता विरता सती।
क्व नु पुनर्हृदयं हृदयेन ते हृदयनाथ! हरिर्घटयिष्यति ॥ ६२ ॥

पताका—हे नाथ! अब विलास की विलासिता विरत होकर कहां जावेगी? हे हृदयनाथ! भगवान् अब पुनः कब आपके हृदयसे मेरे हृदय को आश्लिष्ट करेंगे? ॥ ६२ ॥

नरपतिर्विपिनं व्रजतु स्मृतिर्वसतु गेह इति प्रवया विधिः।
वत कथं नु लिखन् हृदये निजे नहि दयालवमस्पृशदीश्वर! ॥६३॥

पताका—हे ईश्वर! महाराज जङ्गल में जावें और उनकी दासी स्मृति घर में रहे ऐसा लिखते हुये वृद्ध ब्रह्माजी ने अपने हृदय में अणुमात्र भी दया का स्पर्श क्यों नहीं किया? ॥ ६३ ॥

भवतु, यल्लिखितं मम दुर्विधे हतविधे विधिना बत दुष्कृतैः।
फलतु तद्विनिवारयितुं च तद्भवतु को हि समर्थ इहाधुना ॥६४॥

पताका—अच्छा, मेरे दुष्ट और हतभाग्यमें मेर दुष्कर्मोंके कारण ब्रह्माने जो कुछ लिख दिया, वह हो। अब उसको निवृत्त करनेके लिये संसारमें कौन समर्थ है? ॥ ६४ ॥

अहह नाथ! तवास्ति च नाथता मयि निरन्तरमस्ति च दासिता।
तव वचोऽनुसृतावधिकारिता प्रतिदशं नियता त्वदधीनता ॥ ६५ ॥

पताका—अहा! हे नाथ! आपमें स्वामीपन है और मेरे में निरन्तर दासीपन है। अतः आपके वचनके अनुसरण करनेमें ही मेरा अधिकार है। प्रत्येक दशामें आपके अधीन रहना मेरे लिये नियत है ॥ ६५ ॥

इति विचार्य यथाज्ञपनं भवेत्तव विभोऽत्र च दीनजने मुदा।
ननु भविष्यति तच्च कृतं मया व्रजतु हन्त विधिर्हि कृतार्थताम् ॥६६॥

पताका—ऐसा विचारकर, हे नाथ! इस दीन जनको प्रसन्नतापूर्वक आपकी जो आज्ञा होगी वह अवश्य पूर्ण की जावेगी। हा! विधातः! तू कृतार्थ हो जा ॥ ६६ ॥

प्रियतम! प्रयता तव सङ्गिनी स्मृतिरियं पुरतस्तव याचते।
त्वदपराध उदारमना! मया यदि कृतः क्षमतां तमधीश्वर! ॥६७॥

पताका—हे प्रियतम! आपकी नियमपूर्वक रहनेवाली सङ्गिनी यह स्मृति आपसे यह प्रार्थना करती है कि "हे उदार चित्तवाले स्वामिन्! यदि मैंने आपका कोई अपराध किया हो तो उसे आप क्षमा करें ॥ ६७ ॥

विचरतो भवतश्च पुनर्भवेदपि कदाचिदितो नु पदार्पणम् ।
स्मृतिपथं भवता ननु नीयतामयमहो जन एष ममाञ्जलिः ॥ ६८ ॥

पताका—हे नाथ! यदि पुनः कभी विचरते हुये आपका इधर पदार्पण हो तो इस दासीको अवश्य स्मरण करें। यही मेरी प्रार्थना है ॥६८॥

इति वदन्त्यथ सा ललना शुचा विलुलिता निपपात नृपान्तिके ।
नरपतिश्च पुनः समबूबुधत्सहचरीं मधुरैर्वचनामृतैः ॥ ६९ ॥

पताका—इस प्रकार बोलती २ वह स्मृति शोकसे व्याकुल होकर राजाके समीपमें गिर पड़ीं। राजाने अपने मधुर वचनामृत से पुनः उन्हें बोध कराया ॥ ६९ ॥

अधिरजन्यधिभूम्यथ दम्पती अकुरुतां शयनं हि पृथक् पृथक् ।
विधिकरोन्मिषितं च कदक्षरं गतमहो नितरां चरितार्थताम् ॥७०॥

पताका—इसके पश्चात् राजा और रानी रात्रिमें पृथ्वीपर ही पृथक् २ शयन किये। अहा! ब्रह्माके हाथसे लिखे हुये दुष्ट अक्षर आज चरितार्थ हो गये ॥ ७० ॥

प्रियवियोगजशोककदर्थिता शयनमाशु जहौ च पतिव्रता ।
स्मृतिरथो नृपतेः समवाहयन्मृदुलकञ्जकरेण पदाम्बुजम् ॥ ७१ ॥

पताका—राजाके वियोगजन्य शोकसे पीडित पतिव्रता स्मृतिको निंद्रा नहीं आई। वह शीघ्र उठ बैठीं और अपने करकमलोंसे राजाके चरणकमलकी सेवा करने लगीं ॥ ७१ ॥

इति निशां विगमय्य भुवांपतिः परिसमाप्य विधिं च प्रगेतनम् ।
स च नृपासनमास्य पुरोहितं सकलधीसचिवान्समजूहवत् ॥ ७२ ॥

पताका—इस प्रकारसे रात्रि व्यतीत करके, राजा प्रातःकाल नित्य नियम करके सिंहासनपर बैठकर पुरोहित और सम्पूर्ण अमात्योंको बुलवाये।

प्रकृतयः सकलाः पि समाहृता अधिकृता अनुजीविन आगताः ।
प्रणिधयः पदिकाश्च निषादिनः सुभटसादिगणाः पृतनापतिः॥७३॥

पताका–सम्पूर्ण प्रजाको भी एकत्रित कराया। अधिकारिवर्ग और सेवकवर्ग भी आये। गुप्तचर पैदल सिपाही, हाथीसवार, सुन्दर योद्धा, घुड़सवार और सेनापति ये सब वहां एकत्रित हुये ॥ ७३ ॥

नृपतिराह विलोक्य समाजनान् भगवतः कृपया त्रिविधैषणाः ।
व्यपगता हृदयादत एव भोरहमये विपिनं हि मुनिर्भवन् ॥७४॥

पताका–राजाने सब लोगोंकी ओर देखकर कहा कि, भगवान्की अनुकम्पासे मेरे हृदयमेंसे तीनों प्रकारकी एपणाएँ दूर हो गई हैं। अतः मैं विरक्त होकर जङ्गलमें जाता हूं ॥ ७४ ॥

यदि च वः परिषेवणसद्विधावपि भवेच्च मया विहिता त्रुटिः ।
प्रियतमेषु भवत्सु च तत्कृते विहित एष पुनः पुनरञ्जलिः ॥ ७५ ॥

पताका–हे प्रजाजनो ! यदि आपकी सेवामें मुझसे कोई त्रुटि हुई हो तो अत्यन्त प्रिय आप लोगोंके आगे उस त्रुटिकेलिये हाथ जोड़कर क्षमा मांगता हूं ॥ ७५ ॥

उपकृतिः समपादि च या मम मयि भवद्भिरकारि कृपा च या ।
हृदयतः परमेश्वरसाक्षिकं तदपि वः सततं बहु धारये ॥ ७६ ॥

• पताका–तथा आप लोगोंने जो मेरा उपकार किया है और मेरे उपर जो कृपा की है, परमेश्वरकी साक्षीपूर्वक उसके लिये मैं आप लोगोंका अत्यन्त ऋणी हूं ॥ ७६ ॥

अनुज एष नृपो भविता च वस्त्विह मयीव हि भावमुपार्जत ।
रतिमवाप्नुत धर्मपथे चिरं विसृजताद्य सुखेन च मामितः ॥ ७७ ॥

पताका–यह मेरे छोटे भाई अब आप लोगोंके राजा होंगे। मेरे समान ही इनपर भी आपलोग सद्भाव प्राप्त करें। धर्ममार्गमें आपलोगोंकी बुद्धि चिरकालपर्यन्त बनी रहे। और आज सुखसे आप लोग मुझे जानेकी आज्ञा दें ॥ ७७ ॥

इति वचो नृपतेर्हि निशम्य तत्प्रकृतिषूपगतासु च तत्क्षणम् ।
अभवदाविरनन्तशुचां चयस्तटिनितामगमन्नयनान्यहो ॥ ७८ ॥

पताका—राजाके ऐसे वचनको सुनकर उपस्थित प्रजावर्गमें अत्यन्त शोक प्रसृत हो गया । सबके नेत्रोंसे अश्रुधारा बहने लगी ॥ ७८ ॥

करुणरसनिमग्नान्बान्धवान्वीक्ष्य राजा,
प्रियवचनविलासैस्तोषयामास सर्वान् ।
हृदयपटलनीतं शोकशङ्कुं निरस्य,
प्रकृतिमधिनिनाय प्राञ्जलौजाः समस्तान् ॥ ७९ ॥

पताका—प्राञ्जल—विस्पष्ट तेजवाले राजाने समस्त बन्धुओं—सभास्थ प्रजाजनोंको करुणरसमें निमग्न देखकर प्रियवचनोंसे सबको सन्तुष्ट किया । उनके हृदयगत शोक—कण्टकको दूरकर स्वाभाविक—शान्तस्थितिमें प्राप्त कराया ॥ ७९ ॥

बन्धुं च पार्श्वे स्थितमाह राजा वात्सल्यभावेन सदैव बन्धो !
इमाः प्रजाः स्युस्तव रक्षणीया इतः परो नास्ति नरेन्द्रधर्मः ॥८०॥

पताका—इसके पश्चात् राजा अपने समीपमें बैठे हुये भाईसे कहने लगे कि भ्रातः ! वात्सल्यभावसे सदा प्रजाओंकी रक्षा करना । इससे अन्य धर्म राजाका नहीं है ॥ ८० ॥

एवं विधाय नृपतिः सकलां व्यवस्थां,
राज्ये निधाय निजबन्धुमुदारचेताः ।
यातो मुदा यतिपतेः सविधे द्रुतं स,
सर्वाः प्रजास्तमनुजग्मुरधीरचित्ताः ॥ ८१ ॥

पताका—उदार चित्तवाले राजा इसप्रकार समस्त व्यवस्था करके, राज्यके ऊपर अपने भाईको बैठाकर, प्रसन्नतासे शीघ्र यतिराजके समीप गये । अधीर चित्तवाली प्रजाभी उनके पीछे २ गई ॥ ८१ ॥

आज्ञापिताश्च चलितुं यतिना स्वशिष्याः
सज्जा बभूवुरधिगम्य गुरोरनुज्ञाम् ।
श्रीरामचन्द्रचरणस्मरणं विधाय,
पूज्यः पुरस्तदनु शिष्यगणः प्रतस्थे ॥ ८२ ॥

पताका—श्रीपीपाजीके आनेपर यतिराजने अपने शिष्योंको चलनेकी आज्ञा दी। वे लोग गुरुजीकी आज्ञा पाकर शीघ्र सज्ज हो गये। भगवान् श्रीरामचन्द्रजीके चरणोंका स्मरण करके आगे २ पूज्य श्रीयतिराज और उनके पीछे २ शिष्यमण्डली चली ॥ ८२ ॥

विलोक्य भूपं मुनिवेषधारिणं प्रजाजनो दीनतमो बभूव हा ।
रुदन्नधीरो विलपँस्तपञ्छ्वसन्ननाम मूर्ध्ना विनतेन तत्पदे ॥ ८३ ॥

पताका—प्रजा अपने राजाको मुनियोंका वेष धारण किये हुये देखकर अत्यन्त कातर हो गई। रोती हुई, विलाप करती हुई, संतप्त होती हुई, उच्छ्वास लेती हुई प्रजाने मस्तक झुकाकर राजाके चरणोंमें प्रणाम किया।

पतिव्रता सा स्मृतिरप्यधीश्वरी सरूपतां संव्रजितेव दीनता ।
विनीतवेषा जलसंप्लुतेक्षणा प्रियाङ्घ्रियुग्मे प्रणनाम सादरम् ॥८४॥

पताका—रूप धारण करके आई हुई साक्षात् दीनताके समान, विनीतवेष धारण की हुई, आंखोंमें अश्रुजल भरी हुई, पतिव्रता महाराणी स्मृतिने भी अपने प्रियतमके चरणोंमें प्रणाम किया ॥ ८४ ॥

विलोकितुं दृश्यमिदं ह्यपूर्वकं दिवः समागुस्त्रिदशालयालयाः ।
दिवः पतन्ती हरिचन्दनप्रसूनवृष्टिराच्छादयदाशु दम्पती ॥ ८५ ॥

पताका—पत्नी यति होनेके लिये अपने पतिको प्रेमसे विदा कर रही है इस अपूर्व दृश्यको देखनेके लिये स्वर्गसे देवता भी चले आये थे। उस समय आकाशसे कल्पवृक्षके पुष्पोंकी वृष्टिने राजा और रानीको ढँक दिया।

यतेरनुज्ञामधिगृह्य पौराः पूर्वं च तं राजवरं च पश्चात् ।
प्रणम्य भूयो गमनान्निवृत्तः स्थिताश्च तत्रैव सराजदाराः ॥८६॥

पताका—नगरवासी लोक श्रीयतिराजकी आज्ञासे, प्रथम यतिराजको और पश्चात् श्रीपीपाजीको पुनः प्रणाम करके गमनसे निवृत्त होकर राजपत्नी महाराज्ञी स्मृतिके साथ वहीं खड़े रहे ॥ ८६ ॥

विज्ञाय ते दृष्टिपथादतीतान् पूज्यान्निवृत्तौ विदधुर्मनांसि ।
प्रियच्छिदं दैवगतिं नृशंसां निन्दन्त आशुः स्वपुरं च पौराः ॥८७॥

इतिश्रीअयोध्यावास्तव्य-ब्रह्मचारिश्रीभगवद्दास-विरचिते श्रीमद्भगवद्रामानन्द-दिग्विजये त्रयोदशः सर्गः

पताका—जब यतिराज और उनके शिष्य प्रजाकी आंखोंसे ओझल हो गये तब लोगोंने चलनेका विचार किया। प्रियजनका वियोग करानेवाली निर्दया दैवकी गतिकी निन्दा करते हुये नगरनिवासी गांगरौनगढको लौट आये ॥ ८७ ॥

इतिश्रीअयोध्यावास्तव्य-ब्रह्मचारि-श्रीभगवद्दास-विरचिते श्रीमद्भगवद्रामानन्द-दिग्विजये पताकाख्यव्याख्यायां त्रयोदशः सर्गः

चतुर्दशः सर्गः

अथ व्रजन् रैवतकं विपश्चिद्यमिव्रजैः शिष्यगणैः समं सः ।
ददर्श दुर्धर्षमसावहार्य्यमहार्य्यधैर्य्याधिपतिर्यतीशः ॥ १ ॥

पताका—गांगरौन गढ़से चलते हुये विद्वान् जितेन्द्रिय शिष्योंके साथ परम धैर्यवान् उन यतीन्द्र श्रीस्वामीजी महाराजने दुर्धर्ष रैवतक पर्वतको देखा॥ १

नीलोत्पलश्यामतनुं तनुस्थामायामसंवेष्टितभूविभागम् ।
रत्नांशुसन्तानलसत्प्रभाभिर्विभूपितं भूषितकृष्णमूर्तिम् ॥ २ ॥

पताका- रैवतकका वर्णन सात श्लोकोंमें करते हैं। नील कमलके समान श्याम वर्णवाले, स्वशरीरके बल और विस्तारसे पृथ्वीके विभागको घेरनेवाले, रत्नोंके किरणोंके समूहकी कान्तिसे विभूपित, और जिसमें भगवान् श्रीकृष्णकी मूर्ति शोभित हो रही थी—॥२॥

मरुद्धुताभिर्व्रततीभिरत्र लास्यैः पतद्भिः सुमनोभिरर्च्यम् ।
आमोदमाद्यन्मधुपाभिरामै रामाभिराचर्य्यमिवार्च्यमानम् ॥ ३ ॥

पताका—जैसे स्त्रियां पुष्पादि और नृत्यादिसे किसी पूज्यकी पूजा करती हों वैसे ही वायुसे प्रकम्पित लताओंसे, लास्यके द्वारा, तथा सुगन्धिसे उन्मत्त भ्रमरोंसे सुन्दर पुष्पोंके द्वारा वह रैवतक पूज्यमान था—॥३॥

कुलायनीडोद्भवभूरिरावैरुपव्रजन्तं मुनिमादिदेवम् ।
निशम्य तद्दर्शनलालसाभिर्मूर्द्धानमुत्थाप्य विलोकयन्तम् ॥४॥

पताका—घोंसलोंके पक्षियोंके महान् कलकलसे आदि देव मुनीश्वर श्रीस्वामिजी महाराजको आते हुये सुनकर, उनके दर्शनकी लालसासे मस्तक उठाकर जो देख रहा था—॥४॥

दिवाकरोद्दामतपःप्रभाभिर्मा भून्मुनेः संचरतः पृथिव्याम् ।
तापो विचार्येति रथं निरोद्धुं रवेरुपर्य्येव जवेन यान्तम् ॥ ५ ॥

पताका—पृथ्वीपर चलते हुये श्रीस्वामीजी महाराजको सूर्यके प्रचण्ड घामकी प्रभासे पीडा न हो ऐसा विचारकर सूर्यके रथको रोकनेके लिये जो मानो उपरकी ओर जा रहा था—॥ ५ ॥

शनैः समीरेरितशाखिशाखानमद्भुजैः पुण्यपदारविन्दम् ।
स्प्रष्टुं विधित्सन्तमिव प्रयत्नं महागुरोस्तस्य गृहागतस्य ॥६॥

पताका—अपने घरपर पधारे हुये महान् गुरु श्रीस्वामीजी महाराजके चरणकमलोंको, मन्द २ वायुसे कम्पित वृक्षोंकी शाखारूप झुकते हाथोंसे स्पर्श करनेके लिये मानो जो प्रयत्न करनेकी इच्छा कर रहा था—॥ ६ ॥

जलापयानेन विपाण्डुवर्णं चक्राङ्गपत्रप्रतिमप्रभाकम् ।
धाराधरोत्पुञ्जमनूनशोभं मुनेः कृते छत्रमिवादधानम् ॥७॥

पताका—हंसके पक्ष समान प्रभावाले, जलके चले जानेसे धवलवर्ण-

वाले परम रमणीय मेघके पुञ्जको, जो श्रीस्वामीजी महाराजके लिये, छत्रके समान धारण कर रहा था ॥७॥

अम्भोरुहाम्भोरुहसन्निकृष्टभ्रमद्द्विरेफालिमनोज्ञशब्दैः ।
जगत्त्रयातीतजगत्त्रयातिगुणान् प्रगायन्तमिवोच्चकैस्तम् ॥८॥

पताका—जलकमलोंमें भ्रमण करते हुये भ्रमरोंके मनोहर शब्दोंसे जगत्त्रयको अतिक्रान्त, भगवान् श्रीरामानन्द स्वामीजी महाराजके तीनों जगत्के उल्लङ्घन करनेवाले गुणोंको, जो उच्च स्वरसे गा रहा था ॥८॥

आयान्तमालोक्य यतिप्रकाण्डं दिवौकसस्ते त्रिदशालयस्थाः ।
विमानमानीय मनोभिरामं भुवि स्थिता नेतुमधिक्षमाभृत् ॥९॥

पताका—स्वर्गनिवासी प्रसिद्ध २ देवता श्री यतिराज महाराजको आते हुये देखकर उस रैवतक पर्वतपर ले जानेके लिये अत्यन्त रमणीय विमान लेकर पृथ्वीपर खड़े थे ॥९॥

यदा मुनीन्द्रः समगंस्त तस्य विशालशैलस्य समीपदेशे ।
तदा च वृन्दारकवृन्दमूचे विनम्रवाचा यतिराजमित्थम् ॥१०॥

पताका—श्रीस्वामीजी महाराज जब उस विशाल पर्वतके समीप प्रदेशमें आ गये तब सब देवता कोमल वाणीसे स्वामीजीसे इस प्रकार निवेदन करने लगे ॥१०॥

दिवस्पतिस्त्वां यतिसार्वभौम प्रतीक्षते द्रष्टुमधित्यकायाम् ।
दयां दयालो हि विधाय गन्तुं तत्रार्हसि त्वं महिताब्जपाद ॥११॥

पताका—हे यतिराज ! देवराज आपका दर्शन करनेके लिये इस पर्वतकी अधित्यका—ऊपरके प्रदेशमें आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं । अतः हे पूज्य चरण और हे दयालो ! कृपा करके आप वहां पधारें ॥ ११

स्वीकृत्य तेषां सनति प्रणीतामभ्यर्थनामद्रिमुदारचेताः ।
पवित्रयिष्यन्सुमनोविमानं यतिः सशिष्यः सहसारुरोह ॥ १२ ॥

पताका—उन देवताओंकी नम्रतापूर्वक की गई हुई प्रार्थनाको उदार चित्तवाले श्रीस्वामीजी महाराज सुनकर उस पर्वतको पवित्र करनेके लिये शिष्यों सहित देव-विमानपर चढ़ गये ॥१२॥

स्तम्भैः सहस्रैः किल शातकुम्भैर्विनिर्मिते निर्मितिदक्षदक्षैः।
शृङ्गारिते मौक्तिकतोरणैश्च भव्ये मनोहारिणि मण्डपेऽत्र ॥१३॥
विमानमागत्य शिलोच्चयेस्मिन्नवातरद्योगिपदाब्जजुष्टम्।
यतीश्वरस्याधिपदारविन्दं ननाम सौवागतिकः सुरेन्द्रः ॥१४॥

पताका—अत्यन्त निपुण शिल्पियोंसे सोनेके सहस्रों स्तम्भोंके द्वारा बनाये गये हुये, तथा मोतियोंके तोरणोंसे सजाये हुये, उस पर्वतपर बनाये हुये, रमणीक और मनोहर मण्डपमें श्रीस्वामीजीका विमान आकर नीचे उतरा। श्रीमद्यतीन्द्रके चरणारविन्दमें, स्वागत करनेवाले देवेन्द्रने आकर प्रणाम किया ॥ १३ ॥ १४ ॥

महार्घ्यरत्नोच्चयसम्परीतं प्रणीतमष्टापदसन्निवेशैः।
मणिप्रभाभासितसर्वदेशमुद्गन्धिमन्दारसुमाधिवासम् ॥ १५ ॥
भद्रासनं भद्रतमं च मञ्जु सनत्युपावीविशताधिनाथम्।
अक्ष्णां सहस्रेण च वासवोऽसौ मुनीन्द्रपादाब्जरसं निपीय ॥१६॥

पताका—इन्द्रराजने अपने सहस्र नेत्रोंसे श्रीस्वामीजीके चरणकमलोंका रस पान करके बहुमूल्य रत्नोंसे जटित, सुवर्ण निर्मित, जिसके मणियोंकी प्रभासे वहांके सर्व प्रदेश प्रकाशित हो रहे थे, जिसमें उत्कृष्ट गन्धवाले मन्दारके फूलोंका सुगन्ध आ रहा था ऐसे कल्याण स्वरूप और मनोहर भद्रासन—राजोचित आसनपर विनयपूर्वक श्रीस्वामीजी महाराजको बैठाया ॥

नाथं यतीनां त्रिदशाधिनाथः पूर्वं सुराश्चाथ नराः क्रमेण।
समार्चिचन्नर्च्यतमं धराया भाग्योद्भवं भावयितुं मुनीतम् ॥१७॥

पताका—पृथ्वीके भाग्यको बढानेके लिये पृथ्वीपर आये हुये श्री यति-

राजकी, सबसे प्रथम देवराज इन्द्रने पूजाकी। पश्चात् अन्य देवोंने। पश्चात् मनुष्योंने ॥ १७ ॥

ततः परं दुर्लभतामवेक्ष्य विना यतीशस्य पदारविन्दम्।
भक्तेश्च मुक्तेरपि तत्र शक्रो ह्यतिष्ठिपत्तत्र्यतिपादुकां सः ॥१८॥

पताका—पश्चात् इन्द्रने विचार किया कि भगवत्स्वरूप इन श्रीस्वामीजीके चरणकमल बिना भुक्ति और मुक्ति दोनोंही दुर्लभ हैं। अतः उन्होंने वहां पर श्रीस्वामीजीकी चरणपादुकाकी स्थापना कराई। (जो कि आज तक वहां वर्तमान है।) ॥ १८ ॥

स्वर्गान्मनोमोदविधित्सया ये देवाः समायान्त्विह शैलभागे।
विलासतर्पिप्रवरैर्मया च समर्चनीया यतिपादुकेयम् ॥ १९ ॥

पताका—इन्द्रने देवोंसे कहा कि इस पर्वतपर क्रीडा करनेकी इच्छासे स्वर्गसे जो देव आवें, वे परम विलासी देव, इस चरणपादुकाकी अवश्य पूजा करें। मैं आऊं तो मैं भी पूजा करूं ॥१९॥

आज्ञाप्य सर्वाञ्शतमन्युरेवं यतीश्वरादेशमयं स्वमूर्ध्ना।
वहन्विमानेन मुनिं विसर्ज्य स्वयं ययौ सादितिनन्दनः स्वः ॥२०॥

पताका—इन्द्रराज इस प्रकार सबको आज्ञा देकर, श्री स्वामीजी महाराजकी आज्ञाको मस्तकपर धारण करते हुये श्रीस्वामीजीको विदा करके विमानपर चढ़कर स्वयं भी सब देवों सहित स्वर्गको गये ॥२०॥

भूमिं समागत्य पुनः स योगी भुवं पुनानो जलजाङ्घ्रिचारैः।
सद्यः स्वतन्त्रो निखिलेषु तन्त्रेष्ववापि केनापि जिनाध्वगेन ॥२१॥

पताका—पृथ्वीपर आकर नंगे पगसे पृथ्वीको पवित्र करते हुये जब निखिलतन्त्रस्वतन्त्र श्रीस्वामीजी चल रहे थे उसी समय कोई जैन साधु मिला ॥

वेषं निरीक्ष्यास्य स वैदिकानां हास्यं विधायेति वचो जगाद।
धूर्तैर्निकामं परिकल्पितेषु वेदेषु जागर्ति कथं तवास्था ॥२२॥

पताका—वह जैनी प्रथम स्वामीजीके त्रिदण्डी वेषको देखकर, और वैदिकोंकी हँसी करके इस प्रकार बोला कि वेदोंको तो धूर्तोंने बनाया है उसमें आपकी आस्था कैसे स्थिर है ? ॥२२॥

श्रुत्वा वचः कुन्तललुञ्चकस्य दूनं मनस्तस्य यतेर्निकामम् ।
यो वेदपाथोनिधिपारदर्शी निन्दां श्रुतीनां शृणुयात्कथं सः ॥२३॥

पताका—उस केशलुञ्चक जैन साधुकी बात सुनकर यतिराजके हृदयमें परम दुःख हुआ । क्योंकि जो वेदरूप समुद्रका पारदर्शी होवे वह वेदोंकी निन्दा कैसे सुने ॥ २३ ॥

उवाच शान्त्या स शमप्रधानो यतीश्वरस्तं च शिरोरुहाणाम् ।
उत्पाटकं स्नानपराङ्मुखत्वाद्दुर्गन्धसम्पीडितसर्वकायम् ॥२४॥

पताका—परम शान्त श्रीस्वामीजी महाराज शान्तिके साथ, केशनोचनेवाले तथा स्नान न करनेसे दुर्गन्धित शरीरवाले उस जैन साधुसे बोले ॥२४

ये धर्मकान्तारपरिच्युताः स्युर्ये चापि जाड्यान्धपराहताः स्युः।
तेषां समेषां पथिदर्शकेषु वेदेषु कस्तेऽयमपप्रलापः ॥२५॥

पताका—जो लोग धर्मके कठिन मार्गसे भ्रष्ट हो गये हैं, जो अज्ञानरूप अन्धकारसे पीडित हो रहे हैं, उन सबोंके लिये मार्गप्रदर्शक वेदोंके विषयमें तुम कैसा अपशब्द बोलते हो ? ॥२५॥

जगाद भूयो विरते यतीन्द्रे मुखेन दुर्गन्धिगरं वमन् सः ।
वेदैः सदारस्य विबोधितस्य विष्णोः कथं स्याज्जगदीश्वरत्वम् ॥२६

पताका—जब स्वामीजी इतना बोलकर चुप हुये तब मुखसे दुर्गन्धित विष निकालता हुआ वह पुनः बोला । "श्रीश्चते लक्ष्मीश्च" इत्यादि मन्त्रोंसे वेद विष्णुकी स्त्रीका वर्णन करता है । जो सस्त्रीक हो वह जगत्का ईश्वर-स्वामी कैसे हो सकता है ? ॥२६॥

सदारतायाः प्रतिबन्धकत्वं यदीश्वरत्वस्य विभाव्यतेऽद्धा ।
तद्ब्रूहि किं कारणमस्ति तत्र यतीश्वरः प्रत्यवदत्तमेवम् ॥२७॥

पताका—श्रीस्वामीजीने उसको उत्तर दिया कि यदि तुम स्त्री सहित होनेको ईश्वरताका प्रतिबन्धक मानते हो तो उसका कारण बताओ ॥२७॥

स प्रत्युवाचाथ यदीश्वरत्वं सदारकस्यापि मतं त्वया स्यात् ।
समादरः केन तवास्ति विष्णावेवान्यजीवेषु कथं न तत्त्वम् ॥२८

पताका—वह साधु बोला कि यदि आप सस्त्रीकको भी ईश्वर मानते हैं तो क्या कारण है कि केवल विष्णुको ही ईश्वर मानते हैं? अन्य सस्त्रीक जीवोंमें भी ईश्वरता क्यों नहीं स्वीकार करते? ॥२८॥

सर्वज्ञताहानिरसर्वगत्वमसर्वशक्तित्वमथापि तेषाम् ।
जागर्ति तत्त्वस्य निपीडनायेत्यवोचतामुं यतिसार्वभौमः ॥२९॥

पताका—श्रीस्वामीजीने उत्तर दिया कि जितने जीव हैं वह सर्वज्ञ नहीं हैं, सर्वव्यापक नहीं हैं तथा सर्वशक्तिमान् नहीं हैं अतएव उनमें जगदीश्वरता नहीं मान सकते ॥ २९ ॥

कस्यापि जीवस्य सुकर्मशाखी सर्वज्ञतां चेत्प्रसुवीत विद्वन् ।
कथं न तत्त्वं विलसत्यमुष्य विचारमूढो निजगाद जैनः ॥३०॥

पताका—वह अविवेकी जैन साधु पुनः बोला कि यदि कोई जीव सुन्दर कर्म करता हो और उसके फलसे किसीको सर्वज्ञता प्राप्त हो जावे तो उसे ईश्वर क्यों नहीं मान सकते? ॥३०॥

न विद्यते कर्म किमप्यमुष्यां सर्वज्ञतां सोतुमलं जगत्याम् ।
ममापि शास्त्रेऽथ तवापि शास्त्रे ततस्तथा नेत्यवदन्मुनीन्द्रः ॥३१॥

पताका—हमारे शास्त्रमें तथा तुम्हारे शास्त्रमें भी ऐसा कोई कर्म नहीं है जिससे इस लोकमें किसीको सर्वज्ञता प्राप्त हो जावे; ऐसा स्वामीजी महाराजने उत्तर दिया ॥ ३१ ॥

अघातिकर्माणि तथा च घातिकर्माणि ते सन्ति मतानि तावत् ।
घातीनि तत्सज्जननेऽसमर्थान्यपेक्षितानीह तवैव शास्त्रे ॥ ३२ ॥

पताका–घातिकर्म तथा अघातिकर्म ये ही दो प्रकारके कर्म तुमको माननीय हैं। इनमेंसे तुम्हारे ही शास्त्रोंमें लिखा है कि घातिकर्म किसी वस्तुको उत्पन्न नहीं करते ॥३२॥

अघातिकर्मस्वपि तादृशीह न सम्मता शास्त्रकुलेऽपि शक्तिः ।
किमस्ति तेऽन्यन्मतमत्र कर्म सविष्यते यत्तवकल्पवल्लिम् ॥३३॥

पताका–तथा अघाति कर्मोंमें भी तुम्हारे शास्त्रमें ऐसी शक्ति नहीं मानी गई है जो सर्वज्ञता आदिको उत्पन्न करे। तब बताओ तुम्हारे मतमें वह कौनसा कर्म है जो तुम्हारी कल्पलता–सर्वज्ञताको उत्पन्न करे? ॥३३॥

प्रयोक्तुकामः स च सप्त भङ्गीश्चातुर्यपल्यङ्कमथारुरोह ।
परन्तु वादाहवपण्डितोऽसौ भङ्गान्सभङ्गान् यतिराड् व्यधत्त ॥३४॥

पताका–वह जैन साधु सप्तभङ्गीका प्रयोग करनेके लिये चतुराई करने लगा परन्तु शास्त्रार्थ कलामें परम निपुण श्रीयतिराजने सब भङ्गोंको भग्न कर दिया ॥३४॥

अहो अनेकान्तमतं मतं चेन्निखात एव त्वयका निजार्थम् ।
गर्तो महानित्यवदद्यतीन्द्रो जैनोऽथ मौनं विदधे सलज्जः ॥३५॥

पताका–स्वामीजीने कहा कि यदि तुम अनेकान्तवाद स्वीकार करते हो तो तुमने अपने लिये बड़ा भारी खड्डा खोद लिया। इतना सुनते ही वह जैनी समझ गया और लज्जित होकर चुप हो गया ॥३५॥

स योगिराजश्चितभूरिमानो विराजमाननसुन्दरश्रीः ।
अग्रेऽचलच्छिष्यगणैः समेतः प्रचारयन्वैष्णवधर्मशिक्षाम् ॥३६॥

पताका–मान प्राप्तकर, सुन्दर मुखकी कान्तिवाले वह योगिराज अपने शिष्यों सहित वैष्णवधर्मकी शिक्षाका प्रचार करते हुये आगे चले ॥३६॥

शनैः शनैरेष महानुभावः स्थलीं यदूनां हृदयस्य योगी ।
स्थूणामिवापश्यदनिद्रदुःखो विवर्णचन्द्रानन आर्द्रचक्षुः ॥ ३७ ॥

पताका—धीरे २ महानुभाव श्रीयोगिराजने मलिनमुख तथा भींजी आंखोंसे अत्यन्त दुःखित होकर हृदय शल्यके समान यादव स्थलीको देखा

ततः परं तत्र हि सौमनाथं रम्यालयं भग्नशिखं निरीक्ष्य ।
निर्वीर्यतामप्यथ हिन्दुजातेरहो यतीन्द्रो विमना मुमोह ॥ ३८ ॥

पताका—उसके पश्चात् टूटे शिखरवाले सोमनाथके रमणीय मन्दिरको देखकर तथा हिन्दू जातिकी निर्बलताको देखकर यतिराज व्याकुल हो गये॥३८

हा हिन्दुता भारतवर्षतोऽद्य गतेति मन्येऽवसितानि चास्य ।
शुद्धावदानानि दिनानि तानि हंहो विधातुः प्रबला समीहा ॥३९॥

पताका—स्वामीजीने कहा, मैं समझता हूं कि आज भारतवर्षसे हिन्दुत्व चला गया ! इस देशके सुन्दर कर्म करनेके वे दिन चले गये ! अहो ! भगवान्की इच्छा प्रबल है ! ॥ ३९ ॥

हे क्षत्रवंशाम्बररोचिरीशा युष्मासु जीवत्स्वपि भारतस्य ।
दशा विपन्ना न परं विपन्ना यूयं महाश्चर्यमिदं ममात्र ॥४०॥

पताका—हे क्षत्रियवंशरूप आकाशके सूर्य क्षत्रिय ! तुम्हारे जीते २ भारतकी ऐसी दीन दशा हो गई परन्तु तुम लोग मर नहीं गये ? मुझे तो यही आश्चर्य है ॥ ४० ॥

अद्यैव शुष्कं किमु युष्मदीयेष्वङ्गेषु रक्तं किल पूर्वजानाम् ।
नोचेत्कथं हिन्दुकुलाधिपूज्यसोमाधिनाथस्य दशेयमस्य ॥ ४१ ॥

पताका—क्या निश्चय ही, अभीसे ही तुम्हारे शरीरमेंसे पूर्वजोंका रक्त सूख गया ? नहीं तो हिन्दुवंशके पूज्य सोमनाथकी यह दशा कैसे होती ?

यस्यां भुवि श्रीयदुनन्दनोऽपि चिरं निवासं रचयाञ्चकार ।
तस्या दशेयंहतभाग्यभाजो मनो दुनोतीह न हिन्दुजातेः ॥४२॥

पताका–जिस सौराष्ट्र भूमिमें भगवान् श्रीकृष्णनेभी चिरकाल तक निवास किया है उसकी यह दशा हतभाग्य हिन्दुजातिके मनको पीडित नहीं करती है ! ॥ ४२ ॥

दिने दिने वर्धत एव मन्ये कार्पण्यदोषः किल हिन्दुजातौ ।
नश्येदयं चेन्नहि शीघ्रमेव नामापि नश्येन्ननु हिन्दुतायाः ॥४३॥

पताका–हिन्दुजातिमें दिन २ निर्बलता बढ़ती जाती है ! यदि यह निर्बलतारूप दोष शीघ्र नष्ट न हुआ तो हिन्दुजातिका नामभी नष्ट हो जावेगा ॥ ४३ ॥

एवं विलप्याथ मुनिश्च तस्माच्छनैः शनैर्द्वारवतीं जगाम ।
ततः परावृत्य दिनैश्च कैश्चित्तामार्बुदीं कान्तिमवैक्षताशु ॥४४॥

पताका–इस प्रकारसे हिन्दुओंकी दशापर मुनीश्वर शोक प्रकट करके द्वारका गये । वहांसे लौटकर कुछ दिनोंमें शीघ्र आबूकी शोभाका अवलोकन किया ॥ ४४ ॥

ऋषेर्वसिष्ठस्य भुवं लुलोके महत्सरश्चापि नखीतिगीतम् ।
ददर्श तत्रैव तपोनिमग्नं भलिन्दसूनुं महसां स राशिः ॥ ४५ ॥

पताका–वहां आबूमें वसिष्ठ ऋषिके आश्रमका तथा नखी नामके सरोवरका दर्शन किया । उसी नखी सरोवरके पास तपस्या करते हुये भलिन्द सूनुको महातेजस्वी यतिराजने देखा ॥ ४५ ॥

दिनद्वयं तत्र मुनिर्निवासं सदेवतः शिष्यगणेन साकम् ।
विधाय देवैश्च विधाप्य श्रीमद्रघूत्तमस्थानमनूनशोभम् ॥ ४६ ॥

भलिन्दसूनोः सविधे स्थितासीत्सुपूजितैका रघुनाथमूर्तिः ।
संस्थाप्य तन्मन्दिर एव तामातनोदुदारं जनतोपकारम् ॥ ४७ ॥

(युग्मम्)

पताका—श्रीयतिराज वहां देवताओं और शिष्योंके साथ दो दिन तक निवास करके, देवताओंके द्वारा श्रीरघुनाथजीका सुन्दर मन्दिर बनवाकर; भलिन्दसुनु–मुनिके पास एक सु–पूजित श्रीरघुनाथजीकी प्रतिमा थी, उसे ही उस मन्दिरमें स्थापन करके जनताका महान् उपकार किये ॥

निर्गत्य तस्मात्समजान्मुनीन्द्रः क्षेत्रं महत्पुष्करनामधेयम् ।
ततो जयश्रीमहितं पुरं स जगाम शीघ्रं ह्युपदेष्टुकामः ॥४८॥

पताका—आबूसे चलकर श्रीस्वामीजी पुष्कर क्षेत्र आये। वहांसे उपदेश करनेकी इच्छासे शीघ्र जयपुर आये ॥ ४८ ॥

नृपो मुनेरागमनं निशम्य दिदृक्षया तूर्णमुपाययौ सः ।
आतिथ्यमाधाय यतीश्वरस्याज्ञप्तो ययौ राजगृहं समोदः ॥४९॥

पताका—उस समयके जयपुराधीश मुनीश्वरका आगमन सुनकर दर्शनकी इच्छासे शीघ्र उनके पास आये। यथोचित स्वामीजी महाराजका अतिथि सत्कार करके आज्ञा पाकर प्रसन्न होकर राजमहलको गये ॥४९॥

न्युवास तत्रर्षिवरो दिनानि प्रजाहितार्थं किल पञ्चषाणि ।
दिशन् स धर्मं शुभवैष्णवानां ततः शनैरुज्जयिनीं जगाम ॥५०॥

पताका—वह ऋषिवर प्रजाके कल्याणके लिये वैष्णव धर्मोपदेश करते हुये वहां पांच छ दिन रहे। पश्चात् धीरे २ उज्जैन गये ॥ ५० ॥

क्षिप्रातटे वासरमेकमेव नीत्वा सशिष्यो यतिराजराजः ।
व्रजं व्रजेशस्य जगाम यत्र लीला अनन्ता अभवन्हरेर्हि ॥ ५१ ॥

पताका—वहां क्षिप्रा नदीके तटपर शिष्योंसहित श्रीस्वामीजी एक दिन निवास करके नन्दके व्रजमें गये जहां भगवान्‌की अनन्त लीलाएँ हुई हैं ॥ ५१ ॥

ततः प्रियां स्वां स पुरीमयोध्यामागत्य वासं कृतवान् सरय्वाः ।
तटे विशुद्धेऽनुददर्श जन्मभूमिं क्रमादागतवान्स काशीम् ॥ ५२ ॥

पताका—उसके पश्चात् अपनी प्रिय पुरी अयोध्यामें आकर श्रीसरयू-जीके पवित्र तटपर निवास किये। पश्चात् जन्मभूमिका दर्शन किये और उसके पश्चात् क्रमसे काशी आ गये ॥ ५२ ॥

धर्मो विनाशमुपयाति दिने दिनेऽत्र,
श्रद्धाधनं विगलितं गलितोऽभिमानः।
वीर्यादिकं त्यजति हिन्दुजनांस्ततस्ते,
म्लेच्छावपातदलने विवशा बभूवुः ॥ ५३ ॥

पताका—दिन २ धर्मका नाश हो रहा है। श्रद्धारूप धन नष्ट हो गया। आत्मगौरव क्षीण हो गया। वीर्य, बल आदि हिन्दुओंको छोड़ रहे हैं। अतः वे हिन्दु म्लेच्छोंके आक्रमणको दलन करनेमें पराधीन हो गये हैं ॥ ५३ ॥

कथङ्कारं भवेद्रक्षा समयेऽस्मिन्विशङ्कटे।
हिन्दूनामिति सन्तस्थे मुनिस्तत्र विचारयन् ॥ ५४ ॥

इतिश्रीअयोध्यावास्तव्य-ब्रह्मचारिश्रीभगवद्दास-विरचिते
श्रीमद्भगवद्रामानन्ददिग्विजये चतुर्दशः सर्गः

पताका—इस महा विकराल समयमें हिन्दुओंकी रक्षा कैसे होगी, इसका विचार करते हुये श्रीस्वामीजी काशीमें ही रहने लगे ॥ ५४ ॥

इतिश्रीअयोध्यावास्तव्य-ब्रह्मचारिश्रीभगवद्दास-विरचिते-श्रीमद्भगवद्रामा-
नन्ददिग्विजये पताकाख्यव्याख्यायां चतुर्दशः सर्गः।

अथ पञ्चदशः सर्गः

सदासनसमासीनं सर्ववैभवभूषितम् ।
पूर्णकीर्तिकलानाथं तरङ्गितजनोदधिम् ॥ १ ॥
भव्यभक्तिरमाक्रान्तं रमाकान्तमिव स्फुटम् ।
धामनिध्यधिधामानममानं मानिमानितम् ॥ २ ॥
त्रय्यन्तान्तविचोधिखवोधकं सुमनोहरम् ।
त्रिदण्डं दधतं तं श्रीमन्तं ध्यायन्तमीश्वरम् ॥ ३ ॥
अन्यैश्च वहुभी रामरसिकैः परिवेष्टितम् ।
यतिराजमहाराजं दण्डी कश्चिदुपेयिवान् ॥४॥ (कुलकम्)

पताका—सुन्दर आसनपर बैठे हुये, शम, दमादि समस्त वैभवोंसे युक्त, सुन्दर कीर्तिवाले, असंख्य मनुष्योंसे घिरे हुये ॥ विष्णु भगवानके समान सुन्दर भक्तिरूपिणी रमाके स्वामी, सूर्यस..न उज्वल तेजवाले, अपरिमित शक्तिवाले, मानी पुरुषोंसे सम्मानित—॥ वेदोंके पाण्डित्यको बोध न करनेवाले—सुन्दर त्रिदण्डको धारण करनेवाले, ईश्वरका ध्यान करते हुये—॥ अन्य अनेकों रामभक्तोंसे घिरे हुये, श्रीस्वामीजी महाराजके पास एक दण्डी आया ॥ १ ॥ २ ॥ ३ ॥ ४ ॥

कनिष्ठोऽपि कनिष्ठः स कौमारीं पदवीं वहन् ।
मायावी तत्र निर्माय स्वमायामधितस्थिवान् ॥ ५ ॥

पताका—उसका नाम कनिष्ट था । वह स्वभावसे भी कनिष्ठ—क्षुद्र था । कार्तिकेयके सम्प्रदायका अनुयायी था । वह मायावी अपनी माया रचकर वहां बैठ गया ॥ ५ ॥

स विष्णुपदसम्प्राप्तो महाविष्णुं परीक्षितुम् ।
रुधिराणि च मांसानि प्रववर्ष प्रववरः ॥ ६ ॥

पताका—वह धूर्त आकाशमें जाकर महाविष्णुस्वरूप उनकी परीक्षा करनेके लिये रक्त और मांसकी वर्षा करने लगा ॥ ६ ॥

तदनन्तरमह्नाय हीनवृत्तेन भीतिदा ।
आश्रयाशमहावृष्टिस्तेने तेनेह पुष्कला ॥ ७ ॥

पताका—उसके पश्चात् शीघ्रही वह नीच भयानक और पुष्कल अग्निकी महती वृष्टि करने लगा ॥ ७ ॥

क्षमाशीलक्षमाशीला वैष्णवा अपरे तदा ।
विकला विकला जाता ज्वलज्ज्वालचुम्बिताः ॥ ८ ॥

पताका—क्षमाशील—पृथ्वीके समान क्षमा करनेके स्वभाववाले अन्य वैष्णव विकल—ज्ञानशून्य होकर, अग्निकी ज्वालासे स्पृष्ट होकर व्याकुल हो गये ॥ ८ ॥

प्रतीकारं न ते चक्रुः प्रतीकारक्षमा अपि ।
प्रतीक्षितनिजाचार्यशासना हि तयास्तिका ॥ ९ ॥

पताका—वह सब वैष्णव आस्तिक थे । आचार्यकी आज्ञाकी प्रतीक्षा करनेवाले थे। अतः उपाय करनेमें समर्थ होनेपर भी उन्होंने गुरुकी आज्ञा विना उपाय नहीं किया ॥ ९ ॥

परस्परं समामन्त्र्य समाधिस्थं जगद्गुरुम् ।
सर्वतन्त्रस्वतन्त्रं तं तुष्टुवुर्वैष्णवास्तदा ॥ १० ॥

पताका—वे सब वैष्णव परस्पर विचार करके समाधिमें बैठे हुये, सर्व विद्याविशारद जगद्गुरु श्रीस्वामीजी महाराजकी स्तुति करने लगे ॥१०॥

तत्कृतस्तुतिगम्भीरशब्दनिर्घोष बोधितः ।
अभिभज्य समाधिं तं तमाधिं सन्ददर्श सः ॥११॥

पताका—वैष्णवोंकी स्तुतिके गम्भीर शब्दके कोलाहलसे जगाये गये हुये श्रीस्वामीजी उस समाधिको छोड़कर उस दुःखको देखे ॥ ११ ॥

सर्वज्ञः स समालोच्य मायां बुद्ध्वा च मायिनः ।
प्रामिणीत च तामासन्त्समस्ता अस्तभीतयः ॥१२॥

पताका—श्रीस्वामीजी तो सर्वज्ञ थे। उन्होंने सब अवगत करके मायावीकी मायाको जानकर उसे नष्ट कर दिया। तब सब लोग निर्भय हो गये ॥ १२ ॥

कनिष्ठोदरमध्ये तु गरिष्ठा सम्प्रतिष्ठिता ।
प्राणपीडाकरी पीडा को न भुङ्क्ते कृतं निजम् ॥१३॥

पताका—कनिष्ठकी माया नष्ट हो जानेके पश्चात् उसके पेटमें बडी भारी पीड़ा उत्पन्न हुई। प्राणसङ्कट उपस्थित हुआ। सत्य है, अपने कियेको कौन नहीं भोगता?

त्राहि त्राहि ब्रुवन्नूनं स्वेष्टं प्रति निजेष्टये ।
श्रुतिसम्पुटसम्भेदि शब्दजालमदोऽशृणोत् ॥१४॥

पताका—अपनी रक्षाके लिये जब वह अपने इष्टदेव कुमारको बुला रहा था कि 'रक्षा करो रक्षा करो' उस समय उसने एक बड़े भयानक शब्दको सुना ॥ १४ ॥

अरे रे सदरे मूर्ख त्वमिदं चारु नाचरीः ।
यदिमं योगिमूर्द्धन्याभरणं व्यग्रहीर्मुधा ॥१५॥

पताका—वह शब्द क्या था सो कहते हैं। अरे सत्पुरुषोंके शत्रु, तूने यह अच्छा नहीं किया जो व्यर्थमें परम योगीश्वर इन स्वामीजीके साथ विग्रह किया ॥ १५ ॥

अघोराणां परो मन्त्रो राममन्त्रः प्रकीर्तितः ।
तदाचार्यवरैः सार्कं नोचितो विग्रहग्रहः ॥ १६ ॥

पताका—अघोर मन्त्रोंकी अपेक्षा राममन्त्र सर्वोत्कृष्ट माना गया है। उस श्रीराममन्त्रके आचार्यके साथ विग्रह करना उचित नहीं है ॥ १६ ॥

वैष्णवाचार्य्यवर्य्योऽयं निसर्गकरुणापरः ।
चरणं शरणं तस्योपेहि त्यक्त्वा मृषा मदम् ॥१७॥

पताका—यह वैष्णवाचार्य्योंमें श्रेष्ठ आचार्य स्वभावसे ही दयालु हैं। अतः मिथ्याभिमानको त्यागकर उनके चरणशरणमें जा ॥ १७ ॥

त्वं च यद्यपि दण्ड्योऽसि क्षंस्यते हि तथापि सः ।
एतदेव महत्वं यदपकारिष्वनुग्रहः ॥१८॥

पताका—यद्यपि तुम दण्डके योग्य हो तथापि वह तुमको क्षमा कर देंगे। क्यों कि अपकार करनेवालेपर दया करना ही महत्त्व है ॥ १८ ॥

इतः परं परं कैश्चित्सहसा सिद्धवैष्णवैः ।
विग्रहे नाग्रहो ग्राह्यो मा विस्मार्षीर्वचो मम ॥१९॥

पताका—परन्तु अबसे किन्हीं सिद्ध वैष्णवोंके साथ सहसा विग्रहकी आकांक्षा नहीं करना। इस मेरे वचनको भूलना नहीं ॥१९॥

वाचमेतां समाकर्ण्य नितरामशरीरिणीम् ।
तत्रागाज्झटिति स्वार्थे विलम्बं सहते हि कः ॥२०॥

पताका—इस आकाशवाणीको श्रवण करके वह कनिष्ठ तत्काल ही स्वामीजीके पास गया। क्योंकि स्वार्थमें कोईभी विलम्ब नहीं करता ॥२०॥

बद्धाञ्जलिर्नमन्मूर्द्धा वेपमानोऽपमानितः ।
पुरस्तादागतस्तत्र यतिराजस्य पामरः ॥२१॥

पताका—वह नीच कनिष्ठ हाथ जोड़े हुये, मस्तक नमाये हुये, कांपता हुआ, अपमानित होकर श्रीस्वामीजीके आगे आया ॥ २१ ॥

नाम्ना कनिष्ठ एवाहं कनिष्ठोऽस्मि च वस्तुतः ।
परीचिक्षिषया यत्ते नाथ दुष्कृतमाचरम् ॥२२॥

पताका—हे नाथ! मेरा नाम कनिष्ठ है और वस्तुतः मैं कनिष्ठ ही

हूं कि जो आपकी परीक्षा करनेके लिये मैंने यह पाप किया ॥ २२ ॥

त्वन्माहात्म्यमविज्ञाय क्रूरकर्मा तमोनिधिः ।
अन्वष्ठां यदहं पापं तत्क्षमस्व महामुने ! ॥२३

पताका–हे महामुनीश्वर ! अज्ञानी और क्रूर कर्मवाला मैंने आपके माहात्म्यको जाने बिना जो पाप किया है उसे क्षमा करें ॥ २३ ॥

दासोऽहं ते महाराज पङ्कजाङ्घ्रियुगं तव ।
आश्रये स्वाश्रये दीनं करुणाकर मां कुरु ॥२४॥

पताका–हे महाराज ! मैं आपका दास हूं । आपके चरणकमलोंका आश्रय लेता हूं । हे दयालो ! मुझ दीनको अपने आश्रयमें स्वीकार करें ॥ २४ ॥

स्वर्भानुग्रसितो भानुर्वहिरेति पुनः पुनः ।
तव क्रोधानलग्रस्तः सदा तत्रावसीदति ॥२५॥

पताका–केतुसे ग्रसित सूर्य तो पुनः २ बाहर आता है परन्तु आपके कोधरूप अग्निसे ग्रस्त पुरुष वहां ही दुःखी हुआ करता है ॥२५॥

विरोधं च समाराध्य समाराध्य सतां त्वया ।
मया ह्याराधितं दुःखं केवलं सिद्धमानिना ॥२६॥

पताका–हे सज्जनोंके पूज्य ! आपके साथ विरोध करके, अपनेको सिद्ध माननेवाले मैंने केवल दुःख ही सिद्ध किया है ॥ २६ ॥

त्रिशूलमिव शूलं मे पिचण्डं पीडयत्यथ ।
भ्रमन्निव भवः सर्वो भाति मे भास्करप्रभ ॥२७॥

पताका–हे सूर्य समान तेजवाले ! यह शूल–पीडा मेरे पेटको त्रिशूलके समान पीडित कर रही है । समस्त संसार मुझे फिरता हुआ विदित होता है ॥ २७ ॥

प्राणाः कण्ठ गता नूनं निर्यातुं वर्ष्मणो मम ।
त्वरन्त इति मन्येऽहं परित्यज्य यतीन्द्र माम् ॥२८॥

पताका—हे यतीन्द्र! मैं समझता हूं कि कण्ठमें आये हुये मेरे प्राण अब मेरे इस शरीर को त्यागकर निकलने के लिये त्वरा कर रहे हैं॥२८॥

परिभूतेः फलं सद्यः प्राप्तवानस्मि तेऽनघ! ।
मीलिताक्षं कृतं यत्तद्दूयते हृदरिन्दम ॥२९॥

पताका—हे शत्रुसूदन! हे धर्मात्मन्! आप के तिरस्कार का फल मैंने तत्काल में ही पा लिया। आंख मींचकर जो कुछ मैंने किया वह मेरे हृदयको दुःखित कर रहा है ॥ २९ ॥

फेनिलेनाननेनेत्थं ब्रुवन्नथ च विब्रुवन् ।
दयनीयां दशां स्वीयां छिन्नवृक्ष इवापतत् ॥३०॥

पताका—फेनसे भरे हुये मुखसे इस प्रकार बोलता हुआ तथा अपनी दयापात्र दशाको प्रकट करता हुआ कटे हुये वृक्ष समान गिर पडा॥३०॥

पतितं पतितं दृष्ट्वा शरण्यः शरणै षिणाम् ।
भूपृष्ठे तं यतिश्रेष्ठो दयार्द्रहृदयोऽभवत् ॥ ३१ ॥

पताका—शरण चाहनेवाले उस पतित कनिष्ठको पृथिवीपर गिरा हुआ देखकर यतिराजका हृदय दयासे पिघल गया ॥३१॥

उत्थायोत्थाप्य तं तूर्णमालिलिङ्गोरसा रसात् ।
सतामेषोऽमलः पन्था दयन्ते ह्यसतामपि ॥ ३२ ॥

पताका—स्वामीजी उठकर, उसे उठाकर शीघ्र प्रेम पूर्वक छातीसे लगा लिये। क्योंकि दुष्टों पर भी दया करना, यह सत्पुरुषोंका निर्मल मार्ग है ॥ ३२ ॥

उवाच परम भीतः भीतो वाचमिमां मुनिः ।
सतां व्यतिक्रमस्तात नाशायाशु शरीरिणाम् ॥ ३३ ॥

पताका—परम प्रसन्न होकर मुनिराज इस प्रिय वचनको बोले कि हे तात ! सज्जनों का अपमान प्राणियों का शीघ्र नाश कर देता है ॥३३॥

स्वर्गापवर्गयोर्हन्ता गर्वः खर्वत्वकारणम् ।
तस्मात्स च परित्याज्यः श्रेयः सततमिच्छता ॥ ३४ ॥

पताका—गर्व स्वर्ग और अपवर्ग दोनोंका नाश करता है। वह लघुता का कारण है। अतः अपना कल्याण चाहने वालेको चाहिये कि उसका त्याग करदे ॥३४॥

श्रुत्वा श्रुतिमितं वाक्यं क्षणं मौनमुपाश्रितः ।
अश्रूदबिन्दुभिः पापं निजं सर्वमशूशुधत् ॥ ३५ ॥

पताका—वह कनिष्ठ वेदसम्मत इस वचनको सुनकर क्षणभर चुप रहा। तथा आंसुओंके जलसे अपने आपको धो डाला ॥ ३५ ॥

त्रिलोकीतिलकं योगी योगीन्द्रचरणाम्बुजम् ।
प्रणम्य स च साष्टाङ्गं जगादेदं कृताञ्जलिः ॥ ३६ ॥

पताका—वह कनिष्ट योगी तीनों लोकोंके तिलक समान योगीराज श्री स्वामीजीके चरणोंमें साष्टाङ्ग प्रणाम करके हाथ जोड़ कर इस प्रकार बोला ॥ ३६ ॥

भानवीयविभाभातो मानवीयतनुं दधत् ।
स्वयम्भविष्णुस्त्वं विष्णुर्जिष्णुः सद्धर्मविद्विषाम् ॥ ३७ ॥

पताका—आप सूर्यके प्रकाशके समान प्रकाश वाले हैं और मनुष्यका शरीर धारण किये हुये सद्धर्मके विद्वेषियोंको जीतने वाले आप साक्षात् स्वयम् विष्णु हैं ॥ ३७ ॥

अरुणस्त्वं मम व्याधिं तिग्मत्विड्विधुतारुणः ।
अधुनाधिमपि स्वामिन्समूलं छिन्धि सर्वथा ॥ ३८ ॥

पताका—प्रखर कान्तिसे सूर्यको भी परास्त करनेवाले आपने मेरे व्याधिका तो नाश कर दिया परन्तु हे स्वामिन् अब मूल सहित मेरे अगाध मानसिक दुःखका भी सर्वथा नाश कीजिये ॥३८॥

मुक्तियुक्तिर्वशे यस्य भुक्तिर्यस्य च किङ्करी ।
शाधि मामाधिपत्यं ते तस्याद्य स्वीकरोम्यहम् ॥ ३९ ॥

पताका—मुक्तिकी युक्ति जिनके वसमें हैं । भुक्ति (भोग) जिसकी दासी है उन आप स्वामीको मैं आज स्वीकार करता हूं । अतः आप मुझे शिक्षा दीजिये ॥ ३९ ॥

प्रायश्चित्तविधानेन पतितोद्धारकः प्रभुः ।
दीक्षां वैष्णवीं तस्य दत्त्वा सन्मार्गमादिशत् ॥ ४० ॥

पताका—पतितोंके उद्धार करनेवाले श्रीस्वामीजीने उसे प्रायश्चित्त कराकर वैष्णवी दीक्षा देकर सन्मार्गका उपदेश दिया ॥ ४० ॥

विद्वज्जननमस्यायां वाराणस्यां कदाचन ।
महासेनो महासेनः सर्व विद्याविशारदः ॥ ४१ ॥
सर्वास्वाशासु सर्वेषां विदुषामावहन्द्विजः ।
पराजयमिहायासीद्विजिगीषुर्महामदः ॥ ४२ ॥

पताका—एक समय विद्वानोंके नमस्कार करने योग्य काशीमें विद्वानोंकी बडी भारी सेना लेकर सर्व विद्याओंमें निपुण महासेन नामका एक ब्राह्मण, सम्पूर्ण दिशाओंमें विद्वानोंका पराजय करता हुआ, महान् अहङ्कारी विजयकी इच्छासे, आया ॥ ४१ ॥ ४२ ॥

विश्वनाथार्चनं कार्यं यथाशैवागमं मया ।
योऽवरोत्स्यति मां तेन शास्त्रार्थः सम्भविष्यति ॥ ४३ ॥
इत्येवं घोषणाऽघोषि निर्भयेण बुधां पुरि ।
लिङ्गपूजनसामग्रीं समग्रां समचीचयत् ॥ ४४ ॥

पताका—उसने काशीमें यह घोषणा कर दी कि मैं शैव आगमके अनुसार इस विश्वनाथके लिङ्गकी पूजा करूंगा। जो कोई मुझे रोकेगा उसके साथ मेरा शास्त्रार्थ होगा। तदनन्तर उसने लिङ्गपूजनकी सब सामग्री संग्रह कर लिया ॥ ४३ ॥ ४४ ॥

केनचित्स्वामिना प्रोक्तं माभिमानं कृथा बुध !
निर्जनायामरण्यान्यामपि निर्भयता कुतः ॥ ४५ ॥

पताका—उस समय उसे किसी स्वामीने कहा कि पण्डितजी आप अभिमान न करें। यह न समझें कि काशी शून्य है। घोर जङ्गल चाहे निर्जन ही हो परन्तु उसमें निर्भयता कहांसे आ सकती है? ॥ ४५ ॥

विद्वच्छिरोमणिः श्रीमान् प्रतिवादिभयङ्करः।
दर्पिणां दर्पदलनो रामानन्दः प्रतिष्ठते ॥ ४६ ॥

पताका—विद्वानोंमें शिरोमणि, प्रतिवादियोंके लिये भयङ्कर और अहंङ्कारियोंके अहङ्कारको चूर्ण करनेवाले श्रीमान् रामानन्द स्वामीजी महाराज यहां विराजते हैं ॥ ४६ ॥

तन्नामश्रुतिमात्रेण पञ्चगङ्गं स आगतः।
आत्मनीनं न कुर्वन्ति कर्म गर्वकशाहताः ॥ ४७ ॥

पताका—श्रीस्वामीजीका नाम सुनते ही, वह पञ्चगङ्गाघाटपर जहां स्वामीजी रहते थे, आया। सत्य है अहङ्कारके कोड़ेसे मारे गये लोग आत्मकल्याण करनेवाले कर्मको नहीं करते ॥ ४७ ॥

व्याजहार गतस्तत्र दौवारिकमिदं वचः।
निजस्वामिनमक्षाय निवेदय मदागतिम् ॥ ४८ ॥

पताका—वहां जाकर पण्डित महासेनने द्वारपालसे कहा कि तुम अपने स्वामीजीसे मेरे आनेका समाचार कह दो ॥ ४८ ॥

भक्तदीपो नृपः पीपा तत्रासीत्समवस्थितः ।
कौतस्कुतः समायातः कश्च त्वमिति पृष्टवान् ॥ ४९ ॥

पताका—भक्तोंमें दीपक समान पीपा महाराज वहां ही बैठे थे। उन्होंने पूछा कि आप कौन हैं और कहां २ से फिरते आ रहे हैं? ॥४९

त्वरया संजगादासौ जयोत्कण्ठितमानसः ।
अधीती सर्वशास्त्रेषु दाक्षिणात्योऽस्मि सद्द्विजः ॥ ५० ॥

पताका—विजयके लिये उनके मनमें बडी उत्कण्ठा थी अतः शीघ्रतासे उन्होंने उत्तर दिया कि मैं सर्वशास्त्र सम्पन्न दक्षिणी ब्राह्मण हूं ॥५०॥

सर्वा दिशो विजित्यैव समगंस्त मयाऽधुना ।
काशीकेयं पुरी सर्वविद्वत्पुरनिदर्शना ॥ ५१ ॥

पताका—सम्पूर्ण दिशाओंके विद्वानोंको जीतकर, सर्व विद्वानोंके नगरोंमें शिरोमणिभूत इस काशीमें मैं आया हूं ॥ ५१ ॥

युष्माकं च गुरोर्नाम कर्णाकर्णि मया श्रुतम् ।
अपराजित्य तं चाद्य न किमप्याचरिष्यते ॥ ५२ ॥

पताका—कर्णपरम्परासे मैंने आपके गुरुका नाम सुना है। उनको पराजित किये बिना आज मैं कुछ नहीं करूंगा ॥ ५२ ॥

पीपाऽपि प्रत्युवाचैवं किमवोचः पुनर्वद ।
यतमानोऽपि नाशक्रोदक्षरमपि भाषितुम् ॥ ५३ ॥

पताका—पीपाजीने कहा कि आपने क्या कहा, एक वार पुनः बोलिये। उस समय महासेनजीने बहुत प्रयत्न किया परन्तु एक अक्षरभी बोल न सके. ॥ ५३ ॥

स समस्थित तत्रैवमाहोराद्वयमद्वयम् ।
वृत्तं वीक्ष्य जयेच्छा तन्मनसः स्वेच्छया व्यगात् ॥ ५४ ॥

पताका—वह वहां ही दो घड़ी बैठे रहे। ऐसा अद्भुत वृत्तान्त देखकर उनके मनमेंसे विजयकी श्रद्धा अपने आप ही निकल गई ॥५४॥

आश्चर्यमिदमालोक्य गताहंयुर्यदाऽभवत् ।
तदा प्राप पुनर्वाचमाप लज्जां विशेषतः ॥ ५५ ॥

पताका—इस आश्चर्यको देखकर जब उनका अहङ्कार नष्ट हुआ तब पुनः मुखमेंसे शब्द निकला और अधिक लज्जित हो गये ॥५५॥

यामिनां पतिमासाद्य मिलत्पाणिर्नमच्छिराः ।
अपराधक्षमां प्रार्थ्य सर्वथा शरणं गतः ॥ ५६ ॥

पताका—महासेन हाथ जोड़े हुये, मस्तक नमाते हुये, श्रीयतिराजके पास जाकर अपराधक्षमाकी प्रार्थना करके शरणागत हो गये ॥ ५६ ॥

दुस्तरः समयः प्राप्तः कलिधर्मो विजृम्भते ।
श्रौतधर्मसदाचारपद्धतिः प्राप्तपद्धतिः ॥ ५७ ॥

पताका—समय बड़ा दुस्तर आ गया है। कलिकालका धर्म बढ़ रहा है। वैदिक धर्मके सदाचारकी जो पद्धति है वह पैरोंतले कुचली जा रही है ॥ ५७ ॥

वर्णाश्रमसदाचाराः श्लथन्ते हि शनैः शनैः ।
देशोऽयं यवनप्रायो जातो जात बलादपि ॥ ५८ ॥

पताका—धीरे २ वर्णाश्रमके सदाचार भी शिथिल होते जा रहे हैं। हे प्रिय महासेन! यह देश बलात्कारसे यवन जैसा ही हो गया है ॥५८॥

कलिकालसमारब्धमहायज्ञेऽत्र भारते ।
होता च यवनो धर्मच्छागस्तत्र निहन्यते ॥ ५९ ॥

पताका—इस भारतमें कलिकालरूप यजमानने महायज्ञ आरम्भ किया है। उसमें होता यवन हैं और धर्मरूपी बकरा मारा जा रहा है ॥५९॥

यवना धर्महीना धिक्स्वसाम्राज्यमतिष्ठिपन् ।
पारतन्त्र्याभिधे नूनं नरकेऽपप्तंश्च दैशिकाः ॥ ६० ॥

पताका–धर्महीन यवनोंने अपना साम्राज्य स्थापन कर लिया है। धिक्कार है, इस देशके लोग परतन्त्रतारूप नरकमें पड़ गये ॥ ६० ॥

हिन्दवः प्रायशो नित्यं योयुध्यन्ते परस्परम् ।
स्वविरोधः परेषां च सम्पुष्णाति हितं सदा ॥ ६१ ॥

पताका–हिन्दुलोग प्रायः परस्पर नित्य युद्ध किया करते हैं। स्वजनोंके साथ विरोध होनेसे शत्रुओंका सदा हित होता ही है ॥ ६१ ॥

तेन याहि स्वदेशे त्वं पारस्परिकयोधनम् ।
निवर्तय महायत्नाद्देशध्वंसोऽन्यथा ध्रुवम् ॥ ६२ ॥

पताका–अतः हे महासेन! तुम अपने देशमें जावो। और महान् प्रयत्न करके आपसकी लड़ाईको बन्द करो। नहीं तो अवश्य ही देशका नाश हो जावेगा ॥ ६२ ॥

योगिकण्ठीरवस्तस्मै यतिराजो विदांवरः ।
इत्यादिश्य गृहं गन्तुमादिदेश सुखेन तम् ॥ ६३ ॥

पताका–योगियोंमें सिंहसमान, महाविद्वान् यतिराजने महासेनको ऐसा आदेश करके घर जानेकी आज्ञा दी ॥ ६३ ॥

सोऽपि मूर्ध्नाऽग्रहीदाज्ञामाचार्यस्य शुभायतिम् ।
प्रययौ च प्रणम्याशु साष्टाङ्गं पद्मपादयोः ॥ ६४ ॥

पताका–महासेनजीभी भविष्यमें सुन्दर फलवाली आचार्यकी आज्ञाको मस्तकपर धारण किये। स्वामीजीके चरणकमलमें साष्टाङ्ग प्रणाम करके शीघ्र प्रयाण किये ॥ ६४ ॥

अपारो नाम कोऽप्यासीत्पारावारः क्षमातले ।
सर्वतान्त्रिकसिद्धीनां ताराराधी बुधद्विजः ॥ ६५ ॥

पताका—एक अपार नामका कोई विद्वान् ब्राह्मण था। वह तारा-देवीका उपासक था। अतएव पृथ्वीपर सम्पूर्ण तान्त्रिक सिद्धियोंका सागर था ॥ ६५ ॥

उत्कलान्दाक्षिणात्यांश्च सर्वान् सिद्धान् परास्य सः।
अङ्गस्थलं महच्चारु कामाक्षायां न्यधीयमत् ॥ ६६ ॥

पताका—उस अपारने उत्कल और दक्षिण देशके समस्त सिद्धोंको परास्त करके कामाक्षामें एक बहुत सुन्दर अङ्गस्थल नियत किया ॥६६॥

विद्या नाम च तस्यासीद्दुहिता सुहितावहा।
शारदशर्वरीकान्तकान्ताननमनोहरा ॥ ६७ ॥

पताका—उस अपारके शरदृऋतुके चन्द्रमासमान सुन्दरमुखसे मनोंको हरनेवाली, तथा कल्याण करनेवाली विद्या नामकी एक पुत्री थी ॥६७॥

विम्बविम्बप्रतिविम्बरदच्छदविभूषिता।
सर्वसीमन्तनीदर्पसर्पसीमन्तविभ्रमा ॥ ६८ ॥

पताका—विम्बाफलके समान रक्त ओष्ठोंसे विभूषित थी तथा सम्पूर्ण सुन्दर स्त्रियोंके दर्पको डंस लेनेके लिये सर्पके समान केशोंवाली थी॥६८॥

यतः कुतोऽपि सन्त्रस्तमृगशावकलोचना।
लसत्सद्गुणशोभाढ्या परा श्रीरिव सुन्दरी ॥ ६९ ॥

पताका—जहां कहींसे डरे हुये मृग शावकके समान चञ्चल उसके नेत्र थे। सद्गुणोंसे शोभित दूसरी लक्ष्मीके समान वह सुन्दरी थी ॥६९॥

तारुण्यारण्यसंञ्चारियुववातायुमोहनम्।
वंशीस्वराधरीकारक्षमं स्वरमुपेयुषी ॥ ७० ॥

पताका—जवानीरूप जङ्गलमें फिरनेवाले जवान पुरुषरूप मृगोंको मोहित करनेवाला तथा वंशीके स्वरकोभी नीचा दिखानेवाला उसका स्वर था ॥ ७० ॥

कामं कामं परित्यज्य भूतलालोकनागता ।
साक्षाद्रतिरिवारेजे कामचारा हि देवता ॥ ७१ ॥

पताका–अत्यन्त सुन्दर कामको भी छोड़कर पृथ्वीका अवलोकन करनेके लिये आई हुई रतिके समान वह शोभा देती थी । क्योंकि देवता लोग स्वेच्छाचारी होते हैं ॥ ७१ ॥

पदवाक्यप्रमाणज्ञरामानन्दजगद्गुरोः ।
अनवद्या सुविद्येव प्रमदा प्रमदावहा ॥ ७२ ॥

पताका–जिस प्रकारसे पद–वाक्य–प्रमाणज्ञ जगद्गुरु श्रीरामानन्द स्वामीजीकी निर्दोष विद्या आनन्द देनेवाली थी उसी प्रकारसे वह तरुणी अपार–पुत्री भी आनन्द देनेवाली थी ॥ ७२ ॥

तपःसत्यधृतिक्षान्तिविद्याशमदमादिभिः ।
प्रकाशमानां सा काशीं द्रष्टुकामा समागता ॥ ७३ ॥

पताका–तप, सत्य, धैर्य, क्षमा, विद्या, शम और दम आदिसे प्रकाशमान काशीको देखनेकी इच्छासे वह वहां आई ॥ ७३ ॥

काश्यामितस्ततः सासीद्भ्रमन्ती द्विजकन्यका ।
हरन्ती सर्वलोकानां चक्षूंषि च मनांसि च ॥ ७४ ॥

पताका–वह ब्राह्मणकन्या लोगोंके नेत्रों और मनको हरण करती हुई काशीमें इधर उधर फिर रही थी ॥ ७४ ॥

कदाचिद्विशती देवी विदुषी विदुषामपि ।
समाजे शास्त्रसाम्राज्यं शास्त्री साह्यकुतोभया ॥ ७५ ॥

पताका–किसी दिन शास्त्र साम्राज्यका शासन करनेवाली उस विदुषी विद्यादेवीने विद्वानोंके समाजमें निर्भय प्रवेश किया ॥ ७५ ॥

तत्र सिंहासनासीनो भानुमानिव भानुमान् ।
सर्वभूमण्डलस्थायिविद्वद्वृन्दाभिवेष्टितः ॥ ७६ ॥

पताका—वहां सिंहासनपर बैठे हुये, सूर्यके समान प्रभावान्, समस्त पृथिवीके विद्वानोंसे परिवेष्टित—॥ ७६ ॥

सुन्दरश्रीसमापन्नसूर्द्ध्वपुण्ड्रलसच्छिराः ।
सूत्रत्रयीं दधच्छुभ्रां हृदयेन त्रयीमिव ॥ ७७ ॥

पताका—सुन्दर श्रीयुक्त ऊर्द्ध्वपुण्ड्रसे जिनका मस्तक सुशोभित हो रहा था। जो हृदयमें वेदत्रयीके समान सूत्रत्रयी—यज्ञोपवीतको धारण किये हुये थे—॥ ७७ ॥

काषायाम्बर आचार्य्यः सर्वशास्त्रविदांवरः ।
त्रिगुणातीततां वक्तुं त्रिदण्डं विभ्रदुत्तमम् ॥ ७८ ॥

पताका—जो आचार्य्य थे। काषाय वस्त्र धारण किये हुये थे। सर्व शास्त्र विशारद थे। त्रिगुणतीतताको प्रकट करनेके लिये जो सुन्दर त्रिदण्ड धारण किये हुये थे ॥ ७८ ॥

तत्तेजस्तत्तपः शान्तां मूर्तिं तामावहन्नसौ ।
रामानन्दयतीन्द्रोऽस्या नयनातिथितां गतः ॥ ७९ ॥

पताका—अपूर्व तेज, लोकोत्तर तप और अद्वितीय शान्त मूर्ति धारण किये हुये श्रीरामानन्द स्वामीजी महाराजपर उसकी दृष्टि पड़ी ॥७९॥

यतीक्षणकृतार्था सा सुभगा नवयौवना ।
तदन्तेवासिनं चैकमीक्षाञ्चक्रे सुयौवनम् ॥ ८० ॥

पताका—उस सुन्दर भाग्यवाली, नवयौवना विद्याने यतिराजके दर्शनसे कृतार्थ होकर उनके एक सुन्दर युवावस्थासम्पन्न विद्यार्थीको देखा।

तल्लावण्यमहाम्भोधौ सुतनुर्निममज्ज सा ।
रेजिरे वदनाम्भोजे तस्याः प्रस्वेदविन्दवः ॥ ८१ ॥

पताका—उस शिष्यके सौन्दर्यरूप महासागरमें वह सुन्दरी डूब गई। उसके मुखकमलपर स्वेदके बिन्दु झलकने लग गये ॥ ८१ ॥

वेपथुः सर्वगात्रेषु रोमहर्षसमुद्भवः ।
अनंगेषुप्रविद्धाङ्गी दशां कामपि सान्वभूत् ॥ ८२ ॥

पताका—सर्वाङ्गमें कम्पन पैदा हो गया । रोमाञ्च हो आया । कामके बाणोंसे बींधी गई वह त्रिया किसी अपूर्व दशाका अनुभव करने लगी ॥

उपलभ्य रहस्थं सा रहस्यं स्वमनोगतम् ।
सोल्लासं कथयामास शिष्याय ब्रह्मचारिणे ॥ ८३ ॥

पताका—एकान्त पाकर उस त्रियाने अपने हृदयके रहस्यको प्रसन्नताके साथ उस ब्रह्मचारीके आगे निवेदन किया ॥ ८३ ॥

मारच्छवे कुमारास्मन्मनोरथसुरद्रुम !
अपडक्षीणमेकं ते मन्त्रं च विनिवेदये ॥ ८४ ॥

पताका—वह बोली, हे काम समान सुन्दर तथा मेरे मनोरथके कल्पवृक्ष कुमार! मैं नितान्त गोप्य एक वस्तु आपसे निवेदन करती हूं ॥८४॥

क्षीरस्याति यथा बालो मयश्च लवणस्यति ।
त्वदस्यमि तथा चाहं दृष्ट्वा त्वां वीर्यवत्तमम् ॥ ८५ ॥

पताका—जिस प्रकारसे बालक दूधकी इच्छा करता है, ऊंट लवणकी इच्छा करता है वैसेही आपको परम वीर्यवान् देखकर मैं आपकी इच्छा करती हूं ॥ ८५ ॥

एतच्च शृण्वता तूर्णं भर्त्सिता सोर्द्ध्वरेतसा ।
मन्तुमन्त्रविपन्नात्मा स्वसिद्धिमनुसन्दधे ॥ ८६ ॥

पताका—वह ब्रह्मचारी ऊर्द्ध्वरेता था अतः यह सुनतेही उसने त्रियाका तिरस्कार कर दिया । उसने क्रुद्ध होकर अपनी सिद्धिका अनुसन्धान किया ॥ ८६ ॥

तस्या मन्त्रप्रयोगेण तत्क्षणं गतचेतनः ।
पपात भूतले वर्णी शोणितं चोद्वमाम सः ॥ ८७ ॥

पताका—उसके मन्त्रप्रयोगसे वह ब्रह्मचारी उसी समय मूर्च्छित होकर पृथ्वी पर गिर पड़ा और रक्त वमन करने लगा ॥ ८७ ॥

यतिराप्तसमाचारो मायां मायाविनीकृताम् ।
संजहार क्षणेनाभूत्स पुनर्लब्धसंज्ञकः ॥ ८८ ॥

पताका—यह समाचार पाकर श्रीस्वामीजीने मायाविनी विद्याकी माया-को दूर कर दिया। वह ब्रह्मचारी क्षणभरमें ही पुनः सावधान हो गया ॥

तस्याः सिद्धिबलं चापि शापेनाजीहरन्मुनिः ।
स्वगुरुं गुरु दुःखं तद्गत्वा सर्वमचीकथत् ॥ ८९ ॥

पताका—मुनीश्वरने उस विद्याके सिद्धिबलको भी शापसे नष्ट कर दिया। उसने अपने पिताके पास जाकर इस बड़े दुःखको निवेदन किया॥

सिद्धोऽपारो निशम्यैतद्दारुणं कन्यकामुखात् ।
चुक्रोध मुनये सार्धं सिद्धैरागाच्च तां पुरीम् ॥ ९० ॥

पताका—अपनी कन्याके मुखसे इस दारुण समाचारको सुनकर वह अपार सिद्ध मुनीश्वर श्रीस्वामीजीके ऊपर बहुत क्रुद्ध हुआ और अन्य सिद्धोंको साथ लेकर काशीमें आया ॥ ९० ॥

मुनिं दूषयितुं मूर्खो बहुधा प्रायतिष्ट सः ।
सर्वज्ञः स परं योगिराजो मायामुदच्छिनत् ॥ ९१ ॥

पताका—उस मूर्खने स्वामीजीको दूषित करनेके लिये बहुत प्रयत्न किये परन्तु सर्वज्ञ योगिराजने उसकी मायाको उच्छिन्न कर दिया ॥९१॥

या च यद्दासदास्येऽपि पदवीं न प्रपद्यते ।
तस्य श्रीयतिराजस्य माया मायात्कुतः पुरः ॥ ९२ ॥

पताका—जो माया जिस स्वामीजीके दासकी भी दासताके योग्य नहीं है वह माया भला श्रीस्वामीजीके आगे कैसे ठहर सके? ॥ ५२ ॥

कविरो धर्मवीरोऽपि गुहाया एेदुवाच च ।
पापात्मायं महाराज वधार्हो वधमर्हति ॥ ९३ ॥

पताका-गुहामेंसे धर्मवीर कविरदासजी भी आये और बोले कि श्री महाराज जी ! यह पापात्मा वध्य है अतः वध करना चाहिये ॥ ९३ ॥

दयार्द्रहृदयः स्वामिरामानन्दो यतीश्वरः ।
उद्यतं तं तथा कर्तुं वर्जयामास यत्नतः ॥ ९४ ॥

पताका-कविरजी उस अपारको मन्त्रबलसे मारनेको उद्यत हो गये थे परन्तु दयालु स्वामीजीने ऐसा करनेसे यत्नपूर्वक रोक दिया ॥९४॥

क्रमशश्च परीक्ष्यासौ सर्वाः सिद्धीस्त्रपामयात् ।
हिमपातेन शुष्यन्ति सरोजानि सरांसि नो ॥ ९५ ॥

पताका-वह अपार क्रमसे सब सिद्धियोंकी परीक्षा करके लज्जाको प्राप्त हुआ । सत्य है, हिमके पड़नेसे केवल कमल सूख जाते हैं सरोवर नहीं सूखते ॥ ९५ ॥

अनार्यमिदमालोच्य तारा चारादुपस्थिता ।
दिशः पुनाना सोवाद स्वमुखोद्गन्धिवायुना ॥ ९६ ॥

पताका-इस अनुचित कर्मको देखकर वहां पासमें ही तारादेवी प्रकट हुई । अपने मुखके सुगन्धित वायुसे दिशाओंको पवित्र करती हुई बोलीं ॥

कथं पित्ससि रे मूढ स्वात्मानं किं हि रित्ससि ।
जगद्गुरोः पुरस्तात्किं जाग्रहीपि दुराग्रहम् ॥ ९७ ॥

पताका-अरे मूर्ख ! तू क्यों पतित होना चाहता है ? क्यों अपना नाश करनेकी इच्छा करता है ? जगद्गुरु श्रीस्वामीजीके सामने क्यों दुराग्रह करता है ? ॥ ९७ ॥

जनुषान्धो न जानाति यथा रूपं हि वस्तुनः ।
तथा त्वं न विजानास्यमुष्य माहात्म्यमैश्वरम् ॥ ९८ ॥

पताका–जैसे जन्मका अन्धा किसी वस्तुके रूपको नहीं जानता वैसेही तुम श्रीस्वामीजीके ऐश्वर माहात्म्यको नहीं जानते हो ॥ ९८ ॥

इत्युक्त्वा सुन्दरी ताराऽस्पृशद्धस्तेन तद्दृशौ ।
व्यजिज्ञपन्मुनिं द्रष्टुंधुताज्ञानावृतिं द्विजम् ॥ ९९ ॥

पताका–ऐसा कहकर तारासुन्दरीने अपने हाथसे अपारकी दोनों आखोंको स्पर्श किया । अज्ञानरूप आवरणसे मुक्त हुये अपारको आज्ञा दी कि अब तुम मुनीश्वरका दर्शन करो ॥ ९९ ॥

चतुर्मुखादयः सर्वे सर्वपूज्या महर्षयः ।
कुटीरं परितः प्रेम्णा भ्रमन्ति करमालिकाः ॥ १०० ॥

पताका–उसने देखा कि, सर्वपूज्य ब्रह्मादि महर्षि हाथमें माला लेकर श्रीस्वामीजीकी कुटीके चारों ओर प्रेमसे फिर रहे हैं ॥ १०० ॥

आञ्जनेयो जयी तिष्ठन् समया तं मुनीश्वरम् ।
गदापाणिश्च विघ्नानां राशिं हरति दूरतः ॥ १०१ ॥

पताका–विजयी श्रीहनुमान्‌जी भी हाथमें गदा लेकर मुनिराजके समीपमें खड़े रहकर दूरसे ही विघ्नोंका नाश कर रहे हैं ॥ १०१ ॥

स्वयं श्रीमाननन्तात्मा सर्वशेषी धनुर्धरः ।
श्रियः पतिरवातारीत्पृथिव्यां धर्मरक्षया ॥ १०२ ॥

पताका–उसने यह भी देखा कि, अनन्तात्मा, सर्वशेषी, धनुर्धारी श्रीरामजी महाराज स्वयं पृथिवीपर धर्मकी रक्षा करनेके निमित्त अवतार लेकर पधारे हैं ॥ १०२ ॥

तेन सिद्धाधिनाथेन भिन्नाहङ्कारपर्वणा ।
इदं सर्वमवालोकि महाचकितचक्षुषा ॥ १०३ ॥

पताका–अहङ्कार रहित उस अपारने आश्चर्यकी दृष्टिसे यह सब देखा ॥ १०३ ॥

देवीं प्रार्थयन्मूर्ध्ना मातर्जाड्यं क्षमस्व मे ।
करणीयं तथा शाधि यथा स्यां धूतकिल्बिषः ॥ १०४ ॥

पताका—मस्तक झुकाकर देवीकी प्रार्थना करने लगा कि हे मातः ! मेरी जडताको क्षमा करो । तथा मुझे ऐसी आज्ञा करो जिससे मेरा पाप दूर हो ॥ १०४ ॥

प्रत्युवाच तदा तारा यथाजात यदीहसे ।
कल्याणमस्य कल्याणमूर्तेश्चरणमाश्रय ॥ १०५ ॥

पताका—तारादेवीने उत्तर दिया कि हे मूढ ! यदि तू अपना कल्याण चाहता है तो कल्याणमूर्ति इन स्वामीजीके चरणका आश्रय ले ॥

पन्थानं नान्यथा मन्ये त्वदुद्धारस्य दुर्मते !
तेन मोक्षमतिर्भूत्वा तं मोक्षपतिमाप्नुहि ॥ १०६ ॥

पताका—हे दुर्मते ! इससे अन्य मार्ग मैं तेरे उद्धारके लिये नहीं देखती हूं । अतः मोक्षबुद्धि होकर उन्हीं मोक्षपतिकी शरणमें जा ॥ १०६ ॥

तिरोबभूव सा तारा व्याहृत्य हितकृद्वचः ।
अपारः कृष्णकर्मासौ तत्र मूढ इव स्थितः ॥ १०७ ॥

पताका—वह तारा हितके वचन कहकर अन्तर्हित हो गई । दुष्ट कर्मवाला अपार वहां ही मूढकी भाँति स्थित रहा ॥ १०७ ॥

पश्चात्पश्चात्तपँश्चासावपध्वस्तश्च तारया ।
शिश्रिदानस्य सम्प्राप्तो यतिराजस्य चाश्रमम् ॥ १०८ ॥

पताका—तारादेवीसे धिक्कृत होकर पीछेसे पश्चात्ताप करता हुआ पुण्यकर्मवाले श्रीस्वामीजीके आश्रयमें वह आया ॥ १०८ ॥

तत्राश्रमस्मुनेः पादावुपगृह्य च दुर्विधः ।
त्राहि त्राहीति स व्यक्तं रुरोद चिरमग्रजः ॥ १०९ ॥

पताका—वहां आश्रममें आश्रममुनि—श्रीस्वामीजीके चरण पकड़कर 'त्राहि त्राहि' ऐसा बोलता हुआ दीन होकर वह अपार बहुत देर तक जोर जोरसे रोता रहा ॥ १०९ ॥

प्रपन्नपारिजातोऽसौ तदश्रूणि परामृशन् ।
चक्षमे तस्य दोषान् हि महतामाशुतोषिता ॥ ११० ॥

पताका—प्रपन्नोंके लिये कल्पवृक्षके समान श्रीस्वामीजी उसके आंसुओंको पोंछते हुये उसके दोषोंको क्षमा कर दिये। क्योंकि महापुरुष शीघ्र प्रसन्न होनेवाले होते हैं ॥ ११० ॥

न्यस्ताहंकृतये तस्मै यतिराट्छरणं ददौ ।
भगवत्प्राप्त्युपायो हि सर्वसाधनहीनता ॥ १११ ॥

पताका—यतिराजने अहङ्कार रहित अपारको शरण प्रदान किया। क्योंकि सर्व प्रकारके साधनोंकी हीनता ही भगवत्प्राप्तिका उपाय है ॥१११॥

मन्त्रराजमवाप्यासावाचार्य्यचरणान्तिके ।
पद्मनाभाभिधस्तत्रोवास भक्तिरसं पिबन् ॥ ११२ ॥

पताका—आचार्यचरण—श्रीस्वामीजी महाराजसे श्रीराममन्त्रको ग्रहण करके पद्मनाभ नामवाला होकर उन्हींके समीपमें भक्तिरसका पान करता हुआ वह अपार रहने लगा ॥ ११२ ॥

श्रीपतिरतिवैमुख्यादापन्ना विषमदशां,
संसृतिभुजगीफूत्काराद्भीताः सितमतयः ।
ये यतिपतिरामानन्दाचार्य्यः परमकृपा-
वाञ्छुतिपथमानीयाऽस्वेवं तानुददीधरत् ॥ ११३ ॥

इतिश्रीअयोध्यावास्तव्य—ब्रह्मचारिश्रीभगवद्दास—विरचिते श्रीमद्भगवद्रामानन्द-
दिग्विजये पञ्चदशः सर्गः

पताका—जो लोग श्रीरामजीसे विमुख होकर विषम दशाको प्राप्त थे, संसाररूप सर्पके फूत्कारसे भीत होकर शुद्ध बुद्धिवाले हो गये थे, उन सबको परम कृपालु श्री स्वामी रामानन्दजी महाराजने वेदमार्गपर आरूढ कराकर शीघ्रही उनका उद्धार कर दिया ॥ ११३ ॥

इतिश्रीअयोध्यावास्तव्य-ब्रह्मचारि-श्रीभगवद्दास-विरचिते श्रीमद्रामानन्द-दिग्विजये पताकाख्यव्याख्यायां पञ्चदशः सर्गः

षोडशः सर्गः

वेदादिशास्त्राण्यखिलानि सम्यङ्मोक्षप्रदायानि मुनिप्रवीरः ।
अध्यापयन्नास्त सुखेन काश्यामाचार्यवर्यो निजशिष्यवर्गम् ॥१॥

पताका—मुनिश्रेष्ठ आचार्य्यवर्य्य श्रीस्वामीजी महाराज अपने शिष्यों-को मोक्षप्रद वेदवेदान्तादि शास्त्रोंको अच्छे प्रकारसे अध्ययन कराते हुये सुखपूर्वक काशीमें निवास करते थे ॥ १ ॥

दिने च कस्मिन्नपि पूज्यपादः श्रीब्रह्मसूत्रे निजभाष्ययुक्ते ।
'उत्क्रान्तिगत्ये'ति वचो विवृण्वन्वैयासिकं तत्र बभूव योगी ॥२॥

पताका—किसी दिन पूज्यपाद श्रीस्वामीजी स्वभाष्ययुक्त ब्रह्मसूत्रके "उत्क्रान्तिगत्यागतीनाम् ॥' (ब्र० सू० २। ३। २०) इस व्याससूत्रका विवरण कर रहे थे ॥ २ ॥

काले च तस्मिन्वपुषा गरिष्ठो देशानटन् प्राप च कोपि विद्वान् ।
उपाविशत्तत्र समेत्य भूमौ विद्वद्वरिष्ठस्य पदं नमन्सः ॥ ३ ॥

पताका—उसी समय एक बृहत्काय विद्वान् देशाटन करते हुये वहां आये। वहीं आकर वह परम विद्वान् श्रीस्वामीजीके चरणोंको प्रणाम करते हुये भूमिपर बैठ गये ॥ ३ ॥

भूयाद्भवत्स्वागतमेव जात किमीहमानोऽत्र कुतः समागाः ।
किं नाम कश्चाभिजनस्तवेति मुनिः स पप्रच्छ शमप्रधानः ॥४॥

पताका–अत्यन्त शान्तिवाले मुनिराज श्रीस्वामीजीने 'आपका स्वागत हो' ऐसा कहकर पूछा कि आप कहांसे आये हैं? क्या चाहते हैं? क्या नाम है? आपका अभिजन (जहां माता पिता रहते हों वह देश) कौन सा है? ॥ ४ ॥

व्याहारि तेनापि ममास्ति मद्रपुरं निवासोऽभिजनोऽपि सैव ।
प्रयागतोऽये द्विजसत्यमूर्तिर्नाम्नाहमिच्छन्भवता हि वादम् ॥५॥

पताका–आगन्तुक विद्वान्ने कहा कि मैं मद्रासमें रहता हूं। मेरा अभिजन भी वहीं है। आपके साथ शास्त्रार्थ करनेकी इच्छासे मैं प्रयागसे आ रहा हूं। सत्यमूर्ति मेरा नाम है ॥ ५ ॥

तद्वाचमाचम्य पतिर्यतीनां विहस्य तं प्रत्यवदद्द्विजेन्द्र !
क्षणं प्रतीक्षस्व समाप्य पाठं भवन्मनीषामभिपूरयामि ॥६॥

पताका–उनके इस वचनको सुनकर, मुसुकुराकर, यतिपति श्रीस्वामीजीने उत्तर दिया कि मैं इस पाठको समाप्त करके आपकी इच्छाको पूर्ण करता हूं ॥ ६ ॥

ततः परं संयमिसार्वभौमः पुनः प्रवृत्तं हि तदेव सूत्रम् ।
तत्सूत्रसङ्गत्यभिलापपूर्वं प्रचक्रमेऽध्यापयितुं मनीषी ॥७॥

पताका–उसके पश्चात् परम संयमी श्रीस्वामीजीने उसी प्रस्तुत सूत्रको उसकी सङ्गतिवर्णन पुरस्सर पढ़ाना आरम्भ किया ॥ ७ ॥

शङ्कासमाधानपुरस्सरं तान् महर्षिचूडामणिरश्रमेण ।
अध्याप्य शिष्यान्निजगाद तत्र स्थितं बुधं वादमपेक्षमाणम् ॥८॥

पताका–महर्षि चूडामणि श्रीस्वामीजी विना परिश्रम शङ्कासमाधान-

पूर्वक अपने शिष्योंको पढाकर शास्त्रार्थकी इच्छासे बैठे हुये सत्यमूर्तिसे बोले ॥ ८ ॥

निर्वृत्तकार्योऽस्मि मनीषितं ते यथा फलेत्त्वं हि तथा विदध्याः ।
आतिष्ठतां सज्जन पूर्वपक्षं यस्मिन्मनस्ते रमते च शास्त्रे ॥ ९ ॥

पताका—हे सज्जन! मेरा कार्य पूरा हो गया। अतः जिस प्रकार आपकी इच्छा पूर्ण हो वैसा करिये। जिस शास्त्रमें आपकी इच्छा हो पूर्व-पक्ष करिये ॥ ९ ॥

तदोमिति व्याहरदेष विद्वानूचे च यत्पाठितमेतदेवम् ।
ज्ञातृत्वरूपः खलु जीव एष एवं च तत्प्रत्यवतिष्ठ ईश ॥१०॥

पताका—तब सत्यमूर्तिने कहा, बहुत अच्छा। आपने जो अभी यह पढ़ाया है कि "जीव ज्ञातृत्वस्वरूपवाला है" मैं इसीका खण्डन करता हूं ॥ १० ॥

स्वाभाविकं चेन्मनुषे कदाचिज्ज्ञातृत्त्वमस्यात्मन ईहितस्य ।
प्रसज्यते सर्वगतस्य तस्य दोषश्च सर्वत्र सदोपलब्धिः ॥ ११ ॥

पताका—उसने कहा कि यदि आप अपने वाञ्छित आत्माका स्वाभाविक ज्ञातृत्व स्वीकार करेंगे तो सर्वव्यापी आत्माका सर्वत्र और सर्वदा उपलब्धिरूप दोष प्रसक्त होगा। तात्पर्य यह है कि अद्वैतवेदान्तमें जीव ब्रह्मस्वरूप होनेके कारण व्यापक—विभु स्वीकार किया गया है। उसी संस्कारसे प्रेरित होकर इस विद्वान्ने प्रश्न किया कि आत्मा तो व्यापक है। यदि उसका स्वाभाविक ज्ञातृत्व स्वीकार करेंगे तो वह ज्ञातृत्व सर्वदा और सर्वत्र उपलब्ध होना चाहिये। होता तो नहीं है। अतः आपके मतमें सर्वत्र और सर्वदा ज्ञातृत्वोपलब्धिरूप दोष प्राप्त होता है ॥ ११ ॥

स्यादेष दोषो यदि सर्वगः स्यादात्मा परं नास्ति यतोऽणुरेषः ।
उत्क्रान्तिगत्यागतिदर्शनेन न स्यान्ममत्वं विदुषां विभुत्वे ॥१२॥

पताका—श्रीस्वामीजी महाराज बोले कि यह सर्वत्र ज्ञातृत्वोपलब्धि और सर्वदा ज्ञातृत्वोपलब्धिरूप दोष तब होता यदि आत्मा विभु होता। परन्तु ऐसा है नहीं। क्योंकि "उत्क्रान्तिगत्यागतीनाम्" (ब्र० २।३।२०) इस सूत्रमें व्यासदेवने जीवात्मविभुत्वादका खण्डन किया है। अतः विद्वानोंकी ममता विभुवादमें नहीं हो सकती।

तात्पर्य यह है कि 'तेन प्रद्योतेनैष आत्मा निष्क्रामति चक्षुषा वा मूर्ध्नोवाऽन्येभ्यो वा शरीरदेशेभ्यः' (बृ० ६।४।२) इस श्रुतिमें जीवकी उत्क्रान्तिका निरूपण है। 'ये वै केचास्माल्लोकात्प्रयन्ति चन्द्रमसमेव ते सर्वे गच्छन्ति' (कौषी० १।२) इस श्रुतिमें जीवकी गतिका निरूपण है। तथा 'तस्माल्लोकात्पुनरेत्यस्मै लोकाय कर्मणे' (बृ० ६।४।६) इस श्रुतिमें जीवकी आगतिका निरूपण है। यदि आत्मा विभु होता तो यह तीनों—उत्क्रान्ति, गति और आगतिका निरूपण श्रुतियाँ न करती। क्योंकि वह व्यापकमें सर्वथा असम्भव हैं॥ १२ ॥

शरीरसंयोगविभेदरूपत्वेनोत्क्रमो यद्यपि संभवःस्यात्।
यथाकथंचित्स्थितिशीलकस्य तथापि ते द्वे न च सम्भवेताम् ॥१३॥

पताका—तथा यदि विभु आत्माका शरीरके वियोगरूप उत्क्रान्तिका किसी प्रकार सम्भव भी हो तो भी गति और आगति ये दोनों नितान्त असम्भव ही है। अतएव आत्मा विभु नहीं किन्तु अणु है ॥१३॥

अथो स वा एप महानितीदं श्रुतिर्महत्त्वं स्वतो ब्रवीति।
श्रुतेर्विरुद्धेन वचःशतेन न साधनीयं चिदणुत्वमेव ॥ १४ ॥

पताका—सत्यमूर्तिने उत्तर दिया कि 'स वा एष महानज आत्मा' (बृ० ६।४।२५) यह श्रुति आत्माको कण्ठसे विभु कह रही है। अतः आप श्रुति विरुद्ध सैकड़ों वचनों—युक्तियोंसे भी आत्माका अणुत्व नहीं स्थापित कर सकते ॥१४॥

प्राज्ञस्य जीवादितरस्य तत्राधिकारतस्ते न वचोस्ति सम्यक् ।
उपक्रमे प्रस्तुत एव जीवस्तथापि मध्ये प्रतिपादितोऽन्यः ॥ १५ ॥

पताका—श्रीस्वामीजी महाराज बोले कि आपने जो श्रुति कही है उसमें जीवात्मासे भिन्न प्राज्ञात्माका निरूपण है । यद्यपि 'योऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु' (वृ० ६।३।७) इस श्रुतिमें जीवका प्रस्ताव किया गया है तथापि 'यस्यानुवित्तः प्रतिबुद्ध आत्मा' (वृ० ६।४।१३) इस श्रुतिसे मध्यमें अन्य अर्थात् पर आत्माका निरूपण होनेसे परमात्मसम्बन्धिनी 'स वा एष महानज आत्मा' (वृ० ६।४।२५) यह श्रुति है जीव सम्बन्धिनी नहीं ॥ १५ ॥

एषोऽणुरात्मेतिवचोमुखेन ह्यात्माणुरित्याह च मुण्डकेऽपि ।
आराग्रमात्रो ह्यवरोप्यनेन चोन्मानतोप्याणवमेव सिद्ध्येत् ॥१६॥

पताका—तथा 'एषोणुरात्मा चेतसा वेदितव्यो यस्मिन् प्राणः पञ्चधा संविवेश' (मु० ३।१।९) इस श्रुतिमें भी आत्माको स्पष्ट अणु कहा गया है । तथा 'आराग्रमात्रो ह्यवरोपि दृष्टः' (श्वे० ५।८) 'बालाग्रशतभागस्य शतधा कल्पितस्य च । भागो जीवः स विज्ञेयः' (श्वे० ५।९) इस श्रुतिमें* उन्मानसे भी जीवका अणुत्व ही प्रतिपादन किया गया है ॥

वाच्यं न चेत्थं सकले शरीरे चितोऽणुतायामुपलभ्यते नो ।
संवेदना तेन विहाय तत्त्वं विभुत्वमङ्गीक्रियतां त्वयेति ॥ १७ ॥

पताका—आत्माको अणु माननेसे सम्पूर्ण शरीरमें वेदना—ज्ञानकी उपलब्धि नहीं होगी अतः अणुत्वपक्षको छोड़कर विभुवाद स्वीकार करना चाहिये ऐसा भी आप नहीं कह सकते क्योंकि—॥ १७ ॥

* अणुसदृश वस्तुको उद्धृत करके मान करनेको उन्मान कहा गया है । जैसे यहां बालाग्रशतभाग और आराग्रमात्र ये दोनोंही अणु वस्तु हैं । उनके द्वारा आत्माका मान—माप किया गया है ॥

यतोऽविरोधो हरिचन्दनस्य देहैकदेशेऽपि लसन्नुविन्दुः ।
यथाखिलाङ्गेषु परममोदमुत्पादयत्यस्त्यनुभूतिरेषा ॥ १८ ॥

पताका–कोई विरोध नहीं है । जैसे हरिचन्दनाबिन्दु शरीरके एक देशमें स्थित होकर भी सम्पूर्ण शरीरमें आनन्दको उत्पन्न करता है यह सार्वजनीन अनुभव है ॥ १८ ॥

तथैव जीवोपि विराजमानो देहैकदेशेऽणुरयं समस्ताम् ।
लब्धावकाशां स्वगुणेन देहे संवेदनां वेत्ति यथायथं सः ॥ १९ ॥

पताका–इसी प्रकार वह यह अणुजीव भी शरीरके एक देशमें रहकर भी स्वधर्मभूत ज्ञानरूप गुणसे यथायथ (ठीक २) वेदनाको जान लेता है ॥ १९ ॥

उच्येत चेद्देशविशेष एव देहे स्थितत्वाद्धरिचन्दनस्य ।
प्रतीयते सा न तथायमात्मा ज्ञायेत नो तेन च वेदना सा ॥२०॥

पताका–यदि आप यह कहें कि हरिचन्दन तो शरीरके किसी एक नियत देशमें रहता है अतएव उसकी वेदना प्रतीत होती है; परन्तु आत्माका तो शरीरमें कोई नियत देश नहीं है अतः उसे वेदनाकी प्रतीति नहीं हो सकती ॥ २० ॥

न तत्समीचीनमिदं वचस्ते हृद्यन्तरित्यादि वचोबलेन ।
चितस्तथात्वेऽनुपपत्तिरत्र न विद्यते कोपि विचारिते हि ॥२१॥

पताका–तो आपका यह कथन ठीक नहीं है । क्योंकि आत्मा भी शरीरके नियत एक देशमें अर्थात् हृदयरूप देशमें रहता है । जैसा कि 'हृदि ह्ययमात्मा तत्रैकशतं नाडीनाम्' (प्रश्न० ३।६) इस श्रुतिमें निरूपण किया गया है । अतः श्रुत्यालोचन करनेके अनन्तर आपका दिया हुआ दोष नहीं आता ॥ २१ ॥

यथा रविस्तिष्ठति चैकदेशे प्रभाश्च तस्याश्नुवते दिगन्तम् ।
ज्ञानेन जीवः स्वगुणेन सर्वं व्याप्नोति देहं सततं तथैव ॥ २२ ॥

पताका—जिस प्रकारसे भास्कर आकाशरूप एक देशमें स्थित है तथापि उसकी प्रभा समस्त दिशाओंमें व्याप्त हो जाती है उसी प्रकारसे अणु आत्मा भी अपने ज्ञानरूप गुणसे समस्त देहमें व्याप्त होता है॥२२॥

कथं गुणः स्वाश्रयतो विभिन्नप्रदेशमाश्रित्य समुत्सहेत ।
स्थातुं विशंकेति च कस्यचिच्चेच्छृणोतु मत्तो मुदितः समाधिम् ॥

पताका—कदाचित् किसीको यह शंका हो कि गुण और गुणीका नित्य सम्बन्ध होनेके कारण गुण अपने आश्रय गुणीको त्याग करके तद्-रहित देशमें कैसे रह सकता है? तो उसका भी समाधान प्रसन्न होकर मुझसे सुनें ॥ २३ ॥

द्रव्यं प्रभेतीह सुखं समर्थ्य कृतार्थतां यासि यथा मनीषिन्!
ज्ञानं तथैवास्ति मते ममापि द्रव्य ततो मौनमुपास्य तिष्ठ ॥२४॥

पताका—जिस प्रकारसे आप अपने सिद्धान्तमें प्रभाको द्रव्य स्वीकार करके अपनेको कृतार्थ मानते हैं उसी प्रकारसे हमारे मतमें भी ज्ञानको द्रव्यत्व है। अतः चुप होकर बैठिये ॥ २४ ॥

तद्द्रव्यतां प्रत्यथ शङ्कसे चेत्तच्छ्रूयतां राजपथप्रवृत्तिः ।
नाद्रव्यमेवास्ति गुणो मदीये तन्त्रे ततः क्वापि न पर्यवस्था ॥२५॥

पताका—कदाचित् आप यह शङ्का करें कि ज्ञान तो गुण है उसे द्रव्य कैसे माना जा सकता है? तो इस विषयमें राजमार्गकी प्रवृत्तिको आप सुनिये। वैशेषिक आदिके समान अद्रव्य ही गुण होता है ऐसा आग्रह हमको नहीं है। 'यो यदाश्रितस्वभावः स तस्य गुणः'। अर्थात् जो जिसके आश्रित रहनेका स्वभाववाला है वह उसका गुण है। ऐसा हम गुणका लक्षण मानते हैं। पारिभाषिक गुणको हम स्वीकार नहीं

करते। क्योंकि ऐसा माननेसे समस्त व्यवहारके साथ विरोध उत्पन्न होता है जिसका परिहार दुष्कर है ॥ २५ ॥

द्रव्यात्मकाः केपि गुणा भवन्ति भवन्ति ते शुद्धगुणाश्च केपि।
ज्ञानादयः सत्त्वरजस्तमांसीत्यनुक्रमेणात्र निदर्शनानि ॥२६॥

पताका–हमारे उपर्युक्त लक्षण लक्षित गुणके दो भेद हैं। कोई द्रव्यात्मक गुण हैं और कोई केवल गुण हैं। गुणैकरूपमात्र होनेस सत्त्वादिमें गुण शब्द प्रधान रूपसे वर्तता है और ज्ञानादिमें गौण रूपसे रहता है ॥ २६ ॥

यच्चाजडं तद्ध्यजडत्वहेतोर्द्रव्यं यथात्मेति वयं वदामः।
ज्ञानं तथा चास्ति ततोस्य तत्त्वं निहन्ति तर्कों न च कर्कशोऽपि ॥

पताका–'अजडं द्रव्यम्, अजडत्वात्, आत्मवत्' अर्थात् अजड होनारूप हेतुसे अजड द्रव्य कहा जाता है। जैसे आत्मा। आत्मा अजड है अतएव द्रव्य है। इसी प्रकार ज्ञान भी अजड होनेके कारण द्रव्य है इसको कर्कश तर्क भी निवारण नहीं कर सकता ॥ २७ ॥

नन्वास्ति चेज्ज्ञानमिदं मतं ते द्रव्यं तदा त्वात्मगुणत्वमस्य।
सिध्येत्कथं त्वन्मतमित्यमुं च शङ्काग्रहं क्रूरतरं महर्षिम ॥ २८ ॥

पताका–यदि यह शङ्का हो कि आपको ज्ञानद्रव्यत्वेन सम्मत है तो वह आत्माका गुण आपके मतमें कैसे सिद्ध हो सकगा? तो इस शङ्काका भी दुर्निवार्य उत्तर करता हूं ॥ २८ ॥

प्रत्यक्तया रूपितरूपकाया विशेषकत्वेन गुणश्चितोऽस्ति।
आत्मानमाश्रित्य सदैव तिष्ठत्यतोऽपि तस्यास्ति गुणत्वमस्य ॥२९॥

पताका–प्रत्यक्तया निरूपित स्वरूपवाले आत्माका विशेषक होनेके कारण ज्ञान आत्माका गुण कहा जाता है। तथा सर्वदा आत्माका आश्रयण करके ही ज्ञान रहता है अतएव भी वह आत्माका गुण कहा जाता है ॥ २९ ॥

देशान्तरे चोन्मिषतीह यद्यद्भोगाय जीवस्य हि वस्तु तत्र ।
अपेक्षितं हेतुतया ह्यदृष्टं न तद्विनोत्पद्यत एव किञ्चित् ॥ ३० ॥

पताका—सत्यमूर्ति इस प्रकारसे निरुत्तर होकर अब स्पष्ट रूपसे नैयायिकका मत लेकर जीवाणुवाद खण्डन करनेके लिये ६ श्लोकोंसे पुनः पूर्वपक्ष करने लगे ।

जीवोंके भोगके लिये देशान्तरमें जो वस्तु पैदा हुई हैं, वहां २ सर्वत्र कारणरूपसे अदृष्ट अपेक्षित है । क्योंकि उसके विना कोई वस्तु उत्पन्न ही नहीं हो सकती ॥ ३० ॥

शक्नोति न स्थातुमदृष्टमद्धा परःशतैर्यत्नगणैरपीह ।
विनाश्रयं क्वापि ततो ह्यदृष्टवदात्मसंयोगमुपैहि हेतुम् ॥ ३१ ॥

पताका—और वह अदृष्ट सहस्रों यत्न करनेपर भी आश्रयके विना नहीं रह सकता अतः अदृष्टवाला आत्माके संयोगको कारण मानना चाहिये ॥ ३१ ॥

न स्याद्यदात्मा विभुरत्र कस्माद्देशान्तरे तस्य गतिः सुसाध्या ।
अणुत्वमस्मादुपपत्तिशून्यं विहाय मन्तव्यमहो विभुत्वम् ॥ ३२ ॥

पताका—यदि आत्मा विभु न हो तो सर्व देशमें उसकी गति कैसे हो सकती है ? अतः अणुत्वको उपपत्तिशून्य होनेके कारण, इस पक्षको त्यागकर विभुत्वपक्ष ही स्वीकार करना चाहिये ॥ ३२ ॥

ज्ञानादिकं चापि चितोऽणुतायामतीन्द्रियं स्यान्नियमाग्रहेण ।
प्रत्यक्षयोग्यत्वविपादनेनाहमित्ययं प्रत्यय आशु नश्येत् ॥ ३३ ॥

पताका—यदि आत्माको आप अणु मानोगे तो उसके जो ज्ञानादि गुण हैं वह सब अतीन्द्रिय हो जावेंगे । क्योंकि ऐसा नियम है कि 'अणुगुणानामतीन्द्रियत्वम् ।' अर्थात् अणुके गुण अतीन्द्रिय होते हैं । किंच अणुका तो प्रत्यक्ष भी नहीं होता है तो प्रत्यक्षकी योग्यता (विभुत्व)का

नाश हो जानेसे 'अहम्' इस प्रत्यक्ष प्रत्ययका भी अपलाप हो जायगा ॥

तथा च शास्त्रे मनसोऽपि तत्त्वं जीवात्मनोप्यस्ति तथा त्वमत्र ।
अणुद्वयायोगमुपेत्य कस्माद्द्रव्यान्तरारम्भ उदेतु नात्र ॥ ३४ ॥

पताका—किंच शास्त्रोंमें मनको भी अणु परिमाणवाला माना गया है। जैसा कि 'यथोक्तहेतुत्वाच्चाणु' (गौ० ६।२।६२) 'अणु मन एकं चेति०' (वात्स्या० भा० ३।२।६२)। और आपके मतसे आत्मा भी अणु है। तब दो अणुओंके संयोगसे द्रव्यान्तरकी उत्पत्ति आपके यहां क्यों नहीं होती है? ॥ ३४ ॥

तथेन्द्रियैर्यर्हि मनश्च पृङ्क्ते तदात्मना योगवियोजनेन ।
ज्ञानोदयो नापि भवेच्च तस्मात्तद्व्यापकत्वं खलु सुस्थमेव ॥३५॥

पताका—किंच जिस समय इन्द्रिय और मनका संयोग होगा उस समय आत्मा और मनका संयोग नष्ट होगा। तब तो कभी किसी वस्तुका आत्माको ज्ञान भी नहीं होना चाहिये। अतः उसे विभु मानना ही उचित है ॥ ३५ ॥

इत्थं स्वपक्षं निपुणं समर्थ्य स पण्डितो मौनपदं प्रपेदे ।
तदा प्रसन्नो विहसन्मुनीन्द्रो विभिन्नवान्स्वाननमौनमुद्राम् ॥३६॥

पताका—इस प्रकार सत्यमूर्ति विस्तारपूर्वक अपना पक्ष समर्थन करके चुप हो गये तब प्रसन्न होकर हँसते हुये मुनिराज श्रीस्वामीजी बोले ॥ ३६ ॥

विद्वँस्त्वदुक्तं विशदं समस्तं विचारचारु प्रतिभाति नो मे ।
अतो निरासे स्वमनो दधामि निशामय स्वस्थमना मनाक्त्वम् ॥३७॥

पताका—हे विद्वन्! आपने जो कुछ कहा वह विचार करनेसे मुझे युक्त प्रतीत नहीं होता है। अतः मैं उसका खण्डन करता हूं आप स्वस्थ-होकर सुनें ॥ ३७ ॥

यद्यस्ति जीवो विभुरेव नाणुस्तदा समस्तेन्द्रियमानसाद्यैः ।
संयोग एवास्य भवेदवश्यं मूर्तस्य संयोगितया समेषाम् ॥३८॥

पताका–यदि जीव विभु है तब तो सकल मूर्तद्रव्य संयोगी होनेके कारण समस्त इन्द्रिय और मन आदिके साथ उसका अवश्य संयोग ही बना रहेगा वियोग तो कभी हो ही नहीं सकता ॥ ३८ ॥

एवं स्थिते साक्षर सर्वभोगे सर्वस्य बाधं न विभावयामः ।
भोगस्य नैयत्यमवश्यमेवं प्रत्यात्ममस्माच्च्यवनं प्रयाति ॥ ३९ ॥

पताका–जब ऐसा मान लिया तो हे साक्षर! सब सबका भोग कर सकेंगे। इसमें किसी प्रकारकी बाधा नहीं है। तब तो प्रत्यात्म नियत भोगकी सर्वथा अनुपपत्ति ही हो जावेगी ॥ ३९ ॥

युक्तं न चैतद्भवतीह तर्को यत्रैव देशे मनसश्चितश्च ।
उदेति संयोग उदेति तत्र भोगस्ततो नास्त्युपपत्त्यभावः ॥४०॥

पताका–कदाचित् आप यह कहें कि 'विशेषविभुगुणानामसमवायिकारणप्रादेशिकत्वनियमः' अर्थात् विशेष जो विभुके गुण हैं वह असमवायिकारणके प्रदेशमें रहते हैं ऐसा नियम है। इस नियमके अनुसार यद्देशावच्छेदेन आत्ममनःसंयोग होगा तद्देशावच्छेदेन ही भोग भी होगा अतः आत्माके विभु होनेपर भी नियतभोगानुपपत्तिरूप दोष नहीं प्रसक्त होता तो यह कथन ठीक नहीं ॥ ४० ॥

अस्त्येवदोषो मयका प्रदत्तोऽप्रयोजकत्वान्नियमस्य तेऽस्य ।
पादे सुखं मे ह्यसुखं च मूर्ध्नि ज्ञानं यथेदं विलसत्यजस्रम् ॥४१॥
तथैव मे चैत्रतनौ सुखं च दुःखं तथा मैत्रतनाविति स्यात् ।
एकस्तवात्मास्ति च सर्वदेशे ज्ञानं तथा तत्समवेतमेव॥ ४२ ॥(युग्म०)

पताका–क्योंकि आपके इस नियमके अप्रयोजक होनेसे मैंने जो नियतभोगानुपपत्तिरूप दोष दिया है वह ठीक ही है। किंच जिस प्रकारसे

'पादे मे सुखं, शिरसि मे वेदना' 'मेरे पगमें सुख है और शिरमें वेदना है' यह ज्ञान होता है उसी प्रकारसे मेरे चैत्र शरीरमें और मैत्रशरीरमें दुःख है यह भी ज्ञान होना चाहिये। क्योंकि आपके एक आत्माके सर्वत्र होनेसे तत्तत् मनःसंयोगादिदेशमें उत्पन्न हुये ज्ञान एतदात्मसमवेत हो सकते हैं। यहां एक दूसरा दोष यह भी होगा कि तत्तत् मनके साथ तत्तद् अनुव्यवसायके निराबाध होनेके कारण सर्व आत्माओंको सर्वज्ञत्वापत्ति प्राप्त होगी। इष्टापत्ति कर नहीं सकते क्योंकि कोई प्रमाण नहीं है ॥४१॥४२॥

स्याच्चेददृष्टादि च कल्पयित्वा स्वदेहमात्रे नियतो हि भोगः।
नित्यत्वमेवं च विभुत्वमस्य क्षीणं च जैनं मतमाद्रियेत ॥ ४३ ॥

पताका—यदि किसी अदृष्टादिको प्रतिबन्धक स्वीकार करके स्वशरीर-मात्रावच्छेदेन भोग अङ्गीकार करेंगे तब तो जैन मतके समान देहपरिमाण-वाद प्राप्त होगा। और ऐसा माननेसे आत्माका नित्यत्व और विभुत्व दोनोंको ही आपको तिलाञ्जलि देनी होगी ॥ ४३ ॥

अतस्तयोर्निर्वहमाविधातुं देहान्तरीयोऽपि च भोगराशिः।
अस्य त्वया स्वीकरणीय एवं प्रत्यक्षतः स्यात्सुतरां विरोधः ॥४४॥

पताका—अतः इन दोनों नित्यत्व और विभुत्वका निर्वाह करनेके-लिये शरीरान्तरावच्छिन्न भोग भी अवश्य आपको स्वीकार करना होगा। परन्तु ऐसा माननेसे प्रत्यक्षका विरोध होगा। सबको सर्वज्ञतापत्ति प्राप्त होगी। त्रैलोक्यसङ्करापत्ति भी प्राप्त होगी। अतः उभयतः पाशारज्जु है ॥

भुक्ते फले मैत्रशरीरतोऽपि भुक्तं मयेत्यन्यशरीरकस्य।
तस्य स्मृतिः स्यादथ केन वार्या जागर्ति नो कोपि निवारकोस्याः ॥

पताका—किंच मैत्रशरीरावच्छेदेन फलादि भक्षण करनेपर मैत्राद्यन्य-शरीरावच्छिन्न आत्माका 'अहं फलं भक्षितवान्' 'मैंने फल खाया' इस स्मरणापत्तिको कौन निवारण करेगा? कोई इसका वारक नहीं है ॥४५॥

स्मृतेस्तथास्था हि चितोनुभूतेरेकप्रदेशत्वमपेक्षितं नो ।
स्पृष्टस्य दृष्टस्य च चक्षुरादि स्मृतिश्चकास्तीति विहाय दृष्टम् ॥४६॥

पताका–कदाचित् आप अनुभव और स्मरण दोनोंका एक प्रादेशिकत्व नियम मानकर निर्वाह करें तो वह भी असङ्गत है। क्योंकि 'नेत्राभ्यामद्राक्षम्' 'कराभ्यामस्पृशम्' 'नेत्रोंसे मैंने देखा,' 'हाथोंसे मैंने स्पर्श किया' इत्यादि स्मरण स्वजनकानुभवदेश नेत्रादिको छोड़कर हृदयमें उत्पन्न होते हैं। अनुव्यवसाय भी ऐसा ही होता है कि 'यमद्राक्षं तमन्तः स्मरामि।' जिसको मैंने देखा है उसका हृदयमें स्मरण करता हूं ॥ ४६ ॥

न चैकदेहत्वमपीह शक्यं वक्तुं तयोः पूर्वजनेः स्मृतेश्च ।
देहान्तरे दृश्यत एव तस्माद्दोषः प्रदत्तस्तदवस्थ एव ॥ ४७ ॥

पताका–ऐसे ही अनुभव और स्मरणको एकशरीरावच्छेद्यत्व नियम भी नहीं कर सकते। क्योंकि पूर्वजन्मीय अनुभव, जन्मस्मरण पूर्वशरीरके विना भी शरीरान्तरमें देखा जाता है। अतः मेरा दिया हुआ दोष तदवस्थ है ॥ ४७ ॥

अदृष्टतो यो नियमोऽभ्यधायि तस्योपपत्तिर्न तु संगता स्यात् ।
यतो नियम्यत्वमथास्य यत्नैस्तस्यापि चिन्मानससन्निकर्षैः ॥ ४८ ॥

पताका–और जो आपने अदृष्ट नियम स्वीकार किया है उसकी उपपत्ति भी नहीं हो सकती। क्योंकि अदृष्ट तो कर्म–यत्ननियम्य है और यत्न आत्ममनःसंयोगनियम्य है ॥ ४८ ॥

तत्सन्निकर्षस्य मनःसु सत्त्वाज्जीवात्मनां सर्वजुषां समेषाम् ।
तथा च सर्वेषु च तस्य सत्त्वाद्दोषो विभुत्वे विभुरेव तिष्ठेत् ॥४९॥

पताका–और वह संयोग सब आत्माओंका सर्व आत्माओंके मनमें होनेके कारण सबमें सब अदृष्टकी प्राप्ति होगी। अतः आत्माको विभु माननेमें दोष भी विभु ही होगा ॥ ४९ ॥

विलक्षणश्चेत्तव सन्निकर्षः स चापि तेऽद्यापि न सिद्धभूतः ।
यावत्तथात्वं न हि कारणे स्यात्संयोग एवात्र भवेत्कथं तत् ॥५०॥

पताका–कदाचित् आप विलक्षण मनःसंयोगादि मानकर निर्वाह करना चाहें तो वह तो अभी तक असिद्ध ही है। जब तक आप कारणमें वैलक्षण्य स्थापन न कर लें तब तक मनःसंयोग वैलक्षण्य अशक्य है ॥

कार्य्यैककल्प्यं यदि मन्यसे तत्तथास्तु तच्चाप्यहमभ्युपैमि ।
परन्तु तन्नैव भवेदकस्मादतश्च हेतुर्वचनीय एव ॥ ५१ ॥

पताका–यदि कार्य देखकर वैसी कल्पना उचित मानते हों तो वैसा आप मानिये। मैं अभ्युपगम करता हूं। परन्तु वह आकस्मिक तो नहीं हो सकता। अतः उसका कोई कारण तो अवश्य कहना चाहिये ॥५१॥

अन्यस्य तद्वक्तुमशक्यताया आश्रीयते चेत्परमेश्वरेच्छा ।
तत्सन्निकर्षे च विपश्चिता वैलक्षण्यहेतुः शृणुयास्तदेति ॥५२॥

पताका–अन्य कारण तो अशक्य होनेसे कह नहीं सकते। अन्तमें यदि परमेश्वरकी इच्छाको ही उस विलक्षण संयोगमें आप कारण स्वीकार करें तब तो एक हमारी बात सुनें ॥ ५२ ॥

भुङ्क्तामयं नो इतरे तथा वा ह्यनेन चारोहतु कर्मणास्य ।
अदृष्टमित्यादि विभुत्वपक्षे नियम्यते सूक्ष्ममते यथा च ॥५३॥

पताका–हे सूक्ष्ममतिवाले! 'यह भोग करे, अन्य नहीं' 'इस कर्मसे इसका ही अदृष्ट उत्पन्न हो, अन्यका नहीं' इत्यादि नियम जैसे आप विभु पक्षमें स्वीकार करते हैं ॥ ५३ ॥

देशान्तरस्थं किल भोगराशिमित्थं हि भुङ्क्तामयमत्र जीवः ।
अणुत्वपक्षेऽपि तथैव किं नो नियम्यतेऽतीत्य जघन्यवादम् ॥५४॥

पताका–वैसेही देशान्तरमें उत्पन्न हुई भोग्य वस्तुको 'अयमनेन

प्रकारेण भुङ्क्ताम्' 'यह अमुक पुरुष अमुक प्रकारसे भोग करे' यह नियम अणुपक्षमें भी स्वीकार करके इस जघन्यवाद-विभुवादको क्यों नहीं छोड़ देते? ॥ ५४ ॥

अणुत्वमेषां यदि संगिरेत प्रत्यक्षतां याति सुखादि नैव।
इदं न चेत्स्वीक्रियते त्वया प्रत्यक्षत्वमायात्परमाणुरूपम् ॥ ५५ ॥

पताका-सत्यमूर्ति बोले कि महाराज! यदि आत्माको अणु मानेंगे तो सुखादि प्रत्यक्ष न होंगे। 'अणुप्रत्यक्षत्वावच्छिन्नं प्रति महत्त्वसमानाधिकरणस्य तन्त्रत्वात्' और यदि आप ऐसा नहीं स्वीकार करेंगे तो परमाणुरूपका भी प्रत्यक्ष होना चाहिये ॥ ५५ ॥

तन्त्रत्वतस्तत्र हि योग्यताया न स्यात्समीचीनमिदं वचस्ते।
विभुत्ववादेऽथ कथं ह्यदृष्टप्रत्यक्षतापत्तिरियं च न स्यात् ॥५६॥

पताका-श्रीस्वामीजीने कहा, इस विषयमें योग्यताको नियामकता अवश्य मानना पड़ेगा। नहीं तो विभ्वात्मवादमें भी अदृष्टादिकी प्रत्यक्षत्वापत्ति दुर्निवार हो जायगी। क्योंकि वहां तुम्हारे मतमें महत्त्वसमानाधिकरण तो है ही है। इस युक्तिसे 'अणुगुणानमतीन्द्रियत्वानियमः' का भी समाधान हो गया ॥ ५६ ॥

अण्वोस्तयोः प्राप्य च सन्निकर्षं द्रव्यान्तरं नापि जनिष्यतीह।
वैजात्यतस्तादृगयं च पक्षः श्रुतेर्विरोधात्सुतरां प्रहेयः ॥ ५७ ॥

पताका-और जो आपने कहा था कि अणुद्वयके संयोगसे द्रव्यान्तरकी उत्पत्ति क्यों नहीं होती? उसका उत्तर यह है कि सजातीय अणुद्वयके संयोगसे द्रव्यान्तरकी उत्पत्ति स्वीकार की गई है। यहां तो आत्मा और मन दोनों विजातीय है। किंच, अणुद्वय संयोगसे द्रव्यारम्भ पक्ष श्रुतिविरुद्ध होनेसे सर्वथा त्याज्य है ॥ ५७ ॥

न ज्ञप्त्यनुत्पत्तिरिहास्ति दोष आत्मा मनोयोगमुपैति वो हि।
ज्ञानप्रसृत्या निखिलं प्रसिद्ध्येद्विद्वँस्ततोऽणुत्वमदुष्टमस्य ॥ ५८ ॥

पताका—और आपने जो यह कहा था कि इन्द्रिय और मनःसंयोग-कालमें आत्ममनःसंयोगके अभावमें ज्ञानकी अनुत्पत्ति होगी सो भी कोई दोष नहीं है। क्योंकि आत्मा स्वधर्मभूत ज्ञानद्वारा उस कालमें भी मनके द्वारा संयोग स्थिर रख सकेगा। अतः आत्माका अणुत्व निर्दुष्ट है ॥५८॥

इत्येवं शिततर्ककर्कशशरैराशीर्य योगीश्वरो,
वाचं तस्य विमोहनीमृजुधियां वादीभकण्ठीरवः।
पन्थानं निविडान्धकारनिचयप्रच्छन्नमाशोध्य स,
धर्म्यं धर्मविभाकरो विजयते त्रैविद्यचूडामणिः ॥ ५९ ॥

पताका—वेदत्रयीके पण्डितोंमें सर्वश्रेष्ठ वादिगजपञ्चानन योगीश्वर श्री स्वामीजी महाराज इस प्रकारसे तीक्ष्ण तर्करूप कठोर बाणीसे उस सत्य-मूर्ति विद्वान्की बालमोहिनी युक्तियांको टुकड़े २ करके घोर अन्धकारके समूहमें छिपे हुये वैदिक मार्गको शोधकर सर्वोत्कर्षेण विराजमान हो रहे हैं ॥ ५९ ॥

अधिमहि नरलीलां नाटयन्तं मुनीन्द्रं,
सुरवरवरिवस्यातोषितं स द्विजेन्द्रः।
श्लथितविचितगर्वो बद्धपाणिः प्रणम्य,
गृहगमनमयाचीत्प्रस्खलद्भारतीकः ॥ ६० ॥

पताका—पृथ्वी ऊपर मनुष्यलीला करते हुये, देवताओंकी सेवासे सन्तुष्ट मुनीन्द्र श्रीस्वामीजीको प्रणाम करके गलित गर्व होकर गद्गदस्वर-वाले उस द्विजेन्द्र सत्यमूर्तिने हाथ जोड़कर घर जानेकी आज्ञा मांगी ॥६०॥

अतिमुदितमनाः श्रीयोगिवर्यो बभाषे,
परिहर बुध खेदं मावमंस्था निजं त्वम्।
उपविबुधसरस्वत्यत्र वासं विधाय,
पटुवटुभिरुपस्यादर्शिताध्वा प्रयाहि ॥ ६१ ॥

पताका—तब अत्यन्त प्रसन्न मनवाले योगिराज बोले कि हे विद्वन्! खेदको परित्याग करो। अपने आपका तिरस्कार मत करो। तथा आज श्री गङ्गाजीके तटपर निवास करके कल प्रातःकाल आप जावें। हमारे चतुर ब्रह्मचारी आपको मार्ग बता देंगे॥ ६१॥

इतिमुनिवरवाचं विप्रवर्योभिमत्य,
यतिकुलपतिनासौ सार्धमाराद्दिनान्ते।
सुरसरिदुपकण्ठं प्राप्य सान्ध्यं विधिं सन्,
विधिवदभिविधाय प्रत्ययावाश्रमं तम्॥ ६२॥

पताका—सत्यमूर्तिने श्रीस्वामीजीकी आज्ञाको स्वीकार करके उनके साथ सायङ्कालमें समीप ही गङ्गाजीके तटपर जाकर सन्ध्या विधि समाप्त करके आश्रमको लौट आये॥ ६२॥

तरणिरपि निपीयापर्चितो विप्रवृन्दैः,
सुरसरिदमृतौघं दत्तमर्ध्यैर्विशुद्धम्।
स्वरुचिमधिविभावस्वास्य तूर्णं प्रतीचीं,
ककुभमभिलपन्नालिङ्गितुं स प्रतस्थे॥ ६३॥

इतिश्रीअयोध्यावास्तव्य-ब्रह्मचारिश्रीभगवद्दास-विरचिते
श्रीमद्भगवद्रामानन्ददिग्विजये षोडशः सर्गः

पताका—भगवान् सूर्य भी ब्राह्मणोंके दिये हुये अर्घ्यजलको पान करके, अग्निमें अपनी प्रभाको स्थापन करके पश्चिम दिशाको आलिङ्गन करनेकी इच्छासे शीघ्र प्रयाण कर गये॥ ६३॥

इतिश्रीअयोध्यावास्तव्य-ब्रह्मचारिश्रीभगवद्दास-विरचिते-श्रीमद्भगवद्रामा-
नन्ददिग्विजये पताकाख्यव्याख्यायां षोडशः सर्गः।

अथ सप्तदशः सर्गः

अहर्मुखे यतिश्रेष्ठः कृतनित्यविधिर्मुदा ।
नभो रविरिवायामं स्वमासनमशिश्रियत् ॥ १ ॥

पताका–जैसे सूर्य भगवान् प्रातः विस्तृत आकाशमें विराजते हैं वैसे ही यतिश्रेष्ठ श्रीस्वामीजी महाराज प्रसन्न होकर अपने उच्चासनपर विराजे ॥

परितस्तं त्रयीनाथं ब्रह्मवर्चसशालिनम् ।
लसदभ्यर्च्यवर्चस्काः शिष्याः सर्वेऽप्युपाविशन् ॥२॥

पताका–ब्रह्मवर्चससे सुशोभित, चारों वेदोंके महान् विद्वान् श्रीस्वामीजीके चारों ओर सुन्दर तेजस्वी सब शिष्य बैठ गये ॥ २ ॥

जङ्घालोष्ट्रसमारूढान् प्रासिकानासिकानपि ।
बहूनागच्छतो म्लेच्छानस्वच्छाँस्ते व्यलोकयन् ॥ ३ ॥

पताका–अत्यन्त वेगसे चलनेवाले ऊंटोंपर चढ़े हुये, भाला और तलवार लिये हुये, बहुतसे आते हुये अपवित्र यवनोंको उन्होंने देखा ॥

आश्रमाद्बहिरेवामी आदराच्छ्मश्रुलाः स्थिताः ।
आगत्य वामनो नामानोनवीत्तेषु साञ्जलिः ॥ ४ ॥

पताका–ये सब यवन आदरसे आश्रमसे बहार ही खड़े हो गये । उनमंसे वामन नामक एक ब्राह्मण स्वामीजीके पास आकर हाथ जोड़े हुये स्तुति करने लगा ॥ ४ ॥

ब्राह्मणोऽहं महाभाग सैनिका यवना इमे ।
सर्वांश्च प्रैषयद्राज्यधुरन्धरसिकन्दरः ॥ ५ ॥

पताका–हे महाभाग ! मैं ब्राह्मण हूं । ये सैनिक मुसलमान हैं । राज्य धुरंधर सिकन्दरने हम सबको भेजा है ॥ ५ ॥

तन्मूर्ध्नि वेदना जाता मुने प्राणनिषूदना ।
ततो भवन्तमानेतुं वयं सर्वे समागताः ॥ ६ ॥

पताका—बादशाहके मस्तकमें प्राणहारिणी पीडा हो रही है अतः हे मुनिराज ! *आपको लेनेके लिये हम सब आये हैं ॥ ६ ॥

यदि नाम भवान्नाथ न व्रजेत्साम्प्रतं लघु ।
व्यथापृक्तो नृपो नूनं कथारिक्तो भविष्यति ॥ ७ ॥

पताका—हे महाराज ! यदि आप इस समय शीघ्र नहीं पधारेंगे तो अवश्य ही बादशाहका मृत्यु हो जायगा ॥ ७ ॥

समदर्शी भवानस्ति दयालुहृदयस्तथा ।
अनामयमवाप्नोतु यथा राजा तथा कुरु ॥ ८ ॥

पताका—हे महाराज ! आप समदर्शी तथा दयालु हृदयवाले हैं । अतः बादशाह जैसे नीरोग हो वैसा उपाय आप करिये ॥ ८ ॥

वार्तामेतां समाकर्ण्य मुनेर्हृदयमद्रवत् ।
दया नापेक्षते सत्यं भेदभावं कदाचन ॥ ९ ॥

पताका—इस सन्देशको सुनकर मुनिराजका हृदय पिघल गया । सत्य है, दया कभी भेदभावको नहीं देखती ॥ ९ ॥

दुराचारोऽपिचेत्कश्चिद्विवशो दुःखकातरः ।
सहाय्यकमपेक्षेत धत्ते साहाय्यमात्मवान् ॥ १० ॥

पताका—यदि कोई पापी भी दुःखसे विह्वल और विवश होकर सहायताकी अपेक्षा करे तो महान् पुरुष अवश्य उसकी सहायता करते हैं ॥

* कहा जाता है कि बहुतसे औलिया फकीरोंने दवा, तावीज की परन्तु बादशाहके मस्तककी पीडा नहीं गई । तब उसके मोलवी तकीने कहा कि काशी-में एक हिन्दू सन्यासी हैं । जिनका नाम रामानन्द स्वामी है । यदि वह आवे तो आपको अवश्य लाभ हो । परन्तु वह मुसलमानोंसे बात ही नहीं करते । अतएव बादशाहने अपने सिपाहियोंके साथ एक ब्राह्मण भेजा था ।

अयं योग्योऽथवाऽयोग्य इत्येवं हि विचारणा ।
आपत्काले न शोभेत दयार्द्रमनसां सताम् ॥ ११ ॥

पताका—यह सहायताके योग्य है अथवा नहीं, ऐसा विचार आपत्तिके समय दयालु सत्पुरुषोंको शोभा नहीं देता ॥ ११ ॥

भद्रं भवतु ते भद्र भूपतेराशु गच्छत ।
कार्यान्तरनिमग्नोऽहं तत्र गन्तुं न कामये ॥ १२ ॥

पताका—हे भद्र! तुम्हारे राजाका कल्याण हो। तुम लोग यहांसे शीघ्र जावो। मैं अन्य कार्यमें लगा हुआ हूं अतः वहां नहीं जाना चाहता ॥ १२ ॥

मुन्यनागमनश्रावाद्दीर्घमुच्छ्वस्य विह्वलाः ।
सर्वे मलिनयामासुस्ते सदागतिमण्डलम् ॥ १३ ॥

पताका—मुनिराजके न चलनेकी बात सुनकर सब सैनिकोंने व्याकुल होकर लम्बी सांस लेकर वायुमण्डलको दुर्गन्धित कर दिया ॥ १३ ॥

उदासीनान्समासीनान्समासाद्य सदग्रणीः ।
राजा वोऽनामयो जातो मा स्म खिद्यत सोऽभ्यधात् ॥१४॥

पताका—श्रीस्वामीजीने उन सबोंको उदास बैठे देखकर कहा कि तुम लोग चिन्ता मत करो। तुम्हारे बादशाहको आराम हो गया है ॥ १४ ॥

अविश्वासग्रहग्राहगृहीतास्ते नृपस्पशाः ।
मयारोहचणं चैकं प्रेषयामासुरञ्जसा ॥ १५ ॥

पताका—अविश्वासग्रहण रूपी ग्राह से पकड़े गये हुये उन बादशाहके दूतोंने शीघ्र एक अच्छे ऊंटसवारको (दिल्ली) भेजा ॥ १५ ॥

तरस्वी त्वरितं गत्वा गृहीतनृपवार्तकः ।
अल्पैरहोभिरागत्य सुखयामास सैनिकान् ॥ १६ ॥

पताका—वेगसे जानेवाले उस ऊंटसवारने दिल्ली शीघ्र जाकर, थोड़े ही दिनोंमें आकर बादशाहके शुभ समाचारसे सैनिकोंको प्रसन्न कर दिया ॥

तमद्भुतचमत्कारं म्लेच्छराजगुरुस्तदा ।
तर्की कोऽपि कुतर्की स विषेहे न विषान्तरः ॥ १७ ॥

पताका—बादशाहके गुरु तर्की विषैला हृदयवाला होनेके कारण इस अद्भुत चमत्कारको न सह सका ॥ १७ ॥

अमर्यादस्तर्की सोऽथ काशीमागत्य सन्मुनिम् ।
विजेतुं यतनं वादे चक्रे निहतसिद्धतः ॥ १८ ॥

पताका—नष्ट सिद्धान्तवाला तथा मर्यादाहीन वह तर्की काशीमें आकर श्रीस्वामीजीको वादमें जीतनेका प्रयत्न करने लगा ॥ १८ ॥

वामनं तं पुनः प्रेष्य स्वामिनं समसूसुचत् ।
तर्की वादाय सोत्कण्ठस्तिष्ठति द्वारि तावके ॥ १९ ॥

पताका—उस तर्कीने उसी वामन ब्राह्मणको पुनः भेजकर स्वामीजीको सूचना दी कि आपके द्वारपर तर्की वाद करनेके लिये उत्कण्ठित होकर बैठा है ॥ १९ ॥

तन्मुखात्तद्वचः श्रुत्वा संत्यक्तम्लेच्छभाषणः ।
प्रतिसीराव्यवहितो मुनिस्तर्कीमजूहवत् ॥ २० ॥

पताका—वामनके मुखसे यह वचन सुनकर म्लेच्छोंके साथ वार्तालापका त्याग करनेवाले श्रीस्वामीजी पर्दाके आड़में बैठकर उस तर्कीको बुलवाये ॥ २० ॥

अहङ्कारमहासर्पसंदंशविषमूर्छितः ।
यथाकथञ्चित्पप्रच्छ फेनिलेन मुखेन सः ॥ २१ ॥

पताका—अहङ्काररूपी महासर्पके काटनेसे मूर्छित हुआ, मुखमें फेन भरकर जैसे तैसे तर्कीने पूछा ॥ २१ ॥

मूर्तिपूजापरायत्ता निहता ह्यशरीरिता ।
ब्रह्मणस्तत्कथं श्रीमाँस्तदाराधनतत्परः ॥ २२ ॥

पताका—उसने पूछा कि, स्वामीजी ! मूर्तिमत्ताके अधीन होकर ब्रह्मकी अशरीरिता नष्ट हो जाती है । क्योंकि अकायकी मूर्ति नहीं हो सकती सो आप क्यों मूर्तिपूजा करते हैं ? ॥ २२ ॥

सशरीरत्वमस्माकं सदेष्टं नाशरीरिता ।
ब्रह्मणस्तेन नो मन्ये दूषणस्य प्रवेशनम् ॥ २३ ॥

पताका—स्वामीजीने कहा कि मैं ब्रह्मको शरीरी ही मानता हूं अशरीरी इष्ट नहीं है । अतः कोई दोष नहीं ॥ २३ ॥

सशरीरं यदि ब्रह्म विनाशि स्यात्तदा च तत् ।
घटादिवदहो श्रीमन्सशरीरत्वहेतुना ॥ २४ ॥

पताका—तर्कीने कहा, यदि आप ब्रह्मको शरीरवाला मानेंगे तो वह विनाशी हो जायगा । क्योंकि जो शरीरवाला होता है वह विनाशी देखा गया है । जैसे कि घट ॥ २४ ॥

अप्राकृतशरीरत्वादविनाशि सदैव तत् ।
तादृक्छरीरताभावात्त्ता नास्ति घटादिषु ॥ २५ ॥

पताका—स्वामीजीने कहा कि, ब्रह्मका शरीर अप्राकृत शरीर है । अतः उसका नाश नहीं होता । जहां २ ऐसा शरीर है वहां २ अविनाशित्व है । जहां २ ऐसा नहीं है वहां अविनाशित्व भी नहीं है । घटपटादिमें अप्राकृतशरीरत्व नहीं है अतः वह विनाशी है ॥ २५ ॥

सशरीरत्वसाम्येन तौल्यं जीवात्मभिर्भवेत् ।
तदा न तत्सम इति वाचो मिथ्यात्वमागतम् ॥ २६ ॥

पताका—तर्कीने कहा कि यदि ब्रह्म शरीरी है तो सशरीरसाम्यसे जीवोंके साथ ब्रह्मकी समानता हो जायगी । तब तो 'न तत्समश्चाभ्यधिकोऽपि कश्चित्' यह श्रुतिवचन मिथ्या हो जायगा ॥ २६ ॥

सशरीरत्वसाम्येन तौल्यं चेदात्मनां भवेत् ।
तेनैव हेतुना किं नो नृपश्वोः साम्यमिष्यते ॥ २७ ॥

पताका—स्वामीजी बोले, यदि सशरीरत्व समतासे ब्रह्मकी आत्माओंके साथ समानता कहते हो तो इसी सशरीरित्वसाम्यसे मनुष्यों और पशुओंकी भी समानता आप क्यों नहीं मान लेते ? ॥ २७ ॥

अशरीत्वभावे हि वाचिकत्वं विहन्यते ।
मोहमद्प्रभृतीनां यत्प्रसिद्धं तवाङ्गने ॥ २८ ॥

पताका—किंच यदि ब्रह्म अशरीरी हो तो तुम्हारे घरके सिद्धान्तानुसार मुहम्मद वग़ैरः पैगम्बर* नहीं हो सकते ॥ २८ ॥

एवं पराजितो म्लेच्छो म्लेच्छराजस्य संमतः ।
स गुरुर्मुनिनाथस्य निपपात पदाम्बुजे ॥ २९ ॥

पताका—इस प्रकार बादशाहका माननीय गुरु वह तक़ी वादमें भी पराजित होकर स्वामीजीके चरणोंमें पड़ गया ॥ २९ ॥

अपराधंक्षमां प्रार्थ्य शिरसा च प्रणम्य तम् ।
गलितोद्गर्वगरलो दिल्लीं प्रति ययौ तकी ॥ ३० ॥

पताका—शिर झुकाकर प्रणाम करके, अपराध क्षमा कराकर अहङ्कार-हीन होकर वह तक़ी दिल्लीको चला गया ॥ ३० ॥

तत्र राजसमज्यायां सिकन्दरपुरः स च ।
यतिराजस्य माहात्म्यं यथायथमचीकथत् ॥ ३१ ॥

पताका—वहां बादशाहके दरबारमें जाकर बादशाहके आगे, श्रीस्वामीजीका जैसा माहात्म्य उसने देखा था वैसा ही वर्णन कर दिया ॥ ३१ ॥

* पैगम्बरका अर्थ है पैग़ाम लानेवाला। यदि ब्रह्म-खुदा अशरीरी है तो इसका पैग़ाम शब्द किस तरहसे आया ? खुदाके पास आसमानमें जब्रइल वगैरःका जाना कैसे बन सकता है ?

माहात्म्यातिशयं तस्य निशम्य स्वगुरोर्मुखात् ।
स्वयं चाप्यनुभूयैव परमप्रीतिमाययौ ॥ ३२ ॥

पताका—बादशाह अपने गुरु तर्कीके मुखसे स्वामीजीकी प्रशंसा सुनकर तथा स्वयं भी मस्तकपीडा दूर होनेसे उनके चमत्कारका अनुभव करके बहुत प्रसन्न हुआ ॥ ३२ ॥

विविधानि च रत्नानि स्वर्णभाण्ड शतानि च ।
कौशेयानि च वासांसि यतये प्रैषिपन्नृपः ॥ ३३ ॥

पताका—बादशाहने नाना प्रकारके रत्न, सोनेके पात्र, अनेकों रेशमी वस्त्र स्वामीजीकी सेवामें भेंटमें भेजा ॥ ३३ ॥

त्यक्तप्रतिग्रहः श्रीमानाशीर्वादपुरस्सरम् ।
तैरेव किङ्करैः सार्धं सर्वं चापि न्यवीवृतत् ॥ ३४ ॥

पताका—स्वामीजी महाराज तो सन्यासी थे। किसीका कुछ लेते नहीं थे। उन्हें इन रत्नों और सुवर्णके पात्रोंकी क्या आवश्यकता थी? अतः उन्होंने आशीर्वाद देकर उन्हीं दासोंके साथ सब वस्तुएँ लौटा दीं ॥

इति नैस्पृह्यमालोच्य यतिराजस्य भूमिपः ।
महदाश्चर्यमासाद्य मनसि प्रससाद च ॥ ३५ ॥

पताका—बादशाह स्वामीजीकी इतनी निस्पृहता देखकर, आश्चर्य पाकर मनमें प्रसन्न हुआ ॥ ३५ ॥

गमनागमनं वीक्ष्य वहूनां तदनन्तरम् ।
योगी राजपुरुषाणां मेने विघ्नमिदं परम् ॥ ३६ ॥

पताका—तबसे बहुतसे राजपुरुषोंका आनाजाना देखकर श्रीस्वामीजीने सोचा कि यह बहुत बड़ा विघ्न है ॥ ३६ ॥

कञ्चित्कालं च देशानामटनं मनसाऽऽस्थितम् ।
शिष्यमण्डलमादाय वाराणस्याः स निर्ययौ ॥ ३७ ॥

पताका—कुछ कालपर्यन्त देशाटन करना चाहिये ऐसा श्रीस्वामीजीने विचार किया। अतः सब शिष्योंको साथ लेकर काशीसे चल पड़े ॥३७॥

एकदा भ्रमतस्तस्य महाराष्ट्रानुपेयुषः।
सिद्धसेनगणिर्जैनसाधुः सविध आगमत् ॥ ३८ ॥

पताका—एक समय जब श्रीस्वामीजी भ्रमण करते २ महाराष्ट्रमें आये उस समय सिद्धसेन गणि नामका एक जैन साधु उनके पास आया ॥ ३८ ॥

नास्ति कोऽपि जगत्कर्ता वैदिकं हि वचो मृषा।
अनाद्यनिधनं सर्वं जगदित्यगदच्च सः ॥ ३९ ॥

पताका—उसने स्वामीजीसे कहा कि, कोई भी संसारका कर्ता नहीं है। अतः जगत्को सकर्तृक कहनेवाले वेदवाक्य मिथ्या हैं। यह संसार तो सदासे ऐसा ही है और ऐसा ही रहेगा ॥ ३९ ॥

दन्तच्छटाघटादूरोत्सारितध्वान्तवैभवः।
अनन्तवैभवोपेतस्तमुवाच कृती वचः ॥ ४० ॥

पताका—दाँतोंकी छटासे अन्धकारको दूर करते हुये, अनन्त वैभव युक्त श्रीस्वामीजी महाराज बोले ॥ ४० ॥

जगतो यदि कर्तृत्वं कस्मिंश्चिद्रोचते न ते।
नियमेन पदार्थानामुत्पादः संविपद्यते ॥ ४१ ॥

पताका—यदि तुमको किसीमें जगत्का कर्तृत्व नहीं रुचता है तो नियमपूर्वक जो पदार्थोंकी उत्पत्ति देखनेमें आती है वह नष्ट हो जायगी। किसी बुद्धिमान् कर्ताके स्वीकार करनेसे ही यह नियम निभ सकता है ॥

यथा पथीष्टका दृष्ट्वा क्रमतः स्थापिताः क्वचित्।
संग्रहीता भवेदासां कोपीत्येवोप्यते मतिः ॥ ४२ ॥

पताका—जैसे मार्गमें क्रमसे स्थापित ईंटोंको देखकर यह बुद्धि उत्पन्न होती है कि इनका क्रमपूर्वक स्थापन करनेवाला अवश्य कोई है ॥

तथा क्रमेण सम्बद्धान् भवभावान्विभाव्य कः ।
मतिमान्नानुमिनुतामेषां कर्तारमादिमम् ॥ ४३ ॥

पताका—उसी प्रकारसे सांसारिक सूर्य, चन्द्र आदि पदार्थोंको क्रमसे सम्बद्ध देखकर कौन बुद्धिमान इनके आदिकर्ताका अनुमान नहीं करेगा ? ॥ ४३ ॥

मृदप्तेजोमरुत्खेषु विकारो विहरन्सदा ।
तेषामनित्यतोद्योते सामर्थ्यं दधते महत् ॥ ४४ ॥

पताका—यदि संसारको अनादि मानो तो बन नहीं सकता है । क्योंकि पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाशमें रहनेवाला जो विकार है वह इन सर्व पदार्थोंको अनित्य सिद्ध करनेमें महान् सामर्थ्य रखता है । तात्पर्य यह है कि विकारी पदार्थ जितने हैं सब अनित्य ही होते हैं । जैसे घटादि विकारी हैं अतएव अनित्य हैं ॥ ४४ ॥

अनित्येषु च भावेषु नित्यत्वं यैर्निधीयते ।
बुधैस्तद्बुद्धिदौर्बल्ये कृपादृष्टिर्विधीयते ॥ ४५ ॥

पताका—अनित्य पदार्थोंमें जो नित्य-बुद्धि रखते हैं उनकी बुद्धिकी दुर्बलतापर ज्ञानी जन कृपादृष्टि ही करते हैं । वह अज्ञानोपहत होनेके कारण दयाके पात्र हैं ॥ ४५ ॥

स्याद्वादं चेत्समुद्भाव्यानित्यत्वं नित्यतामपि ।
तनुषे त्वं पदार्थानां विद्वद्भ्यस्तन्न रोचते ॥ ४६ ॥

पताका—यदि तुम स्याद्वादका उद्भावन करके निखिल पदार्थोंमें नित्यत्व और अनित्य दोनों धर्म स्वीकार करोगे तो वह विद्वानोंको नहीं रुचेगा ॥ ४६ ॥

मिथो वैरुद्ध्यमापन्ना धर्मास्तु युगपत्कचित् ।
शक्नुवन्ति न संस्थातुमेकस्मिन्नेव धर्मिणि ॥ ४७ ॥

पताका—परस्पर विरुद्ध नाना धर्म एक ही धर्ममें एक ही कालमें कहीं भी नहीं रह सकेत ॥ ४७ ॥

मनुषे चेदसम्बद्धमपि ब्रूहि कुतस्तदा ।
सकर्तृकं जगन्न स्यात्तवैवास्मात्कुतर्कत: ॥ ४८ ॥

पताका—यदि ऐसे असम्बद्ध स्याद्वादको स्वीकार करते हो तो बताओ कि तुम्हारे ही इस कुतर्कसे जगत् सकर्तृक क्यों नहीं सिद्ध हुआ? तात्पर्य यह कि जब तुम्हारे मतमें एक धर्मीमें परस्पर विरुद्ध धर्म एक ही कालमें रह सकते हैं तो जैसे तुम ईश्वरमें जगत्का अकर्तृत्व स्वीकार करते हो वैसे ही उसमें जगत्के कर्तृत्वका स्वीकार भी तुम्हारे गले पतित है ॥

किंच त्वन्मतयोस्तात मिथःकलहिनोरपि ।
फलोपधायकत्वं च धर्मयोरस्ति वा न वा ॥ ४९ ॥

पताका—किंच, तुम्हारे माने हुये परस्पर दो विरोधी धर्मोंमें फलोपधायकता है या नहीं? अर्थात् उससे कुछ फल सिद्ध होता है या नहीं?॥

तथापि प्रतिपद्येत चेत्तदा वह्निराशिभिः ।
जलैरिव सतां स्नानं संभवेच्छान्तिदायकम् ॥ ५० ॥

पताका—यदि तुम यह भी स्वीकार कर लोगे कि उसमें अर्थोपधाय-कत्व है तो तुम्हारे मतमें अग्निसमूहमें उष्णत्व और शीतलत्व तथा वह्नित्व और जलत्व दोनों रह रहे हैं, तब तो जैसे सज्जन पुरुष जलसे स्नान करके शीतल होते हैं वैसे ही वह्निसे भी स्नान करके उन्हें शीतल होना चाहिये॥

स्वसा ते विधवा जाता माता ते व्यभिचारिणी ।
कन्या प्रासूत ते पुत्रमृषभो वृषभोऽभवत् ॥ ५१ ॥

कूपमण्डूकतां प्राप्ता ये जनास्त्वद्वशं गताः ।
वचनारचना तेषामेषा मा भूदरुन्तुदा ॥ ५२ ॥

पताका—तुम्हारी बहिन बहुत पति वाली है अथवा विधवा हो गई, तुम्हारी माता व्यभिचारिणी है, तुम्हारी कन्या (कुमारी)को पुत्र हुआ है, तुम्हारे ऋषभदेव वृषभ हो गये हैं। इत्यादि वचन तुम्हारे अनुयायी कूप-मण्डूक समान जनोंके हृदयको व्यथित तो नहीं न करेंगे? अर्थात् जब तुम्हारे यहां सबमें सब धर्म है तो उपर्युक्त वचनसे तुम अथवा तुम्हारे अनु-यायी चिढ़ेंगे तो नहीं न? ॥ ५१ ॥ ५२ ॥

यद्यद्विनाशि तत्कार्यं यत्कार्यं तत्सकर्तृकम् ।
जगतोऽपि विनाशित्वात्कार्यत्वं तस्य न क्षतम् ॥ ५३ ॥

पताका—जो २ विनाश धर्मवाला है वह सब कार्य है। और जो कार्य है उसका कोई कर्ता अवश्य है। जगत् भी विनाशि है अतः उसमें कार्यत्व भी अव्याहत ही है ॥ ५३ ॥

तन्निर्माणसामर्थ्याभावक्षाराम्बुधौ ब्रुडन् ।
जीवः कर्तृपदं कस्मादारोहतु तु जातुचित् ॥ ५४ ॥

पताका—उस जगत्के निर्माण करनेकी शक्तिके अभावरूप लवण-समुद्रमें डूबता हुआ जीव तो जगत्का कर्ता कैसे हो सकता है? ॥५४॥

अतस्तस्य च निर्माता वैदिकैरभ्युपेयते ।
सर्वाद्भुतक्रियाशक्तिप्राज्यसाम्राज्यभुग्विभुः ॥ ५५ ॥

पताका—अतएव वैदिक लोग समस्त अद्भुत क्रिया और अद्भुत शक्तिके महान् साम्राज्यके भोक्ता विभु भगवान् श्रीरामजीको ही जगत्का निर्माता स्वीकार करते हैं ॥ ५५ ॥

इदं सर्वं निशम्यासौ रागद्वेषमहाकरः ।
ऊचे पुनर्महाक्रुद्धः स जिनाशासनासनः ॥ ५६ ॥

पताका—वह यह राग और द्वेषका महान् आकर, जैन शासनमें रहने वाला साधु अत्यन्त क्रुद्ध होकर पुनः बोला ॥ ५६ ॥

सशरीरोऽशरीरो वा जगत्स्रष्टा प्रभुस्तव ।
शरीरित्वेऽप्यदृश्यं वा शरीरं दृश्यमेव वा ॥ ५७ ॥

पताका—आपका जगत् स्रष्टा ईश्वर सशरीरी है वा अशरीरी ? यदि शरीरी है तो वह शरीर अदृश्य है अथवा दृश्य ? ॥ ५७ ॥

सशरीरो जगत्स्रष्टा शरीरं तच्च सर्वथा ।
दृश्यं भक्तिगणैरेव निर्धूताखिलकिल्बिषैः ॥ ५८ ॥

पताका—श्रीस्वामीजी महाराजने उत्तर दिया कि जगतस्रष्टा प्रभु सशरीरी हैं । तथा वह शरीर सर्वथा समस्तदोषशून्य भक्तजनोंको ही दृष्टिगोचर होता है ॥ ५८ ॥

शरीरित्वेऽन्तरेणापि तं तृणादिर्विजायते ।
कार्यत्वस्याक्षतेस्तत्र हेत्वाभासत्वमीक्ष्यते ॥ ५९ ॥

पताका—जैन साधु बोला, यदि ईश्वर शरीरी है, तो उस सशरीर ईश्वरके विना भी खेतोंमें तृण आदि उत्पन्न होते हैं । कार्यत्व तो वहां पर भी है ही है अतः आपका हेतु वस्तुतः हेत्वाभास है ।

तात्पर्य यह है कि 'क्षित्यादयो बुद्धिमत्कर्तृकाः, कार्यत्वात्, घटवत्' ऐसा अनुमान प्रयोग किया जाता है । अर्थात् पृथ्वी आदि सब पदार्थ बुद्धिमत्कर्तृक हैं, क्योंकि वह कार्य हैं । जैसे घट कार्य है और कुम्भकारकर्तृक है । इस अनुमान प्रयोगमें हेतु है 'कार्यत्वात्' । वह साधारण-अनैकान्तिक हेतु है । क्योंकि तृणादिमें कार्यत्व है परन्तु शरीरिकर्तृकत्व अनुपलब्ध है । हेत्वाभासोंमेंसे सव्यभिचार एक हेत्वाभास है । उसके तीन भेद हैं । साधारण, असाधारण और अनुपसंहार । जो हेतु साध्यमें भी रहता हो और जहां साध्य नहीं है वहां भी रहता हो उसे साधारण अनै-

कान्तिक कहते हैं। अनैकान्तिक और सव्यभिचार पर्याय शब्द है। यहां पर यही साधारण अनैकान्तिक हेतु है। क्योंकि कार्यत्व भवदभिमत ईश्वरकृत सूर्यचन्द्रादि पदार्थोंमें भी है और तदकृत अर्थात् जिनका बनानेवाला ईश्वर नहीं है उन तृणादिकोंमें भी कार्यत्व विद्यमान है ॥ ५९ ॥

शरीरी स स्वशक्त्यैव यानि बीजान्यजीजनत् ।
तानि चोप्तानि भूगर्भे ह्युपयन्ति तृणद्रुताम् ॥ ६० ॥

पताका—श्रीस्वामीजी बोले, शरीरी परमात्माने अपनी शक्तिसे जिन बीजोंको प्रथमसे ही उत्पन्न कर रखा है, वे ही पृथ्वीमें बोये जानेपर तृण, वृक्ष आदि भावको प्राप्त हो जाते हैं। यहां पर भी शरीरी कर्ता है ही है अतः 'कार्य्यत्व' हेतु साधारण अनैकान्तिक नहीं है। इसी प्रकारसे तुम्हारा कहा हुआ कालात्ययापदिष्ट भी नहीं है। प्रतिज्ञासिद्ध, कालात्यया-पदिष्ट तथा बाध ये तीनों पर्यायवाचक हैं। प्रत्यक्ष आदि प्रमाणोंके विरोधसे जिस हेतुकी प्रतिज्ञा सिद्ध न होती हो उसे कालात्ययापदिष्ट कहते हैं। 'बुद्धिमत्कर्तृक' जगत् है। यह प्रतिज्ञा है वह योगप्रत्यक्ष, अनुमान, शब्द आदि प्रमाणोंसे सिद्ध ही है अतः निर्दुष्ट है ॥ ६० ॥

यथा नटो विदूरेण नर्तयन्नोपलक्ष्यते ।
पुत्तलिकां तथा देवोऽभक्तैर्न कापि दृश्यते ॥ ६१ ॥

पताका—जैसे नट दूरसे बैठकर पुतलीको नचाता है परन्तु पटादिसे अन्तरित होनेके कारण उपलक्षित नहीं होता है उसी प्रकार जगत्कर्ता प्रभु प्रतिक्षण सब कुछ कर रहे हैं परन्तु भगवद्भक्तोंके अतिरिक्त उनकी लीलाका अनुभव तथा उनका साक्षात्कार अन्योंको नहीं होता है ॥६१॥

सूक्ष्मदर्शी यथा कश्चिज्ज्ञानी पश्यति तं नटम् ।
भव्यभक्तिप्रकाशात्मा जगत्कर्तारमीक्षते ॥ ६२ ॥

पताका—जिस प्रकारसे सूक्ष्मदर्शी कोई ज्ञानी पुरुष नचाते हुये

उस नटको देखता है उसी प्रकारसे भव्यभक्तिरूप प्रकाशसे परिपूर्ण आत्मा उस जगत्कर्ताको देखता है ॥ ६२ ॥

एक एवेश्वरः सोऽथ बहवो वा भवन्मताः ।
तत्त्वं सत्त्वावलम्बी त्वं ब्रूहि स्पष्टं यतीश्वर ! ॥ ६३ ॥

पताका—जैन साधु बोला, ईश्वर एक है अथवा अनेक है ? हे यतिराज इसका स्पष्ट समाधान करिये ॥ ६३ ॥

सकलश्रुतिसन्दिष्टः सर्वशक्तिसमन्वितः ।
एक एव जगत्स्रष्टा मन्यते जगदीश्वरः ॥ ६४ ॥

पताका—श्रीस्वामीजी बोले, सकलश्रुतिप्रतिपादित, सर्वशक्तिमान्, जगत्का स्वामी, जगत्स्रष्टा एक ही है; अनेक नहीं ॥ ६४ ॥

कारणं किं पुरस्कृत्य वेदैर्वेदानुयायिभिः ।
एक एवेश्वरोऽस्तीति डिण्डिमो वाद्यते सदा ॥ ६५ ॥

पताका—जैन बोला, क्या कारण है कि वेद और वेदानुयायी लोग सर्वदा यह डिण्डिम बजाते रहते हैं कि ईश्वर एक ही है ? ॥ ६५ ॥

ईश्वराणां बहुत्वं चेदेकस्मिन् कार्यवस्तुनि ।
वैमत्यं सम्भवेत्तस्मादेक एवेश्वरो मतः ॥ ६६ ॥

पताका—श्रीस्वामीजी बोले, यदि अनेक ईश्वर हो तो एक ही कार्यमें विरुद्ध मत उत्पन्न होनेकी सम्भावना है । एक ईश्वर कहेगा कि यह करना है, एक कहेगा कि नहीं वह करना है । अत एव ईश्वर एक ही अभिमत है ॥ ६६ ॥

कीटिकाशतनिष्पाद्ये शक्रमूर्द्धनि दृश्यते ।
वैमत्यं नापि तत्कार्य्यहानिः क्वापि जनैरिह ॥ ६७ ॥

पताका—जैन बोला, सैकड़ों कीड़ियां मिलकर एक वल्मीक तैयार करती हैं परन्तु उनमें वैमत्य नहीं देखा जाता है तथा कार्यकी हानि भी नहीं देखी जाती । ऐसे ही ईश्वर भी अनेक हो तो कोई क्षति नहीं है ॥

कीटिकानां सहस्रेष्वेकस्यास्तु स्वामिता मता ।
अन्यासां तदधीनत्वाद्वैमत्यं सम्भवेन्नहि ॥ ६८ ॥

पताका—अनन्त कीड़ियोंमें एक स्वामी होता है और अन्य कीड़ियां उसके अधीन रहती हैं अत एव वहां वैमत्य सम्भव नहीं है ॥ ६८ ॥

तथा कथं च विज्ञातं वैमत्यं नास्ति तासु भोः ।
अत्यल्पकीटिकाभिस्तं देवं तोलयता त्वया ॥ ६९ ॥

पताका—तथा अत्यन्त अल्प निकृष्ट अज्ञानी कीड़ियोंके साथ उस ज्ञान स्वरूप पुरुषोत्तमकी तुलना करते हुये तुमने कैसे जाना कि उनमें परस्पर विरुद्ध मत नहीं है ? तात्पर्य यह कि एक तो उनकी भाषा, उनका व्यवहार आदि तुमको विदित नहीं है । दूसरे तुमने एक सर्वज्ञके साथ कीड़ियोंकी तुलना की है यह सर्वथा अनुचित है । एक भेडके पीछे सैकडों भेड़ें चलती हैं एतावता तुम यह कहोगे कि एक मनुष्यके पीछे ब्रह्माण्डके सब मनुष्य चलते हैं ? यह तो प्रत्यक्षके ही विरुद्ध है । हां जिनेश्वरकी भेंड़ें अवश्य आंख कान बन्द करके एकके पीछे एक, क्रमसे चलती हैं । यदि कहो कि कार्यनिष्पत्ति देखते हैं,—वल्मीक निर्मित देखते हैं अतएव वहां वैमत्याभावका अनुमान करते हैं, तो भाई, वैमत्याभावमें कार्य हो ही नहीं, यह तो कहा ही नहीं जा सकता । संसारमें जैनोंके साथ अत्यन्त वैमत्य है तब भी तो केश नोचनेवालोंकी कमी नहीं है ॥ ६९ ॥

सर्वगोऽसर्वगो वापि स च देहात्मनाऽथवा ।
ज्ञानात्मनेति वक्तव्यं निपुणं निपुणात्मना ॥ ७० ॥

पताका—पुनः जैन बोला, वह ईश्वर व्यापक है वा नहीं ? यदि है, तो देहसे व्यापक है अथवा ज्ञानसे ? इसे आप अच्छे प्रकारसे समझाइये ॥

सर्वगः स च विश्वात्मा जगदीशो महाप्रभुः ।
ज्ञानाद्यैरिति सर्वत्र शास्त्रेषु प्रतिपादितम् ॥ ७१ ॥

पताका—श्रीस्वामीजी बोले, विश्वात्मा, जगदीश्वर, महाप्रभु धर्मभूत ज्ञानद्वारा, स्वरूपद्वारा तथा विग्रहद्वारा सर्वव्यापक हैं। ऐसा ही सर्व शास्त्रोंमें प्रतिपादित है ॥ ७१ ॥

विश्वतश्चक्षुरित्यादि तदा वेदो वदन् कथम्।
न प्रकुप्येत भो विद्वन् कथङ्कारं वदेति ते ॥ ७२ ॥

पताका—जैन बोला कि, वेदोंमें तो लिखा है कि, 'विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतोमुखो विश्वतः पाणिरुत विश्वतः पाद्' अर्थात् ईश्वरके चारों ओर मुख इत्यादि हैं, अर्थात् शरीरात्मना व्यापकत्व लिखा है और आप ज्ञानात्मना व्यापकत्व कहते हैं, तब आपके ऊपर वेदका प्रकोप क्यों नहीं होगा? ॥ ७२ ॥

सर्वदर्शित्वमानन्त्यं सर्वगत्वं च सर्वथा।
बोधयितुं प्रवृत्तायाः श्रुतेरर्थो न गम्यते ॥ ७३ ॥

पताका—श्रीस्वामीजी बोले, इस श्रुतिका अर्थज्ञान तुम्हें नहीं है। इसका यह अर्थ नहीं कि संसारमें चारों ओर प्रतिपदार्थमें ब्रह्मका मुख ही मुख है अथवा नेत्र ही नेत्र हैं। इस श्रुतिका तात्पर्य यह है कि भगवान् सर्वदर्शी हैं। ऐसी कोई भी क्रिया प्राणियोंकी नहीं है जो प्रभुके ज्ञानसे बाहर हो। प्रभुका आनन्त्य, उनकी सर्वशक्तिमत्ता, उनकी व्यापकता और उनका लोकोत्तर सामर्थ्य ही प्रकट करनेके लिये यह श्रुति प्रवृत्त हुई है ॥

सर्वगः स च सर्वज्ञ ईश्वरः केन बुध्यते।
आगमैरिति चेद् ब्रूषे तद् विकल्पान्निरासय ॥ ७४ ॥

पताका—जैन बोला, वह ईश्वर सर्वव्यापक और सर्वज्ञ है यह कैसे आप जानते हैं? यदि कहिये कि आगमों—वेदोंसे? तो मेरे विकल्पोंको दूर करिये ॥ ७४ ॥

आगमास्तत्कृताः सन्ति तद्भिन्नैर्वा कृता मताः।
तत्कृता इति चेदस्तु तत्कृतौ का प्रमाणता ॥ ७५ ॥

पताका—मेरे विकल्प यह हैं कि, वे आगम ईश्वरकृत हैं अथवा अन्य कृत ? यदि ईश्वरकृत ही हैं तो ईश्वरकी कृतिमें प्रमाणता क्या है ? अर्थात् ईश्वर यदि अपना महत्त्व प्रकट करनेके लिये असत्य ही लिख दिया हो तो कौन जानता है ? ॥ ७५ ॥

महत्त्वक्षतिरप्येषा तस्य संजायते ननु ।
न महान् स्वगुणोद्घोषे जिह्वां संचालयत्यपि ॥ ७६ ॥

पताका—यदि ईश्वरकृत वेद हैं और उनमें ईश्वरका महत्त्व वर्णित है तब तो उसके महत्त्वकी भी हानि है। क्योंकि महान् पुरुष स्वतः अपना गुण वर्णन करनेकेलिये जीभ नहीं हिलाते हैं ॥ ७६ ॥

पूर्वापरविरुद्धार्थवचनानां विनायकः ।
कुरुते स स्वयं स्वस्य सर्वज्ञत्वनिवारणम् ॥ ७७ ॥

पताका—पूर्वापरविरुद्ध वचनोंके निर्माता तुम्हारे ईश्वर स्वयं अपने सर्वज्ञताका निवारण कर रहे हैं ॥ ७७ ॥

मा हिंस्यात्सर्वाभूतानीत्युक्त्वा पूर्वं ततः परम् ।
अग्नीषोमीयमित्यादि वाक्यं तत्र निदर्शनम् ॥ ७८ ॥

पताका—वेदमें प्रथम तो कहा कि किसी प्राणीकी हिंसा नहीं करनी चाहिये और उसके पश्चात् विधान किया कि अग्निषोमीय पशुका वध करना चाहिये। यह वचन पूर्वापर विरोधका उदाहरण है ॥ ७८ ॥

उन्मत्तानां प्रलापोऽयमप्रामाण्यं ततः श्रुतेः ।
ततो नास्ति च सार्वज्ञ्ये प्रमाणं तस्य किञ्चन ॥ ७९ ॥

पताका—यह वेद उन्मत्तोंका प्रलाप है अतः उसका प्रामाण्य नहीं है। अत एव ईश्वरके सर्वज्ञ होनेमें कोई भी प्रमाण नहीं है ॥ ७९ ॥

तदन्यैश्चेत्कृता वेदा नो ततोऽपि प्रमाणता ।
रागद्वेषादिपूर्णत्वात्तेषां तस्माद्विभुर्न सः ॥ ८० ॥

पताका—यदि ईश्वरसे अतिरिक्त किसी अन्यके बनाये हुये वेद हैं तो भी उनका प्रामाण्य नहीं है। क्योंकि उनके बनानेवाले मनुष्य रागद्वेषादिसे पूर्ण रहे होंगे। अतः किसी प्रकारसे सिद्ध न होनेके कारण ईश्वर विभु नहीं हो सकता ॥ ८० ॥

श्रुत्वा यतिपतिर्वाचमेतस्य च्छद्मसद्मनः ।
दशनांशुप्रकाशेन तमो दूरमपाहरत् ॥ ८१ ॥

पताका—श्रीस्वामीजीने उस महाछलीके इस वचनको सुनकर उसके अज्ञानान्धकारको अपने दांतोंके किरणोंके प्रकाशसे दूर कर दिया। अर्थात् वह बोले ॥ ८१ ॥

आगमानां च नित्यत्वान्न कृतास्ते हि केनचित् ।
सर्गादौ भगवानेव प्रादुर्भावयतीह तान् ॥ ८२ ॥

पताका—वेदोंके नित्य होनेके कारण वे किसीके बनाये हुये नहीं हैं। सृष्टिके आरम्भमें प्रभु स्वयं उनका प्रादुर्भाव करते हैं ॥ ८२ ॥

स्वगुणख्यापनार्थं तु श्रुतयो न प्रवर्तिताः ।
किन्तु याथार्थ्यबोधाय तेन, तस्मान्न दूषणम् ॥ ८३ ॥

पताका—उस भगवान्‌ने अपने गुणोंका वर्णन करनेके लिये श्रुतियों-का प्रादुर्भाव नहीं किया है किन्तु यथार्थ ज्ञानके निमित्त वेदोंको प्रकट किया है। तात्पर्य यह कि सृष्टिके आरम्भमें परम कृपालु भगवान्‌ने जीवों-पर परमानुग्रह करके वेदोंका इस लिये प्राकट्य किया कि पदार्थमात्रका यथार्थ ज्ञान मनुष्योंको हो। जैसे माता, पिता और गुरु अपने पुत्रों और शिष्योंको यह शिक्षा देना अपना धर्म समझते हैं कि तुम माता, पिता और गुरुको नित्य प्रणाम करो, इनके सामने विनीतभावसे रहो, इत्यादि। और जैसे इस उपदेशमें कोई भी विज्ञ पुरुष महत्त्व हानि नहीं समझता है उसी प्रकारसे प्रभुने नैसर्गिक अपने प्रति सद्भाव रखने तथा अपने स्व-

रूपका बोधन करनेके लिये ही श्रुतियोंमें व्यापकत्व और सर्वज्ञत्व आदिका निर्देश किया है। अतः इसमें कोई दोष नहीं है ॥ ८३ ॥

मा हिंस्यादिति वाक्यं तु विद्ध्युत्सर्गं तमोनिधे।
अपवादश्च तस्येदमग्नीपोमीयमित्यथ ॥ ८४ ॥

पताका—'मा हिंस्यात्सर्वा भूतानि' यह वाक्य उत्सर्ग है। और 'अग्नीषोमीयं पशुमालभेत' यह वाक्य उसका अपवाद है ॥ ८४ ॥

उत्सर्गेष्वपवादेषु नो विरोधविचारणा।
अन्यथा सर्वशास्त्रेषु महान् क्षोभो जनिष्यति ॥ ८५ ॥

पताका—उत्सर्ग और अपवाद वाक्यमें विरोधका विचार नहीं होता है। परस्पर विरुद्ध वचन उसे कहते हैं जो एक ही प्रसङ्गमें एकके ही लिये, समान रूपसे, अनिवार्य्य रूपसे विहित अथवा निषिद्ध हो। जहां विभिन्न प्रसङ्गमें भेद अनिवार्य हो वहां विरोध नहीं कहा जा सकता। नहीं तो तुम्हारे यहां भी तो 'अहिंसा परमो धर्मः' ऐसा माना गया है। पुनः जलको उष्ण करके पीनेका विधान किया है। और जलको उष्ण करनेका मुख्य कारण यही है कि उसमें रहनेवाले जीव मर जावें और पुनः उत्पन्न न हों। साधुओंको स्त्रीके स्पर्शका निषेध है परन्तु कोई साध्वी (गृहस्थ स्त्री नहीं !!) स्त्री जलमें डूबती हो तो उसे पकड़कर बचा लेनेकी आज्ञा है इस प्रकारसे सबके यहां उथल पुथल हो जावेगा ॥ ८५ ॥

अथोवाच पुनर्जैनो मिथ्यादृष्टिसमाहतः।
स्वाधीनो वा पराधीनः परमेशस्तवास्ति भोः ॥ ८६ ॥

पताका—मिथ्यादृष्टिसे ताडित वह जैन पुनः बोला, कि आपका वह परमेश्वर स्वाधीन है अथवा पराधीन? ॥ ८६ ॥

स्वाधीनश्चेत्कथं क्रौर्य्यं सुखितादुःखितादिकाम्।
नानावस्थां प्रतायेह जीवानां तेन तायते ॥ ८७ ॥

पताका–यदि वह स्वाधीन है तो जीवोंको सुख और दुःख आदिकी नाना अवस्था देकर क्यों क्रूरता करता है? अर्थात् उस ईश्वरको आप लोग दयालु मानते हैं तो वह स्वाधीन होते हुये भी दयालुताके विरुद्ध जीवोंको क्यों कष्ट देता है? ॥ ८७ ॥

यदि कर्मपराधीना कृतिस्तस्यापि विद्यते ।
तदा च स्ववशत्वाय दत्त एव जलाञ्जलिः ॥ ८८ ॥

पताका–यदि उस ईश्वरकी कृति भी जीवोंके कर्माधीन है तबतो उसकी स्वाधीनताकेलिये तिलाञ्जलि दे दी गई? ॥ ८८ ॥

बुद्धाबोधातिसंघातसम्पातापातिताशयः ।
शकृत्कल्पं वमन् गन्धं मुखेनायात्स मौनिताम् ॥ ८९ ॥

पताका–उत्पन्न हुये अज्ञानके समूहके सम्पातके द्वारा पातित हो गया था अन्तःकरण जिसका, ऐसे उस जैन साधुने मुखसे विष्ठा समान गन्ध उगलता हुआ मौनावलम्बन किया ॥ ८९ ॥

जीवानां च यथाकर्म सुखदुःखे ददाति सः ।
पारतन्त्र्यं भवेन्नेदं न्याय्यमेतदुदीर्यते ॥ ९० ॥

पताका–श्रीस्वामीजी बोले, वह भगवान् जीवोंके कर्मानुसार उसे सुख दुःख देते हैं। यह परतन्त्रता नहीं कही जा सकती। इसका नाम है न्याययुक्त कार्य ॥ ९० ॥

किञ्चित्कर्तुं समीह्यैव साधनाभावतो यदि ।
शक्यते चेन्न तत्कर्तुं तदाऽस्वातन्त्र्यमिष्यते ॥ ९१ ॥

पताका–यदि कोई किसी कार्यको करनेकी इच्छा करके साधनोंके अभाव होनेसे उसे न कर सके तो उसका नाम पराधीनता है ॥ ९१ ॥

नैवमत्र भवेदीशे सति कर्मकुले प्रभुः ।
संबध्नाति फलैर्जीवाँस्तदभावे स नेहते ॥ ९२ ॥

पताका—भगवान्‌में ऐसा नहीं है। वह तो जब जीवोंके कर्म रहते हैं तभी फलोंद्वारा उन्हें बांधते हैं। कर्म न हों तो उनको बांधनेकी उनकी इच्छा भी नहीं होती है। अतः भगवान् परतन्त्र नहीं। क्योंकि परतन्त्र वही है जो साधनाभावसे स्वमनीषितको पूर्ण न कर सके ॥ ९२ ॥

एवं हि सृष्टिनिर्माणेऽप्यस्ति नापरतन्त्रता।
तस्य किञ्चित्परत्वं नो विद्यते जगतीतले ॥ ९३ ॥

पताका—इसी प्रकार सृष्टि निर्माणमें भी प्रभुको पारतन्त्र्य नहीं है। संसारमें भगवान्‌के लिये पर कोई वस्तु ही नहीं है। परतन्त्रता कहांसे आवेगी? ॥ ९३ ॥

चितोऽचितः शरीरत्वं तस्य भाति शरीरिणः।
स्वशरीरे परत्वं चेत्स्वत्वं कुत्रोपयुज्यते ॥ ९४ ॥

पताका—चित् और अचित् ये दोनों ही उस शरीरी प्रभुके शरीर हैं। यदि स्वशरीरमें भी परत्व हो तो स्वत्व कहां रहेगा? ९४ ॥

सर्वथा हि स्वतन्त्रः स फलदाने विभुर्मतः।
न्यायाध्यक्षो ददद्दण्डं परवान्दण्ड्ये न कथ्यते ॥ ९५ ॥

पताका—अतः भगवान् जीवोंके फलदानमें सर्वथा स्वतन्त्र ही हैं। कर्मानुसार फल देनेसे वह परतन्त्र नहीं हो सकते। न्यायाध्यक्ष अपराधी-को दण्ड देता हुवा परतन्त्र नहीं कहा जा सकता ॥ ९५ ॥

ईश्वरश्चेत्स नित्योऽस्ति जगत्सर्गस्वभाववान्।
अथवाऽतत्स्वभावोऽसाविति स्पष्टमुदीरय ॥ ९६ ॥

पताका—जैन बोला, यदि आपका अभिमत ईश्वर नित्य है तो क्या वह त्रिभुवनकी सृष्टि करनेका स्वभाववाला होकर नित्य है अथवा सृष्टि न करनेका स्वभाववाला होकर नित्य है? इसे आप स्पष्ट बताइये ॥ ९६ ॥

सर्गस्वभावतायुक्तश्चेत्सदा सर्गनिर्मितेः ।
न स्यादुपरतिस्तस्य तत्त्वे सृष्टिर्न युज्यते ॥ ९७ ॥

पताका–यदि वह सृष्टि बनानेका स्वभाववाला होकर नित्य है तब तो सृष्टि बनानेसे उसे कभी अवकाश ही नहीं मिल सकता। और यदि वह सृष्टि ही बनाता रहे तो सृष्टिका होना भी असम्भव है। तात्पर्य यह है कि जैसे, घट जबसे बनना आरम्भ हुआ है तबसे लेकर समाप्ति क्षणसे पूर्व वह घट शब्दसे व्यपदेश्य–व्यवहार्य नहीं होता। क्रिया समाप्तिके पश्चात् ही घट कहा जाता है। उसी प्रकारसे यदि ईश्वरका स्वभाव नित्य ही सृष्टि करनेका है तब तो वह नित्य सृष्टि ही करता रहेगा। उसकी क्रिया कभी समाप्त ही नहीं होगी। क्रिया समाप्त न होनेसे पूर्वोक्त प्रकारसे सृष्टि सृष्टि शब्द व्यपदेश्या नहीं होगी॥ ९७ ॥

अतत्स्वभावश्चेदीशस्तज्जगन्ति स नो सृजेत् ।
स्वभावयोगतस्तस्मात्सर्गोऽयं नोपपद्यते ॥ ९८ ॥

पताका–तथा यदि वह सृष्टि न बनानेका स्वभाववाला होकर नित्य है तो भी वह सृष्टि नहीं बना सकता। क्योंकि वह उसके स्वभावके विरुद्ध है। अतः सृष्टि उपपन्न नहीं हो सकती ॥ ९८ ॥

सत्यं स नित्य एवास्ति जगल्लीलाधरो विभुः ।
तदा तत्तत्करोत्येव यदा यद्यत्समीहते ॥ ९९ ॥

पताका–श्रीस्वामीजी बोले, तुम्हारा कथन सत्य है। जगत्रूप लीला के धारण करनेवाले प्रभु नित्य ही हैं। तथा जब २ जो चाहते हैं तब वह वह कर लेते हैं॥ ९९ ॥

विसृष्टिस्थितिसंहारलीलास्वाभाव्यसंयुतः ।
जगन्नाथो महाशक्तिर्विनियोज्यो न कस्यचित् ॥ १०० ॥

पताका—सृष्टि, स्थिति और संहार रूप लीलाके स्वभावसे युक्त तथा महती शक्ति सम्पन्न वह जगन्नाथ किसीके विनियोज्य नहीं हैं। अर्थात् यह क्यों किया और यह क्यों न किया? उन्हें ऐसा कहनेवाला कोई नहीं है॥

रममाणो यथा बालो विम्बं निर्मीति तत्पुनः।
विनाशं गमयत्येवं रघुनाथोऽपि चेष्टते॥ १०१॥

पताका—जैसे बालक खेलता हुआ मिट्टी आदिसे कोई बिम्ब बनाता है और पुनः बिगाड़ देता है उसी प्रकारसे लीलामय प्रभु भी करते रहते हैं॥ १०१॥

स्वभावभेदेऽनित्यत्वं समायाति परात्मनः।
पार्थिवं च शरीरं स्यादत्र योग्यं निदर्शनम्॥ १०२॥

पताका—जैन बोला कि कदाचित् ऐसा मानिये कि वह एक ही स्वभावसे जगत्की सृष्टि भी करता है और प्रलय भी करता है तो स्वभावके अभेद होनेके कारण सृष्टि और संहार दोनोंका यौगपद्य प्राप्त होगा। यदि स्वभावान्तरसे सृष्टि प्रलयकी निष्पत्ति स्वीकार करिये तो नित्यत्वकी हानि है। क्योंकि स्वभाव भेद ही तो अनित्यताका लक्षण है। जैसे आहारपरमाणु सहकृत पार्थिव शरीरको प्रतिदिन अपूर्व अपूर्व उत्पादनसे स्वभावभेद होनेके कारण अनित्यत्व है वैसाही ईश्वरमें भी प्राप्त होगा॥ १०२॥

स्वभावभेदेऽनित्यत्वं प्राकृतेष्वेव वस्तुषु।
नाप्राकृते परेशे तत्प्रसज्ज्येत कथञ्चन॥ १०३॥

पताका—श्रीस्वामीजी बोले कि स्वभावभेद केवल प्राकृत वस्तुओंमें ही अनित्यताका प्रयोजक हो सकता है। परन्तु अप्राकृत परमेश्वरमें यह अनित्यत्व कभी नहीं आ सकता है॥ १०३॥

स्वभावभेदे नित्यत्वं ब्रुवता किं प्रसाधितम्।
यत्र स्वभावसंभेदो नास्ति तत्रास्ति नित्यता?॥ १०४॥

पताका—किंच स्वभावभेदसे अनित्यत्वका प्रतिपादन करते हुये तुमने क्या सिद्ध किया? यह तो नहीं, कि जहां स्वभाव भेद नहीं है वहां अनित्यत्व भी नहीं है? ॥ १०४ ॥

एवं चेदनले दोषप्रसक्तिस्त्वन्मते भवेत्।
उष्णस्वभावतापायात्तस्माद्भेदोऽभिदाकरः ॥ १०२ ॥

पताका—यदि ऐसा ही हो तब तो तुम्हारे मतमें अग्निमें भी दोष आवेगा। क्योंकि अग्निका जो उष्ण स्वभाव है वह तो कभी भी नष्ट नहीं होता है। सर्वदा वहां एक स्वभावता ही है तब तो उसे तुम्हें नित्य मानना होगा, जो प्रत्यक्षादि प्रमाणोंसे विरुद्ध है। अतः स्वभाव भेद नित्यत्व अनित्यत्वका सर्वथा प्रयोजक नहीं है ॥ १०५ ॥

किंच प्रेक्षावतामत्र प्रवृत्तेः कारणद्वयम्।
स्वार्थेनाथापि कारुण्येनेति किं तत्र कारणम् ॥ १०३ ॥

पताका—जैन पुनः बोला, बुद्धिमान् पुरुषोंकी प्रवृत्तिमें दो ही कारण होते हैं। एक स्वार्थ, और दूसरा दया। इन दोनोंमेंसे ईश्वरकी सृष्टिरूप प्रवृत्तिमें कौन सा कारण है? ॥ १०६ ॥

न तावच्छक्यते वक्तुं स स्वार्थात्सम्प्रवर्तते।
कृतकृत्यतया तस्य परेशस्य यतीश्वर! ॥ १०४ ॥

पताका—हे यतीश्वर! आप यह तो कह नहीं सकते कि वह स्वार्थवश सृष्टिमें प्रवृत्त होता है। क्योंकि वह सर्वथा कृतकृत्य है उसे किसी वस्तुकी अपेक्षा ही नहीं है ॥ १०७ ॥

कारुण्यादपि नो युक्ता तत्प्रवृत्तिर्यतश्च तत्।
परदुःखप्रहाणेच्छा सर्गाभावे न दुःखिता ॥ १०५ ॥

पताका—कारुण्यवशसे भी ईश्वरकी सृष्टिरूप प्रवृत्ति युक्त नहीं है। क्योंकि परदुःखके नाशकी इच्छाको ही कारुण्य कहते हैं। यदि भगवान्

सृष्टि न करें तो किसीको दुःख ही न हो। दुःख न हो तो दयाकी आव-श्यकता ही नहीं है। अतः सृष्टिकी प्रवृत्तिमें यह भी कारण नहीं है ॥१०८

सर्गान्तरे च दुःखित्वमापन्नेषु दयावशात्।
तत्प्रवृत्तिश्च जीवेषु ह्युपपन्नेति चेदथ ॥ १०६ ॥

पताका—दूसरी सृष्टिमें दुःखभावको प्राप्त हुये जीवोंपर दया करके भगवान्की यह प्रवृत्ति है, यदि ऐसा कहियेगा तो—॥ १०९ ॥

अन्योन्याश्रयदोषः स्यात्सृष्टिः कारुण्यतः कृता।
सृष्ट्यैव चाथ कारुण्यं ततः सर्वं निरर्थकम् ॥ १०७ ॥

पताका—अन्योन्याश्रय दोष प्राप्त होगा। यदि कारुण्य हो तो सृष्टि बने और सृष्टि बने—जीव दुःखी हों तो कारुण्य उत्पन्न हो। अतः यह सब आपकी कल्पना निरर्थक है ॥ ११० ॥

लीलारूपेयमीशस्य सृष्टिः कारुण्यहेतुका।
अन्योन्याश्रयदोषस्य लेशलेशो न विद्यते ॥ १०८ ॥

पताका—श्रीस्वामीजी बोले, भगवान्की लीलारूपा यह सृष्टि कारुण्य-हेतुका है। तथा त्वदुक्त अन्योन्याश्रय दोषका तो गन्ध भी नहीं है ॥१११

जीवानामप्यनादित्वात्कर्मणामप्यनादिता।
वस्तुन्यनादिनि प्रेक्षादित्वस्य हि निरर्थिका ॥ १०९ ॥

पताका—अन्योन्याश्रय क्यों नहीं है तो इसका उत्तर करते हैं। कर्म-कर्ता जीव भी अनादि हैं और उनके कर्म भी अनादि हैं। अर्थात् यत्न, क्रिया और इच्छा आदि चेतनके स्वाभाविक नित्य धर्म हैं। जबसे चेतन है तबसे उसकी क्रिया है। वह अनादि है अतः उसकी क्रिया भी अनादि-कालसे ही प्रवृत्त है। अनादि वस्तुमें आदित्व शोधना निरर्थक है ॥११२॥

प्रवाहानादितो नित्यं पुना रात्रिरहर्महः।
पुनः प्रवर्तते यद्वत्तथा सृष्टेरपि क्रमः ॥ ११३ ॥

पताका—जिस प्रकारसे रात्रिके पश्चात् दिवस और दिवसके पश्चात् रात्रिका क्रम चला आता है और चलता रहेगा। उसी प्रकारसे सृष्टि भी प्रवाहसे अनादि है। अतः सृष्टिका भी आदि न होनेसे यह नहीं कह सकते हो कि पूर्व सृष्टि ईश्वर न बनाता तो जीवोंको कष्ट न होता और तन्मूलक दया न होती और उसका परिणाम सृष्टि निर्माण न होता ॥

पृथिव्यादीनि वस्तूनि धारणादि क्रियां यथा ।
स्वाभाव्यात्कुर्वते तद्वदीश्वरोऽपि विचेष्टते ॥ ११४ ॥

पताका—जिस प्रकारसे पृथिवी आदि स्व स्व धारणादि क्रिया स्वभावसेही करती हैं उसी प्रकारसे प्रभु भी अपनी जगत् निर्माणरूप लीला स्वभावसे ही करते हैं। उनकी प्रवृत्ति बुद्धिमत्तापूर्विका होनेसे जिस कार्य्यके उत्पादनका कारणसानिध्य होता हैं उसकी उत्पत्ति करते हैं और जिसका कारणसानिध्य नहीं है उसे नहीं बनाते। अतः सब समञ्जस है ॥११४॥

एवं सद्युक्तिसूक्तोतिसूक्तिसञ्चयवायुभिः ।
उत्क्षिप्तोऽस्य विपक्षस्य पक्षकक्षोऽनलेऽपतत् ॥ ११५ ॥

पताका—इस प्रकारसे श्रीस्वामीजीके सुन्दर युक्तिपूर्ण वचनरूप वायुसे उड़ाया हुआ विपक्षी—जैनका पक्षरूप तृण अग्निमें पड़ गया ॥ ११५ ॥

दग्धसंशयशाखी स विषयेऽस्मिन्निरुत्तरः ।
पुनः प्रवते जैनः शौचाचारं विनिन्दितुम् ॥ ११६ ॥

पताका—इस विषयमें निरुत्तर होकर, संशयरहित होकर, वह जैन साधु पुनः शौचाचार—पवित्रतासंरक्षणकी निन्दा करनेको प्रवृत्त हुआ॥११६

अद्भिर्गात्राणि शुध्यन्तीत्येवमादिक्षदादिमः ।
स्वस्यां स्मृतौ स्मृतौ ते स्याद्भूपस्ते सन्मनुर्मनुः ॥११७॥

पताका—वह जैन बोला कि, उत्तम ज्ञानवाले सर्वप्रथम राजा मनुने अपनी स्मृतिमें अर्थात् मनुस्मृतिमें लिखा है कि जलसे शरीर शुद्ध होता है। यह आपके स्मरणमें होगा ॥ ११७ ॥

तन्मुधा व्याहृतिर्मन्ये ह्यस्थिचर्मास्रगन्विते।
देहे च पापगेहेऽस्मिन्शुद्धता कास्तु वस्तुतः ॥ ११८ ॥

पताका–इस कथनको मैं व्यर्थ ही मानता हूं। क्योंकि अस्थि, चर्म, रक्त आदि युक्त इस पापाकर देहमें वस्तुतः शुद्रता क्या हो सकती है? ॥ ११८ ॥

स्नानमाचरताभीक्ष्णं जन्तूनां सूक्ष्मदेहिनाम्।
न हिंसाचरितेत्येवं मतिमान् कोऽनुमन्यताम् ॥ ११९ ॥

पताका–सर्वदा स्नान करनेवाले मनुष्यने सूक्ष्म शरीरवाले जन्तुओं-की हिंसा नहीं की, ऐसा कौन बुद्धिमान् मान सकता है? अर्थात् जलके जो अल्प जीव हैं वह शरीरके संपर्कसे, हस्तादिके घर्षणसे मर जाते हैं ॥

शौचं चेदान्तरं तेऽस्तु बहिः स्यात्तच्च वा न वा।
तत्किमर्थं जनैर्व्यर्थं वैदिकैस्तत्समुह्यते ॥ १२० ॥

पताका–यदि आपके अन्तःकरणकी शुद्रता अच्छे प्रकारसे हो तो बाहरकी शुद्रता हो अथवा न हो उससे कोई फल नहीं। तो क्यों व्यर्थमें वेदानुयायी लोग बाह्य शौचाचारका पालन करते हैं? ॥ १२० ॥

उदरं चेन्मनुष्याणां विण्मूत्रैः सम्परिप्लुतम्।
गुदप्रक्षालिते क्षालो हस्तयोर्मृत्स्नया मुधा ॥ १२१ ॥

पताका–मनुष्योंका पेट तो विष्ठा और मूत्रसे भरा ही हुआ है। तो गुद प्रक्षालनके पश्चात् मृत्तिकासे हाथ पग धोना व्यर्थ ही है ॥ १२१ ॥

दन्तानां घर्षणं दूरं तिष्ठतु क्षालनेऽप्यहो।
महापापं प्रजायेत जीवानां मृत्युकारणात् ॥ १२२ ॥

पताका–दांतोंका प्रभाती (दातुन) आदिसे रगड़ना तो दूर रहो, उसके धोनेसे भी महापाप होता है। क्योंकि वहांके जन्तु मर जाते हैं ॥

ईषद्धास्ये यतेरास्ये श्रुत्वा तस्य वचोभरम् ।
निरासाय तदुक्तीनां रसना रसमास्पृशत् ॥ १२३ ॥

पताका—उस जैन साधुके इन वचनोंको सुनकर श्रीस्वामीजीके प्रसन्न मुखमें जिह्वाने उसकी उक्तियोंका खण्डन करनेके लिये अनुरागको ग्रहण किया ॥ १२३ ॥

केशोत्पाटपटो पद्वी गीर्वराकी च तावकी ।
केषां हि विदुषां चित्ते दयाभावं तनोति नो ॥ १२४ ॥

पताका—श्रीस्वामीजी बोले, हे केशनोचनेमें चतुर ! यह तुम्हारी वराकी वाणी किन विद्वानोंके हृदयमें दयाभाव प्रकट नहीं करती ? अर्थात् तुम्हारे इस अज्ञानपर सबको दया आती है ॥ १२४ ॥

येन देहेन धर्म्याणि कर्माण्यर्ज्यानि सन्ति ते ।
मलोपबृंहितं कृत्वा तत्कथं मन्यसे सुखम् ॥ १२५ ॥

पताका—जिस देहसे तुमको उत्तम उत्तम धर्म-कर्म प्राप्त करने हैं उसे मल-पूर्ण करके तुम कैसे सुख मानते हो ? ॥ १२५ ॥

अपवित्रेण गोत्रेण पवित्राणि कथं ननु ।
साधनेन हि साध्यानि सिध्यन्तु मतिमूदन ॥ १२६ ॥

पताका—हे मतिमूदन ! अपवित्र शरीर-साधनसे पवित्र साध्य-कार्य्य कैसे सिद्ध हो सकते हैं ? ॥ १२६ ॥

शौचमाभ्यन्तरं चास्तु वाहीकमपि तत्तथा ।
वाहीकं पूर्वसोपानमान्तरं तदनन्तरम् ॥ १२७ ॥

पताका—आभ्यन्तर और बाह्य दोनों शौच होना चाहिये । बाह्य पवित्रता प्रथम सोपान है और आन्तरिक पवित्रता उसके आगेका सोपान है ॥ १२७ ॥

अन्तःशुद्धिं न कुत्रापि बाह्यशुद्धिर्विबाधते ।
तत्कथं त्यज्यतेऽसभ्य भिषक्छास्त्रं द्विषन्मुधा ॥ १२८ ॥

पताका—तथा बाह्य शुद्धि अन्तःशुद्धिमें कोई बाधा तो पहुंचाती ही नहीं है। तब हे असभ्य-दुर्गन्धादिपूर्ण होनेसे सभामें बैठने अयोग्य ! वैद्यकशास्त्रके साथ द्वेष करते हुये उसे क्यो छोड़ते हो ? ॥ १२८ ॥

स्वेदः संजायते देहे तव ग्रीष्मे तथा च तम् ।
वस्त्रेण प्रोञ्छितुं कस्मादुदयं याति ते मतिः ॥ १२९ ॥

पताका—गर्मीके समयमें जब तुम्हारे शरीरमें स्वेद—पसीना उत्पन्न होता है तब उसे क्यों पोछते हो ? क्योंकि स्नानाभावके कारण नाना सूक्ष्म जीव दांतोंकी तरह तुम्हारे शरीरमें भी उत्पन्न हो गये होंगे। वे बेचारे मर जायंगे तो क्या उसमें पाप तुमको नहीं चिपटेगा ? ॥ १२९ ॥

अलं मले शरीरस्थे बहूनां वसतां सदा ।
सुसूक्ष्माणां हि जीवानां कथं हिंसा न मन्यते ॥ १३० ॥

पताका—शरीरमें रहे हुये मलमें निरन्तर उत्पन्न होकर रहनेवाले सूक्ष्म जीवोंकी हिंसाको तुम हिंसा क्यों नहीं मानते हो ? ॥ १३० ॥

हिंसाश्च त्रिविधाः कल्पतरवो गुरवस्तव ।
मन्यन्ते तासु जायेत शौचाचारेषु का वद ॥ १३१ ॥

पताका—किंच तुम्हारे लिये कल्पवृक्ष समान तुम्हारे गुरुओंने तीन प्रकारकी हिंसा स्वीकार की है। उन तीनोंमेंसे शौचाचार पालनमें कौन सी हिंसा होती है सो कहो ?

जैन मतमें तीन प्रकारकी हिंसा मानी गई है। स्वरूपहिंसा, हेतुहिंसा और अनुबन्ध हिंसा। स्वरूपहिंसा वह है जो देखनेमें प्रतीत होती हो अथवा अल्पहिंसा होती हो परन्तु उसके परिणामसे लाभ विशेष होता हो। जैसे मन्दिरादि बनवानेमें अनेक जीवोंकी हिंसा होती है परन्तु मन्दिर

बननेके पश्चात् प्रभुकी पूजा आदिसे हिंसापेक्षया लाभ—पुण्य अधिक होता है। हेतुहिंसा वह है जो यत्न विना होती हो अर्थात् भ्रमसे वा अज्ञानसे वा स्वाभाविक प्रमादसे होती हो। जैसे अनवधानतासे, हाथसे पुस्तकादिके गिरनेपर अल्पजीव मर जावे तो वह अयत्नसे हुई हिंसा है। तीसरी अनुबन्ध हिंसा वह है जो जैनियोंके तीर्थङ्करोंकी मानी हुई हो। अर्थात् वह जिसे कह दें कि इस कार्यके करनेसे, इस फलके खानेसे, इस जलके छूनेसे हिंसा होती है तो वह अनुबन्ध हिंसा समझी जावेगी ॥ १३१ ॥

न प्रथमा द्वितीया वा शक्यते वक्तुमाविल !
दोषानाधायकत्वाद्धि तयोस्ते च समुज्झिते ॥ १३२ ॥

पताका-स्वरूपहिंसा और हेतुहिंसा तो कह ही नहीं सकते क्योंकि वे दोनों ही तुम्हारे मतमें दोषाधायक नहीं हैं। जैसे तुम मन्दिर, उपाश्रय आदि बनाते हो अथवा बनवाते हो, उसमें जीवों की हिंसा तो होती ही है। तुम्हारे मतमें तो अनन्त हिंसा होती है परन्तु उसका परिणाम अच्छा मानकर तुम उसमें पाप नहीं मानते हो, वैसे ही वैदिक लोग भी स्नानादि पवित्रतासे शरीरकी नीरोगिता और उससे होनेवाले अनेक धार्मिक कार्य-निष्पत्तिरूप अनेक शुभ परिणाम मानकर उसमें हिंसा नहीं मानते। हेतु हिंसा तो स्नानादिमें संभवित ही नहीं है। क्योंकि यह क्रिया यत्नपूर्वक होती है। अतः दो प्रकार की हिंसा तो स्नानादिमें सिद्ध नहीं ही हुई ॥ १३२ ॥

तृतीयाज्ञानिनामेव सविलासावतष्ठिताम्।
गेहे नेहेहतां वासस्तदर्थं मृग्यतां नृग ॥ १३३ ॥

पताका—अनुबन्धहिंसा मूर्खोंके ही घरमें आनन्दपूर्वक निवास करो। उसके लिये वैदिकोंके पास स्थान मत ढूँढ़ो। तात्पर्य यह है कि जिसको यह विश्वास हो कि तीर्थङ्करोंके वचन सत्य ही है वह भले तुम्हारी अनु-

बन्ध हिंसाका मान करे। परन्तु जिनके हृदयमें उनके वचन अन्धकारमय उपाश्रयका कोलाहल मात्र हो, भला वह क्यों उस वचनके माननेका पाप करें। तथा जिस प्रकारसे तुम अपने शास्त्रको और अपने शास्त्रकारोंको सर्वज्ञ मानकर उसमें प्रमाणबुद्धि रखते हो उसी प्रकारसे अन्य भी तो अपने शास्त्र और शास्त्रकारोंको परम प्रामाणिक मानते होंगे। तब युक्तिहीन बुद्धिहीन तीर्थङ्कर–वचनको कोई क्यों मानेगा? तथा जैसे तुम हिंसा, अहिंसाके विचारका आधार मनुष्य–तीर्थङ्करके वचनपर रखते हो वैसे ही वैदिक लोग भी हिंसा और अहिंसा, धर्म और अधर्म, कर्तव्य और अकर्तव्य आदिके विचारको परम आप्त सर्वज्ञ ज्ञानस्वरूप भगवान्की आज्ञाभूत श्रुतियोंपर निर्भर रखते हैं। अतः यागादिककी हिंसा भी पापजनिका नहीं है॥ १३३॥

शौचाचारविहीनानां शकृत्स्पृष्ट्वापि वोऽसकृत्।
मन्वानानां निजं शुद्धं मातङ्गात्का भवेद्भिदा॥ १३४॥

पताका–शौच–पवित्रताके आचारसे रहित, विष्ठाका अनेकवार स्पर्श करके भी अपनेको पवित्र माननेवालोंमें और चाण्डालमें क्या भेद है?॥

कामं तिष्ठतु विण्मूत्रप्रभृति प्राणिनां तनौ।
तत्परोक्षत्वमापन्नं न घृणायै भवेन्नृणाम्॥ १३५॥

पताका–प्राणियोंके पेटमें भले विष्ठा मूत्र आदि रहे। वह परोक्ष है–प्रत्यक्ष नहीं है अतः उसमें घृणा नहीं होती॥ १३५॥

उदरे मलमूत्रादि तिष्ठतीति च कः पुमान्।
मुखेऽपि स्वे निधातुं तच्चोद्युनक्त्यप्रमादवान्॥ १३६॥

पताका–पेटमें मल मूत्र आदि है अतएव ऐसा कौन अनुन्मत्त पुरुष होगा कि जो उस मल मूत्र आदिको मुखमें भी रख लेनेका प्रयत्न करेगा? अशक्य कार्य न कर सकनेसे शक्य कार्य भी नहीं करना यह मूर्खता है।

पेटके अन्दर शुद्धि नहीं रख सकते अतः बाहर भी नहीं रखना इसका अर्थ तो यह हुआ कि कोई लोहे का चना नहीं खा सकता अतः अन्न भी न खावे ॥ १३६ ॥

वने संजातवृद्धानां पुष्टानां दैववर्षणात् ।
दयसे चेत्कथं चान्ने निर्दयत्वं तव स्फुटम् ॥ १३७ ॥

पताका—वनमें जो स्वयं पैदा हुये और बढ़े, तथा वर्षाके जलसे पुष्ट हुये उन वृक्षोंपर यदि तुम दया करते हो तो अन्नके ऊपर निर्दयता क्यों है ? अर्थात् जैसे तुम दन्तधावन नहीं करते हो वैसे ही तुम्हें अन्न ग्रहण भी नहीं करना चाहिये ॥ १३७ ॥

उन्मूल्य क्षेत्रतः सद्यो भाजा बहुविधाः कुतः ।
आनीता भोक्तुमह्नाय निर्विचार प्रवर्तसे ॥ १३८ ॥

पताका—हे निर्विचार ! जो शाक भाजी तत्क्षण खेतमेंसे उखाड़ कर लाई जाती है उसके खानेके लिये तुम क्यों प्रवृत्त होते हो ? अर्थात् उनके उखाड़नेमें जीवहिंसा तो होती ही है तब उसका ग्रहण क्यों करते हो ? कदाचित् यह कहो कि वह हमारे निमित्त नहीं उखाड़ा गया है अतः हमें पाप नहीं लगेगा। तो तुम्हारा यह कथन सर्वथा उन्मत्तप्रलाप है। जो हिंसा तुमारे लिये नहीं की गई हो परन्तु उसमें किसी प्रकारसे तुम सम्मिलित हो तो अवश्य ही तुमको पाप लगेगा। क्योंकि यदि तुम शाक न खाते तो उतना कम उखाड़ा जाता और उतनी ही कम हिंसा होती। इसका स्पष्ठ भावार्थ यह है कि एक गांवमें सौ मनुष्य हों उनमेंसे यदि ५० ही मनुष्य शाक खावें तो ५० ही आलूका व्यय होगा और हिंसा भी इतनी ही होगी परन्तु जो सौ आदमी खावें तो आलूका व्यय अधिक और उसके अनुसार हिंसा भी अधिक। अतः इस परम्पराके द्वारा तुम भी हिंसा के भागी तो हो ही ॥ १३८ ॥

स्वादूनि यानि यानीह महार्घ्याण्यपि सोत्सुकः ।
फलानि स्वोदरे कर्तुं त्वं कथं वर्तसे सदा ॥ १३९ ॥

पताका—सुन्दर २ जो फल बहुमूल्य फल है उनको पेटमें रख लेने के लिये तुम्हारी प्रवृत्ति कैसे होती है? ॥ १३९ ॥

तत्र चेन्न दया वत्साजस्रं स्फूर्जति ते हृदि ।
दन्तशोधककाष्ठे किं दयाधारा विधावति ॥ १४० ॥

पताका—हे वत्स! जो इन सब वस्तुओंके ऊपर तुम्हारे हृदयमें दया नहीं उत्पन्न होती है तो दातुनकी लकड़ीमें दयाकी धारा क्यों बह रही है? ॥ १४० ॥

कूपमण्डूकतां हित्वा त्वज्ञानावृत्तिसंवृत ।
तथ्यां पथ्यां च मे वाचं तात त्वं हृदये कुरु ॥ १४१ ॥

पताका—अज्ञानके आवरणसे आच्छादित हे तात! कूपमण्डूकताको छोड़कर मेरे तथ्य और हितकर वचनको हृदयमें धारण करो ॥ १४१ ॥

वस्तुतस्तत्त्वतस्तावन्मतं जैनं पृथक् स्थितम् ।
तत्त्वचिन्तापरीतानां तन्मतं नरकाभिधम् ॥ १४२ ॥

पताका—वस्तुतः जैन मत तत्त्वसे बहुत दूर है। अतः जो लोग तत्त्वविचार करनेवाले हैं उनके लिये यह मत नरक समान है ॥ १४२ ॥

हिन्दुधर्मसुधासिन्धुबिन्दुनापि कदाचन ।
न समत्वं तदाधत्ते तावकं जैनशासनम् ॥ १४३ ॥

पताका—हिन्दु धर्म—वैदिक—धर्मरूप सुधासिन्धुके एक बिन्दु समान भी तुम्हारा जैन मत नहीं है ॥ १४३ ॥

हिन्दवो यतयो नित्यं शौचाचारं चरन्ति तत् ।
हन्त! तद्द्वेषिभिर्जैनैर्जाड्यतस्तन्निवर्तितम् ॥ १४४ ॥

पताका—हिन्दु विरक्त—यति नित्य शौचाचारको पालन करते हैं। अतः उनके द्वेषी जैनोंने मूर्खतासे उस शौचाचारका खण्डन कर दिया ॥

हिन्दुभिर्यतिभिः क्वापि धर्मतत्त्वविदां वरैः।
वारीण्यपरिपक्वानि पीयन्ते शुद्धबुद्धिभिः ॥ १४५ ॥

पताका—धर्मके तत्त्वोंको जाननेवालोंमें सर्वश्रेष्ठ, तथा निर्मल बुद्धिवाले हिन्दु यति समयानुसार कच्चा पक्का सब प्रकारका जल पीते हैं ॥ १४५ ॥

तदाचारमसोढ्वैव तद्द्वेषाबद्धबुद्धयः।
जैनाः पक्वानि गृह्णन्ति तानि सर्वत्र साधवः ॥ १४६ ॥

पताका—उनके आचारको न सहन करके ही उनके साथ द्वेष करनेवाले जैन साधु सर्वदा सर्वत्र पक्का—औंटाया हुआ ही जल ग्रहण करते हैं ॥ १४६ ॥

जलस्थानां हि जीवानां मारणायैव पक्वता।
स्यात्कथं तत्र हिंसात्वं पश्यन्ति न जडाः खलु ॥ १४७ ॥

पताका—जलमें रहनेवाले जीवोंको मारनेके लिये ही जल उष्ण करते हैं। तब उसमें जड लोग हिंसाविचार क्यों नहीं करते? ॥ १४७ ॥

रागद्वेषादिसंपूर्णैर्मानसैर्मानवैः कृतम्।
देशकालानभिज्ञैश्च मतं त्यक्त्वा पृथग्भव ॥ १४८ ॥

पताका—राग द्वेषादिसे परिपूर्ण हृदयवालों तथा देश और कालके अनभिज्ञ मनुष्योंके बनाये मतको छोड़कर पृथक् हो जावो ॥ १४८ ॥

ईश्वरेण समादिष्टे दिष्ट्या द्वेषादिवर्जिते।
हिन्दुधर्मे धृतिं कृत्वा सद्गतिं त्वं लभस्व रे ॥ १४९ ॥

पताका—भाग्यवश द्वेषादिवर्जित तथा ईश्वरद्वारा प्रवर्तित हिन्दुधर्म—वैदिकधर्ममें दृढता करके सद्गतिको प्राप्त करो ॥ १४९ ॥

मातृवद्वत्सला जीवनिकाये सर्वदा श्रुतिः ।
तत्सृतावुपसृत्य त्वं तत्त्वमाप्नुहि वत्सल ॥ १५० ॥

पताका—श्रुतियाँ जीवोंपर माताके समान प्रेम करनेवाली हैं। अतः उनके मार्गमें आकर तुम तत्त्वको प्राप्त करो। अर्थात् अत्यन्त कृपालु श्रुतियें तुम्हें अनायास तत्त्वोद्बोधन करा देंगी ॥ १५० ॥

एवं देवः क्षणादेव सक्षणो मतमक्षिणोत् ।
जैनं श्रुत्वा ततः प्रीतः स चक्रे शरणं मुनिम् ॥ १५१ ॥

पताका—इस प्रकारसे स्वामीजी महाराजने आनन्दपूर्वक क्षणभरमें ही जैन मतका खण्डन कर दिया। उसे सुनकर प्रसन्न होकर सिद्धसेनगणि स्वामीजीके शरण हो गया ॥ १५१ ॥

मन्त्ररत्नं मुनेः प्राप्य पञ्चसंस्कारसंयुतः ।
भावानन्द इतिख्यातः सद्भावोऽभावयद्धरिम् ॥१५२॥

पताका—वह सिद्धसेनगणि श्रीयतिराजसे मन्त्ररत्न—श्रीराममन्त्रकी दीक्षा लेकर, पञ्च संस्कारयुक्त होकर भावानन्द नामसे भगवान्‌की सेवा करने लग गया ॥ १५७ ॥

गच्छं तस्यानुगच्छन्त आसन्ये केऽपि चेतरे ।
अनुगास्तेऽपि सर्वत्र शिक्षां दीक्षां च पेदिरे ॥ १५३ ॥

पताका—सिद्धसेनके गच्छके जो अन्य अनुयायी उसके साथ थे वह सब भी आचारशिक्षा और मन्त्रदीक्षाको ग्रहण किये ॥ १५३ ॥

एवं मुनीन्द्रचरणाः शरणागतानां,
रक्षां विधाय शुभमार्गमुपादिशन्तः ।
श्रीरामनाममहिमानमुदीरयन्तः,
प्रान्ते च तत्र सुचिरं व्यहरन् यथेच्छम् ॥१५४॥

पताका—इस प्रकारसे श्रीयतिराज शरणागतोंकी रक्षा करके, शुभ मार्गका उपदेश करते हुये तथा श्री रामनामके माहात्म्यका प्रतिपादन करते हुये उस महाराष्ट्र प्रान्तमें अधिककाल तक इच्छानुसार विहार किये॥१५४॥

सर्वत्ररामचरणाम्बुजभक्तिभाव-
स्फीताधिमौक्तिकगणैः स च भूषयित्वा।
सर्वाञ्जनान्यतिपतिः पवितुं प्रतस्थे,
तस्मात्सपद्यथ कृती खलु दाक्षिणात्यान् ॥१५५॥

इतिश्रीअयोध्यावास्तव्य-ब्रह्मचारिश्रीभगवद्दास-विरचिते श्रीमद्भगवद्रामानन्द-दिग्विजये सप्तदशः सर्गः

पताका—सर्वरक्षक श्री रामजीके चरणकमलोंकी भक्तिके भावरूप स्थूल और सुन्दर मोतियोंसे सब जनोंको विभूषित करके वह कृती यतिराज दाक्षिणात्योंको पवित्र करनेके लिये वहांसे शीघ्र प्रस्थान किये॥ १५५॥

इतिश्रीअयोध्यावास्तव्य-ब्रह्मचारि-श्रीभगवद्दास-विरचिते श्रीमद्भगवद्रामानन्द-दिग्विजये पताकाख्यव्याख्यायां सप्तदशः सर्गः

अथ अष्टादशः सर्गः

अथो महीशूरपुरीं यतीश्वरो जगाम कैश्चिद्दिवसैः कृपाकरः।
अशेषशिष्यैः प्रयतैः प्रयत्नतो विभूषितैः सर्वगुणश्रिया प्रभुः॥१॥

पताका—महाराष्ट्र देशसे प्रस्थित होकर परमदयालु श्री स्वामीजी महाराज, जितेन्द्रिय तथा सर्वगुणश्रीसे सम्पन्न अपने समस्त शिष्यों सहित कुछ दिनोंमें महीशूर—मैसूर नगरीमें पहुंच गये॥ १॥

पुरो वहिस्तत्र च रामणीयकश्रितां महारामभुवं ददर्श सः।
ततः स्थितस्तत्र नरोत्तमः पुनर्न कामयामास पुरि प्रयाणकम्॥२॥

पताका—वहां नगरके बाहर बहुत ही सुन्दर एक बड़ा भारी उद्यान स्वामीजीने देखा। अतः वह पुरुषोत्तम वहां ही ठहर गये। पुनः नगरमें जानेकी इच्छा नहीं की ॥ २ ॥

ततो यतीन्दोः प्रतिधाम धामसन्निधेः कथा व्यापदलं शुभागतेः।
बभूवुरद्धा मुनिपादपङ्कजावलोकनार्थं सकलाः समुत्सुकाः ॥३॥

पताका—स्वामीजीके मैसूरमें आनेपर घर घर उनके पधारनेकी बात होने लग गई। सब लोग श्रीयतिराजके चरणकमलोंके दर्शनकेलिये उत्कण्ठित हो गये ॥ ३ ॥

श्रुतिप्रतीताधिसमस्ततत्त्वसन्मणीकलापाकलितान्तरोऽसकौ।
विधातुमाचार्यवरः पवित्रतां पुरः समागादिह सद्गुणाश्रयः ॥ ४ ॥

पताका—वेदोक्त समस्त उत्कृष्ट तत्त्वरूप उत्तम मणिके समूहसे विभूषित अन्तःकरणवाले यह श्रीयतिराज आचार्यशिरोमणि श्रीरामानन्द स्वामीजी महाराज इस पुरीको पवित्र करनेके लिये ही यहां पधारे हैं॥४॥

नवीनभाष्यं परमोपकारिताभृतं समस्तासुभृतामयं मुनिः।
विधाय वैयासिकदर्शने स नः सनाथतां नेतुमिहाद्य संययौ ॥५॥

पताका—ब्रह्मसूत्रपर समस्त मनुष्योंके लिये परमोपकारी नवीन भाष्य—आनन्दभाष्य बनाकर (सबका उपकार करते हुये—'उपकुर्वन्निति शेषः'] हम लोगोंको सनाथ करनेके लिये आज यहां पधारे हैं ॥ ५ ॥

भुजद्वयं धारयतो रमापते रघूद्वहस्यार्चनसन्दिदिक्षया।
समागतो व्याहततर्ककर्कशो यतीश्वरोऽस्माकमुदारभाग्यतः ॥ ६ ॥

पताका—द्विभुज भगवान् श्रीरामचन्द्रजीकी उपासना पूजन आदिके सन्देश देनेकी इच्छासे तर्कवागीश श्रीयतिराज हम लोगोंके बड़े भाग्यसे यहां पधारे हैं ॥ ६ ॥

सनत्कुमारादिमहर्षिसंहिता अहर्निशं यस्य कलाधरोपमान् ।
यशश्चयान्वर्णयितुं कृतादराः समागतः सोऽत्र पुरीमिमामहो ॥७॥

पताका—श्री सनत्कुमारसंहिता, श्री वाल्मीकिसंहिता, अगस्त्यसंहिता आदि आगम जिनके चन्द्र समान उज्वल गुणोंका सर्वदा वर्णन करते हैं, वही श्री स्वामीजी महाराज आज यहां पधारे हैं ॥ ७ ॥

यदीयनामश्रवणेन मामकं श्रुतिद्वयं प्रापदहो कृतार्थताम् ।
चिरात्पिपासाकलिते दृशावपि निरीक्ष्य तत्पादयुगं वितृप्यताम् ॥८॥

पताका—जिनके नाम श्रवणसे मेरे कान कृतार्थ हो चुके हैं उनके चरणोंके दर्शनसे दीर्घकालसे प्यासे नेत्र भी तृप्त हो जावें ॥ ८ ॥

स कोप्यपूर्वः परजन्मनार्जितः सुपुण्यशाखी फलितो हि नोऽधुना ।
यतोऽयमागान्महसां ततिर्यतिः स्वयं शमीशोऽत्र वसुन्धरावसु ॥९॥

पताका—आज पूर्वजन्मके कर्मोंद्वारा अर्जित कोई अपूर्व पुण्य-वृक्ष फलान्वित हुआ है जिसके कारण परमतेजस्वी, शमप्रधान, पृथ्वीके एकमात्र धन श्री यतिराज यहां पधारे हैं ॥ ९ ॥

महेशितुस्तस्य पदाब्जदर्शनैर्विधूतभूयोदुरितारिसन्निधाः ।
अहो भवेमाद्य विभोः कृपावशादितीयमासीत्प्रतिवेश्म गीस्तदा ॥१०

पताका—प्रभुकृपासे उन महैश्वर्य्यशाली श्री स्वामीजीके चरणदर्शनोंसे आज हम लोग अपने पापरूप महान् शत्रुओंसे छूट जावेंगे, इस प्रकारसे प्रत्येक गृहमें वात होने लगी ॥ १० ॥

मनस्त्वमीषां मुनिनाथदर्शनेऽक्रमात्सतारोत्सुकतां समक्रमीत् ।
ततो नगर्या निरगू रयात्समे यतीन्द्रपादानभिवन्दितुं मुदा ॥११॥

पताका—उन नगरवासियोंका मन श्रीमुनिराजके दर्शनकेलिये अत्यन्त उत्सुक हो रहा था। अतः उनके चरणोंमें प्रणामकी इच्छासे सब लोग शीघ्रतासे आनन्दपूर्वक नगरमेंसे निकले ॥ ११ ॥

विकस्वराम्भोजरुगाननेक्षणा रतिभ्रमं सञ्जनयन्त्य ऐक्षके।
सहैव पत्या वरटागतिप्रभातिरस्करिण्यो ललनास्ततोऽचलन् ॥१२॥

पताका—विकसित कमल समान मुख और नेत्र वालीं, दर्शकोंको रतिका भ्रम उत्पन्न कराती हुईं, हंसिनीकी गतिको भी तिरस्कृत करती हुई सुन्दर ललनाएँ चलीं ॥ १२ ॥

तदा तु कोऽप्येवमभून्न चागतो विलोकनाय क्षितिपावनस्य यः।
रुजा परायत्तजना नृवाहनैरुपाययुर्दर्शनलालसाभृताः ॥१३॥

पताका—उस समय नगरमें कोई भी ऐसा मनुष्य नहीं था कि जो श्रीयतिराजके दर्शनकेलिये न आया हो। जो लोग रोग—पीड़ित थे वे लोग दर्शनकी लालसासे लालायित होकर, पालकीमें बैठकर आये ॥ १३ ॥

विनोदनुन्ना अमराङ्गजा इवाययुर्विलासैर्बटवः सहस्रशः।
जगत्त्रयाधीश्वरपादपङ्कजं प्रणन्तुकामाः कमनीयभावनाः ॥ १४ ॥

पताका—सद्भाववाले छोटे २ बालक—ब्रह्मचारी भी देवकुमारके समान, विनोदसे प्रेरित होकर त्रिलोकीनाथके चरणकमलोंको प्रणाम करनेकी इच्छासे सहस्रोंकी संख्यामें वहां आये ॥ १४ ॥

स्वचक्षुषोस्तस्य मुनेः सुपङ्कजच्छवी पदौ स्थापयितुं पदे मुदा।
अगण्यपुण्यावलिलालिता ललुर्ललामलीलां विबुधाः समागतेः ॥१५॥

पताका—अपने नेत्ररूप पदपर श्रीयतिराजके कमल समान चरणोंकी स्थापना करनेके लिये अगणित पुण्यवाले विद्वान् लोग भी वहां आये ॥१५॥

यदा त्वभूवुर्भवभोगभोगिसंव्रजोल्वणक्ष्वेडहरस्य ते यतेः।
समीपमामोहमुपाप्नुरुत्कटं ह्यलौकिकं कौतुकिनस्ततोऽभवन् ॥१६॥

पताका—जब वे लोग संसारके भोगरूप सर्प—समूहके भयङ्कर विषको हरण करनेवाले श्रीयतिराजके समीपमें आये तो उन्होंने एक अत्यन्त

उत्कट तथा अलौकिक गन्धका अनुभव किया जिससे निश्चय ही सब आश्चर्यित हो गये ॥ १६ ॥

अमन्दमानन्दमुपानयन् कुतो मनो हरन्नेष सुगन्ध एति भोः ।
परस्परं प्रष्टुमकल्पयन्त ते गिरः सुदोलां रसनां निजां निजाम् ॥१७

पताका—'अत्यन्त आनन्दको प्राप्त करता हुआ, मनोंको हरण करता हुआ यह सुगन्ध कहांसे आता है' यह परस्पर पूछनेके लिये सब लोगोंने अपनी २ जीभको सरस्वतीका हिंडोला बना दिया। अर्थात् परस्पर एक दूसरेसे पूछने लगे ॥१७॥

अनोकहः कोपि न दृश्यते तथा सुगन्धमुश्चोपवनेऽत्र यः क्वचित् ।
सुवीत निर्हारिणमीदृशं दृशौ समासु चाशासु च ते विचिक्षिपुः॥१८

पताका—इस उपवनमें तो कोई ऐसा वृक्ष नहीं है जो इस प्रकारका आकर्षक सुगन्ध दे। ऐसा कहकर सब लोगोंने चारों ओर अपनी आँखें दौड़ाई ॥ १८ ॥

ततश्च वैचित्र्यमिदं व्यलोकि तैस्तदन्यदह्नाय समीपमागतैः ।
स्थितो यतिर्यत्र वनाजिरे ततो रविप्रिया भाति विभाति नो रविः ॥

पताका—उसके पश्चात् लोगोंने श्री स्वामीजीके पास आकर एक दूसरा चमत्कार यह देखा। उद्यानके मध्यभागमें—आंगनमें जहां श्रीयतिराज विराजमान थे वहां सूर्यका तेज नहीं है, प्रत्युत छाया शोभा दे रही है ॥१९॥

विचार्यते तैरिति हेतुरस्तु को न मण्डपो नात्र वितानमप्यथ ।
स्थितो यतीशस्तदनावृतेऽम्बरे तथापि चण्डद्युतिरत्र नाश्नुते ॥२०॥

पताका—लोग विचार करने लगे कि, यहां कोई मण्डप भी नहीं है, चन्द्रवा भी नहीं है, श्रीयतिराज खुली जगहमें विराजमान हैं, तो भी क्या कारण है कि यहां सूर्यका तेज नहीं व्याप्त हो रहा है? ॥ २० ॥

अनल्पसङ्कल्पविकल्पसङ्कुलान्निरीक्ष्य सर्वान्मनुजान्दिवस्पतिः।
चिराय तेषां शमयन्स संशयं जगाद विस्पष्टमदृश्यया गिरा ॥२१॥

पताका—देवराज—इन्द्रने सब लोगोंको अनेक प्रकारके सङ्कल्प विकल्पसे व्याकुल देखकर उनके संशयको दूर करनेके लिये स्पष्ट रूपसे, आकाशवाणी करने लगे ॥ २१ ॥

कृत स्म मा कोऽपि च विस्मयं हृदि प्रतापवत्यत्र यतीश्वरे जनः।
नरो न चैषोऽत्र नरोत्तमः कृपावशात्पृथिव्यामवतीर्य राजते ॥२२॥

पताका—इन्द्र बोले,: इन महाप्रतापी श्रीयतिराजके सम्बन्धमें कोई हृदयमें संशय न करो। यह मनुष्य नहीं हैं प्रत्युत कृपावश साक्षात् प्रभु इस पृथ्वीपर अवतार लेकर विराजमान हैं ॥ २२ ॥

सुरद्रुमोऽदृष्टचरो वियत्यहो निषेवतेऽद्धा यतिपादपङ्कजम्।
अनातपस्तस्य सुगन्धसञ्चयो मनोहरोऽप्यस्ति दिगन्तसंप्लुतः ॥२३॥

पताका—अहो! आकाशमें अदृष्ट होकर कल्पवृक्ष श्रीयतिराजकी चरणसेवा कर रहा है। उसीकी यह छाया तुम देख रहे हो तथा दिगन्तव्यापी यह मनोहर सुगन्ध भी उसीका है ॥ २३ ॥

निशम्य माहात्म्यमिदं विलक्षणं यतीश्वरस्यामुमुदे जनैस्तदा।
तदीयसत्पङ्कजपाददर्शनैः कृतार्थयन्ति स्म जनुस्तदात्मनाम् ॥२४॥

पताका—श्रीयतिराजके ऐसे विलक्षण माहात्म्यको सुनकर सब लोग अत्यन्त प्रसन्न हुये। तथा श्रीस्वामीजीके चरणकमलोंके दर्शनोंसे अपनेको कृतार्थ करने लग गये ॥ २४ ॥

पुनर्न ईदृंशि फलानि वा न वा फलेयुराराच्छुभगत्वसद्द्रुमे।
इति प्रकल्प्य स्वमनस्सु नागरा दिदृक्षया प्रत्यहमस्य चाययुः ॥२५

पताका—'पुनः हमारे भाग्यरूप सुन्दर वृक्षमें शीघ्र ऐसे उत्तम फल फलेंगे या नहीं अर्थात् श्रीयतिराजके चरणोंके दर्शन होंगे या नहीं' ऐसा

अपने मनमें विचार कर सब नगरनिवासी प्रतिदिन श्रीस्वामीजीके दर्शनोंके लिये आया करते थे ॥ २५ ॥

विपक्षपक्षान्परिपेष्टुमीश्वरः समस्थिताऽऽपक्षमुदारचेतनः ।
दिशन् प्रपत्तिं रघुनाथपादयोस्तथा च भक्तिं सकलेभ्य एव सः ॥२६

पताका—विपक्षियोंके पक्षको पेषण करनेके लिये उदारचेता श्रीयतिराज श्रीरामजीमहाराजकी भक्ति और प्रपत्तिमात्रका सबको उपदेश करते हुये वहां एक पक्ष—पन्द्रह दिवस तक निवास किये ॥ २६ ॥

दिने च कस्मिँश्चिदयं महाप्रभुर्दिशन् प्रपत्तिं विदुषां सदस्यलम् ।
प्रपत्तिमार्गस्तु मुधेति केनचिन्न्यगादि चैवं जगदेकदेवता ॥ २७ ॥

पताका—किसी दिन श्रीयतिराज विद्वानोंकी सभामें प्रपत्तिका उपदेश कर रहे थे उसी समय संसारके एकमात्र देव श्रीस्वामीजीसे एक विद्वान्ने कहा कि प्रपत्तिमार्ग तो व्यर्थ है ॥ २७ ॥

न वात्मनः कोपि परः परेश्वरो ह्युपासनीयत्वपदं वहेत यः ।
न जीवता चात्मसु नित्यतां गता श्रुतिप्रकाशेन तिरस्कृता भवेत् ॥

पताका—तथा आत्मासे भिन्न कोई अन्य ऐसा नहीं है जो उपासनीय हो। इस आत्मामें जीव बुद्धि है वह नित्य नहीं है, प्रत्युत वेदार्थज्ञानसे वह बुद्धि दूर हो जाती है ॥ २८ ॥

विलस्यते यावदमुष्य चात्मनो विलासवत्या हृदि मायया तया ।
अहं तु जीवोस्मि विभुर्विभुर्ममेतिबुद्धिरारोहति तावदेव सा ॥ २९ ॥

पताका—यावत्पर्य्यन्त इस आत्मामें माया विलास करती है तावत्पर्यन्त ही यह बुद्धि रहती है कि मैं तो जीव हूं और भगवान् मेरे प्रभु हैं॥२९॥

यदा श्रुतीनामुपदेशधारणाद्विनाशमायाति तु जीवतैषका ।
निवर्तते मायिकमेव नर्तनं तदा स्वरूपं परतः परं भवेत् ॥ ३० ॥

पताका—जब श्रुतिके उपदेश धारण करनेसे यह जीवभाव विनष्ट हो जाता है तब मायाका नृत्य अवश्य निवृत्त हो जाता है और तदनन्तर परात्पर स्वरूप हो जाता है ॥ ३० ॥

अनादिकालात्मतिबद्ध एषकोस्ति मायया तावदुपाधिना परः ।
निवर्त्य तं ज्ञानवशात्पुनर्निजं स्वरूपमेतीति मतं महात्मनाम् ॥३१॥

पताका—अनादिकालसे यह जीव मायारूप उपाधिसे बँधा हुआ है। ज्ञानके द्वारा उस मायाको निवृत्त करके पुनः वह स्वस्वरूपको प्राप्त कर लेता है ऐसा विद्वान्—महात्माओंका मत है ॥ ३१ ॥

अतः प्रपत्तिर्नच भक्तिरिष्यते स्वरूपलाभाय कदापि धीधनैः ।
समीह्यते ज्ञानमिदं परं परं न चास्ति पन्था अपरो यतीश्वर ! ॥३२

पताका—आत्माको स्वरूप लाभ करनेकेलिये विद्वान् लोग भक्ति अथवा प्रपत्तिको स्वीकार नहीं करते। किन्तु केवल ज्ञानको ही इष्ट मानते हैं। हे यतीश्वर ! अन्य मार्ग नहीं है ॥ ३२ ॥

निशम्य तस्योक्तिमिमां यतीश्वरो जगाद विद्वद्वरपूजितक्रमः ।
अयुक्तिमुक्तिं तव नानुमंस्यते विपश्चितां तावदपश्चिमावली ॥३३॥

पताका—उस विद्वान्‌की इस उक्तिको सुनकर श्रेष्ठ विद्वानोंसे पूजित-चरणवाले श्री यतिराज बोले कि कोई भी उद्भट विद्वान् तुम्हारे इस युक्तिहीन वचनका अनुमोदन नहीं करेगा ॥ ३३ ॥

नहि प्रमाणं बुध शास्त्रसंमतं त्वभेदमाधातुमवेक्ष्यते क्वचित् ।
तयोः स्वरूपेण भिदां प्रपन्नयोश्चितोस्ततस्ते न वचो मनोहरम् ॥३४

पताका—हे विद्वन् ! स्वरूपसे ही भेदको प्राप्त दोनों चेतनोंमें—परमेश्वर और जीवमें अभेद साधन करनेके लिये शास्त्रमें कहीं भी कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं होता है। अतः आपका वचन समीचीन नहीं है ॥ ३४ ॥

श्रुतावपि द्वेति च नित्य इत्यपि वचः सहस्रं विबुध त्विदंविधम् ।
निरन्तरं खेलति तन्न शक्यते द्वयोरभेदं वदितुं चितोस्त्वया ॥३५॥

पताका—हे विबुध! श्रुतिमें भी परमेश्वर और जीवके स्वाभाविक भेदके प्रतिपादक सहस्रोंवचन निरन्तर क्रीडा कर रहे हैं, अतः आप इन दोनोंका अभेद नहीं कह सकते। 'द्वा' और 'नित्यः' इन दो श्रुतियोंका उदाहरण देते हैं—

"द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते ।
तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्त्यनश्नन्नन्योभिचाकशीति ॥"

इस श्रुतिका भावार्थ यह है कि जीवात्मा और परमात्मरूप दो पक्षी एक ही वृक्षपर बैठे हैं। उनमेंसे एक—जीवात्मा कर्मरूपी फलका भोग करता है और दूसरा—परमात्मा फलभोग न करता हुआ साक्षीरूपसे वहां वर्त्तमान रहता है॥ इस श्रुतिमें स्पष्ट फल भोगाभोगरूप क्रियाभेदसे जीव और ब्रह्मका भेद प्रतिपादन किया है। तथा दूसरी श्रुति भी इसी प्रकार भेद वर्णन करती है, यथा—

'नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनानामेको बहूनां यो विदधाति कामान्।'
'भोक्ता भोग्यं प्रेरितारं च मत्वा पृथगात्मानम्'

इस श्रुतिमें भी प्रेरयिता परमात्माका जीवसे पृथक् उपदेश हुआ है। अतः जीव और ब्रह्मका त्वदुक्त रीतिसे कथमपि अभेद सिद्ध नहीं हो सकता ॥ ३५ ॥

महर्षिवर्यैरपि सूत्रितं स्वयं त्वदीयपक्षक्षपणाय यत्नतः ।
अतो वचस्ते सुवचा न रोचते विदांवरेभ्यः कथमप्यसंशयम् ॥३६॥

पताका—महर्षिवर्य्य श्री व्यासजीने भी यत्नपूर्वक तुम्हारे पक्षका खण्डन करनेके लिये सूत्र रचे हैं। यथा 'भेदव्यपदेशाच्चान्यः', 'भेदव्यपदेशाच्च', 'अनुपपत्तेस्तु न शारीरः', कर्मकर्तृव्यपदेशाच्च', 'पत्यादिशब्देभ्यः,' 'अधिकं

तु भेदनिर्देशात्', इत्यादि। अतः हे सुन्दर वाणीवाले विद्वन्! निस्सन्देह आपका वचन विद्वानोंको नहीं रुचता है ॥ ३६ ॥

स्वयंप्रकाशत्वमपि स्वयं त्वया निगद्य विद्येतरबन्धता कुतः।
उपाधिवश्यत्वमथाज्ञतादिकं प्रकल्प्यते ब्रह्मणि निर्विकारके ॥३७॥

पताका—आपके मतमें भी ब्रह्म स्वयंप्रकाश है तब पुनः अविद्याकृत बन्धन, उपाधिवश्यता, अज्ञतादि दोष निर्विकारक ब्रह्ममें आप कैसे कल्पित करते हैं? ॥ ३७ ॥

यथा ब्रुवन्कोपि मदीययाम्बया व्यलोकि नो जातु सुखं सुतस्य वै।
भवत्यलं हास्यपदं यथा त्वमप्यहो कृतार्थः पदवीं गतस्तथा ॥३८॥

पताका—जैसे कोई 'मेरी माताने पुत्रका सुख कभी नहीं देखा अर्थात् मेरी माता वन्ध्या है.' ऐसा कहनेपर हास्यका पात्र होता है वैसे ही आप भी हास्यपदवीको प्राप्त हुये हैं। जैसे देवदत्त अपनी माताको यह नहीं कह सकता कि मेरी माता वन्ध्या है क्योंकि जब उसकी वह माता है तब देवदत्त उसका पुत्र हुआ अतः वह वन्ध्या नहीं हो सकती। इसी प्रकार स्वयं प्रकाश, निर्विकार और ज्ञानस्वरूप ब्रह्ममें अविद्या आदि दोष नहीं आ सकते ॥ ३८ ॥

सहेतुकस्तस्य च मायया समं चकास्ति सम्बन्ध उताप्यहेतुकः।
न च प्रसिद्धोऽस्ति स आद्यपक्षकस्तदा ह्यभावाच्च तृतीयवस्तुनः ॥

पताका—किंच, ब्रह्मका मायाके साथ जो सम्बन्ध है वह सहेतुक है अथवा निर्हेतुक? यदि प्रथम पक्ष स्वीकार करके सहेतुक सम्बन्ध आप मानेंगे तो वह ठीक नहीं। क्योंकि अविद्या और ब्रह्मके अतिरिक्त उस समय तृतीय वस्तुका अभाव है ॥ ३९ ॥

न च द्वितीयोपि हि संभवेद्बुध कुतो न्विति ब्रूष्व तदा निशम्यताम्।
निवर्तको नास्त्यपरस्ततः सदा निबद्ध एवात्र विभुर्वितिष्ठताम् ॥४०

पताका–द्वितीय पक्ष भी समीचीन नहीं है। यदि पूछो कि क्यों? तो सुनो। निर्हेतुक सम्बन्धको दूर करनेवाला कोई नहीं है। अतः परमात्मा सदा बद्ध ही रहेगा कभी मुक्त न हो सकेगा ॥ ४० ॥

न च स्वशक्त्यैव निवर्तयिष्यति महानविद्यां सुतरां ततः परः।
अपेक्ष्यते नो यदि तस्य बन्धनं स्वतन्त्रदेवस्य न सम्भवेदपि ॥४१

पताका–वह महान्–परब्रह्म स्वशक्तिसे ही अविद्या को निवृत्त कर देगा अतः अन्य निवर्तक की आवश्यकता नहीं है, ऐसा भी आप नहीं कह सकते। क्योंकि यदि ऐसा हो तब तो स्वतन्त्र भगवान्का बन्धन भी सम्भव नहीं है। भला ऐसा कौन मूर्ख होगा जो स्वयं अपनेको बन्धनमें डालेगा? ॥ ४१ ॥

इयं परा दूषणसन्निकर्षता स वेत्ति मायातनुमीशिता न वा।
विदन्न कोपीह जनोपि वाञ्छति विपत्तिपातं किमुताग्रमीश्वरः ॥४२

पताका–दूसरा दोष यह है कि वह ईश्वर मायाके स्वरूपको जानता है या नहीं? यदि जानता है तो कोई भी–मनुष्य भी जानबूझकर विपत्ति नहीं चाहता है तो परमेश्वरकी तो बात ही क्या कहनी? ॥ ४२ ॥

न वेत्ति तस्यास्तनुमित्युदीर्यते तदा च तज्ज्ञत्वमपाकृतं भवेत्।
अतः परेशे परमात्मनि क्वचिद्विशेदविद्या नहि जातु सम्मते ॥४३॥

पताका–यदि यह कहो कि ईश्वर मायाके शरीरको नहीं जानता है तो उसका जो ज्ञत्व–ज्ञातृत्व है वह तिरस्कृत हो जाता है। अतः इन सब दोषोंके कारण परमात्मामें कभी भी अविद्या प्रविष्ट नहीं हो सकती ॥

न सात्वविद्या परमार्थवस्तुनि भवेत्समुद्भावयितुं च दूषणम्।
त्वयोच्यते चेदथ तन्निवर्तने प्रयासराशिर्विफलीभवेदलम् ॥४४॥

पताका–यदि कहो कि अविद्या परमार्थ वस्तुमें दोष उत्पन्न नहीं

कर सकती तब तो उसके दूर करनेके लिये गुरूपसत्ति अर्थात् समित्पाणि होकर गुरूके पास जाना आदि सब प्रयास व्यर्थ हो जावेंगे ॥ ४४ ॥

द्वयोश्चितोश्चेदभविष्यदार्य यद्भवन्मतोऽभेदतरुश्च वस्तुतः ।
समूलमच्छेत्स्यदथो न तं श्रुतिर्विधाय जीवात्मबहुत्वमञ्जसा ॥४५॥

पताका—तथा यदि आपके मतानुसार ईश्वर और जीवका अभेदरूप वृक्ष वस्तुतः होता तो श्रुतियां जीव-नानात्व प्रतिपादन करके उसका समूल छेदन न करतीं ॥ ४५ ॥

तथा च नित्येति वदन्त्यलं श्रुतिर्निरासयत्येव भवद्विभावितम् ।
उपाधिसम्पादित एष चेदिति ब्रवीषि तन्मे वचनं निशम्यताम् ॥४६

पताका—जीवनानात्वमें श्रुति प्रमाण देते हैं। 'नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनानाम्' इत्यादि वचनोच्चार करती हुई श्रुति आपके मतका तो निरास ही कर रही है। कदाचित् यह कहो कि यह बहुत्व तथा भेद उपाधिकृत है तो आगे मेरी बात सुनो ॥ ४६ ॥

लभन्त इत्यादिवचःशतेन ते भवेद्विरोधोऽपि दुरुद्धरश्च सः ।
निवर्तिताबोधभरात्मनामपि स्फुटं बहुत्वप्रतिपादनादथ ॥ ४७ ॥

पताका—'लभन्ते ब्रह्मनिर्वाणमृषयः क्षीणकल्मषाः। छिन्नद्वैधा यतात्मानः सर्वभूतहिते रताः ॥ कामक्रोधवियुक्तानां यतीनां यतचेतसाम्। अभितो ब्रह्मनिर्वाणं वर्तते विदितात्मनाम् ॥' इत्यादि सैकड़ों वचनोंके साथ आपका विरोध होगा और वह विरोध दुरुद्धर है। क्योंकि उपर्युक्त वचनमें उपाधिरहित, अज्ञानादि-आवरण-शून्य आत्माओंका भी बहुत्व प्रतिपादन किया है ॥ ४७ ॥

अवोचदेवं वसुदेवनन्दनोऽप्यहो स न त्वित्यधिमित्रमर्जुनम् ।
तथा च ते कल्पितकल्पवल्लरी सहायहीना न्यपतत्क्षितावधः ॥४८॥

पताका—गीतामें भगवान्ने भी अर्जुनसे कहा है कि 'न त्वेवाहं जातु नासं न त्वं नेमे जनाधिपाः। न चैव न भविष्यामः सर्वे वयमतः

परम् ॥' इस श्लोकमें भगवान्‌ने स्पष्ट आत्मनानात्व अत एव भेदवादका प्रतिपादन किया है। इसी प्रकार 'ये मे मतमिदं नित्यम्' 'ये यथा मां प्रपद्यन्ते,' 'योगिनः कर्म कुर्वन्ति,' 'निर्मानमोहा जितसङ्गदोषाः,' इत्यादि वचनोंमें भी आत्मनानात्वका ही प्रतिपादन है। अतः तुम्हारी कल्पित कल्पलता सहायहीना होकर नीचे पृथ्वीपर गिर पड़ी ॥ ४८ ॥

उपाधिभेदादिति तत्स्थलेऽपि चेन्निगद्यते बालविमोहनं वचः।
न युज्यते तस्य विभोः कदापि भोरनीदृगाप्यस्तदकाण्डताण्डवः ॥

पताका—यदि कहो कि इन स्थलोंमें भी उपाधिभेदसे ही बहुत्व प्रतिपादन किया है तो यह वचन बाल-संमोहन है। क्योंकि ज्ञान स्वरूप विभु परमात्माको पामरजन योग्य ऐसा अकाण्डताण्डव युक्त नहीं है। अर्थात् अज्ञान-विष-मूर्छित अर्जुनके अज्ञानकी, तात्विक उपदेश द्वारा निवृत्तिके समय औपाधिक-अज्ञानमय भेदवादको स्वीकार करके उपदेश देना सर्वथा अनुचित प्रतीत होता है ॥ ४९ ॥

निवृत्तबोधो भगवाँस्तदाऽभवद्विवृद्धबोधस्त्वथवेति कोविद।
चिरं विचार्यार्थ्य मनीषिमानसाधतोषदं ब्रूहि वचो विचारमत् ॥५०

पताका—यदि औपाधिकवादको ही स्वीकार करो तो बताओ कि उस उपदेशकालमें भगवान् स्वयं निवृत्तबोध-अज्ञानी हैं अथवा विवृद्धबोध-ज्ञानवान् हैं? इस प्रश्नको विचारकर, विद्वानोंके हृदयको सन्तुष्ट कर सके ऐसा विचारपूर्ण उत्तर दीजिये ॥ ५० ॥

विवृद्धबोधो यदि किं तदोच्यतां स तावदध्यास इहासितुं क्षमः।
विवृद्धदुर्बोध इदं नु मन्यते तदाऽज्ञताताडित एव सोऽभवत् ॥५१॥

पताका—यदि शुद्ध ज्ञानयुक्त स्वीकार करें तो भला बताइये कि वह अध्यास भगवान्‌में कैसे रह सकता है? यदि अज्ञानी मानो तब तो ब्रह्म अज्ञानान्धकारनिहत हो गया ॥ ५१ ॥

अभेद बोधाय कृतप्रवृत्तयो न निष्फलाः स्युः श्रुतयश्च मन्मते।
समास्ववस्थास्वचितां चितां च तच्छरीरितां धत्त इतीदमीरते ॥५२॥

पताका—कदाचित् कहो कि अभेद स्वीकार किये बिना अभेदप्रतिपादिका श्रुतियां व्यर्थ हो जावेंगी तो—हमारे मतमें उनको निष्फलता नहीं है। क्योंकि वह श्रुतियां शरीरशरीरिभावद्वारा अभेद बोधन करती हैं। अर्थात् कारणावस्थापन्न सूक्ष्म चिद् और अचित् तथा कार्यावस्थापन्न स्थूल चित् और अचित् सब ही भगवान्के शरीर हैं अतः शरीरशरीरिके भेदबोधनके लिये उन श्रुतियोंका प्रस्थान है। 'यः पृथिव्यां तिष्ठन् पृथिव्यन्तरोऽयं पृथिवी न वेद यस्य पृथ्वी शरीरम्।' 'य आत्मनि तिष्ठन्नात्मनोऽन्तरोयमात्मा न वेद यस्यात्मा शरीरम्।' 'योऽक्षरमन्तरे संचरन् यस्याक्षरं शरीरं यमक्षरं न वेद। यो मृत्युमन्तरे संचरन्यस्य मृत्युः शरीरं यं मृत्युर्न वेद' इन श्रुतियोंमें स्पष्ट ही चित् और अचित्को भगवान्का शरीर प्रतिपादन किया गया है ॥ ५२ ॥

यथा मदीयेन स एव कारणं स एव कार्यं श्रुतिसद्वचोभरैः।
द्वयोरनन्यत्वविधानतो नतो मते मदीये श्रुतितत्यनुग्रहः ॥ ५३ ॥

पताका—हमारे सिद्धान्तमें भगवान् ही कारण हैं और वही कार्य हैं। अर्थात् 'अव्यक्तमक्षरे लीयते। अक्षरं तमसि लीयते। तमः परदेव एकीभूय तिष्ठति।' 'अन्तः प्रविष्टोऽजः सृजते, अन्तः प्रविष्टः शास्ता जनानाम्' इन श्रुतियोंके सद्वचनसमुदायसे यह सिद्ध है कि परब्रह्म भगवान् श्रीरामचन्द्रजी ही कार्यावस्थ जगत् और कारणावस्थ जगत्रूपसे अवस्थित हैं। अतः इन दोनोंके अभेदविधानसे हमारे मतमें ही श्रुतियोंका अनुग्रह है ॥ ५३ ॥

तथा च विज्ञात उदार! कारणे भवेच्च विज्ञातमु कार्य्यमप्यहो।
तदैकविज्ञानबलेन सिद्ध्यति स्वयं मते मे ननु सर्ववेदनम् ॥ ५४ ॥

पताका–तथा च, हे उदार! कारण के ज्ञात होनेपर कार्य भी ज्ञात हो जाता है। इस रीतिसे एक विज्ञानद्वारा सर्व विज्ञानकी प्रतिज्ञा भी हमारे मतमें स्वयं सिद्ध हो जाती है ॥ ५४ ॥

निपीय तस्येति वच.सुधां मुनेः प्रसादमासादितवान्स पण्डितः।
नयन् करौ मूर्द्धनि बद्धभावतां प्रणम्य तत्सत्त्वरगत्वरोऽभवत् ॥५५॥

पताका–श्रीस्वामीजीके इस प्रकारके वचननामृतका पान करके वह पण्डितजी प्रसन्न हो गये। हाथ जोड़कर प्रणाम करके शीघ्र वहांसे चले गये ॥ ५५ ॥

आनन्दमानन्दमनिन्दितो व्रजन् पुनः समायादधिहस्तमाशु सः।
प्रसूनमालामधिगृह्य सोऽवदत्पदं प्रपन्नोऽस्मि तवेति साम्प्रतम् ॥५६॥

पताका–परमानन्दको प्राप्त होते हुये वह विद्वान् हाथमें पुष्पमाला लेकर पुनः स्वामीजीके पास आये और बोले कि अब मैं आपके चरणोंमें प्रपन्न हुआ हूं ॥ ५६ ॥

निरर्थकं जन्म गतं मम प्रभो न भक्तिरासेवि मया कदाचन।
कृपानिधेस्तस्य च जानकीपतेस्ततस्तनुष्वाद्य सुमङ्गलं मम ॥५७॥

पताका–हे प्रभो! मेरा जन्म निरर्थक ही चला गया! कभी भी मैंने परमकृपालु भगवान् श्रीरामजीकी भक्ति नहीं की। आज आप मेरा कल्याण कीजिये ॥ ५७ ॥

न जानकीनाथपदाम्बुजद्वयं मनस्विना येन निषेवितं मुदा।
कथं स संसारमपारसागरं तरिष्यतीत्यर्थिसुरद्रुम! प्रभो! ॥ ५८ ॥

पताका–हे मोक्षयाचकोंके लिये कल्पवृक्ष! प्रभो! जिसने श्रीभगवान् रामचन्द्रके चरणोंकी आनन्दपूर्वक सेवा न की वह इस अपार संसार सागरको कैसे तर सकेगा? ॥ ५८ ॥

अतो जनं मामनुगृह्य गृह्यतां कृपालवोपि श्रुतिशेखरार्थवित् !
विधीयतां शीतलमाशु मानसं षडक्षरेणातिसुधेन मे प्रभो ! ॥५९॥

पताका—अतः हे प्रभो ! मुझ जनपर दया करके कृपाका एक लव भी ग्रहण कीजिये । समस्त वेदान्तके तत्त्वज्ञ ! शीघ्र ही सुधासे भी अधिक श्रीषडक्षर—श्रीराममन्त्रसे मेरे हृदयको शीतल कीजिये ॥ ५९ ॥

न शक्यते सोढुमितः परं प्रभो ! वियोगदावानलतापतीव्रता ।
अतो दयां नाथ ! निधेहि सत्वरं विधेहि मां भागवतं यतीश्वर ! ॥

पताका—हे प्रभो ! वियोगाग्निके तापकी तीव्रता अब नहीं सही जाती है । अतः हे नाथ ! शीघ्र दया करिये और मुझे भागवत बना लीजिये ॥

निशम्य तस्योक्तिभरं स निर्भरं यतीश्वरो नश्वरभाववैभवात् ।
विरज्य दैन्यं प्रणिपातपूर्वकं प्रदर्शयन्तं द्विजवर्यमुक्तवान् ॥६१॥

पताका—श्रीयतिराजने उन ब्राह्मणदेवके इस वचनको सुनकर तथा सांसारिक नश्वर पदार्थोंसे विरक्त होकर प्राणिपातपूर्वक दीनता दिखाते हुये —उन्हें, कहा ॥ ६१ ॥

प्रभोः कृपापात्रमसीति दीक्ष्यसे षडक्षरेणाद्य षडङ्गपण्डित !
स राममन्त्रामृतमादराद्यतिस्त्वपाययत्सोप्यपिबच्च सादरम् ॥६२॥

पताका—हे षडङ्गके जाननेवाले पण्डित ! आप प्रभुके कृपापात्र हैं अतः आज श्रीषडक्षर मन्त्रकी दीक्षा देता हूं । ऐसा कहकर आदरपूर्वक श्रीयतिराजने उन्हें श्रीराममन्त्रामृतका पान कराया और उन्होंने सादर पान किया ॥ ६२ ॥

सपञ्चसँस्कारमभूत्स वैष्णवो विहाय तन्मायिपथं पथि श्रुतेः ।
चरन्सदाचारपरायणो द्विजो महान् प्रतापी क्रमशो बभौ भुवि ॥६३

पताका—पञ्चसंस्कार पूर्वक वह पण्डितजी वैष्णव हो गये और मायावादका मार्ग छोड़कर श्रुतिप्रतिपादित मार्गपर आ गये। तथा

वैष्णवाचारपरायण होकर, महान् प्रतापी होकर वह विद्वान् पृथ्वीपर प्रख्यात हो गये ॥ ६३ ॥

गतश्च यो भाग्यभुवामधीशतां यतेः प्रपद्यार्तिहरान् पदानिह ।
स नामधेयेन सुरेश्वरार्य इत्यभूत्प्रवित्तो जनतासु तासु हि ॥६४॥

पताका—श्रीयतिराजके चरणोंमें प्रपन्न होकर इस प्रकारसे आज जो विद्वान् भाग्यशाली बने हैं वह महीशूरमें सुरेश्वरार्य इस नामसे प्रख्यात थे ॥

प्रबुद्धपुंसां बहुशस्तदा गणो हितं स्वकीयं सततं समिच्छताम् ।
प्रभोर्मनावेव षडक्षरेऽक्षरे दधावनन्यत्वधियानुरागिताम् ॥६५॥

पताका—श्रीसुरेश्वरार्यके दीक्षित होनेके पश्चात् अनेक ज्ञानिपुरुषोंका समूह--जोकि अपना हित चाहता था—सर्वेश्वर श्रीरामजीके अक्षर--अविनाशी षडक्षर मन्त्रमेंही अनन्यभावसे प्रेम करने लगा । अर्थात् स्त्री और पुरुष दीक्षित हुये ॥ ६५ ॥

श्रीमानेवं विनयविनतान्वैष्णवाँस्तान्विधाय,
स्त्रीपुंसान्सद्विमलकुलपाथोजभानून्यतीन्द्रः ।
नित्यं रामे जनकतनयानन्दिते वन्दिते स–,
दैवैर्भक्तिं त्वनुपधिमतीं सम्प्रतस्थेऽनुशास्य ॥ ६६ ॥

पताका—इस प्रकारसे श्रीमान् स्वामीजीने उत्तमकुलोत्पन्न स्त्री–पुरुषोंको विनीत वैष्णव बनाकर देववन्दित श्रीजानकीजी सहित श्रीरामजीमें निष्कपट भक्तिका उपदेश देकर वहांसे प्रस्थान किया ॥ ६६ ॥

आशीराशीन्प्रयच्छन्कतिपयदिवसान्वाक्सुधां पाययित्वा,
सर्वान् कृत्वा कृतार्थाञ्जलभृतनयनान्बोधवाङ्माधुरीभिः ।
शान्तान् कृत्वा कटाक्षान्सकलनरभरे विक्षिपन्संक्षिपँस्त-
द्दुःखाम्भोधिं कृपायाः परमनिधिरयं शिष्यवृन्दैः प्रतस्थे ॥६७॥

पताका—कितनेही दिवसपर्यन्त स्ववचनामृतका लोगोंको पान कराकर, सबको कृतार्थ बनाकर, वियोगसे रोते हुये लोगोंको ज्ञानमय

मधुर वचनोंसे शान्त करके, सबके ऊपर कृपा–कटाक्षसे देखते हुये, उनके दुःखोंको अल्प करते हुये, आशीर्वाद देते हुये कृपाके परमनिधि श्रीस्वामीजी महाराज अपने शिष्यों सहित वहांसे चले ॥ ६७ ॥

मार्गे सर्वत्र जिष्णुर्विगलितभवभीरश्लथाभिर्व्यथाभिः,
खिन्नाँल्लोकान्यतीशस्त्रिविधविषमबाधोत्थिताभिः स्थिताभिः।
हृद्यं सर्वं श्रुतीनां निखिलसुखकरं बोधयन्धर्ममर्म,
बद्धश्रद्धान्विधायाशमयदनुपदं रामचन्द्रे तदर्तिम् ॥ ६८ ॥

पताका–विजयशील तथा संसारके भयसे रहित श्रीस्वामीजी महाराजने मार्गमें सर्वत्र, त्रिविधतापोंकी विषमबाधासे उत्पन्न स्थिर और गाढ व्यथाओंसे खिन्न लोगोंको समस्त श्रुतियोंके हृदय–प्रिय, सर्वसुखप्रद धर्मके रहस्यका बोधन करके, भगवान् श्रीरामचन्द्रमें परमश्रद्धालु बनाकर उनकी पीडाको शीघ्रही शान्त कर दिया ॥ ६८ ॥

अङ्गान्वङ्गान् कलिङ्गाञ्छ्रुतिपथपथिकानेष कुर्वन्मुनीन्द्रः,
श्रीजानक्याः समागाज्जनिभुवमधिशोभाभुवं कीर्त्यकीर्तिम् ।
तत्रत्यानां समेषामधिहृदयपटं भक्तिभावं निषिञ्चन्,
वन्द्यो विद्याधिसम्राड्जितविबुधकुलो भूषयामास काशीम् ॥६९॥

इतिश्रीअयोध्यावास्तव्य–ब्रह्मचारिश्रीभगवद्दास–विरचिते
श्रीमद्भगवद्रामानन्ददिग्विजयेऽष्टादशः सर्गः

पताका–श्रीस्वामीजी महाराज अङ्ग, वङ्ग और कलिङ्ग आदि देशवासियोंको वैदिक मार्गानुयायी–वैष्णव बनाते हुये, अत्यन्त शोभाधाम, प्रशस्यकीर्ति श्रीमहाराणीजीकी जन्मभूमि श्रीजनकपुरमें पधारे। वहांके लोगोंके हृदयमें भक्तिभावको पुष्ट करके परमवन्दनीय, परमविद्वान्, सर्वविद्वद्विजेता श्रीयतिराज काशीपुरीको सुशोभित करने लगे ॥ ६९ ॥

इतिश्रीअयोध्यावास्तव्य–ब्रह्मचारिश्रीभगवद्दास–विरचिते–श्रीमद्भगवद्रामानन्ददिग्विजये पताकाख्यव्याख्यायामष्टादशः सर्गः ।

एकोनविंशतिः सर्गः

एकदा सर्वसच्छिष्यैः सर्वविद्याविशारदैः ।
स्वाश्रये मुनिशार्दूलः स्थित आसीद्व्यवस्थितः ॥१॥

पताका-एक समय श्रीस्वामीजी महाराज सर्वविद्याओंमें कुशल अपने उत्तम-योग्य शिष्योंके साथ आश्रममें बैठे थे ॥ १ ॥

तदानीं सहसा तत्र श्रुता वागशरीरिणी ।
सर्वैश्च विस्मयाविष्टैर्मिथोलोचिविलोचनैः ॥ २ ॥

पताका-उसी समय आश्चर्ययुक्त होकर, एक दूसरेकी ओर देखते हुये सबलोगोंने एक आकाशवाणी सुनी ॥ २ ॥

खललीलामहाकीलक्लिष्टशिष्टनृणां कृते ।
कृपयावातरःश्रीमान्साकेताद्यतिशेखर ॥ ३ ॥

पताका-हे यतिराज ! दुष्टोंकी दुष्टतारूप महाकन्टकसे पीडित सज्जनोंकी रक्षाकेलिये कृपाकर आप साकेतसे अवतार लेकर पधारे हैं ॥३॥

म्लेच्छश्वापदसंत्रस्ताः परं साकेतवासिनः ।
स्वधर्मभ्रंशिता म्लेच्छैर्निशितायुधधारिभिः ॥ ४ ॥

पताका-अयोध्यावासी हिन्दु यवनरूपी हिंसकपशुओंसे अत्यन्त डरे हुये हैं । म्लेच्छोंने तलवार आदिके बलसे हिन्दुओंको स्वधर्मसे पतित कर दिया है ॥ ४ ॥

देवालयालयं यान्ति तीर्थस्थानानि यानि च ।
अस्थाने तान्यपि श्रीमन्नव्यवस्थामुपागमन् ॥ ५ ॥

पताका-देवालय और तीर्थस्थान सब नष्ट भ्रष्ट किये जा रहे हैं । सबकी अव्यवस्था हो गई है ॥ ५ ॥

हिन्दुतन्तुक्षयं कर्तुं यन्त्रयत्नविचक्षणाः ।
निखिलायामयोध्यायां मार्गे यन्त्राण्ययूयुजन् ॥ ६ ॥

पताका—हिन्दुवंशका नाश करनेकेलिये यन्त्रविद्यामें कुशल यवनोंने सम्पूर्ण अयोध्यामें यन्त्रोंका प्रयोग कर दिया है ॥ ६ ॥

तदधोगमनं येषां तेषां सद्धर्मविच्युतिः ।
म्लेच्छाकृतिश्च वोभोति हठादपि मुनीश्वर ! ॥ ७ ॥

पताका—हे मुनिराज ! उन यन्त्रोंके नीचेसे जो हिन्दु जाते हैं वह सब हठात् धर्मसे च्युत हो जाते हैं। उनकी मुसलमानों जैसी आकृति बन जाती है ॥ ७ ॥

हिंसानृतदुराचारमहारण्यविहारिणः ।
म्लेच्छकेसरिणो नृणां बम्भ्रम्यन्ते जिघांसया ॥ ८ ॥

पताका—हिंसा, असत्य और दुराचाररूप महान् जङ्गलमें विचरनेवाले यवनरूप सिंह मनुष्यों—हिन्दुओंको मारनेकेलिये जहां तहां फिर रहे हैं ॥ ८ ॥

उत्पातोत्पत्तितः सर्वान् खिन्नानखिलमानवान् ।
त्रातुं शीघ्रं मनो धेहि त्रस्तत्राणैकसुव्रत ! ॥ ९ ॥

पताका—हे भीतप्राणियोंकी रक्षा करनेके सुन्दर व्रतवाले महाराज ! इस प्रकारके उत्पातसे व्याकुल सब मनुष्योंकी रक्षाका यत्न कीजिये ॥ ९ ॥

हिन्दवस्तेऽन्यथाऽनाथाः परधर्मपरायणाः ।
भविष्यन्ति यते हन्त ! हतैव श्रौतपद्धतिः ॥ १० ॥

पताका—नहीं तो हे यतिराज ! हिन्दु अनाथ होकर अन्य धर्मको स्वीकार कर लेंगे और वेदमार्गका नाश हो जायगा ॥ १० ॥

इति वाचं समाकर्ण्य मुनिश्चिन्तानिशीथिनीम् ।
दन्तप्रभाचयेनाशु नाशयन्निजगाद सः ॥ ११ ॥

पताका—इस आकाशवाणीको सुनकर श्रीस्वामीजीने अपनी दन्त-प्रभासे चिन्तारूप रात्रिको नाश करते हुये बोले ॥ ११ ॥

भोः शिष्याः प्रियधर्माणो लब्धप्रज्ञाः कलाविदः ।
तूर्णं च गच्छतायोध्यां भङ्क्त यन्त्रं हि यावनम् ॥ १२ ॥

पताका—हे धर्मप्रिय, बुद्धिमान् और कलाकुशल मेरे शिष्य ! तुम लोग शीघ्र अयोध्या जावो और यवन—यन्त्रको तोड़ डालो ॥ १२ ॥

सर्वदोषप्रतीकारं सर्वशत्रुनिषूदनम् ।
वैष्णवं यन्त्रमादाय तत्र स्थापयताञ्जसा ॥ १३ ॥

पताका—सम्पूर्ण दोषोंके दूर करनेवाले, सम्पूर्णशत्रुओंका नाश करने वाले वैष्णव यन्त्रकी वहां शीघ्र स्थापना करो ॥ १३ ॥

तन्मार्गेणापि गच्छन्तः सर्वे वैष्णवतां ध्रुवम् ।
अन्येऽपि संव्रजिष्यन्ति तेऽपि ये यवनीकृताः ॥ १४ ॥

पताका—उस वैष्णव यन्त्रमार्गसे जो जायंगे; सब हिन्दू हो जायंगे। तथा जो हिन्दू मुसलमान बनाये गये हैं वह भी हिन्दू हो जायंगे ॥१४॥

पञ्चषा यतिराजस्य शिष्या दुष्टनिकर्तनाः ।
दिष्ट्या चेलुस्तदादिष्टास्तामयोध्यां ससम्मदाः ॥ १५ ॥

पताका—श्रीस्वामीजी महाराजके पांच छः शिष्य जो कि दुष्टके निकंदन करने वाले थे, स्वामीजीसे आज्ञप्त होकर प्रसन्नतापूर्वक अयोध्याको चले ॥ १५ ॥

द्वित्रैरहोभिराजग्मुर्मुन्यनुग्रहशालिनः ।
रमानाथपदद्वन्द्वचर्चितां तां पुरीं मुदा ॥ १६ ॥

पताका—श्रीमुनिराजके कृपापात्र वे शिष्य दो तीन दिनमें भगवान् श्रीरामजी महाराजके चरणोंसे पवित्र अयोध्यामें पहुंच गये ॥ १६ ॥

रामपादारविन्दप्रस्फुरद्रेणूच्चयोज्ज्वलाम् ।
तीरस्थहरिदाभातमहीरुहसुमश्रियम् ॥ १७ ॥

पताका—आठ श्लोकोंमें श्रीसरयूजीका वर्णन करते हैं। भगवान्के चरणकमलके सुन्दररेणुसे शोभित, तीरके हरे २ शोभित वृक्षोंके फूलोंकी शोभासे युक्त—॥ १७ ॥

श्रीरामचरणासङ्गिरजोराशिपवित्रिताम् ।
मनोभूविलसत्पापतटिनीपत्यगस्त्यिताम् ॥ १८ ॥

पताका—भगवान्के चरणरजसे पवित्रिता, मनरूपी पृथ्वीपर पापरूपी समुद्रको सुखानेके लिये अगस्त्यके समान—॥ १८ ॥

विहसल्लोलकल्लोलप्रसारितबृहद्भुजाम् ।
गृहायातजनातिथ्यातिव्याकुलितमानसाम् ॥ १९ ॥

पताका—खूब उछलते हुये लहररूप भुजवाली, गृहपर आये हुये अतिथियोंके सत्कारके लिये व्याकुल मनवाली—॥ १९ ॥

धर्मव्याधमनोव्याधिवाधावृद्धिनिपीडिताम् ।
आगतापत्परीतापव्यञ्जकोद्घोषपूरिताम् ॥ २० ॥

पताका—धर्मके ह्रासमे मानसिक पीडाकी वृद्धिके कारण दुःखिता, आई हुई आपत्तिके परितापको व्यक्त करनेवाले शब्दोंसे परिपूर्ण—॥२०॥

अनन्तगुणसन्तानमहनीयपदाम्बुजाम् ।
कीर्त्यकीर्तिकलानाथकलानन्दनिधिप्रदाम् ॥ २१ ॥

पताका—अनन्त गुणोंके कारण पूज्य चरणवाली, प्रशस्त कीर्तिरूपी चन्द्रमाके एक कलासे भी परमानन्दको प्राप्त करनेवाली—॥ २१ ॥

महादेवविरञ्च्यादिसर्वदेवनमस्कृताम् ।
मुक्तिभुक्त्यर्थिकामाप्तिवृन्दारकमहीरुहम् ॥ २२ ॥

पताका—शिव, ब्रह्मादि सर्व देवोंसे नमस्कृत, मुक्ति और भुक्ति दोनों के अधिकारियोंकी इच्छापूर्तिके लिये कल्पवृक्ष समान—॥ २२ ॥

हरिभक्तिमहारत्नराशिरत्नाकरायिताम् ।
कलिदन्तावलोद्दर्पदारिवारिसमन्विताम् ॥ २३ ॥

पताका—भगवद्भक्तिरूप महारत्नोंके राशिसे समुद्रके समान, कलियुग-रूप हाथीके दर्पको दलन करनेवाले जलवाली—॥ २३ ॥

मातरं सरयूं नत्वा स्नानं कृत्वा समादरात् ।
राघवपादसम्पातपूतां ते विविशुः पुरीम् ॥ २४ ॥

पताका—वे सब शिष्य श्रीसरयूजीमें आदरपूर्वक स्नान करके भग-वान्के चरणोंसे पवित्रित अयोध्यापुरीमें प्रविष्ट हुये ॥ २४ ॥

मन्त्ररत्नारिसन्तापिप्रतापोत्कटमार्गणैः ।
मार्गयित्वा च यन्त्राणि ते सर्वाणि विचिच्छिदुः ॥ २५ ॥

पताका—श्रीराममन्त्रके, शत्रुसंहारक—प्रतापरूप बाणोंसे शोध २ कर उन सब यवन यन्त्रोंको उन्होंने काट डाले ॥ २५ ॥

नियन्त्रितानि यन्त्राणि वैष्णवानि नवानि च ।
पुर्यां तस्यां यतीन्द्रस्यादिष्टैः शिष्यैः समन्ततः ॥ २६ ॥

पताका—श्रीस्वामीजीसे आज्ञा प्राप्त किये हुये उन शिष्योंने उस अयोध्या पुरीमें चारों ओर नवीन वैष्णव यन्त्र स्थापन कर दिये ॥२६॥

वैष्णवयन्त्रमहात्म्याद्धर्मात्प्रच्याविता हठात् ।
यवनत्वं समापन्नाः पुनर्हिन्दुत्वमाप्नुवन् ॥ २७ ॥

पताका—वैष्णवयन्त्रके माहात्म्यसे हठात् धर्मसे पतित कराये गये हुये, यवनधर्मको प्राप्त किये हुये हिन्दु पुनः हिन्दुधर्मको प्राप्त हुये ॥२७॥

तद्यन्त्रच्छायया स्पृष्टा यवना अपि केचन ।
हिन्दुसाधर्म्यमापन्ना म्लेच्छचिह्नविवर्जिताः ॥ २८ ॥

पताका—इन वैष्णवयंत्रोंकी छायासे छूये जाकर कितने ही मुसलमान भी म्लेचचिन्होंसे छूटकर हिन्दुओंके समान बन गये ॥२८॥

तान् स्प्रष्टुं वा गृहे नेतुं परं वृद्धा न मेनिरे ।
शिष्यैश्चायं समाचारः प्रापितो यतिकुञ्जरम् ॥ २९ ॥

पताका—परन्तु वृद्धोंने उन लोगोंको स्पर्श करना अथवा घरमें रखना स्वीकार नहीं किया। स्वामीजीके शिष्योंने यह समाचार स्वामीजीके पास पहुंचा दिया ॥२९॥

वार्ता वार्ताहरेणेमां श्रुत्वा योगिशिखामणिः ।
श्रुतीनां पारदृश्वासौ क्षणं नेत्रे न्यमीलयत् ॥ ३० ॥

पताका—वेदोंके तत्वको भले प्रकार जाननेवाले योगीश्वर श्री स्वामीजीने इस समाचारको सुनकर क्षण भरकेलिये आंखें बन्धकर लीं ॥३०॥

कश्चिद्वैमानिको देवो विमानं दिव्यदर्शनम् ।
उपस्थितः समादाय मुनिनाथपुरस्तदा ॥ ३१ ॥

पताका—तब एक वैमानिक नामका देव परम सुन्दर विमान ले कर श्रीयतिराजके सम्मुख उपस्थित हुआ ॥३१॥

तदारुह्य सशिष्योऽयं स्वप्रभाभिर्जगत्त्रयम् ।
भासयँश्च यथा सूर्यः प्रतस्थे तां पुरीं प्रति ॥ ३२ ॥

पताका—श्री स्वामाजी अपने अन्य शिष्यों सहित उसपर चढकर अपने प्रकाश से सूर्यसमान तीनों लोकोंको प्रकाशित करते हुये अयोध्याके प्रति चले ॥३२॥

प्रस्थिते च मुनौ पुर्यामयोध्यायां समन्ततः ।
शकुनानि त्वनेकानि हिन्दूनां भवने बभुः ॥ ३३ ॥

पताका—जिस समय श्रीस्वामीजी चले हैं उस समय अयोध्यामें हिन्दुओंके घरोंमें अनेकों शकुन होने लग गये थे ॥३३॥

तथा यावनकुलं चात्राशकुनानि जगाहिरे ।
सहस्राणि महानर्थसूचकानीव सर्वशः ॥ ३४ ॥

पताका—तथा यवनोंके घरोंमें महान् अनर्थकी सूचना देनेवाले सहस्रों अशकुन चारों ओरसे होने लग गये ॥३४॥

महान्तं घोषमातन्वद्रमणीयतमं परम् ।
विमानं तच्च सम्प्राप्तमयोध्यासन्निधे क्षणात् ॥ ३५ ॥

पताका—महान् शब्द करता हुआ परम सुन्दर वह विमान अयोध्याके पास क्षणभरमें पहुंच गया ॥३५॥

तत्र श्रीसरयूतीरे व्योमयानं शनैः शनैः ।
अवतरितुमारेभे लोककौतुककारणम् ॥ ३६ ॥

पताका लोगोंको आश्चर्य लगानेवाला वह विमान श्रीसरयूके तटपर धीरे २ उतरने लग गया ॥३६॥

तन्मध्ये संस्थितं वीक्ष्य कोटिभास्करभास्वरम् ।
भासयन्तं दिशः सर्वाः सर्वे कौतुकिनोऽभवन् ॥ ३७ ॥

पताका—उसके बीचमें करोडों सूर्यके समान प्रकाशमान, सम्पूर्ण दिशाओंको प्रकाशित करते हये स्वामीजीको देखकर सब आश्चर्यित हो गये ॥ ३७ ॥

गगनात्प्रच्युतो भानुः प्रलयानल एव वा ।
ऊर्जितस्फूर्जथुः किं वा कुलिशः पाकशासनः ॥ ३८ ॥

पताका—क्या आकाशसे सूर्य टूट पडा है ! अथवा प्रलयकालकी अग्निज्वाला है ! अथवा इन्द्रका अत्यन्त बलशाली वज्र है ! ॥३८॥

कादम्बिनीं विनैवाथ शम्पासम्पात ईदृशः ।
अथवा कोऽपि योगीशो लोकशोकविनाशनः ॥ ३९ ॥

पताका–अथवा मेघके विनाही बिजली पडी है ! अथवा संसारका शोक नष्ट करनेवाले कोई महान् योगीश्वर हैं ! ॥३९॥

इत्येवं तर्कयन्तस्ते कौतुकान्वितचेतसः ।
अवालुलुकिरे सर्वे विमानं भुव्युपस्थितम् ॥ ४० ॥

पताका–इस प्रकार तर्क करते हुये, आश्चर्यित मनवाले लोगोंने पृथ्वीपर उपस्थित विमानको देखा ॥४०॥

मा च भूद्दृष्टिसम्पर्को यावनस्त्विति तत्क्षणम् ।
तद्देशे रविरागत्य प्रचकाशे भृशं दिवः ॥ ४१ ॥

पताका–यवनोंकी दृष्टिका स्वामीजीके साथ सम्पर्क न हो अतः आकाशसे सूर्य तत्कालमें उस प्रदेशमें (जिधर यवन सब खडे थे) अत्यन्त तीक्ष्णतासे चमकने लगे ॥४१॥

तत्प्रकाशेन तेषां तु नायनं ज्योतिराहतम् ।
गर्वोऽपि खर्वतां यातो हा हा हेति प्रजल्पताम् ॥ ४२ ॥

पताका–उसके प्रकाशसे मुसलमानोंके नेत्रोंकी ज्योति नष्ट हो गई ! हाहाकार करते हुये उन सबोंका गर्वभी नष्ट हो गया ॥४२॥

हिन्दूनां च पुरस्तात्तु शीतरश्मिः कलाधरः ।
प्रकाशते स्म तमात्तैर्यतिपादाब्जमैक्ष्यत ॥ ४३ ॥

पताका–जिस ओर हिन्दु खडे थे उस ओर शीतल किरणोंवाले चन्द्रदेव प्रकाशमान थे अतः उन्होंने स्वामीजीके चरणोंका दर्शन किया ॥

प्राक्तनपुण्यसंयोगादागतं स्वगृहे स्वयम् ।
अर्हणीयतमं वीक्ष्य प्रससाद सरिद्वरा ॥ ४४ ॥

पताका—नदियोंमें श्रेष्ठ श्रीसरयूजी, पूर्वजन्मके पुण्योंके संयोगसे पूजनीय स्वामीजीको अपने घर आये हुये देखकर अत्यन्त प्रसन्न हुईं ॥

मुनीनामपि मान्याय यतिराजाय सम्मुदा ।
तारस्वरैर्निनदन्ती स्वागतं व्याजहार सा ॥ ४५ ॥

पताका—श्रीसरयूजी, मुनियोंके भी माननीय श्रीयतिराजके लिये परमानन्दसे, उच्च स्वरसे निनादकरती हुई मानो ऐसा बोलीं कि 'आपका स्वागत हो ॥४५॥

शीतलोल्लोलकल्लोलैः क्षालयित्वा पदाम्बुजम् ।
अमन्दानन्दपाथोधौ निमग्ना तं नुनाव सा ॥ ४६ ॥

पताका—पश्चात् श्रीसरयूजी अपने अत्यन्त चञ्चल तरङ्गोंकेजलसे स्वामीजीके चरणकमलको धोकर परमानन्द सागरमें निमग्न होकर स्तुति करने लगीं ॥४६॥

अकुण्ठशक्ते वैकुण्ठादागत स्वसमीहया ।
विश्वम्भर महोदार कृपाकूपार ते नमः ॥ ४७ ॥

पताका—हे महती शक्तिवाले ! हे वैकुण्ठसे स्वेच्छासे पधारे हुये ! हे विश्वम्भर ! हे महान् उदार ! हे कृपासागर ! आपको नमस्कार हो ॥४७॥

कल्याणगुणसम्पूर्ण निर्विकार निरञ्जन !
भक्तिमार्गसमुद्धारदत्तचित्ताय ते नमः ॥ ४८ ॥

पताका—हे कल्याण गणोंसे परिपूर्ण ! हे विकार रहित ! हे निरञ्जन ! भक्तिमार्गके उद्धारकेलिये दत्तचित्त आपको नमस्कार हो ॥४८॥

धर्मराज्यमहाराज दुराचारापनुत्तये ।
स्वयं स्वीकृतमानुष्यसंहननाय ते नमः ॥ ४९ ॥

पताका—हे धर्मराज्यके महाराज ! दुराचारोंके नाश करनेकेलिये स्वेच्छासे मानवदेह धारण करनेवाले आपको नमस्कार हो ॥४९॥

पादारविन्दसञ्चारात्संपावितवसुन्धर !
कृतार्थितवसुमतीलोकलोचन ते नमः ॥ ५० ॥

पताका—चरणकमलके सञ्चारसे पृथिवीको पवित्र करनेवाले! स्वदर्शनसे मनुष्योंके नेत्रोंको कृतार्थ करनेवाले ! आपको नमस्कार हो ॥५०॥

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारते ।
तदात्मानं हि संसृज्यागच्छते ते सते नमः ॥ ५१ ॥

पताका—भारतमें जब २ धर्मकी ग्लानि होती है तब २ मानवादि शरीर धारण करके पधारनेवाले आपको नमस्कार हो ॥५१॥

एवं लब्धार्हणः श्रीमान् भवतापवितापनः ।
वचः सारयवं श्रुत्वा सुप्रीतः पुरमभ्यगात् ॥ ५२ ॥

पताका—संसारके दुःखोंको नाश करनेवाले श्रीमान् स्वामीजी महाराज इस प्रकार पूजित होकर, सरयूजीके वचन सुनकर, प्रसन्न होकर पुरीमें प्रविष्ट हुये ॥५२॥

हिन्दूँस्तत्रागतान्सर्वानुद्दिश्य यतिभूषणः ।
हासयन् हृदयाम्भोजकुड्मलानि जगाद सः ॥ ५३ ॥

पताका—स्वामीजी, अपने पास आये हुये सब हिन्दुओंके हृदयकमलकी कलियोंको खिलाते हुये बोले ॥५३॥

भव्या निवचनेकृत्याऽऽकर्णयेत वचो मम ।
युष्मद्भद्रस्य पन्थानं स्पष्टतः प्रवबीम्यहम् ॥ ५४ ॥

पताका—हे भव्य पुरुषो ! ध्यान देकर मेरी बातको सुनो ! तुम्हारे कल्याणके मार्गको मैं स्पष्टरीतिसे कहता हूं ॥५४॥

यस्यां जातौ समाजे वा यस्मिन् केवलमाश्रिता ।
शक्तिर्वियोजनस्यैव जीवेन्न च चिरं स सा ॥ ५५ ॥

पताका--जिस जातिमें अथवा जिस समाजमें केवल पृथक करनेकी शक्ति है (सम्मिलित करनेकी शक्ति नहीं है) वह जाति और वह समाज चिरकाल तक नहीं जी सकता ॥५५॥

केवलं यश्च वमति पचत्यद्धा कदापि न ।
यथा तस्य चिरायुष्ट्वं नास्ति तस्यापि तत्तथा ॥ ५६ ॥

पताका—जो केवल वमन करता रहता है और कदापि किसी वस्तुको पचाता नहीं है, जिस प्रकारसे ऐसे पुरुषको चिरायु नहीं होती उसी प्रकार उस जाति और समाजकी दशा हो जाती है ॥५६॥

अयं तु प्रथमः पादः कलिकालस्य वर्तते ।
तारुण्ये भविता यद्यत्कथं च सहितास्थ तत् ॥ ५७ ॥

पताका—अभी तो यह कलियुगका प्रथम ही चरण है! इसकी जवानीमें जो २ रहेगा उस कैसे सहन करोगे ? ॥५७॥

आश्रयेदग्रिमे काले परदारासनादिभिः ।
द्यूतैश्चापि सुरापानैर्मत्स्यमांसादिभक्षणैः ॥ ५८ ॥
असत्यभाषणैश्चापि तथा तस्करतादिभिः ।
अकृत्यकरणैश्चान्यैर्दोषैरेतान्विधर्मता ॥ ५९ ॥

पताका—भविष्यकालमें परस्त्रीगमन, जूआ, सुरापान, मत्स्य मांसादि भक्षण, असत्य भाषण, चोरी आदि अनेक अकृत्यकरण द्वारा अनेकों दोष हिन्दुओंको लगेंगे, उससे इनमें विधर्मता आवेगी ॥५८—५९॥

परदारेषु मातृत्वं परद्रव्येषु लोष्ठता ।
सर्वभूतेषु वा साम्यमग्रे सर्वं विनङ्क्ष्यति ॥ ६० ॥

पताका—परस्त्रीमें मातृबुद्धि, परद्रव्यमें लोष्ठबुद्धि, सर्व प्राणियोंमें समभाव ये सब भविष्य में नष्ट हो जायंगे ॥६०॥

एतद्दोषग्रहग्रस्ताः स्युश्चेत्सर्वे बहिष्कृताः ।
हिन्दुजातिस्तदा तिष्ठेत्कथं भूमौ विचार्यताम् ॥ ६१ ॥

पताका-इन सब दोष रूपी ग्रहोंसे ग्रस्त सबही हिन्दु यदि जातिसे बहिष्कृत कर दिये जावें-छोड़ दिये जावें तो पृथ्वीपर हिन्दु जाति कैसे रह सकेगी इसका विचार करो ॥६१॥

कथं वा वेदरक्षा स्यात्कथं देवादिपूजनम् ।
कथं श्राद्धसदाचारः कथं तीर्थाभिरक्षणम् ॥ ६२ ॥

पताका-कैसे वेदोंकी रक्षा होगी ? देवादिकोंका पूजन कैसे होगा ? श्राद्धादि कैसे होंगे ? तीर्थोंका रक्षण कैसे होगा ? ॥६२॥

गवादिप्राणिनां रक्षा कथङ्कारं भविष्यति ।
सतीत्वस्यापिनामात्र स्मर्तव्यपदवीं व्रजेत् ॥ ६३ ॥

पताका-गौ आदि प्राणियोंकी रक्षा कैसे होगी ? सतीधर्म भी देखनेको न मिलेगा ! भूतकालकी वस्तु हो जावेगी ॥६३॥

एते ये चात्र युष्माभिस्त्यज्यन्ते ते न दूषिताः ।
बलात्कारेण पातित्यं पातित्यं तन्न संमतम् ॥ ६४ ॥

पताका-और इन जिनलोगोंका तुम त्यागकर रहे हो ये दूषित नहीं हैं ! क्योंकि ये तो यन्त्रबलसे हठात् पतित बनाये गये हैं ! अतः बलात्कारका पातित्य पातित्य ही नहीं है ॥६४॥

निपीय यतिराजस्य वचनामृतमादरात् ।
केचित्सप्रश्रयं प्राहुरित्येवं नीतिमत्तया ॥ ६५ ॥

पताका-श्रीस्वामीजीके इस प्रकार वचनामृतका पान करके नीतिमत्तासे नम्रतापूर्वक कितने लोगोंने ऐसा कहा ॥६५॥

आयोध्यका द्विजश्रेष्ठा यत्रैषां भुञ्जतां गृहे ।
आददीरञ्जलं चापि गृह्णीमस्ताँस्तदा वयम् ॥ ६६ ॥

पताका-यदि अयोध्याके उत्तम कोटिके ब्राह्मण इनके घरमें भोजन करें, इनका जल ग्रहण करें तो इनको हम जातिमें लेलेंगे ॥६६॥

क्रियतामेवमित्युक्ते मुनिवर्येण तत्क्षणम् ।
तत्रत्या ब्राह्मणाः सर्वे न्यमन्त्र्यन्त मुदा च तैः ॥ ६७ ॥

पताका–स्वामीजीने कहाकि अस्तु, ऐसाही करो ! उन लोगोंने उसी समय वहांके ब्राह्मणोंको निमन्त्रण दिया ॥६७॥

कैश्चित्सन्देहिता विप्रा नितरां धर्मभीरवः ।
भोक्ष्यामह इति प्रोच्य नागता समये हि ते ॥ ६८ ॥

पताका–उन धर्म भीरू ब्राह्मणोंको किन्हींने सन्देहमें डाल दिया। अतः आनेकी प्रतिज्ञा करके भी भोजनके समय नहीं आये ॥६८॥

महाद्रव्यव्ययेनैव सामग्रीयं सुसज्जिता ।
चिन्तेयं महती जाता सर्वेषां किं भवेदिति ॥ ६९ ॥

पताका–सबको यह चिन्ता हो गई कि बहुत धनव्यय करके यह सब भोजनकी सामग्री एकत्रित की गई है, अब क्या होगा ॥६९॥

चिन्ताव्यालीभयाक्रान्तास्तेभ्यश्चाथिपताधुना ।
मुनिनाथेन पात्रेषु भोजनं परिवेष्यताम् ॥ ७० ॥

पताका–श्रीस्वामीजीने, चिन्तारूपिणी सर्पिणीके भयसे आतुर उन मनुष्योंको कहाकि पात्रोंमें तुम लोग भोजनको परसो ॥७०॥

प्रत्येकं विप्रवर्याणां तदा द्वित्वमिवाभवत् ।
हठादेको गृहे चैकस्तत्र भोक्तुं समागतः ॥ ७१ ॥

पताका–उस समय अयोध्याके सब ब्राह्मणोंको द्वित्व हो गया। एकके दो २ हो गये। एक शरीरसे तो वह लोग घरपर रहे और दूसरे शरीरसे वहाँ हठात् भोजनकरने आये ॥७१॥

भुञ्जानं कश्चिदालोक्य तत्र कश्चिद्गृहं गतः ।
तत्रापि तं समालोक्य महदाश्चर्यमाप्तवान् ॥ ७२ ॥

पताका—कोई किसीको वहाँ भोजन करते देखकर उनके घर गया। वहाँ भी उन्हें देखकर वह बहुत चकित हुआ ॥७२॥

सर्वे सर्वानलोकन्त भुञ्जानांस्तत्र तद्गृहे।
किमित्येतदभूत्तन्न विजानीमस्त ऊचिरे ॥ ७३ ॥

पताका—सबने सबको उन परावर्तित पतितं हिन्दुओंके घरमें भोजन करते हुये देखा। वे बोले कि, यह क्या हुआ सो हमलोग नहीं जानते ॥

वदत्स्वेवं नभोवाणी समजायत हे द्विजाः।
यतिराजं मनुष्यं मा मनुध्वं हरिरेष हि ॥ ७४ ॥

पताका—जब सब ब्राह्मण ऐसा बोलने लगे तब आकाशवाणी हुई कि हे ब्राह्मणो! तुम लोग श्रीस्वामीजीको मनुष्य मत मानना। यह तो साक्षात् हरि—प्रभु—हैं ॥७४॥

इदमाश्चर्यमालोच्य वाचं चाकर्ण्य नाभसीम्।
हरिं मनसि कृत्वा तं पेतुः पादे यतेश्च ते ॥ ७५ ॥

पताका—इस प्रकारका आश्चर्य देखकर, आकाशवाणिको सुनकर स्वामीजिको निश्चय ही प्रभु जानकर सब उनके चरणोंमें पड़ गये ॥७५॥

वशे वर्तामहे तेऽद्य यथेच्छमनुशाधि नः।
विधिवत्कर्तुमिच्छामस्तव वाचां हि वेदता ॥ ७६ ॥

पताका—हे भगवन्। हम सबके वशवर्ती हैं। जैसी इच्छा हो आज्ञा कीजिये। विधिवाक्य मानकर उसे हम लोग करेंगे। क्योंकि आपकी वाणी ही तो वेद है ॥७६॥

अनुसृत्य मुनेराज्ञां धर्मशास्त्रानुसारिणीम्।
पतिताञ्जगृहुः सर्वे युगमर्यादयापि ते ॥ ७७ ॥

पताका—धर्मशास्त्रानुसार मुनिराजकी उस आज्ञाको सुनकर तथा

युगमर्यादाका विचार करके सबने उन पातित्यसे शुद्र हुये हिन्दुओंको ग्रहण कर लिया ॥७७॥

ये म्लेच्छमन्त्रबलतो यवना बभूवु-
हिंन्दून् विधाय सकलानपि तान्मुनीशः ।
शुद्धां मतिं हरिपदे हृदि सन्दृढय्य,
काशीं स्वशिष्यसहितः पुनरागतोऽसौ ॥ ७८ ॥

इतिश्रीअयोध्यावास्तव्य-ब्रह्मचारिश्रीभगवद्दास-विरचिते श्रीमद्भगवद्रामानन्द-दिग्विजये एकोनविंशः सर्गः

पताका-मुनिराज श्रीस्वामीजी महाराज इस प्रकार म्लेच्छोंके मन्त्रबल से मुसलमान बनाये गये हुये समस्त हिन्दुओंको वैष्णवमन्त्रसे पुनः हिन्दू बनाकर भगवान्के चरणोंमें उनकी उत्तमबुद्धि दृढ कराकर स्वशिष्यों सहित पुनः काशी आ गये ॥७८॥

इतिश्रीअयोध्यावास्तव्य-ब्रह्मचारिश्रीभगवद्दास-विरचिते श्रीमद्भगवद्रामानन्द-दिग्विजये पताकाख्यव्याख्यायामेकोनविंशः सर्गः

अथ विंशतिः सर्गः

यतिराज उवास ततः सकलैः सकलैर्निजशिष्यगणैः सुगुणैः ।
अधिकाशि बहिर्न विकासिसरोरुहपादयुगं निदधे च ततः ॥१॥

पताका-इस यात्राके पश्चात् श्रीस्वामीजी अपने समस्त गुणी शिष्योंके सहित काशीमें रहने लगे और तबसे पुनः कभी भी काशीसे बाहर नहीं पधारे ॥१॥

विनता जनता सततं सततां यतिराजमुखेन्दुवचःसुसुधाम् ।
परिपीय निपीय च नेत्रभरैरनिमिषकैश्चरणौ शुशुभे ॥ २ ॥

पताका–वहांकी विनयसम्पन्न जनता निरन्तर श्रीयतिराजके मुखेन्दुसे प्रवाहित वचन–सुधाका पान करके तथा अनिमेष दृष्टिसे उनके चरणोंका दर्शन करके शोभने लगी ॥२॥

सफलं न भवेद्यदि नायमयात्करुणारससाररसारसिकः ।
नरजन्म मदीयमिति स्फुटति स्म नृणां मुखतो मुखतश्च वचः ॥३॥

पताका–वहांके सब लोगोंके मुखसे यही वचन निकलताथा कि यदि करुणारसके साररूप रसाके रसिक श्रीस्वामीजी महाराज यहां न पधारे होते तो हमलोगोंका मनुष्य जन्म सफल न होता ॥३॥

उपदेशरविं प्रकटय्य मुदाऽखिलपापनुदा यतिभूपतिना ।
सुपथे नयतोदितभाग्यकलान्सकलान्नयतो निरणाशि तमः ॥४॥

पताका–अखिल पापोंके नाश करनेवाले, श्रीयतिराज प्रसन्नतासे उपदेशरूप सूर्यको प्रकाशित करके सौभाग्यशील जनोंको सुन्दर मार्गमें ले जाते हुये वेगसे अज्ञानान्धकारको नष्ट कर दिये ॥४॥

अथ केसरभूभुव एयुरिडापरमेशमवेक्षितुमादरतः ।
षडधीतिचणा निपुणाः कवयः स्तुतिमारचयन्निति तेऽथ तदा ॥५॥

पताका–एक दिन पृथ्वीपर पधारे हुये परमेश्वर–श्रीस्वामीजीके दर्शनार्थ आदरपूर्वक छ विद्वान् आये। ये सब कवि थे। अतः ये इस प्रकारसे स्तुति करने लगे ॥५॥

यतिराज यशस्ततिरत्र तव द्विजराजकलाधवला विमला ।
सततं विलसच्छविरातनुते न हि कस्य हृदीश ! रतिं सुनुता ॥६॥

पताका–हे श्रीयतिराज ! हे ईश ! चन्द्रकीकला समान धवल, निर्मल, सर्वप्रशस्त तथा सुन्दरकान्तिवाली आपकी कीर्ति किसके हृदयमें अनुराग नहीं उत्पन्न करती है ? अर्थात् सबके हृदयमें करती है ॥६॥

हरिदश्व इतो हरिदश्व इवाथ शिखीव शिखी यतिराज तथा।
भवदीयसुतेज इतित्रिजगद्भवदीयसुतेज इवास्ति परम् ॥ ७ ॥

पताका—हे यतिराज! जिस प्रकारसे सूर्यकी उपमा केवल सूर्य है तथा जैसे अग्निकी उपमा केवल अग्नि है। उसी प्रकारसे तीनों लोकोंमें प्रख्यात आपके सुन्दर तेजकी उपमा केवल आपका सुन्दर तेज ही है॥

सुधियि त्वयि धीरिव शक्तिरहो विलसत्यथ शक्तिरिवैव सुधीः।
शमिता दमितेव यतिक्षितिभृद्! दमिता शमितेव लसत्यनिशम् ॥८॥

पताका—हे श्रीयतिराज! परम विद्वान् आपमें, बुद्धिके समान शक्ति और शक्तिके समान बुद्धि विलास कर रही है॥ तथा आपमें शमिताके समान दमिता और दमिताके समान शमिता विराज रही है। अर्थात् आपमें बुद्धि, शक्ति, शम और दम सब परिपूर्ण हैं॥८॥

तव तेज इव द्युमणेर्दिवि तेज उदारमनाः परमास्त परम्।
तव भीतिभरैरिव कृष्णपृषत्समजन्यधिकं विजयस्व चिरम् ॥ ९ ॥

पताका—हे उदारमनाः! आपके परमोत्कृष्ट तेजके समान आकाशमें सूर्यका तेज था परन्तु वह सूर्य आपके भयसे काले बिन्दुओंवाला हो गया अतः आपका सर्वथा विजय हो॥९॥

वहसे किमु गर्वमधीरमते रजनीरमण प्रति सुन्दरताम्।
अधिभूमि विराजति योगिवरानन इत्थमुदेति यतेऽत्र रवः ॥१०॥

पताका—हे मन्दमति चन्द्र! पृथ्वीपर श्रीस्वामीजीके सुन्दर मुखके विराजते हुये तू अपनी सुन्दरताके प्रति क्यों गर्व धारण करता है, इस प्रकारसे चारों ओर लोग बोल रहे हैं॥ १० ॥

यतिराज! पदाब्जयुगं यदि ते कृतिभिर्नयनैः परिपीतमथ।
स्वदितं वचनामृतमास्वदितं सुधया किमु वा किमु अब्जकुलैः ॥११॥

पताका—हे श्रीयतिराज! यदि भाग्यशीलजनोंने अपने नेत्रोंसे आपके चरणकमलका दर्शनकर लिया तो उनकेलिये कमल व्यर्थ है। तथा

जिन्होंने परमास्वादयुक्त आपके वाणीरूप अमृतका अस्वादन किया है उनकेलिये अमृत व्यर्थ है ॥११॥

गुरोः सुराणामभवद्य एष सुरेषु नैकोपि विचक्षणोऽस्ति।
मया समं क्वास्तु नरेषु तावत्त्वयि स्थिते तद्व्यगलत्स गर्वः ॥१२॥

पताका–हे यतिराज! देवगुरु वृहस्पतिको जो यह गर्व हो गया था कि मेरे समान जब देवोंमें कोई विद्वान् नहीं है तो मनुष्योंमें तो कहांसे होगा। वह गर्व आपके रहते रहते नष्ट हो गया ॥१२॥

प्रभो जगत्यद्य मुधा सुधाकरोऽभवद्यतस्ते त्रिजगद्विलासिनी।
प्रसादयन्ती हृदयं निरन्तरं चकास्ति कीर्तिर्भवदोषहारिणी ॥१३॥

पताका–हे प्रभो आज संसारमें चन्द्रमा व्यर्थ हो गया। क्योंकि वह तो केवल इस एक लोकमें ही विलास करता है, तथा केवल रात्रिमें ही लोगोंके हृदयको प्रसादित करता है और केवल अन्धकाररूप दोषको हरण करता है परन्तु आपकी कीर्ति तीनों लोकमें विलास करनेवाली रात्रिन्दिवा सबके हृदयोंको प्रसन्न करनेवाली तथा भवके समस्त दोषोंको हरण करनेवाली शोभित हो रही है ॥१३॥

निरस्तदोषो भवतीह मानुषः स एष यं त्वसरसीरुहेण भोः।
कटाक्षयस्याशु यतिक्षितीश्वर कृपालवेनापि सकृत्कृपाकर ॥१४॥

पताका–हे श्रीयतिराज! कृपाके भण्डार! इस जगत्में वह मनुष्य सर्वथा दोष शून्य होजाता है जिसे आप कृपाके एक लेशमात्रसेभी और एक वार भी अपने कटाक्षका पात्र बना लेते हैं ॥१४॥

सर्वेशं परिमन्वते यतिपते विद्वद्वराः सद्वराः,
साक्षाच्छङ्करमेव ते विदधते ये शाङ्कराः किङ्कराः।
तीर्थेशं विजिता जिनाश्च यवनाः कालं करालं तथा,
किं ब्रूमो भगवन् गुरुंच गुरवस्त्वां स्वेच्छया योगिराट् ॥१५॥

पताका—हे परमयोगिराज ! यतिपते ! जो विद्वानोंमें श्रेष्ठ, महात्मा-पुरुष हैं वह तो आपको श्रीभगवद्रूपसे देखते हैं, जो श्रीशंकरजीके भक्त हैं वह आपको शिवरूप देखते हैं, कितनी ही बार पराजित जैन लोग आपको तीर्थङ्करकी दृष्टिसे देखते हैं, यवन लोग भयङ्कार कालकी दृष्टिसे देखते हैं, हे भगवन् मैं अधिक क्या कहूं, संसारके सभी गुरुजन आपको स्वेच्छापूर्वक गुरुरूप मानते हैं ॥१५॥

सुधा वचस्ते न सुधा सुधा प्रभो निपीय यां मृत्युपथात्पृथजनाः।
अपि प्रपद्यन्त इतोऽनघास्तवाधिधामनीतो सपदीश धामनि ॥१६॥

पताका—हे प्रभो ! हे ईश ! सुधा सुधा नहीं है प्रत्युत आपकी वाणी ही सुधा है। जिसे पानकरके नीचजन भी निष्पाप होकर, उत्कृष्ट तेजको प्राप्त कराये हुये शीघ्र ही आपके धाममें पहुंच जाते हैं ॥१६॥

त्वत्तः प्राप्य पराजयं यतिपते जैना धुनानाः शिरः,
पृष्टाः कैश्चि, दिदं किमस्ति, वदत, ग्रस्ताः परेतैश्च किम्?
तापेनात्र निपीडिता? ज्वरलज्ज्वालालिलीढाश्च वा?
रामानन्दयतिप्रतापतपनोत्तापैरिति प्रोच्यते॥ १७॥

पताका—हे प्रभो ! आपके प्रतापसे जैनियोंकी बुरी दशा हो गई है। वे लोग आपसे पराजित होकर दुःखसे मस्तक हिलाते रहते हैं। यदि कोई पूछता है कि यह तुमको क्या हुआ है—क्या भूत तो नहीं लगा है? अथवा उष्णतातो नहीं पीडित कर रही है? अथवा ज्वरकी ज्वाला तो तुमको नहीं सता रही है? तो वह लोग उत्तर देते हैं कि नहीं—केवल यतिराज श्रीरामानन्दकी प्रताप—ज्वालासे हम लोग दग्ध हैं ॥१७॥

त्वदीयपादाब्जनिषेवणाय विचारयन्नप्ययि कोऽपि जन्तुः।
भवञ्झटित्येव समृद्धिपूर्णस्तरोस्सुराणामपि खेदकोऽभूत् ॥१८॥

पताका—हे प्रभो आपके प्रतापके आगे कल्पवृक्ष निस्तेजस्क हो गया

है। कोईभी प्राणी जब आपके चरणकमलोंकी सेवा करना तो दूर रहा, सेवा करनेका विचार भी करता है तो वह शीघ्र ही सब प्रकारकी समृद्धिसे परिपूर्ण होता हुआ कल्पवृक्षका भी खेदित करता है ॥१८॥

ददाति तद्याचितमेव कल्पतरुर्भवान्सर्वमयाचितं हि ।
कथं परित्यज्य न तं तवैव पादानतेयं जनतास्तु नित्यम् ॥१९॥

पताका—हे महाराज! कल्पवृक्ष तो मांगी हुई वस्तुको ही देता है और आप तो मांगे विना ही देते हैं, अतः लोग उसे छोड़कर क्यों न आपके चरणोंमें ही प्राप्त हों? ॥१९॥

हे वादिनागेन्द्रमदापहार निशम्य कण्ठीरवकण्ठरावम् ।
सहैव ते कीर्तिकलाकलापैर्दिगन्तमीयुस्तव वादिवृन्दाः ॥२०॥

पताका—हे वादिरूप गजके मदको अपहरण करनेवाले प्रभो! सिंह समान आपके कण्ठ—रवको सुनकर आपकी कीर्तिके साथ ही साथ वादी लोग भी दिशाओंके अन्तमें चले गये ॥२०॥

वृथा गतं जन्म नृणां हि तेषां यतिप्रकाण्डात्र न यैस्त्वदीयम् ।
पादाम्बुजं दृष्टमथापि ते वाक्सुधा न पीता वसुधासुधेयम् ॥२१॥

पताका—हे यतिश्रेष्ठ! जिन लोगोंने आपके चरणकमलोंका दर्शन नहीं किया और पृथ्वीका—अमृत आपका वचनामृतपान न किया उनका जन्म वृथा ही गया ॥२१॥

विलोक्य तेऽगाधविबोधितां प्रभो विवेकवारिप्रचयाधिशोधिते ।
उदेति नो चेतसि कस्य धीरियं बृहस्पतिस्ते पुरतो जडायते ॥२२॥

पताका—हे प्रभो! आपके अगाध पाण्डित्यको देखकर विवेकरूप जलसे धोये हुये किसके चित्तमें यह विचार नहीं उत्पन्न होता है कि 'आपके आगे बृहस्पति जड समान प्रतीत होते हैं।' ॥२२॥

कथं वदामः प्रभुतां तव प्रभो पथि श्रुतीनां चरतो यथा, तथा ।
ततः पृथग्भूय यते गतिस्पृशां प्रदीयते नूनमहो परा गतिः ॥२३॥

पताका—हे प्रभो ! आपकी प्रभुताका हम क्या वर्णन करें । आप जिस प्रकारसे वैदिक मार्गमें चलने वालोंको 'परागति' प्रदान करते हैं वैसे ही वैदिक मार्गसे पृथक् प्रतिकूल चलनेवालेको भी 'परागति' देते है। प्रथमको परा गति—श्रेष्ठ गति देते हैं और दूसरेको प्रतिकूल गति अधोगति देते हैं ॥२३॥

सकृन्निपीतस्तव पादपंकजप्रसूरसो येन न सोऽन्यमिच्छति ।
सुधाकरे सत्युडुपेषु कोपि नो दृशौ स्वकीये प्रहितुं हि वाञ्छति ॥

पताका—हे महाराज ! एक वार भी जिसने आपके चरणकमलोंके रसका आस्वादन कर लिया है पुनः वह अन्य रसकी इच्छा नहीं करता । क्यों कि चन्द्रमाके रहते २ ताराओंकी ओर कोई दृष्टिपात करनेकी इच्छा नहीं करता ॥२४॥

सन्त्येव नद्यो बहवोऽत्र नाथ गङ्गैव मूर्धन्यतमाऽविगीता ।
विद्वत्सु तिष्ठत्स्वपि देवदेव त्वमेव चूडामणितां गतोऽसि ॥ २५ ॥

पताका—हे देवोंके भी देव ! जैसे संसारमें नदियां तो बहुत हैं परन्तु गङ्गा ही सर्वश्रेष्ठ है। वैसे ही संसारमें विद्वान् तो अनेक हैं परन्तु सबके चूडामणि तो आप ही हैं ॥२५॥

असारा तारेयं विविधविपदावर्तगहने,
निमग्ना संभग्नाखिलकलकला भावजलधौ ।
नता नीता दुःखं नियतिवलतो हिन्दुजनता,
मते ! श्रेय ! श्रेयः श्रयति तवपादाब्जयुगलम् ॥२६।

पताका—हे यतिराज ! हे श्रेय—आश्रयणीय ! नानाप्रकारके विपत्तिरूआवर्त—भँवरसे गहन, संसारमें डूबी हुई, नष्ट हो गये हैं समस्त सुन्दर कला-

विज्ञान जिसके, ऐसी; तथा पारब्धबलसे दुःखको प्राप्त कराई गई हुई यह हिन्दु-जनता आज कल्याणकारक आपके चरणकमलोंका आश्रयग कर रही है ॥२६॥

काषायवस्त्रपरिधानपराः परेऽपि,
सन्त्येव किन्तु भवदीयपदं कथं ते ।
हे नाथ यान्तु हि कदापि मृगाधिपस्य,
चर्मादधन्मृगपतित्वमुपैति किं श्वा ॥ २७ ॥

पताका-कदाचित् कोई कहे कि संन्यासी तो बहुत हैं उनके ही शरणमें क्यों नहीं लोग जाते, तो हे नाथ ! काषाय वस्त्रके धारण करनेवाले हैं तो अनेक, परन्तु वह आपकी पदवीको कैसे प्राप्त हो सकते हैं ? क्या सिंहके चर्मको धारण करनेसे कभी श्वा सिंह हो सकता है ? ॥२७॥

यतिप्रकाण्डाङ्घ्रिसरोजरेणोः कस्ते विवेको विलसत्यजस्रम् ।
नयत्यलं पापरतिस्पृशोऽपि जनाँस्त्वदीयं यदियं पदं नु ॥ २८ ॥

पताका-हे यतिप्रकाण्ड ! आपके चरणकमलके रजको यह कैसा अविवेक हो गया है कि पापियोंको भी आपके धाममें पहुंचा देता है ॥

न योगिनामप्यभियाति गोचरं पदद्वयं ते जगदीश्वरस्य यत् ।
तदेव सद्म परिरभ्य तद्रजः कृतागसामुन्नयने कृतस्पृहम् ॥२९॥

पताका-त्रिलोकीनाथ आपके जो चरण योगियोंको भी प्राप्त नहीं होते उन्हीं चरणोंका आश्रय लेकर-आपके चरणकी धूलि, पापियोंके भी उद्धार करनेमें स्पृहा कर रही है ॥ २९ ॥

दयानिधे धेहि दयालवं जनेष्वमीषु वा तिष्ठतु सोऽत्र तिष्ठति ।
महाघसङ्ग्रसितात्मनामपि सुखप्रदा त्वज्जलजाङ्घ्रिधूलिका ॥३०॥

पताका-हे दयानिधे हम दासोंके ऊपर कृपाका लेश भी करिये।

अथवा वह लेश रहे—कोई प्रयोजन नहीं है। बड़े २ पापोंके समूहसे ग्रसित जीवोंको भी सुख देनेवाली आपके चरणकमलोंकी धूरी यहां विराजमान है ॥ ३० ॥

सरस्वतीवल्लभ ! सा निषेवते सरस्वती ते सततं समीपताम् ।
अतश्च सापन्त्यविपद्विषादिता गता दिगन्तेषु यशोलता रुषा ॥३१॥

पताका—हे सरस्वतीवल्लभ ! वह सरस्वती—लोकोत्तरविद्या निरन्तर आपके ही पास रहती है अत एव सौतियाडाह रूप विपत्तिसे विपन्न होकर आपकी कीर्ति क्रोधसे दिशाओंके अन्तमें चली गई है ॥३१॥

पटीयाँस्त्वं स्वामिन्धिषणधिषणाधर्षणविधौ,
तपःस्थाम्ना स्थेमा जगति गरिमा ते विजयते ।
त्रिविष्टप्यां को यो वहतु तुलनां ते गुणलवा-
दपीत्याश्चर्यं किं यदि तिरस्करोरेव सकलान् ॥ ३२ ॥

पताका—हे स्वामिन् बृहस्पतिकी बुद्धिके धर्षण विधिमें आप ही परमपटु हैं। तपोबलसे आपका स्थायी गुरुत्व जगतमें सर्वोत्कृष्टतासे देदीप्यमान है। त्रिलोकीमें कौन ऐसा है जो आपके गुणोंके लवकी भी तुलना कर सके ? अतः हे प्रभो यदि आपने सबका तिरस्कार कर दिया तो इसमें क्या आश्चर्य है ॥३२॥

अहं त्वत्तुल्यः स्यामिति मनसि संकल्प्य स विधु-
र्मुधा दर्पक्ष्वेडं दधदभवदाकृष्णजठरः ।
तदारभ्यैवायं परमरमणीयोऽपि वपुषा,
जनैः सग्लान्युक्तस्त्वमथ भव दोषाकर इति ॥३३॥

पता—हे प्रभो ! चन्द्रमाने एकबार अपने मनमें ऐसा सङ्कल्प करके कि मैं 'यतिराजके समान हूं'—जो व्यर्थ दर्परूप विषका पान किया उसीसे उसका उदर—मध्यभाग काला हो गया। और तबसे आरम्भ करके

उस सुंदर शरीरवाले भी चन्द्रको लोगोंने ग्लानिके साथ कहाकि आजसे तू 'दोषाकर' हो जा ॥३३॥

मोहद्विपालान इव त्वदीये विराजमाने चरणे यतीन्दो !
जपेन किं वा तपसापि किं वा तीर्थप्रयाणैरपि किं नराणाम् ॥३४॥

पताका—हे यतिचन्द्र ! मोहरूप गजके बांधनेकेलिये स्तम्भ समान आपके चरणोंके रहते हुये मनुष्योंको जप, तप और तीर्थयात्रा आदिसे क्या प्रयोजन है ? ॥३४॥

को नाम पापोच्चयशैल एवं त्वद्दर्शनाशन्यवलोकितो यः ।
स्थातुं विधत्तां हृदये समीहां पुनः पुरस्ते च यतिक्षितीश ! ॥३५॥

पताका—हे यतिराज ! कौन ऐसा पापरूप पर्वत है कि जो आपके दर्शनरूप वज्रसे देखा गया भी पुनः आपके सामने स्थित रहनेकी हृदयमें इच्छा करे ? अर्थात् आपके दर्शनमात्रसे ही बड़े २ पाप भाग जाते हैं ॥

तवोपदेशपञ्चास्यो निकामं कामकुञ्जरम् ।
भव्यानां हृदयारण्ये प्रणिहन्ति निरन्तरम् ॥ ३६ ॥

पताका—हे महाराज आपका उपदेशरूप सिंह भव्यपुरुषोंके हृदयरूप जङ्गलमें कामरूप गजका निरन्तर वध कर रहा है ॥३६॥

पराजयं प्राप्य जिनानुगामिनः सहस्रशस्ते यतिराट् तवाग्रतः ।
त्रपावशादेव ततः पटावृतं निजाननं नूनमिमे प्रकुर्वते ॥ ३७ ॥

पताका—हे महाराज । आपके सामने सहस्रोंवार पराजय प्राप्तकरके जैन लोग लज्जावश होकर ही अपने मुखको पटावृत करते हैं। अर्थात् मुखपर वस्त्र रखकर बाहर निकलते या बोलते हैं ॥३७॥

स्तुवत्यथैवं विदुषि श्रितश्रियि महान्निनादो दिवि देवदुन्दुभेः ।
जगत्समस्तं ध्वनयन्नवीशत्समस्तलोकश्रुतियुग्मवर्त्मनि ॥ ३८ ॥

पताका—इस प्रकारसे जब वे विद्वान् स्तुति कर रहे थे उसी समय

आकाशमें देवताओंकी दुन्दभिका स्वर समस्त जगत्को शब्दायमान करता हुआ लोगोंके श्रवणगोचर हुआ ॥३८॥

भुवो बभुर्भूरिसुमाधिवृष्टिभिर्विमानसङ्काकलितं बभौ नभः।
विमानमेकं क्रमशः पुरो यतेरवातरद्धुश्च्यवनाभिभूषितः ॥ ३९ ॥

पताका–पुष्पोंकी अतुल वृषिसे पृथ्वी शोभने लगी। विमानोंकी पङ्क्तियोंसे आकाश शोभित होने लगा। तथा इन्द्र महाराजसे सुशोभित एक विमान क्रमसे श्रीयतिराजके सामने नीचे उतरा ॥३९॥

दृशां सहस्रेण पिबन् सतृष्णजा दृगध्वनि प्राप्तमिमं चिराय सः।
करौ नयन्मूर्धतटं दिवस्पतिर्जगाद मूर्ध्ना विनतेन तत्पुरः ॥४०॥

पताका–पिपासित सहस्र नेत्रोंसे–चिरकालके पश्चात् प्राप्त श्रीयतिराजके दर्शन करते हुये, हाथ जोड़े हुये, मस्तक झुकाये हुये श्रीस्वामीजीके सामने खड़े होकर इन्द्र बोले ॥४०॥

भुवोऽधिभारस्य जिहीर्षया प्रभो अकारि भूमौ चरणार्पणं त्वया।
तदत्र कृत्यं करणीयमत्र ते न चावशिष्टं जगदीश किञ्चन ॥४१॥

पताका–हे प्रभो! पृथ्वीके भारके हरण करनेकी इच्छासे ही आपने यहां पदार्पण किया है। अब यहांपर हे जगदीश! आपकेलिये कोई भी कृत्य अवशिष्ट नहीं रहा ॥४१॥

विशोधितं नाथ बलं च यावनं प्रदर्शितो विक्रम एव पावनः।
न बाधते म्लेच्छगणो जनान् क्वचित्सभीरिदानीं दनुवंशसम्भवः॥४२

पताका–हे नाथ! आपने यवनोंका बल नष्टकर दिया है। अपना पवित्र पराक्रम भी आपने दिखा दिया है। अतः अब वह सभय यवनगण किसीको पीडा नहीं पहुंचा रहे हैं ॥४२॥

तव प्रतापज्वलनेन भस्मतां गता च सा म्लेच्छभुवां हि दुर्मतिः।
प्रवर्तते गोहनने न चापि वा कदापि सा हिन्दुमनो दुनोति नो ॥

पताका—आपके प्रतापरूप अग्निसे म्लेच्छोंकी वह दुष्टमति नष्ट हो गई। अतः अब गौओंके वधमें उनकी बुद्धि प्रवृत्त नहीं होती है तथा हिन्दुओंके हृदयको भी अब वह किसी प्रकार नहीं दुखाती है ॥४३॥

प्रवर्तमानाः किल वैदिकीः क्रिया,
विनिन्दितुं ये वृजिनाधिपा जिनाः।
पुरा भवन्त्यत्र च तेप्युपासते,
नितान्तमात्यन्तिकमौनमीश्वर ॥ ४४ ॥

पताका—हे ईश्वर! प्रथम जो जैनलोग वैदिकी यज्ञादि क्रियाओंकी निन्दा करनेमें तत्पर थे वह भी अब मौनावलम्बन करके बैठ गये ॥४४॥

विगर्हितैस्तैश्च विगर्हणा कृता पुरा च या वेदवचःश्रियां प्रभो!
तदर्थमालुच्य शिरोरुहान्स्वयं दधत्यलं पापविशोधनं च ते ॥ ४५ ॥

पताका—प्रथम उन जैनियोंने जो वेदोंकी निन्दाकी है उसकेनिमित्त वह स्वयं अपने बालोंको नोच २ कर अत्यन्त प्रायश्चित कर रहे हैं ॥

विरक्तमार्गो व्युपरम्य निर्गतः पुरा य आसीदिह वैष्णवेषु सः।
पुनःप्रतिष्ठो विलसन्विशोभते तवोद्यमस्यैव फलं च तद्विभो ॥४६॥

पताका—हे विभो! प्रथम जो विरक्तमार्ग वैष्णवोंमेंसे विरत होकर निकल गया था वह पुनः प्रतिष्ठित होकर सुशोभित हो रहा है। यह भी आपके ही उद्यमका फल है ॥४६॥

पुनर्विलासं दधते महेश्वर विलासिनी भक्तिरुदारकान्तिभृत्।
तवानुकम्पाबलतः समन्ततो मनोभिरामे हृदये कृतात्मनाम् ॥४७॥

पताका—हे महेश्वर! आपकी ही कृपासे महात्मा पुरुषोंके मनोहर हृदयमें परमशोभाशालिनी विलासिनी भक्ति पुनःविलास करने लगी है ॥

गृहे गृहे पावनवेदपारगा विभान्ति मुख्या मुखजा अनिन्दिताः।
सरस्वती चापि मुदं वितन्वती धुनोत्यभव्यां विपदां विभावरीम् ॥

पताका—प्रत्येक ब्राह्मण गृहमें अब निष्कलङ्क वेदपारदृश्वा ब्राह्मण शोभित हो रहे हैं। सरस्वती अर्थात् संस्कृतभाषा भी आनन्दित होकर अपनी विपत्तिमयी रात्रिको दूर कर रही है ॥४८॥

दयालुताऽदर्शि दयानिधे त्वया मपूर्य संप्रार्थनमीदृशां च नः।
वयं गता नाथ कृतार्थतां ततः प्रपूजयामो जगदेकसत्पतिम् ॥४९॥

पताका—हे दयासागर! क्षुद्र हमलोगोंकी प्रार्थनाको पूर्ण करके आपने जो दयालुता प्रकटकी है उससे हमलोग कृतार्थ हो गये हैं। तथा जगत्के एक मात्र सर्वैश्वर्यसम्पन्न स्वामी—आपकी पूजा करते हैं ॥४९॥

विनीतभावेन पुनस्तवाग्रतो निवेदयामोऽद्य यथेच्छमीश्वर!
निशम्य तच्चापि विधीयतां सपद्यलं दयाधीश निरस्ततूस्तक! ॥५०॥

पताका—आज विनीत भावसे अपनी इच्छाके अनुसार पुनः एक प्रार्थना करते हैं। हे दयाधीश! हे सर्वपाप—प्रणाशक! उसे भी श्रवण करके शीघ्र पूर्ण कीजिये ॥५०॥

सनाथयन्स्वर्गभुवां भुवं क्षणं पदार्पणेनाथ वियोगकातरम्।
चिरेण साकेतमवापयोत्सुकं सुखं सुखागार! दयालुत्वादपि ॥५१॥

पताका—हे नाथ! सुखके भण्डार! साकेतलोक चिरकालसे आपके दर्शनकेलिये उत्कण्ठित है, वियोगकातर है। अतः क्षणभर स्वर्गकी भूमिको चरणरजसे पवित्र करते हुये अब साकेतको सुखी बनाइये ॥५१॥

देवराजीयवाग्राजीमेवं राजीवलोचनः।
कर्णजाहमुपाधाय समाधिस्थोऽभवत्क्षणम् ॥ ५२ ॥

पताका—श्री राजीवलोचन श्री यतिराज देवराजकी इस प्रकारकी वाणीको सुनकर क्षणभर समाधिस्थ हो गये ॥५२॥

विकसच्छतपत्राभे नेत्रे उद्घाट्य स प्रभुः।
शिष्यान्सर्वान्समाहूयाददे वाचं सुधामुचम् ॥ ५३ ॥

पताका—खिले हुये कमल समान आंखोंको उघाड़कर श्रीयतिराज अपने सम्पूर्ण शिष्योंको बुलाकर अमृतसमान वचन बोले ॥५३॥

वत्सा ! भूवासकालो मे परिपूर्णः सुखाकरः ।
ततः साकेतलोकस्य यानकालो ह्युपस्थितः ॥ ५४ ॥

पताका—हे वत्स ! अब इस पृथिवी ऊपर मेरा सुखमय निवासकाल पूर्ण हो गया । इसलिये साकेतलोक जानेका समय उपस्थित है ॥५४॥

आयुष्मद्भिश्च युष्माभिः सदा सत्त्वावलम्बिभिः ।
धर्मकल्पतरुः सेव्यः सदानन्दाप्तये मुदा ॥ ५५ ॥

पताका—तुम सब लोग सदा सत्त्वका अवलम्बन करके सत्य आनन्दकी प्राप्तिकेलिये धर्मरूप कल्पवृक्षका प्रेमसे सेवन करना ॥५५॥

भक्तिकल्पलता येयं महायासेन रोपिता ।
श्रद्धाजलप्रदानेन रक्षणीया मुहुर्मुहुः ॥ ५६ ॥

पताका—महान् परिश्रमसे जो यह भक्तिरूपा कल्पलता रोपी गई है । उसकी श्रद्धारूप जल प्रदान करके पुनः २ रक्षा करते रहना ॥५६॥

भाविको विभवो भव्याः शयानोऽग्रे शयानकः ।
इति मत्वा न गन्तव्यं समीपे तस्य कर्हिचित् ॥ ५७ ॥

पताका—हे भव्य शिष्यो ! सांसारिक वैभवको आगे पड़े हुये सर्प समान मानकर कभी उसके पास नहीं जाना ॥५७॥

संक्रान्तकौमुदीकान्तकान्तकान्तिमहीयसी ।
कामिनी यामिनी धर्मपद्मसद्म न संक्रमेत् ॥ ५८ ॥

पताका—प्रस्तुत चन्द्रके समान सुन्दर कान्तिसे शोभित कामिनी—स्त्रीरूपा यामिनी—रात्रि धर्मरूपकमल समूहमें प्रवेश न करे अर्थात् कभी भी स्त्रीसङ्गमें मत पड़ना ॥५८॥

शशिलीलेन शीलेन शीलनीयमिदं जगत् ।
शीलशैलं समारोहन् जनो वन्द्यः शशी यथा ॥ ५९ ॥

पताका—चन्द्रसमान—अर्थात् शीतल—सुन्दर शीलसे इस जगत्के साथ व्यवहार करना। शीलरूप शैलपर चढ़ता हुआ पुरुष वन्दनीय होता है। जैसे कि चन्द्रमा ॥५९॥

दिष्ट्या दृष्ट्या न कुत्रापि द्रष्टव्याः क्रूरया क्वचित् ।
भ्रान्त्यापि प्राणिनः केऽपि धर्ममूलमिदं परम् ॥ ६० ॥

पताका—हे शिष्यो ! कभी भी, किसी दशामें भी क्रूरदृष्टिसे किसी प्राणीको नहीं देखना। यह धर्मका प्रधान मूल है ॥६०॥

कुक्षिप्लुक्षिपरिप्लुष्टानपुष्टान्दीनमानवान् ।
आयातानाश्रमे वोऽत्र प्रत्याख्यात न जातुचित् ॥ ६१ ॥

पताका—जठरानलसे दग्ध, दुर्बल, दीन मनुष्योंका—जो कि तुम्हारे आश्रममें आवें कभी भी प्रत्याख्यान—तिरस्कार नहीं करना ॥६१॥

अयं लघुर्गुरुश्चायमिति मा भूद्भिदा क्वचित् ।
प्रभुभक्तेषु युष्माकं धर्मध्यानस्पृशां पुनः ॥ ६२ ॥

पताका—धर्मचिन्तन करनेवाले तुमलोग प्रभुके भक्तोंमें कभी यह भेद नहीं करना कि यह लघु है और यह गुरु ॥६२॥

भक्तापचारमासोढुं दयालुरपि स प्रभुः ।
न शक्तस्तेन युष्माभिः कर्तव्यो न च स क्वचित् ॥६३॥

पताका—प्रभु दयालु हैं, तथापि अपने भक्तोंकी अवहेलनाको नहीं सह सकते। अतः तुम लोग कभी भी प्रभुभक्तापचार नहीं करना ॥६३॥

वर्णाश्रमसदाचारो यथाशास्त्रं यथाकुलम् ।
भरणीयः सदा किन्तु तत्र सक्तिर्न पुष्यताम् ॥ ६४ ॥

पताका—चारों वर्ण और चारों आश्रमके जो सदाचार हैं उन्हें शास्त्रोंकी

मर्यादाके अनुकूल तथा कुलकी मर्यादाके अनुकूल पालन करना चाहिये परन्तु उसमें आसक्ति न होनी चाहिये ॥ ६४ ॥

शक्त्या सक्तिः समासाद्या रामतामरसक्रमे ।
बन्धच्छेदाय सर्वेषां सैव प्रभवतीह यत् ॥ ६५ ॥

पताका—श्रीरामजीके चरणकमलोंमें शक्त्यनुसार आसक्ति सम्पादन करनी चाहिये । क्योंकि संसारमें सबके बन्धनोंको छेदन करनेमें केवल श्रीरामभक्ति ही समर्थ है ॥ ६५ ॥

राम एव सदोपास्यो रमया सह सर्वदः ।
तिरस्कारो न कर्तव्यो देवान्तर इह क्वचित् ॥ ६६ ॥

पताका—श्रीमहाराणी जानकी सहित—सर्वफलप्रद श्रीरामजी महाराज ही उपासनीय हैं । परन्तु अन्यदेवोंमें तिरस्कार नहीं करना चाहिये ॥६६॥

वीक्षिता दीक्षिताः कार्या अधिकारिण ऐश्वराः ।
नाधिकारिगतो मन्त्रो भस्मन्याज्यमिवास्तु वै ॥ ६७ ॥

पताका-जो अच्छे प्रकारसे परिचित हों, अधिकारी हों, ईश्वरभक्त हों, उन्हें ही श्रीराममन्त्रकी दीक्षा देनी चाहिये । क्योंकि अनधिकारीमें गया हुआ मन्त्र भस्ममें घी डालनेके समान व्यर्थ है ॥ ६७ ॥

उप्तं तद्धृदयक्षेत्रे धर्मबीजं पुरा च यत् ।
देशनासुधयासिच्य महर्द्धि विभुराकृत ॥ ६८ ॥

पताका—श्रीस्वामीजी महाराजने अपने इन शिष्योंके हृदयरूप क्षेत्रमें जो धर्मरूप बीज पूर्वमें वपन किया था उसे इस प्रकार उपदेशरूपा सुधासे सींचकर अतीव उत्कृष्ट बना दिया ॥ ६८ ॥

पुनः प्रोचे विचार्य्यार्य्यं विचारं स बुधार्यमा ।
सम्प्रदायपरित्राणं कैरुपायैर्भविष्यति ॥ ६९ ॥

पताका—विद्वानोंमें सूर्य्य श्रीस्वामीजी महाराज सम्प्रदायकी रक्षा किन उपायोंसे होगी यह सुन्दर विचार करके पुनः बोले ॥ ६९ ॥

काश्यामास्तामनन्तोऽयं वङ्गेषु च सुखो व्रजेत् ।
सुरः पञ्चनदे गच्छेद्यातु भावश्च दक्षिणे ॥ ७० ॥

पताका—श्रीअनन्तानन्द काशीमें ही रहें । श्रीसुखानन्द बङ्गालमें रहें । श्रीसुरसुरानन्द पञ्जाबमें और श्रीभावानन्द दक्षिणमें जावें ॥ ७० ॥

उत्कलेषु नरस्तिष्ठेत्काश्मीरं गालवो व्रजेत् ।
योगः पीपां समादाय गुर्जरेषु व्रजेत्सुधीः ॥ ७१ ॥

पताका—श्रीनरहर्य्यानन्द उत्कल—उड़ीसामें रहें और श्रीगालवानन्द काश्मीर जावें । तथा पीपाजीको लेकर श्रीयोगानन्द गुर्जरदेशमें जावें ॥

अन्ये तिष्ठेयुरत्रैव यथाकालं च सर्वतः ।
मर्यादां वैष्णवीं नित्यं बोधयन्तु यथाविधि ॥ ७२ ॥

पताका—अन्य अर्थात् धनेश, कबिर, सेन और रमादास प्रभृति यहां ही रहें । तथा देशकालके अनुसार यथाविधि लोगोंको वैष्णवी मर्यादाका बोध करावें ॥ ७२ ॥

निशम्य वाचं यतिराजनिर्मितां मनोऽव्यथानिर्मितिकौशलाञ्चिताम् ।
यतिक्षितीशस्य च शिष्यसत्कुलं समाकुलं खेदकुलं जगाम तत् ॥७३॥

पताका—हृदयको पीडित करनेवाले श्रीयतिराजके इस वचनको सुनकर उनके शिष्ट शिष्योंको अत्यन्त खेद हुआ ॥ ७३ ॥

यदीयपादाब्जपरागसेवनाद्धुता दुरन्ता अपि कश्मलोच्चयाः ।
कथं नु तस्यैव गुरोर्वियोगजं सहन्तु ते हन्त महाविपज्ज्वरम् ॥७४॥

पताका—जिनके चरणकमलोंके परागके सेवन करनेसे दुरन्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं उन्हीं श्रीगुरुमहाराजके वियोगसे जायमान दुःखको वे कैसे सहें ? ॥ ७४ ॥

विलोक्य तेषां सुदृशां दृशौ यतिर्जलाविले हास्यमुपास्य मृद्वयम् ।
करेण पस्पर्श शिरांसि सत्कृपः क्रमेण शोकापनयं च निर्ममौ ॥७५॥

पताका–श्रीयतिराजने अपने शिष्योंको रोते हुये देखकर मृदु हास्य करके कृपासहित उनके मस्तकको स्वहस्त कमलोंसे स्पर्श किया और क्रमसे उनके शोकको दूर कर दिया ॥ ७५ ॥

निरस्तशोकाधिविलासकास्तके यतीश्वरस्याङ्घ्रिसरोरुहद्वये ।
प्रणम्य साष्टाङ्गमयाचिषुर्दयां तपः प्रभावादतितिग्मतेजसः ॥७६॥

पताका–शोकके दूर हो जानेपर स्वामीजीके तपः–भगवद्भजनके प्रभावसे अत्यन्त तेजस्वी वे सब शिष्य श्रीचरणोंमें साष्टाङ्ग प्रणाम करके दयाकी याचना करने लगे ॥ ७६ ॥

कृपाकटाक्षेण निरीक्ष्य सर्वथा स्थितां समक्षं निजशिष्यमण्डलीम् ।
तथागताञ्ज्ञानपदांश्च सम्पदां पदं शिवानां स उपादिशच्छिवम् ॥७७॥

पताका–समस्त कल्याण–सम्पद् के स्थानभूत श्रीस्वामीजीने अपने सामने अपने शिष्यों तथा काशीकी जनताको उपस्थित देखकर कल्याणोपदेश करने लगे ॥ ७७ ॥

सत्यं ब्रूत दयां सदा हृदि निधत्ताचारचर्याङ्गणे,
कामं भावविहारमारचयत श्रद्धां गुरौ श्रीहरौ ।
बध्नीत प्रतिकूलमाचरत मा श्रौताध्वगानां पथो,
धर्मे स्थास्नव आघतो भवत भो यूयं चिरं त्रस्नवः ॥७८॥

पताका–हे सर्वजनो ! सदा सत्य बोलो, हृदयमें दया रखो, आचारका पालन करो, गुरु और भगवान्में श्रद्धा रखो, श्रौतमार्गके अनुयायियोंकी पद्धतिसे विरुद्ध आचरण मत करो, धर्ममें स्थिर रहो और पापसे सदा डरते रहो ॥ ७८ ॥

एवं जनान्समुपदिश्य सुधर्ममार्गं,
जाते नभःस्पृशि नृणामतिहर्षनादे ।
तन्वत्सु मोदममरेषु च देवदेवो,
यातो विमानमधिरुह्य शिवं स्वधाम ॥ ७९ ॥

इतिश्रीअयोध्यावास्तव्य-ब्रह्मचारिश्रीभगवद्दास-विरचिते श्रीमज्जगद्गुरुरामानन्द-
दिग्विजये विंशतिः सर्गः

पताका- इसीके भी देव श्रीयतिराजने इस प्रकारसे लोगोंको धर्ममा-र्गका उपदेश करके, गगनचुम्बी लोगोंके हर्षनादमें तथा देवताओंके हर्षके बीचमें, विमानपर चढ़कर अपने कल्याणस्वरूप धामको पधारे ॥ ७९ ॥

इतिश्रीअयोध्यावास्तव्य-ब्रह्मचारि-श्रीभगवद्दास-विरचिते श्रीमज्जगद्गुरुरामानन्द-
दिग्विजये पताकाख्यव्याख्यायां विंशतिः सर्गः

"यः साकेतपुरीस्थसुन्दरबृहत्स्थानाधिपस्यादृतः,
शिष्यः शास्त्रपथानुधावनपरः शास्त्रेष्वधीती महान् ।
वाचामाचमतां लयं लयमगाद्यस्य द्विषां द्वेषधीः,
स्थेयात्तस्य कवेस्त्रिवेदभगवद्दासस्य वाङ्निर्झरः ॥"

अर्थ-जो अयोध्यापुरीके बड़ास्थानके महान्त पूज्यपाद परमाचार्य श्री १०८ स्वामीराममनोहरप्रसादजी महाराजके शिष्य हैं, जो शास्त्रोक्त मार्गपर चलनेवाले तथा शास्त्रोंके अध्ययन करनेवाले हैं, तथा जिनकी वाणीको सुनकर विद्वेषियोंकी द्वेषबुद्धि नष्ट हो जाती है, उन्हीं ब्रह्मचारी श्री भगवद्दास त्रिवेदीका यह वाङ्निर्झर स्थिरताको प्राप्त हो ॥

॥ नमः श्रीरामाय ॥

श्री रामानन्ददिग्विजयके श्लोकोंका शुद्धिपत्र

पाठकोंसे निवेदन है कि इस शुद्धिपत्रके अनुसार प्रथम श्लोकोंको सुधार लें। पश्चात् अध्ययन करें।

सर्गः	श्लोकः	अशुद्धम्	शुद्धम्
१	७५	–रीशा	–राशा
,,	७६	परिसेविनः	परिषेविणः
,,	७९	–ने वतरिष्यामि	–नेऽवतरिष्यामि
,,	८०	–कृशी	–कुशी
२	४	प्राग–	प्रयाग–
,,	२०	–समन्वित–	–समर्चित–
,,	२५	–प्रसतिं	–प्रसत्तिं
,,	२८	–शुम–	–शुभ–
,,	३२	–त्रेषुः	–त्रेषु
,,	,,	–नित्यंः	–नित्यं
,,	४२	–वेण (टीकायामपि)	–वेन
,,	४४	–र्य्यमेवं	–र्य्यंचैवं
३	८	–त्रयै–	–त्र्यै–
,,	१५	–जस्ते	–जस्स
४	६	वरिणा	वैरिणी
,,	२२	मूछ्ना–	मूर्छना–
,,	३०	नः सदे–	ते सदे–
,,	,,	ते परं	नः परं
,,	३७	प्रत्न–	नूत्न–
,,	४०	सन्दधे	सन्दधुः
५	६	–नीयकीतिः	नीयकीर्तिः
,,	१९	–सुकीतिः	सुकीर्तिः
६	३	विजयीत	विजयेत
,,	६	भूसंषया–	संभूषया–
,,	७	क्रीडनके–	क्रीडनै–

सर्गः	श्लोकः	अशुद्धम्	शुद्धम्
,,	१४	मौहूतिकैः	मौहूर्तिकैः
,,	३६	तरणिवि–	तरणिर्वि–
,,	४३	धर्मज्ञा	धर्मज्ञाः
,,	६६	धौरेया	धौरेयी
,,	७२	क्रशका–	क्लेशका–
,,	८१	पुष्पिता हरत	पुष्पिताऽहरत
,,	८२	गुरुमः	गुरुः
७	६	वर्हिषम्	वर्हिषम्
,,	१२	सङ्कृता–	स कृता–
,,	२१	सूत–	सुत–
,,	,,	चैदितौ	चोदितौ
,,	३६	गुरुते	गुरु ते
,,	५०	भलज–	भवज–
८	३	–र्त्रचः सुकृ–	–वर्चःसुकृ–
,,	६	गमदयं	गमददो
,,	८	गिात	गिति
,,	१७	क्षमाप्य	विमाप्य
,,	२५	–ध्वानैविद–	–ध्वानैर्विद–
,,	३०	निराशी	निराशीः
,,	३२	ह्युपवृंह–	ह्युपवृंह–
,,	३४	नतशिरा	नतशिराः
९	१०	–ऽपि ग–	–ऽपि च ग–
१०	४४	–न मां	नु मां
११	१७	विश्वसिति:	विश्वसतिः
,,	२४	–वरा	–वराः
,,	३७	–विल क–	–विलयं क–
१२	५३	पार्श्वो	पार्श्वौ
१४	२७	–ताया	ताथाः
,,	४२	दशेयंहत–	दशेयं हत–
,,	४६	–द्रधूतम–	द्रघूतम–

सर्गः	श्लोकः	अशुद्धम्	शुद्धम्
,,	५३	–जनास्त–	–जनाँस्त–
१५	११	–घोष बो–	–घोषवो–
,,	१५	–मूद्धन्या–	–मूर्द्धन्या–
,,	२८	कण्ठ गता	कण्ठगता
,,	३१	शरणे षि	शरणैषि–
,,	३८	व्याधिं	व्याधिं
,,	४४	–णाऽघाषि	–णाऽघोषि
,,	५२	कर्णाकाण	कर्णाकर्णि
,,	५६	यामिनां	यमिनां
,,	८५	क्षीरस्याति	क्षीरस्यति
,,	९९	द्रष्टुंधु–	द्रष्टुं धु–
१६	५१	–हमयुस्पैमि	–हमस्म्युपैमि
,,	६०	नाटयन्तं	नाट्यन्तं
,,	६२	प्रत्यथा–	प्राथया–
१७	१	नमो र–	नभो र–
,,	३३	भाण्ड श–	भाण्डश–
,,	३७	शिष्ममण्ड–	शिष्यमण्ड–
,,	५८	भक्तिग–	भक्तग–
,,	८७	–दिकाम्	–दिकाः
,,	,,	नानादस्थां	नानात्रस्थाः
,,	९८	स्वभात्रयो–	स्त्रभावायो–
,,	१००	–शक्तिवि–	–शक्तिर्वि–
,,	११४	धारणादि क्रियां	धारणादिक्रियां
,,	११६	प्रवते	प्रवन्नृते
,,	१२०	वहि	वहिः
,,	१२८	–शुद्धिविवा–	–शुद्धिर्विवा–
,,	१४८	रागद्द्वेषा–	रागद्वेषा–
,,	,,	–कालानाभि–	–कालानभि–
१८	१६	–मुपाधुरु–	–मुपाधुरु–
,,	२९	विभुविभु–	विभुर्विभु–

सर्गः	श्लोकः	अशुद्धम्	शुद्धम्
,,	२५	वचः सहस्र	वचःसहस्रं
,,	३६	त्वदायप-	त्वदीयप-
,,	४७	निर्वर्तितं । वो-	निर्वर्तितावों-
,,	५०	-सांधितो-	-साधितो-
,,	५५	वच सुधां	वचःसुधां
,,	५६	आनन्दमा-	अमन्दमा-
,,	६८	सर्व श्रुतीनां	सर्वश्रुतीनां
,,	,,	सुस्त्रकरं	सुखकरं
१९	२०	-कोद्घोष-	-कोद्घोष-
,,	२५	विंविच्छुदुं:	विचिच्छिदुः
,,	३४	यावनकुलं	म्लेच्छकुलं
,,	३७	तन्मध्ये	तन्मध्ये
,,	,,	काटिभा-	कोटिभा-
,,	४१	भूदृष्टि-	भूदृष्टि-
,,	७८	-न्त्रवलतो	-न्त्रवलतो
२०	१६	-पृथजनाः	-पृथग्जनाः
,,	१८	त्वदीयापा-	त्वदीयपा-
,,	२०	-लापैदि-	-लापैर्दि-
,,	२६	-मते	यते
,,	२९	सद्य	सद्यः
,,	४८	विभावराम्	विभावरीम्
,,	४९	कतार्थतां	कृतार्थतां

अभी कितनी ही भूलें रह गई हैं। मैं नेत्ररोगसे पीडित होनेके कारण ग्रन्थकी पूर्ण पुनरावृत्ति न कर सका। अतः सुज्ञ जन अवशिष्ट त्रुटियोंको सुधारकर मुझे अनुगृहीत करेंगे।

विदुषां वशंवद
भगवद्दास ब्रह्मचारी